कल्पना (स्त्री) नायक वा सरदार के चढ़ने के लिये हाथी का तैयार करना वा साजना, आरोप करना ।
कल्पतरुः (पुं०) कल्पवृक्ष ।
कल्पवृक्षः (पुं०) देवतों का एक वृक्ष
कल्पान्तः (पुं०) प्रलय ।
कल्मषम् (नपुं०) पाप ।
कल्माष (त्रि०) (षः । षी । षम्) चितकबरा रङ्ग वाला = ली, काला रङ्ग वाला = ली (पुं०) काला रङ्ग, चितकबरा रङ्ग ।
कल्य (त्रि०) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) रोगरहित वा नीरोग, सज्ज अर्थात् तैयार, मङ्गलवचन इत्यादि, (नपुं०) प्रातःकाल ।
कल्याण (त्रि०) (णः । णी । णम्) कल्याणवाला = ली, (नपुं०) कल्याण ।
कल्लोलः (पुं०) जल का बड़ा तरंग ।
कवच (पुं० । नपुं०) (चः । चम्) योद्धों के पहिरने का कवच ।
कवरी (स्त्री) हींग का वृक्ष,

चोटी वा निर्मल करके बाँधा केश, "तुङ्गी" मे देखो ।

कवलः (पुं०) ग्रास वा कवर ।

कवाटी (स्त्री) केवाड़ी ।

कविः (पुं०) शुक्राचार्य्य, पण्डित ।

कविका (स्त्री) कड़ियाली अर्थात् घोड़े के मुंह में जो लोहे का रहता है अर्थात् लगाम का एक अंश ।

कवियम् (नपुं०) तथा ।

कवोष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) थोड़ा गरम वस्तु, (नपुं०) थोड़ा गरम ।

कव्यम् (नपुं०) पितरों को देने के योग्य अन्न ।

कशा (स्त्री) घोड़ा आदि के शिक्षा के लिये कोड़ा वा चाबुक ।

कशार्ह (त्रि०) (र्हः । र्हा । र्हम्) कोड़ा वा चाबुक मारने के योग्य ।

कशिपु (नपुं०) भोजन अन्न, वस्त्र, माथेके नीचे रखने की तकिया ।

कशेरु (नपुं०) एक प्रकार की हड्डी, कसेरू ।

कशेरुका (स्त्री) पीठ के मध्य का हड्डी का दण्ड ।

कश्मलम् (नपुं०) मूर्च्छा ।

कश्य (त्रि०) श्यः । श्या । श्यम्) कोड़ा वा चाबुक मारने के योग्य, (नपुं०) घोड़ों का मध्यभाग, मद्य वा मदिरा ।

कषः (पुं०) सोना की परीक्षा के लिये कसौटी, चन्दन घसने का पत्थर का छोरसा ।

कषाय (त्रि०) (यः । या । यम्) कसैला रङ्ग वाला = ली, (पुं०) कसैला रङ्ग, काढ़ा, विलेपन, (पुं० । नपुं०) नया अङ्गराग अर्थात् टटका चन्दनादिक ।

कष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) कष्टित वा कष्टयुक्त, दुर्गम स्थान, (नपुं०) शरीर की पीड़ा, दुःख ।

कस्तूरी (स्त्री) कस्तूरी वा सुगन्धद्रव्य ।

कह्लारकम् (नपुं०) श्वेत कमल, मुण्डी ओषधी ।

कह्वः (पुं०) बकुला पक्षी ।

कंस (पुं । नपुं०) (सः । सम्) पीने का पात्र, (पुं०) कृष्ण का मामा ।

कंसारातिः (पुं०) कंस का शत्रु वा कृष्ण ।

काकः (पुं०) कौवा पक्षी ।

काकम् (नपुं०) कौवों का झुण्ड ।

काकचिञ्चिः (स्त्री) घुंघुची वृक्ष

वा उसके फल का दाना। [काकचिञ्ची] [काकचिञ्चा]
काकतिन्दुकः (पुं०) कुचिला एक प्रकार का विष।
काकनासिका (स्त्री) कौवाठोंठी लता।
काकपक्षः (पुं०) बालकों की शिखा जो तीन स्थानों में रक्खी जाती है वा जुलफी।
काकपीलुकः (पुं०) कुचिला।
काकमाची (पुं०) काकजंघा वा काकप्रिया एक वृक्ष।
काकमुद्गा (स्त्री) मुगौनी एक वृक्ष।
काकली (स्त्री) सूक्ष्म अस्पष्ट मधुर शब्द।
काकाङ्गी (स्त्री) कौवाठोंठी पुष्पलता।
काकिणी (स्त्री) एक पैसा का चौथा हिस्सा वा टुकड़ा।
काकुः (स्त्री) शोक वा भय इत्यादि से बिगड़ा हुआ गले का शब्द।
काकुदम् (नपुं०) तालु।
काकेन्दुः (पुं०) कुचिला विष।
काकोदरः (पुं०) सर्प।
काकोदुम्बरिका (स्त्री) कटुम्बरी ओषधी।
काकोल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) काकोल विष, (पुं०) डोमकौवा पक्षी।
काक्षी (स्त्री) रहर अन्न।
काङ्क्षा (स्त्री) इच्छा।
काचः (पुं०) काँच, सिकहर, एक प्रकार की मट्टी, नेत्र का रोग।
काचस्थाली (स्त्री) पाँडर वृक्ष।
काचित (त्रि०) (तः। ता। तम्) सिकहर पर रक्खी हुई वस्तु।
काञ्चनम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
काञ्चनाह्वयः (पुं०) नागचम्पा पुष्पवृक्ष।
काञ्चनी (स्त्री) हरदी, वेश्या।
काञ्ची (स्त्री) स्त्री के कमर का एक लड़ का गहना वा करधनी.
काञ्जिक (स्त्री। नपुं०) (का। कम्) काँजी।
काण्ड (पुं०। नपुं०) (ण्डः। ण्डम्) दण्ड वा लाठी, बाण, खराब घोड़ा, अध्याय काण्ड सर्ग इत्यादि, अवसर वा समय, जल, (पुं०) दुष्ट, जव इत्यादि की डार (इस अर्थ में कहीं कहीं यह शब्द नपुंसक भी है)
काण्डपृष्ठः (पुं०) शस्त्र से जीने वाला। [काण्डस्पृष्ठः]
काण्डवत् (पुं०) (वान्) बाण

चलानेवाला ।
काण्डीरः (पुं०) तथा ।
काण्डेक्षुः (पुं०) तालमखाना ।
कातर (त्रि०) (रः । रा । रम्) अधीर वा कादर ।
कात्यायनी (स्त्री) पार्वती, गेरुवा वस्त्र धारण करने वाली अधेर वय की रण्डा स्त्री ।
कादम्बः (पुं०) बत्तक पक्षी ।
कादम्बर (स्त्री । नपुं०) (री । रम्) एक प्रकार का मद्य ।
कादम्बिनी (स्त्री) मेघों की पंक्ति
काद्रवेयः (पुं०) कद्रू के पुत्र नाग ।
काननम् (नपुं०) वन वा जङ्गल ।
कानीनः (पुं०) विना ब्याही स्त्री का पुत्र जैसे व्यास कर्ण ।
कान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) सुन्दर वा मनोहर, (पुं०) स्त्री का पति, (स्त्री) मनोहर स्त्री ।
कान्तलकः (पुं०) तूणी वा तुन्न वृक्ष ।
कान्तार (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) दुर्गम वा टेढ़ा मार्ग, बड़ा वन (पुं०) एक प्रकार का ऊख ।
कान्तारकः (पुं०) एक प्रकार का ऊख ।
कान्तिः (स्त्री) शोभा, इच्छा ।
कान्दविकः (पुं०) रसोंईदार जो तेल इत्यादि से पक्क वस्तु तैयार करता है ।
कान्दिशीक (त्रि०) (कः । का । कम्) भय से भागा = गी ।
कापथः (पुं०) खराब रस्ता ।
कापिलः (पुं०) 'साङ्ख्य' में देखो ।
कापोत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) (पुं०) सज्जीखार, (नपुं०) कबूतरों का झुण्ड ।
कापोताञ्जनम् (नपुं०) एक प्रकार का सुरमा ।
काम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) (पुं०) कामदेव, इच्छा वा मनोरथ, (नपुं०) इच्छा के सदृश, (नपुं०) अनिच्छा से सलाह देने अर्थ में ।
कामन (त्रि०) (नः । ना । नम्) कामी वा कामिनी ।
कामपालः (पुं०) बलदेव वा कृष्ण के बड़े भाई ।
कामयितृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) कामी वा कामिनी ।
कामिनी (स्त्री) बहुत काम वाली वा काम की इच्छा करने वाली स्त्री, वन्दा एक वृक्ष का रोग, स्त्री ।
कामुक (त्रि०) (कः । का । कम्)

कामी वा कामिनी वा इच्छावती स्त्री।
कामुकी (स्त्री) मैथुन की इच्छा करने वाली स्त्री।
काम्पिल्यः (पुं०) कबीला ओषधी। [काम्पिल्लः]
काम्बलः (पुं०) कम्बल से घेरारथ
काम्बविकः (पुं०) शङ्ख का काम बनाने वाला।
काम्बोजः (पुं०) कम्बोज देश का घोड़ा।
काम्बोजी (स्त्री) जङ्गली उड़द।
काय (पुं०। नपुं०) (यः। यम्) शरीर वा देह, (नपुं०) अनामिका और कनिष्ठिका के मध्य में जो तीर्थ अर्थात् प्राजापत्य तीर्थ।
कायस्था (स्त्री) हरें, अंवरा।
कारणम् (नपुं०) कारण वा सबब।
कारणा (स्त्री) कठोर दुःख।
कारणिकः (पुं०) प्रमाणों से शास्त्र का निश्चय करनेवाला।
कारण्डवः (पुं०) करडुआ पक्षी।
कारम्भा (स्त्री) गोंदी वृक्ष।
कारवी (स्त्री) अजमोदा ओषधी, सौंफ, कालीजीरी, हींग का पेड़, मोर की चोटी।
कारवेल्लः (पुं०) करैला।
कारा (स्त्री) कैदी का घर वा जेहलखाना।
कारिका (स्त्री) एक प्रकार का श्लोक जिस से कठिन विषय स्पष्ट होता है, यातना वा दुःखभोग, करना।
कारीषम् (नपुं०) करसी वा सूखे गोबर का समूह।
कारुः (पुं०) चितेरा, कारीगर।
कारुणिक (त्रि०) (कः। का। कम्) दयावाला = ली।
कारुण्यम् (नपुं०) करुणा वा दया।
कारोत्तरः (पुं०) मद्य का माँड़। [कारोत्तमः]
कार्त्तस्वरम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
कार्त्तान्तिकः (पुं०) ज्योतिष् विद्या का जानने वाला।
कार्त्तिकः (पुं०) कातिक महीना, स्वामिकार्तिक।
कार्त्तिकिकः (पुं०) कातिक महीना।
कार्त्तिकेयः (पुं०) स्वामिकार्तिक।
कार्त्स्न्यम् (नपुं०) सम्पूर्णतः।
कार्पास (त्रि०) (सः। सी। सम्) कपास से बना वस्त्र इत्यादि,

(स्त्री) कपास वा रूई ।

कार्म (त्रि०) (र्मः । र्मी । र्मम्) जो नित्यही कार्य्य में लगा रहता है ।

कार्मणम् (नपुं०) जड़ी से मारण मोहन उच्चाटन इत्यादि कर्म ।

कार्मुकम् (नपुं०) धनुष् ।

काश्मरी (स्त्री) खंभारी वृक्ष । [काश्मरी] [काश्मर्यः]

काश्मर्य (पुं० । नपुं०) (र्य्यः । र्य्यम्) (पुं०) सखुवा वृक्ष । [कार्श्यः] (नपुं०) दुर्बलता ।

कार्षापणः (पुं०) कर्ष भर चांदी अर्थात् रुपैया (यह आज कल के लोकव्यवहार से विलक्षण है)

कार्षिकः (पुं०) तथा ।

काल (त्रि०) (लः । ला—ली । लम्) काली वस्तु, (पुं०) काला रंग, यम, काल अर्थात् क्षण दिन मास इत्यादि (स्त्री लिङ्ग में 'काली' इस रूप के ये अर्थ हैं) काली देवी, लिखने की स्याही ।

कालकः (पुं०) देह पर एक प्रकार का काला चिन्ह होता है जिसको लहसुन कहते हैं ।

कालकण्टकः (पुं०) काला कौवा वा जलकौवा ।

कालकूट (पुं० । नपुं०) (टः । टम्) एक प्रकार का जहर ।

कालखण्डम् (नपुं०) पेट में दहिनी ओर का मांसपिण्ड जिसको वैद्यक में "यकृत्" कहते हैं ।

कालधर्मः (पुं०) मरना ।

कालपृष्ठम् (नपुं०) कर्ण का धनुष् ।

कालमेषिका (स्त्री) मजीठ (एक प्रकार की रंग की वस्तु है) [कालमेषिका] श्यामतिधारा वृक्ष ।

कालमेषी (स्त्री) वकुची ओषधी । [कालमेषी]

कालशेयम् (नपुं०) मथानी से मथा गोरस ।

कालसूत्रम् (नपुं०) एक प्रकार का नरक ।

कालस्कन्धः (पुं०) तमाल वृक्ष, तेंदू वृक्ष ।

काला (स्त्री) नील वृक्ष, श्यामतिधारा वृक्ष, पाँडर वृक्ष, कालीजीरी ओषधीवृक्ष ।

कालागुरु (नपुं०) काला अगर ।

कालानुसार्यम् (नपुं०) सिलाजीत ओषधी, पीला चन्दन ।

कालायसम् (नपुं०) लोहा ।
कालायीनम् (नपुं०) मटर का खेत ।
कालिका (स्त्री) एक देवी, मेघ की घटा ।
कालिन्दी (स्त्री) यमुना नदी ।
कालिन्दीभेदनः (पुं०) बलदेव कृष्ण के भाई ।
काली (स्त्री) पार्वती ।
कालीयकः (पुं०) दारु हरदी । [कालेयकः]
कालीयकम् (नपुं०) पीला चन्दन ।
काल्यकः (पुं०) कचूर ओषधी । [काल्पकः]
कावचिकम् (नपुं०) कवचधारियों का झुण्ड ।
कावेरी (स्त्री) एक नदी ।
काव्य (पुं० । नपुं०) (व्यः । व्यम्) (पुं०) शुक्राचार्य, (नपुं०) रामायणादि काव्य ।
काश (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) काश एक प्रकार की घास [कास]
काश्मरी (स्त्री) खंभारी वृक्ष ।
काश्मर्यः (पुं०) तथा ।
काश्मीर (त्रि०) (रः । री । रम्) कश्मीर देशमें उत्पन्न भई वस्तु केसर इत्यादि, (नपुं०) पुष्कर की जड़ ।
काश्मीरजन्मन् (पुं०) (न्मा) केसर सुगन्धवस्तु ।
काश्यपिः (पुं०) सूर्य का सारथी ।
काश्यपी (स्त्री) पृथ्वी ।
काष्ठम् (नपुं०) काठ वा लकड़ी ।
काष्ठकुद्दालः (पुं०) नाव साफ करने की काठ की कुदारी ।
काष्ठतक्ष् (पुं०) (ट्—ड्) बढ़ई, काठ काटने वाला एक जन्तु ।
काष्ठा (स्त्री) दिशा, अठारह निमेष वा पल, उत्कर्ष वा बढ़ती मर्यादा वा अवधि ।
काष्ठाम्बुवाहिनी (स्त्री) काष्ठ तृण इत्यादि से बनाई जल के पार उतरने की वस्तु ।
काष्ठीला (स्त्री) केला वृक्ष ।
कासः (पुं०) खाँसी रोग ।
कासमर्दः (पुं०) एक प्रकार की जड़ी ।
कासरः (पुं०) भैंसा ।
कासारः (पुं०) तलाव, बनाया हुआ कमलयुक्त सरोवरादि ।
कासीसम् (नपुं०) कसीस एक रंगदार वस्तु ।
कासूः (स्त्री) बरछी ।
कांसम् (नपुं०) काँसा धातु ।
कांस्यतालः (पुं०) काँसे का ताल वा मजीरा ।

किकिः (पुं॰) चास पक्षी ।
किकिन् (पुं॰) (की) तथा ।
किकीदिविः (पुं॰) तथा । [किकीदिवीः] [किकीदिवः] [किकीदीविः] [किकिदिविः] [किकिदिवः]
किङ्करः (पुं॰) दास ।
किङ्किणी (स्त्री) घुंघुरूदार करधनी
किञ्चित् (अव्यय) थोड़ा (कहीं क्रियाविशेषण में भी मिलता है)
किञ्चुलकः (पुं॰) केंचुआ कीड़ा । [किञ्चिलिकः] [किञ्चुलुकः]
किञ्जल्क (पुं॰ । नपुं॰) (ल्कः । ल्कम्) पुष्प का केसर वा जीरा, (पुं॰) पुष्प की धूलि ।
किटिः (पुं॰) सूअर ।
किट्टम् (नपुं॰) नासिकादि का मल ।
किणः (पुं॰) घट्ठा ।
किणिही (स्त्री) चिचिड़ा ।
किण्वम् (नपुं॰) तण्डुलादि द्रव्य से बना हुआ मद्य का बीज ।
कितवः (पुं॰) धूर्त, जुआरी, धतूरा ।
किन्नरः (पुं॰) एक प्रकार के देवता वा यक्ष ।
किन्नरेशः (पुं॰) किन्नरों के राजा वा कुवेर ।

किमु (अव्यय) अथवा ।
किमुत (अव्यय) अथवा, अतिशय ।
किम् (अव्यय) प्रश्न, निन्दा, अथवा ।
किम्पचानः (पुं॰) सूम ।
किम्पुरुषः (पुं॰) किन्नर एक देवता ।
किंवदन्ती (स्त्री) लोकप्रवाद वा लोगों का किसी बात में हौरा उठा देना जैसा लोग कहते हैं कि 'यह बात सुनने में आती है लेकिन देखी नहीं गई' ।
किंशारुः (पुं॰) यव इत्यादि अन्न का टूंड़ा वा सूई के तुल्य अग्र भाग, बाण, कङ्कपक्षी ।
किंशुकः (पुं॰) पलाश वृक्ष ।
किरणः (पुं॰) किरण वा प्रकाश
किरातः (पुं॰) पर्वत पर रहने वाले एक प्रकार के मनुष्य जो म्लेच्छजाति कहलाते हैं ।
किराततिक्तः (पुं॰) चिरायता ओषधी ।
किरिः (पुं॰) सूअर । [किरः]
किरीट (पुं॰ । नपुं॰) (टः । टम्) मुकुट ।
किर्म्मीर (त्रि॰) (रः । रा । रम्) चितकबरा रङ्ग वाला = ली,

(पुं०) चितकबरा रङ्ग ।
किल (अव्यय) वार्ता में, सम्भाव्य वस्तु में ।
किलकिञ्चितम् (नपुं०) शृङ्गार रस में एक प्रकार का हाव अर्थात् हर्ष से रोना गाना इत्यादि मिश्रित क्रिया ।
किलासम् (नपुं०) सेंहुआँ रोग ।
किलासिन् (त्रि०) (सी । सिनी । सि) सेंहुवाँ रोगवाला = ली ।
किलिञ्जकः (पुं०) डिबिया ।
किल्बिषम् (नपुं०) पाप, अपराध, प्रीति ।
किशलय (पुं० । नपुं०) (यः । यम्) नया पत्ता [किसलय]
किशोरः (पुं०) लड़का, घोड़ा का बच्चा, नया जवान ।
किष्कुः (पुं०) हाथ, बित्ता ।
किसलय (पुं० । नपुं०) (यः । यम्) नया पत्ता ।
कीकसम् (नपुं०) हाड़ ।
कीचकः (पुं०) बाँसुरी बाजा वा छिद्रयुक्त बाँस जिसमें वायु जाने से शब्द हो ।
कीटः (पुं०) कीड़ा जैसा चिउंटा इत्यादि ।
कीनाशः (पुं०) यम, सूम, खेतिहर ।
कीरः (पुं०) सुग्गा पक्षी ।
कीर्तिः (स्त्री) कीर्ति वा यश ।
कील (पुं० । स्त्री) (लः । ला) अग्नि की ज्वाला, खूंटा वा खूंटी ।
कीलकः (पुं०) खूंटा ।
कीलालम् (नपुं०) जल, रुधिर ।
कीलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधा हुआ = ई ।
कीशः (पुं०) बन्दर जन्तु ।
कीशपर्णी (स्त्री) चिचिड़ा ।
कु (अव्यय) पाप, निन्दा, थोड़ा ।
कुः (स्त्री) भूमि वा पृथ्वी ।
कुकः (पुं०) चकवा पक्षी ।
कुकर (त्रि०) (रः । रा । रम्) रोगादि से जिसका हाथ टेढ़ा हो गया है ।
कुकुन्दरम् (नपुं०) चूतड़ पर पीठ के बाँसा के नीचे के दोनो गड़हे [ककुन्दरम्]
कुकुरः (पुं०) कुत्ता ।
कुकूल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) करसी की आग, (नपुं०) खूंटियों से भरा हुआ गड़हा ।
कुक्कुटः (पुं०) मुरगा पक्षी ।
कुक्कुभः (पुं०) वनमुरगा ।
कुक्कुरः (पुं०) कुत्ता ।

कुक्षिः (पुं०) पेट ।
कुक्षिम्भरि (त्रि०) (रिः । रिः । रि) पेटुक वा अपने पेट का भरनेवाला = ली ।
कुङ्कुमम् (नपुं०) केशर एक सुगन्धवृक्ष ।
कुचः (पुं०) स्त्री का स्तन ।
कुचन्दनम् (नपुं०) रक्त चन्दन ।
कुचर (त्रि०) (रः । रा । रम्) जिसका दोष वर्णन करने का स्वभाव है अर्थात् निन्दक ।
कुचाग्रम् (नपुं०) स्तन का अग्र ।
कुजः (पुं०) लतादिकों से आच्छादित स्थान, मङ्गल ग्रह ।
कुञ्चित (त्रि०) (तः । ता । तम्) टेढ़ा = ढ़ी ।
कुञ्ज (पुं० । नपुं०) (ञ्जः । ञ्जम्) लता का घर, हाथी का दाँत, ठुड्डी ।
कुञ्जरः (पुं०) हाथी, "पुङ्गव" में देखो (पुङ्गव शब्द की नाईं इस शब्द का भी प्रयोग होता है)
कुञ्जराशनः (पुं०) पीपर का वृक्ष ।
कुञ्जलम् (नपुं०) काँजी ।
कुट (पुं० । नपुं०) (टः । टम्) घड़ा, (पुं०) वृक्ष ।
कुटकम् (नपुं०) हल का फार । [कूटकम्]
कुटजः (पुं०) कोरैया पुष्पवृक्ष ।
कुटन्नट (पुं० । नपुं०) (टः । टम्) (पुं०) सोनापाढ़ा, (नपुं०) मोथा ।
कुटपः (पुं०) तौलने का पौवा, खानेबाग वा वाटिका ।
कुटिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) टेढ़ा = ढ़ी ।
कुटी (स्त्री) घर ।
कुटुम्बव्यापृतः (पुं०) कुटुम्ब के पोषणादि व्यापार में युक्त ।
कुटुम्बिनी (स्त्री) वह स्त्री जिस को पति पुत्र इत्यादि हैं ।
कुट्टनी (स्त्री) स्त्री पुरुष को मिलाने वाली स्त्री अर्थात् कुटनी ।
कुट्टमितम् (नपुं०) शृङ्गार रस में एक प्रकार का हाव अर्थात् सुख में भी हर्ष से दुःख के सदृश आचरण करना ।
कुट्टिम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) गच ।
कुठरः (पुं०) 'दण्डविष्कम्भ' में देखो [कुटरः]
कुठार (पुं० । स्त्री) (रः । री) कुल्हाड़ी ।
कुठेरकः (पुं०) पर्णास वा कठसरैया पुष्पवृक्ष ।
कुडवः (पुं०) नापने का पौवा ।

[कुडपः]
कुडङ्गकः (पुं०) वृक्षलता से भरी हुई जगह।
कुड्मल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) थोड़ी फुली कली।
कुड्यम् (नपुं०) भीत।
कुणपः (पुं०) मुरदा वा मृत शरीर।
कुणि (त्रि०) (णिः। णिः। णि) रोगादि से जिसका हाथ टेढ़ा हो गया है, (पुं०) तुन्न वृक्ष।
कुण्ठ (त्रि०) (ण्ठः। ण्ठा। ण्ठम्) कामों में मन्द वा ढीला = ली वा सुस्त, भोंठरा = री।
कुण्ड (पुं०। नपुं०) (ण्डः। ण्डम्) (पुं०) पति के जीते जो उपपति वा जार से उत्पन्न भया लड़का, (नपुं०) पानी वा आग का कुण्ड, रसोंई की बटलोही।
कुण्डलम् (नपुं०) कान का कुण्डल।
कुण्डलिन् (त्रि०) (लि। लिनी। लि) कुण्डलधारी, (पुं०) सर्प।
कुण्डी (स्त्री) व्रतियों का जलपात्र।
कुतप (पुं०। नपुं०) (पः। पम्) दिन का आठवाँ हिस्सा। [कुतुप]
कुतुकम् (नपुं०) तमाशा।
कुतुपः (पुं०) कुप्पी।
कुतूः (स्त्री) कुप्पा।
कुतूहलम् (नपुं०) तमाशा।
कुत्सा (स्त्री) निन्दा।
कुत्सित (त्रि०) (तः। ता। तम्) अधम।
कुथ (त्रि०) (थः। था। थम्) हाथी का झूल, (पुं०। नपुं०) कुश।
कुदरुः (पुं०) पालकी साग, कुंदुरू तरकारी।
कुद्दालः (पुं०) खोदने की कुदारी, कचनार वृक्ष।
कुनटी (स्त्री) खराब नाचनेवाली, नैपाल की मैनसिल।
कुनाशकः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा जिसमें काँटे होते हैं।
कुन्तः (पुं०) भाला।
कुन्तलः (पुं०) केश वा बाल।
कुन्तलहस्तः (पुं०) केशसमूह।
कुन्द (पुं०। नपुं०) (न्दः। न्दम्) कुन्द का फूल, (पुं०) कुन्द नामक एक पुष्पवृक्ष, एक निधि, कुन्दुरू तरकारी, पालकी साग।
कुन्दरः (पुं०) कुन्दरू तरकारी, पालकी साग।
कुन्दुः (पुं०) तथा।

कुन्दुरुः (पुं०) तथा ।
कुन्दुरुकी (स्त्री) साल वा सलई वृक्ष ।
कुपिड़ः (पुं०) जोलहा ।
कुपूय (त्रि०) (यः । या । यम्) अधम वा नीच [कपूय]
कुप्यम् (नपुं०) सोना चाँदी से अन्य द्रव्य अर्थात् ताँबा इत्यादि
कुबलम् (नपुं०) बदर का फल ।
कुवलयम् (नपुं०) कोंई कमल, पृथ्वीमण्डल ।
कुबेरकः (पुं०) तुन्न वृक्ष ।
कुबेराची (स्त्री) पाँड़र वृक्ष ।
कुब्ज (त्रि०) (ब्जः । ब्जा । ब्जम्) कुबड़ा = ड़ी ।
कुमारः (पुं०) लड़का वा पहिली वय वाला वा बिनाब्याहा, युवराज, (नाट्य में) स्वामि-कार्त्तिक ।
कुमारकः (पुं०) वरुण वृक्ष ।
कुमारी (स्त्री) लड़की वा पहिली वय वाली स्त्री वा बिनाब्याही, घिकुआर वृक्ष ।
कुमुद (पुं० । नपुं०) (दः । दम्) (पुं०) नैर्ऋत्य कोण का दिग्गज, (नपुं०) श्वेत कमल वा कोंई ।
कुमुदबान्धवः (पुं०) चन्द्रमा ।
कुमुदिका (स्त्री) कायफल ।
कुमुदिनी (स्त्री) कुमुद लता, कुमुदयुक्त देश ।
कुमुद्वती (स्त्री) तथा ।
कुमुद्वत् (त्रि०) (द्वान् । द्वती । द्वत्) वह स्थान जिसमें बहुत कोंई होंय ।
कुम्बा (स्त्री) यज्ञभूमि में शूद्रादि के न देखने के लिये जो वेष्टन अर्थात् वस्त्रादि का घेरा ।
कुम्भ (पुं० । नपुं०) (म्भः । म्भम्) गूगुल का वृक्ष, (पुं०) घड़ा, हाथी के मस्तक के टूहे, कुम्भराशि ।
कुम्भकारः (पुं०) कोंहार ।
कुम्भसम्भवः (पुं०) अगस्त्य ऋषि ।
कुम्भिका (स्त्री) जलकुम्भी एक प्रकार का जलवृक्ष ।
कुम्भिनी (स्त्री) पृथिवी ।
कुम्भिन् (पुं०) (म्भी) हाथी, कायफल ।
कुम्भीनसः (पुं०) धामिन साँप ।
कुम्भीरः (पुं०) नाक जलजन्तु ।
कुम्भोलुः (पुं०) गूगुल का वृक्ष ।
कुम्भोलूखलकम् (नपुं०) तथा ।
कुरङ्गः (पुं०) हरिण वा मृग ।
कुरण्टकः (पुं०) पीले फूल वाली कठसरैया ।
कुररः (पुं०) कुररी पक्षी ।

कुरवकः (पुं०) लाल फूल वाली कठसरैया, कोरैया पुष्पवृत्त ।
कुरुवकः (पुं०) तथा ।
कुरुविन्दः (पुं०) एक प्रकार का मणि, मोथा घास ।
कुरुविस्तः (पुं०) पल भर सोना ।
कुर्कुरः (पुं०) कुत्ता ।
कुलम् (नपुं०) समान जाति वालों का समूह ।
कुलक (पुं० । नपुं०) (कः । कम) (पुं०) कारीगरों का सरदार, कुचिला विष, (नपुं०) पाँच इत्यादि श्लोकों का समूह जिन का एक में अन्वय होय, परवर तरकारी ।
कुलटा (स्त्री) बहुत पुरुषों से सङ्ग करने वाली स्त्री ।
कुलत्थिका (स्त्री) नीला सुरमा, कुरथी एक प्रकार का अन्न ।
कुलपालिका (स्त्री) जो स्त्री बुरे कर्म को बचाय कुल की रक्षा करै।
कुलश्रेष्ठिन् (पुं०) (ष्ठी) कारीगरों का सरदार ।
कुलसम्भव (त्रि०) (वः । वा । वम्) कुलीन वा अच्छे कुल में उत्पन्न।
कुलस्त्री (स्त्री) 'कुलपालिका' में देखो ।
कुलायः (पुं०) पक्षियों का खोंथा ।
कुलालः (पुं०) कोंहार ।
कुलाली (स्त्री) नीला सुरमा ।
कुलिकः (पुं०) कारीगरों का प्रधान ।
कुलिन् (पुं०) (ली) कुलीन ।
कुलिश (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) वज्र ।
कुली (स्त्री) भटकटैया ।
कुलीनः (पुं०) कुलीन वा अच्छे कुल में उत्पन्न ।
कुलीरः (पुं०) केकड़ा जलजन्तु ।
कुल्माष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) (पुं०) यव इत्यादि जो आधा पका है [कुल्मासः] (नपुं०) काँजी ।
कुल्माषाभिषुतम् (नपुं०) काँजी ।
कुल्यम् (नपुं०) हाड़ ।
कुल्या (स्त्री) कृत्रिम छोटी नदी वा नहर ।
कुवलम् (नपुं०) बदर का फल ।
कुवाद (त्रि०) (दः । दा । दम्) जिसका निन्दा करने का स्वभाव है ।
कुविन्दः (पुं०) जोलहा ।
कुवेणी (स्त्री) मछली रखने की थैली ।
कुवेरः (पुं०) कुवेर दिक्पाल ।

कुश (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) कुश एक तरह की घास, (नपुं०) जल ।

कुशल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चतुर, सामर्थ्ययुक्त, कल्याण-वाला =ली, (नपुं०) सामर्थ्य, क्षेम, पुण्य, कल्याण ।

कुशी (स्त्री) लोहे की फार जो हल में लगती है ।

कुशीलवः (पुं०) कत्थक ।

कुशेशयम् (नपुं०) कमल ।

कुष्ठम् (नपुं०) कुट ओषधी, सपेद कोढ़ रोग ।

कुष्माण्डकः (पुं०) कोंहड़ा तरकारी, ककड़ी ।

कुसीदम् (नपुं०) ब्याज वा सूद। [कुशीदम्] [कुषीदम्]

कुसीदिकः (पुं०) ब्याज से जीने वाला ।

कुसुमम् (नपुं०) पुष्प वा फूल ।

कुसुमाञ्जनम् (नपुं०) गरम किये पीतल से जो मैल निकलती है उससे बनाया भया सुरमा ।

कुसुमेषुः (पुं०) कामदेव ।

कुसुम्भ (पुं० । नपुं०) (म्भः । म्भम्) (पुं०) कमण्डल (नपुं०) कुसुम का फूल ।

कुसृतिः (पुं०) धूर्तता ।

कुस्तुम्बुरुः (स्त्री) धनिया वृक्ष । [कुस्तुम्बरी]

कुहना (स्त्री) अर्थ के लाभ की इच्छा से मिथ्या ध्यान मौन वैराग्य इत्यादि धर्म का ग्रहण करना ।

कुहरम् (नपुं०) बिल ।

कुहूः (स्त्री) जिस अमावस को चन्द्र की कला नष्ट होजाती है वह अमावस ।

कूकुदः (पुं०) जो मनुष्य सत्कार-पूर्वक कन्या को भूषित करके दान देता है । [कुकुदः]

कूट (पुं० । नपुं०) (टः । टम्) पर्वत की चोटी वा शृङ्ग, धान्यादि की ढेरी, माया वा छल, निश्चल निर्विकार वस्तु जैसा आकाश, मृग फसाने का जाल, असत्य, लोहा कूटने का घन, हल का अग्रभाग ।

कूटयन्त्रम् (नपुं०) मृग और पक्षियों के बझाने के लिये जाल इत्यादि ।

कूटशाल्मलिः (पुं०) काला सेमर वृक्ष । [कूटशाल्मलिन्—(ली)]

कूटस्थ (त्रि०) (स्थः । स्था । स्थम्) निश्चल होकर स्थिर रहनेवाला पदार्थ जैसा आका-

आदि ।
कूपः (पुं०) कूवाँ वा इनारा ।
कूपकः (पुं०) नाव का गुनरखा, नाव बाँधने का खूंटा, सूखी नदी इत्यादि में खोदा हुआ कूवाँ ।
कूबरः (पुं०) रथ में जहाँ घोड़ा बाँधा जाता है वह काष्ठ वा जूआ के काठ के बाँधने का स्थान ।
कूर्च (पुं० । नपुं०) दाढी का बाल, दोनो भौँ का मध्य स्थान ।
कूर्चशीर्षः (पुं०) अष्टवर्गान्तर्गत जीवक औषधी ।
कूर्चिका (स्त्री) कूंची, फटा दूध ।
कूर्दनम् (नपुं०) कूदना, गेंदा इत्यादि से खेलना ।
कूर्परः (पुं०) हाथ की केहुनी । [कुर्परः]
कूर्पासकः (पुं०) कञ्चुकी वा अंगरखा वा चोलिया ।
कूर्मः (पुं०) कछुआ जलजन्तु ।
कूलम् (नपुं०) नदी इत्यादि जलाशय का तीर ।
कूलङ्कषा (स्त्री) नदी ।
कूष्माण्डकः (पुं०) कोंहड़ा तरकारी, ककड़ी ।
कृकणः (पुं०) करेटु चिड़िया ।
कृकलासः (पुं०) गिरगिट जन्तु । [कृकनासः] [कृकलाशः]
कृकवाकुः (पुं०) मुरगा ।
कृकाटिका (स्त्री) गले की घाँटी ।
कृच्छ्र (त्रि०) (कृच्छ्रः । कृच्छ्रा । कृच्छ्रम्) दुःखी (नपुं०) शरीर की पीड़ा वा दुःख, सान्तपन चान्द्रायण प्राजापत्य और पराक ये चारो इस नाम से कहे जाते हैं ।
कृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) किया गया = ई, (नपुं०) पूर्ण वा बस, सत्ययुग, क्रिया ।
कृतपुङ्खः (पुं०) अच्छी तरह जो बाण चलाने जानता है ।
कृतमालः (पुं०) अमिलतास वृक्ष ।
कृतमुख (त्रि०) (खः । खा । खम्) निपुण वा चतुर ।
कृतलक्षण (त्रि०) (णः । णा । णम्) शौर्यादि गुणों से प्रसिद्ध ।
कृतसापत्निका (स्त्री) जिस पुरुष ने अनेक विवाह किये हैं उसकी प्रथम विवाहिता स्त्री । [कृतसापत्नका]
कृतहस्तः (पुं०) वाण चलाने में दक्ष वा चतुर ।
कृतान्तः (पुं०) यमराज, सिद्धान्त, भाग्य, पाप ।

कृतिन् (त्रि०) (ती । तिनी । ति) निपुण वा चतुर, पण्डित ।
कृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) काटा हुआ = ई, खण्डित ।
कृत्तिः (स्त्री) मृग इत्यादि का चमड़ा ।
कृत्तिवासस् (पुं०) (साः) शिव।
कृत्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) धन स्त्री भूमि इत्यादि से फोड़ने के योग्य शत्रु का पुरुष इत्यादि, (स्त्री) तामसी देवता जिसको लोग शत्रु पर चलाते हैं, (नपुं०) क्रिया वा कर्म ।
कृत्रिमधूपकः (पुं०) कई एक सुगन्धद्रव्य से बना हुआ धूप ।
कृत्स्न (त्रि०) (त्स्नः । त्स्ना । त्स्नम्) समग्र वा सम्पूर्ण ।
कृपण (त्रि०) (णः । णा । णम्) दीन वा गरीब, सूम ।
कृपा (स्त्री) दया, करुणरस ।
कृपाणः (पुं०) तलवार वा खड्ग ।
कृपाणी (स्त्री) सुवर्णादि के पात्र काटने की छुरी वा एक प्रकार की कैंची ।
कृपालु (त्रि०) (लुः।लुः।लु) दयावान्
कृपीटयोनिः (पुं०) अग्नि ।
कृमिः (पुं०) एक प्रकार के छोटे छोटे कीड़े । [क्रिमिः]
कृमिघ्नः (पुं०) वाभीरंग ओषधी ।
कृमिजम् (नपुं०) अगर एक चन्दन ।
कृश (त्रि०) (शः । शा । शम्) दुबला = ली, सूक्ष्म ।
कृशानुः (पुं०) अग्नि ।
कृशानुरेतस् (पुं०) (ताः) शिव ।
कृशाश्विन् (पुं०) (श्वी) नापित वा हज्जाम ।
कृषक (पुं० । स्त्री) (षकः । षिका) हर का फार [कृषिक] (पुं०) खेतिहर [कृषिकः]
कृषिः (स्त्री) खेती ।
कृषिकः (पुं०) खेतिहर ।
कृषीवलः (पुं०) तथा ।
कृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) जोता हुआ खेत इत्यादि ।
कृष्टि (पुं० । स्त्री) (ष्टिः । ष्टिः) जोतना, पण्डित ।
कृष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) काला रङ्ग वाला = ली (पुं०) कृष्ण भगवान्, काला रङ्ग, (स्त्री) द्रौपदी पाण्डवों की स्त्री, भटकटैया एक लता, पीपर ओषधी, (नपुं०) मिरिच एक तीता दाना ।
कृष्णपाकफलः (पुं०) करौंदा फल ।
कृष्णफला (स्त्री) बकुची ओषधी ।

क्लष्णभेदा (स्त्री) कुटुकी ।
क्लष्णभेदी (स्त्री) तथा ।
क्लष्णला (स्त्री) घुंघुची वृक्ष ।
क्लष्णलोहित (त्रि०) (तः । ता । तम्) काला लाल मिश्रित रङ्ग वाला=ली, (पुं०) काला लाल मिश्रित रङ्ग ।
क्लष्णवर्त्मन् (पुं०) (र्त्मा) अग्नि ।
क्लष्णवृन्ता (स्त्री) पाँड़र वृक्ष ।
क्लष्णसारः (पुं०) एक प्रकार का काला मृग ।
क्लष्णायसम् (नपुं०) लोहा ।
क्लष्णिका (स्त्री) राई एक चरपरा दाना ।
क्लसरः (पुं०) तिल के सहित पकाया भात, खिचड़ी [क्लशरः]
केकर (त्रि०) (रः । री । रम्) बाँड़ा=ड़ी जैसा बाँड़ा कुत्ता इत्यादि, तिरछी आँखवाला=ली ।
केका (स्त्री) मोर की बोली ।
केकिन् (पुं०) (की) मोर पक्षी ।
केतक (त्रि०) (कः । की । कम्) (पुं० । स्त्री) केवड़ा एक पुष्पवृक्ष, (नपुं०) केवड़ा का फूल ।
केतनम् (नपुं०) ध्वजा, घर, कार्य, आमन्त्रण ।
केतुः (पुं०) ध्वजा, एक ग्रह का नाम ।
केदरः (पुं०) एक प्रकार का व्यावहारिक पदार्थ, एक प्रकार का वृक्ष ।
केदारः (पुं०) खेत ।
केनिपातः (पुं०) नाव की पतवार ।
केनिपातकः (पुं०) तथा ।
केयूरम् (नपुं०) बिजायठ इत्यादि बाहु का भूषण ।
केलि (पुं० । स्त्री) (लिः । लिः—ली) क्रीड़ा वा खेलना ।
केवल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) निर्णय किया गया (पुं०) 'एक' संख्या, सम्पूर्ण ।
केशः (पुं०) केश वा बाल ।
केशघ्नः (पुं०) जिस रोग से माथा इत्यादि के बाल झड़ जाते हैं वह रोग ।
केशपक्षः (पुं०) केशों का समूह ।
केशपर्णी (स्त्री) चिचिड़ा ।
केशपाशः (पुं०) केशों का समूह ।
केशपाशी (स्त्री) शिखा ।
केशरः (पुं०) केसर सुगन्धपुष्पवृक्ष, मौलसरी पुष्पवृक्ष, घोड़ा व्याघ्र सिंह इत्यादि के गरदन पर के बाल, नागकेसर वृक्ष । [केसरः]
केशरिन् (पुं०) (री) सिंह,

घोड़ा, व्याघ्र [केसरिन्—(री)]
केशवः (पुं०) कृष्ण भगवान्, अच्छे केश वाला ।
केशवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) अच्छे केश वाला = ली ।
केशवेशः (पुं०) चोटी वा जूड़ा ।
केशाम्बुनामन् (नपुं०) (म) नेत्रवाला ओषधी ।
केशिक (त्रि०) (कः । की । कम्) अच्छे केश वाला = ली ।
केशिनी (स्त्री) शंखाहुली लता ।
केशिन् (त्रि०) (शी । शिनी । शि) अच्छे केश वाला = ली ।
केसरः (पुं०) नागचम्पा, "केशर" में देखो ।
केसरिन् (पुं०) (री) सिंह, घोड़ा, व्याघ्र ।
कैटभजित् (पुं०) कृष्ण भगवान् ।
कैटर्यः (पुं०) कायफल । [कैडर्यः]
कैतवम् (नपुं०) जूवा, धूर्तपना ।
कैदारम् (नपुं०) खेतों का समूह ।
कैदारकम् (नपुं०) तथा ।
कैदारिकम् (नपुं०) तथा ।
कैदार्यम् (नपुं०) तथा ।
कैरवम् (नपुं०) श्वेत कोंईं वा कमल ।
कैलासः (पुं०) शिव के रहने का पर्वत, कुबेर का स्थान ।
कैवर्तः (पुं०) मल्लाह ।
कैवर्तमुस्तकम् (नपुं०) मोथा घास । [कैवर्तिमुस्तकम्] [कैवर्तीमुस्तकम्]
कैवल्यम् (नपुं०) एकता, मोक्ष ।
कैशिकम् (नपुं०) केशों का समूह ।
कैश्यम् (नपुं०) तथा ।
कोकः (पुं०) चकवा पक्षी, हुंड़ार जन्तु ।
कोकनदम् (नपुं०) लाल कमल ।
कोकनदच्छवि (त्रि०) (विः । विः । वि) लाल कमल के सदृश लाल रंग वाला = ली, (पुं०) लाल कमल के सदृश लाल रंग ।
कोकिलः (पुं०) कोकिल पक्षी ।
कोकिलाक्षः (पुं०) तालमखाना ।
कोटर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) वृक्ष का खोढ़रा वा बिल ।
कोटवी (स्त्री) नङ्गी स्त्री । [कोट्टवी]
कोटिः (स्त्री) धनुष् का टोंका, उत्कृष्टता, कोना, खड्ग इत्यादि का टोंका, करोड़ सङ्ख्या । [कोटी]
कोटिवर्षा (स्त्री) असवरक ।
कोटिशः (पुं०) ढेला का फोड़ने वाला मुद्गर इत्यादि । [कोटीशः]
कोट्टः (पुं०) कोट ।
कोट्टारः (पुं०) शहर का कूवाँ,

पोखरी का पाट ।

कोठः (पुं०) मण्डलाकार कुष्ठ अर्थात् देह पर गोल २ चकोटे पड़ती हैं(कोई उसको "गजकर्ण" भी कहते हैं)।

कोणः पुं०) कोना, खड्ग इत्यादि का टोंका, सितार इत्यादि बजाने का मेज़राब ।

कोदण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) धनुष् ।

कोद्रवः (पुं०) कोदो अन्न । [कुद्रवः]

कोपः (पुं०) क्रोध ।

कोपन (त्रि०) (नः । ना । नम्) क्रोध वाला = ली ।

कोपनी (स्त्री) क्रोधवती स्त्री ।

कोपिन् (त्रि०) (पी । पिनी । पि) क्रोधवाला = ली ।

कोमल (त्रि०) (लः । ला । लम्) कोमल ।

कोयष्टिकः (पुं०) एक प्रकार का पक्षी ।

कोरक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) फूल इत्यादि की कली ।

कोरङ्गी (स्त्री) छोटी लाइची ।

कोरदूषः (पुं०) कोदो अन्न ।

कोल (त्रि०) (लः । ला । लम्) (पुं०) तृणइत्यादि से जल-पार उतरने के लिये बनाई हुई घरनई इत्यादि, सूअर, (स्त्री) छोटी पीपर, बद्दरवृक्ष, (नपुं०) बद्दर का फल ।

कोलकम् (नपुं०) मिरिच, गहुला फल वा कङ्कोल ।

कोलदलम् (नपुं०) नख नामक गन्धद्रव्य ।

कोलम्बकः (पुं०) तार को छोड़ बाकी वीणा का शरीर ।

कोलवल्ली (स्त्री) गजपीपर ।

कोलाहलः (पुं०) कोलाहल वा बहुत मनुष्यों का मिल के शब्द वा मनुष्य इत्यादि प्राणियों का मिल के शब्द ।

कोलिः (स्त्री) बद्दर वृक्ष । [कोली]

कोविद (त्रि०) (दः । दा । दम्) पण्डित वा चतुर वा निपुण ।

कोविदारः (पुं०) कचनार वृक्ष ।

कोश (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) अण्डा, सोना चाँदी गढ़ा वा बेगढ़ा, [कोष] (नपुं०) जायफल ।

कोशफलम् (नपुं०) गहुला फल वा कङ्कोल ।

कोशातकिन् (पुं०) (की) एक प्रकार का फल, परवर तरकारी, चिचिढ़ा वृक्ष ।

कोष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) पुष्प की कली, तरवार का घर वा म्यान, खज़ाना, शपथ [कोश]
कोष्ठः (पुं०) पेट का भीतरी हिस्सा वा कोठा, कोठिला वा बखार वा कोठी, घर का भीतरी हिस्सा वा कोठा वा कोठरी ।
कोष्ण (त्रि०) (ष्णः । ष्णा । ष्णम्) थोड़ा गरम वस्तु, (नपुं०) थोड़ा गरम ।
कौक्कुटिकः (पुं०) माया वा इन्द्रजाल करने वाला ।
कौक्षेयकः (पुं०) तरवार ।
कौटतक्षः (पुं०) स्वतन्त्र बढ़ई ।
कौटिकः (पुं०) मांस का रोज़गारी ।
कौडविक (त्रि०) (कः । की । कम्) जिसमें कुडव भर अन्न बोया जा सकता है,वह खेत इत्यादि (कुडव एक नपुवे का नाम है)
कौणपः (पुं०) राक्षस ।
कौतुकम् (नपुं०) तमाशा ।
कौतूहलम् (नपुं०) तथा ।
कौद्रवीणम् (नपुं०) कोदो का खेत।
कौन्तिकः (पुं०) भाला को धारण करनेवाला ।
कौन्ती (स्त्री) रेणुकबीज नामक गन्धद्रव्य ।
कौपीनम् (नपुं०) करने के अयोग्य अर्थात् पाप, स्त्री वा पुरुष का मूत्रस्थान, पहिरने का लंगोट ।
कौमारी (स्त्री) कुमारशक्ति देवता।
कौमुदी (स्त्री) चन्द्र का प्रकाश वा अंजोरिया ।
कौमोदकी (स्त्री) कृष्ण की गदा।
कौलटिनेयः (पुं०) भीख माँगने के लिये घर२ जाने वाली पतिव्रता स्त्री का बेटा ।
कौलटेयः (पुं०) तथा, कुलटा का पुत्र वा वेश्या का पुत्र ।
कौलटेरः (पुं०) कुलटा का पुत्र वा वेश्या का पुत्र ।
कौलीनम् (नपुं०) लोकापवाद वा लोकनिन्दा, पशु सर्प पक्षी का युद्ध ।
कौलेयकः (पुं०) कुत्ता ।
कौशिकः (पुं०) विश्वामित्र ऋषि [कौषिकः], इन्द्र, उल्लू पक्षी, गुग्गुल, साँप का पकड़ने वाला ।
कौशिकी (स्त्री) एक नदी का नाम।
कौशेयम् (नपुं०) रेशम का वस्त्र ।
कौस्तुभः (पुं०) कृष्ण के गले का मणि ।
क्रकच (पुं० । नपुं०) (चः । चम्) आरा ।

क्रकरः (पुं०) करील वा टेंटी वृक्ष, करेटु पक्षी ।
क्रतुः (पुं०) यज्ञ वा याग, सप्तर्षियों में एक ऋषि ।
क्रतुध्वंसिन् (पुं०) (सी) शिव ।
क्रतुभुज् (पुं०) (क्—ग्) देवता ।
क्रथनम् (नपुं०) मार डालना ।
क्रन्दनम् (नपुं०) रोना, पुकारना, योद्धों का धमकी से ललकारना।
क्रन्दितम् (नपुं०) रोना ।
क्रमः (पुं०) क्रम वा परिपाटी, नियोगशास्त्र ।
क्रमुकः (पुं०) सुपारी वृक्ष, लाल लोध वृक्ष, तूत वृक्ष ।
क्रमेलकः (पुं०) ऊंट ।
क्रयविक्रयिकः (पुं०) बनियाँ ।
क्रयिकः (पुं०) खरीददार ।
क्रय्य (त्रि०) (य्यः । य्या । य्यम्) वेचने के लिये बजार में फैलाई हुई वस्तु ।
क्रव्यम् (नपुं०) माँस ।
क्रव्यादः (पुं०) राक्षस ।
क्रव्याद् (पुं०) (त्—द्) तथा ।
क्रायिकः (पुं०) खरीददार ।
क्रिमिः (पुं०) छोटा कीड़ा (पनारे इत्यादि में का) ।
क्रिया (स्त्री) क्रिया वा कर्म, आरम्भ, प्रायश्चित्त, शिक्षा, पूजन, विचार, उपाय, चेष्टा, दवाई करना ।
क्रियावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पण्डित, कामों में तैयार।
क्रीड़ा (स्त्री) खेलना ।
क्रुञ्च् (पुं०) (ङ्) करांकुल पक्षी ।
क्रुध् (स्त्री) (त्—द्) क्रोध ।
क्रुष्टम् (नपुं०) रोना ।
क्रूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कठोर वस्तु, परद्रोही, दयारहित ।
क्रेतव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) खरीदने के योग्य वस्तु ।
क्रेय (त्रि०) (यः । या । यम्) तथा।
क्रोड (त्रि०) (डः । डा । डम्) (पुं०) सूअर, (स्त्री) घोड़े की छाती, (पुं० । नपुं०) छाती, गोदी ।
क्रोधः (पुं०) क्रोध ।
क्रोधन (त्रि०) (नः । ना । नम्) क्रोधी ।
क्रोष्टु (पुं०) (ष्टा) सियार जन्तु ।
क्रोष्टुविन्ना (स्त्री) पिठवन औषधी।
क्रोष्ट्री (स्त्री) सियारिन, सफेद भुइंकोंहड़ा ।
क्रौञ्चः (पुं०) करांकुल पक्षी, एक पर्वत ।
क्रौञ्चदारणः (पुं०) स्वामिकार्तिक।

क्लमः (पुं०) ग्लानि वा खेद ।
क्लमथः (पुं०) तथा ।
क्लिन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) भीदा = री ।
क्लिन्नाक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षी । क्षम्) जिसकी आँखें रोग से सदा डबडबानी रहती हैं (नपुं०) रोगयुक्त नेत्र ।
क्लिशित (त्रि०) (तः । ता । तम्) क्लेश को प्राप्त भया = ई ।
क्लिष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) तथा, (नपुं०) विरुद्ध बोलना जैसा,—'मेरी माता वन्ध्या है', क्लेश ।
क्लीतकम् (नपुं०) जेठीमधु ओषधी ।
क्लीतकिका (स्त्री) नील ।
क्लीव (त्रि०) (वः । वा । वम्) पराक्रमरहित, (पुं०) नपुंसक ।
क्लेशः (पुं०) क्लेश ।
क्लोमन् (नपुं०) (म) पेट में जल रहने का स्थान । [क्लोमम]
क्वणः (पुं०) भूषण का शब्द, शब्द करना ।
क्वणनम् (नपुं०) तथा ।
क्वथित (त्रि०) (तः । ता । तम्) अच्छी तरह से पकाया गया काढ़ा इत्यादि ।
क्वाणः (पुं०) भूषण का शब्द ।

क्षणः (पुं०) तीस कला समय, उत्सव, बेकाम बैठना वा विश्राम करना ।
क्षणदा (स्त्री) रात्रि ।
क्षणनम् (नपुं०) मार डालना ।
क्षणप्रभा (स्त्री) बिजुली ।
क्षतजम् (नपुं०) लोहू ।
क्षतव्रतः (पुं०) जिस का ब्रह्मचर्य्य नष्ट हो गया है ।
क्षत्तृ (पुं०) (त्ता) सारथी, शूद्र से क्षत्रिया में उत्पन्न, द्वारपाल ।
क्षत्रियः (पुं०) क्षत्रिय ।
क्षत्रिया (स्त्री) क्षत्रिय जाति वाली स्त्री ।
क्षत्रियाणी (स्त्री) तथा ।
क्षत्रियी (स्त्री) क्षत्रिय की स्त्री ।
क्षन्तृ (त्रि०) (न्ता । न्त्री । न्तृ) क्षमावाला = ली ।
क्षपा (स्त्री) रात्रि ।
क्षपाकरः (पुं०) चन्द्र ।
क्षम (त्रि०) (मः । मा । मम्) योग्य, समर्थ, हित ।
क्षमा (स्त्री) पृथ्वी, क्षमा वा सहना ।
क्षमितृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) क्षमावाला = ली ।
क्षमिन् (त्रि०) (मी । मिनी । मि) तथा ।

क्षयः (पुं०) नाश, प्रलय, राजयक्ष्मा वा क्षय रोग, घर, कम हो जाना वा घट जाना।
क्षवः (पुं०) छींक, राई एक चरफरा दाना।
क्षवथुः (पुं०) छींक, खोंखी।
क्षान्त (त्रि०) (न्तः। न्ता। न्तम्) क्षमा किया गया=ई।
क्षान्तिः (स्त्री) क्षमा।
क्षार (त्रि०) (रः। रा। रम्) खारी वस्तु, (पुं०) खारा रस, काँच।
क्षारकः (पुं०) नई कली, कलियों का समूह वा गुच्छा।
क्षारमृत्तिका (स्त्री) खारी मट्टी।
क्षारित (त्रि०) (तः। ता। तम्) लोकापवाददूषित वा लोकनिन्दित।
क्षितिः (स्त्री) भूमि, क्षय, रहना, कालभेद।
क्षिपा (स्त्री) फेंकना वा चलाना वा प्रेरण करना।
क्षिप्त (त्रि०) (प्तः। प्ता। प्तम्) फेंका गया वा चलाया गया बाण इत्यादि।
क्षिप्नु (त्रि०) (प्नुः। प्नुः। प्नु) निराकरण करने वाला=ली वा दुरदुराने वाला=ली।
क्षिप्र (त्रि०) (प्रः। प्रा। प्रम्) जल्दी बाज़, (नपुं०) जल्दी।
क्षिया (स्त्री) घटना वा कम होना, बड़े का अनादर करना।
क्षीरम् (नपुं०) जल, दूध।
क्षीरविदारी (स्त्री) भुइंकोंहड़ा।
क्षीरशुक्ला (स्त्री) सफेद भुइंकोंहड़ा।
क्षीरसागरकन्यका (स्त्री) लक्ष्मी।
क्षीराब्धितनया (स्त्री) तथा।
क्षीरात्री (स्त्री) दुधिया औषधी।
क्षीरिका (स्त्री) खिरनी फल।
क्षीरोदः (पुं०) दूध का समुद्र।
क्षीरोदतनया (स्त्री) लक्ष्मी।
क्षीव (त्रि०) (वः। वा। वम्) मतवाला=ली।
क्षीवन् (त्रि०) (वा। व्नी। व) तथा।
क्षुतम् (नपुं०) छींक।
क्षुत् (स्त्री) तथा।
क्षुताभिजननः (पुं०) राई एक चरफरा दाना।
क्षुद्र (त्रि०) (द्रः। द्रा। द्रम्) क्रूर, अधम, अल्प वा थोड़ा=ड़ी, सूम, (स्त्री) मधुमाक्षी, भटकटैया, हीन अंग वाली स्त्री, नटी, वेश्या।
क्षुद्रघण्टिका (स्त्री) एक प्रकार

का स्त्री के कमर का गहना, घुंघुरू ।
क्षुद्रशङ्खः (पुं०) छोटा शङ्ख ।
क्षुधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूखा = खी ।
क्षुध् (स्त्री) (त्—द्) भूख ।
क्षुपः (पुं०) वह वृक्ष जिसकी शाखा वा जड़ दोनों सूक्ष्म हों।
क्षुमा (स्त्री) तीसी जिस से तेल निकलता है ।
क्षुरः (पुं०) छूरा, तालमखाना।
क्षुरकः (पुं०) तिलक वृक्ष ।
क्षुरप्रः (पुं०) एक प्रकार का बाण ।
क्षुरिन् (पुं०) (री) हज्जाम ।
क्षुरी (स्त्री) छूरी ।
क्षुल्लक (त्रि०) (कः । का । कम्) थोड़ा = ड़ी, नीच, छोटा = टी, दरिद्र ।
क्षेत्रम् (नपुं०) खेत, स्त्री, शरीर ।
क्षेत्रज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) प्रवीण वा चतुर, (पुं०) आत्मा
क्षेत्राजीवः (पुं०) खेतिहर ।
क्षेपणम् (नपुं०) फेंकना ।
क्षेपणी (स्त्री) नाव का डाँड़ा ।
क्षेपिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) जलदीबाज ।
क्षेम (त्रि०) (मः । मा । मम्) कल्याणवाला = ली, (पुं०) चोर नामक गन्धद्रव्य, (पुं० । नपुं०) कल्याण ।
क्षैत्रम् (नपुं०) खेतों का समूह ।
क्षोणी (स्त्री) पृथ्वी [क्षोणिः]
क्षोदः (पुं०) चूर वा बुकनी ।
क्षोदिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त क्षुद्र वा अल्प, अत्यन्त क्रूर, अधम, अत्यन्त सूक्ष्म ।
क्षौद्रम् (नपुं०) मक्खी का सहद।
क्षौम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) अटारी (नपुं०) तीसी के छाल का कपड़ा, पट्टवस्त्र वा रेशम का कपड़ा ।
क्षौरम् (नपुं०) मुण्डन ।
क्ष्णुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) सान रक्खी हुई छूरी इत्यादि ।
क्ष्मा (स्त्री) पृथ्वी ।
क्ष्माभृत् (पुं०) राजा, पर्वत ।
क्ष्वेडः (पुं०) विष वा जहर ।
क्ष्वेडा (स्त्री) वीरों का सिंह के सदृश गरजना, पिंजड़ा इत्यादि के बनाने के लिये बाँस की खमाची ।
क्ष्वेडितः (पुं०) वीरों का सिंह की नाईं गरजना ।

—***—

(ख)

ख (पुं० । नपुं०) (खः । खम्) (पुं०) स्वर्ग, सामान्य, (नपुं०) आकाश, इन्द्रिय, पुर, खेत, बिन्दु, संवेदन वा जनावना वा वाक़िफ़ करना, सुख ।
खगः (पुं०) पक्षी, सूर्य, बाण ।
खगेश्वरः (पुं०) पक्षियों का स्वामी वा गरुड़ ।
खजाका (स्त्री) करकुल ।
खञ्ज (त्रि०) (ञ्जः । ञ्जा । ञ्जम्) लंगड़ा = ड़ी ।
खञ्जनः (पुं०) खिड़रिच पक्षी ।
खञ्जरीटः (पुं०) तथा ।
खटः (पुं०) अन्धा कूवाँ, तृण, कफ, टाँकी, प्रहार ।
खट्वा (स्त्री) खटिया ।
खड्गः (पुं०) तरवार, गैंड़ा वनजन्तु ।
खड्गिन् (पुं०) (ड्गी) तरवारवाला, गैंड़ा ।
खण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) टुकड़ा, (पुं०) सक्कर ।
खण्डपरशुः (पुं०) शिव ।
खण्डविकारः (पुं०) सक्कर ।
खण्डिकः (पुं०) मटर अन्न ।
खदिरः (पुं०) खैर बीड़ा का मसाला ।
खदिरा (स्त्री) लजालू लता ।
खद्योतः (पुं०) जुगनू, सूर्य ।
खनकः (पुं०) खोदनेवाला, मूसा।
खनिः (स्त्री) खान । [खनी]
खनित्रम् (नपुं०) कुदारी ।
खपुरः (पुं०) सुपारी बीड़ा का मसाला ।
खर (त्रि०) (रः । रा । रम्) तीखी वा तेज़ वस्तु, अत्यन्त गरम वस्तु, (पुं०) गदहा, (नपुं०) अत्यन्त गरम ।
खरणस (त्रि०) (सः । सा । सम्) तीखी नाकवाला = ली।
खरणस् (त्रि०) (णाः । णाः । णाः) तथा ।
खरपुष्पा (स्त्री) 'तुङ्गी'में देखो ।
खरमञ्जरी (स्त्री) चिचिड़ा ।
खरा (स्त्री) वन्दाल ।
खरागरी (स्त्री) तथा ।
खराश्वा (स्त्री) मयूरशिखा ओषधी, अजमोदा ओषधी ।
खर्जूः (स्त्री) सूखी खजुरी ।
खर्जूर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) खजूर वृक्ष, (नपुं०) चाँदी धातु [खर्जूरम्] ।
खर्जूरी (स्त्री) एक प्रकार का खजूर ।

खर्वः (पुं०) बवना, एक प्रकार का निधि।

खल (त्रि०) (लः। ला। लम्) झगड़ा लगानेवाला = ली, (पुं०) खलिहान।

खलकम् (नपुं०) गुग्गुल वृक्ष।

खलपूः (पुं०) झाड़ देनेवाला।

खलिनी (स्त्री) खलों का समूह।

खलीकारः (पुं०) दण्ड वा सज़ा, दोष।

खलीन (पुं०। नपुं०) (नः। नम्) "कविका" में देखो। [खलिन]

खलु (अव्यय) निश्चय, निषेध वा मना करना, वाक्यालङ्कार में, जानने की इच्छा, बिन्ती।

खलेदारु (नपुं०) "मेधि" में देखो

खल्या (स्त्री) खलों का समूह।

खातम् (नपुं०) चौखूटा जलाशय।

खादित (त्रि०) (तः। ता। तम्) खायागया = ई।

खारिः (स्त्री) डेढ़मनी नपुवा। [खारी] [खारः]

खारीक (त्रि०) (कः। का। कम) खारीभर अन्न जिसमें बोया जाय वह (खेत)।

खिल (त्रि०) (लः। ला। लम्) पूरा नहीं, हल से न जोता गया खेत इत्यादि।

खुरः (पुं०) गैया इत्यादि का खुर, नखनामक गन्धद्रव्य।

खुरणसः (पुं०) खुर के ऐसी नाकवाला।

खुरणस् (पुं०) (णाः) तथा।

खेटः (पुं०) छोटा ग्राम, अधम।

खेटकः (पुं०) छोटा ग्राम, पीढ़ा, ढाल।

खेयम् (नपुं०) किला के चारोओर की खाँई।

खेला (स्त्री) खेल वा क्रीड़ा।

खोड (त्रि०) (डः। डा। डम्) लंगड़ा = ड़ी। [खोर]

ख्यात (त्रि०) (तः। ता। तम्) प्रसिद्ध वा मशहूर।

ख्यातगर्हण (त्रि०) (णः। णा। णम्) निन्दित।

ख्यातिः (स्त्री) प्रसिद्धि।

—***—

(ग)

ग (त्रि०) (गः। गा। गम्) (पुं०) गणेश, गन्धर्व, (स्त्री) गाथा वा कथा, (नपुं०) गीत।

गगनम् (नपुं०) आकाश। [गगणम्]
गङ्गा (स्त्री) गङ्गा नदी।
गङ्गाधरः (पुं०) शिव।
गजः (पुं०) हाथी।
गजता (स्त्री) हाथियों का झुण्ड।
गजबन्धनी (स्त्री) हाथियों के बाँधने का स्थान वा गजशाला।
गजभक्षा (स्त्री) साल वा सलई वृक्ष।
गजभक्ष्या (स्त्री) तथा।
गजाननः (पुं०) गणेश।
गजारिः (पुं०) शिव।
गञ्जा (स्त्री) मद्यगृह वा हौली, खारा समुद्र।
गडकः (पुं०) एक मत्स्य।
गडुः (पुं०) कुबड़ा, फोड़ा।
गडुल (त्रि०) (लः। ला। लम्) कुबड़ा =ड़ी। [गडुर]
गणः (पुं०) समूह, शिव के अनुचर, वह सेना जिसमें २७ हाथी २७ रथ ८१ घोड़े १३५ पैदल रहते हैं, चोर नाम गन्धद्रव्य।
गणकः (पुं०) ज्योतिषी।
गणदेवता (स्त्री) १२ आदित्य १० विश्व ८ वसु ३६ तुषित ६४ आभास्वर ४९ अनिल २२० महाराजिक १२ साध्य ११ रुद्र—ये सब गणदेवता कहलाते हैं।
गणन (स्त्री। नपुं०) (ना। नम्) गिनना।
गणनीय (त्रि०) (यः। या। यम्) गिनने के योग्य।
गणराचम् (नपुं०) अनेक राशि।
गणरूपः (पुं०) मदार वृक्ष।
गणहासकः (पुं०) चोर नामक गन्धद्रव्य।
गणाधिपः (पुं०) गणेश।
गणिका (स्त्री) वेश्या, जूही पुष्प, हथिनी।
गणिकारिका (स्त्री) जयपर्ण वा अरणी वा अगेथू।
गणित (त्रि०) (तः। ता। तम्) गिना हुआ =ई, गणित।
गणेय (त्रि०) (यः। या। यम्) गिनने के योग्य।
गण्डः (पुं०) गाल, हाथी का मस्तक।
गण्डकः (पुं०) गैंडा वनजन्तु।
गण्डकारी (स्त्री) लजालु वृक्ष। [गण्डकाली]
गण्डकी (स्त्री) एक नदी।
गण्डशैलः (पुं०) बड़े बड़े पत्थर के ढोंके जो पर्वत के आस पास

पड़े रहते हैं ।
गण्डाली (स्त्री) श्वेत दूर्वा ।
गण्डीरः (पुं०) "समष्ठिला" में देखो ।
गण्डूपदः (पुं०) केंचुवा कीड़ा ।
गण्डूपदी (स्त्री) केंचुवा की स्त्री ।
गण्डूषः (पुं०) हाथी के सूंड़ की अंगुलियाँ, अंजुरी से नपी हुई वस्तु, कुल्ला ।
गण्डूषा (स्त्री) कुल्ला ।
गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) गया = ई वा प्राप्त भया = ई, (नपुं०) गमन ।
गतनासिक (त्रि०) (कः । का । कम्) नकटा = टी ।
गतिः (स्त्री) गमन, प्राप्ति, मोक्ष ।
गदः (पुं०) रोग, कृष्ण का छोटा भाई ।
गदा (स्त्री) गदा एक अस्त्र ।
गद्यम् (नपुं०) ऐसा प्रबन्ध जो छन्द में न बंधा हो ।
गन्त्री (स्त्री) छकड़ा ।
गन्धः (पुं०) गन्ध, लेश, गन्धक धातु ।
गन्धकः (पुं०) गन्धक धातु ।
गन्धकुटी (स्त्री) मुरनामक गन्धद्रव्य ।
गन्धनम् (नपुं०) सूचन करना वा चुगली खाना, हिंसा, उत्साह देना वा भरोसा देना ।
गन्धनाकुली (स्त्री) रासन वृक्ष ।
गन्धफली (स्त्री) गोंदी वृक्ष, चम्पा की कली ।
गन्धमादन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) एक पर्वत ।
गन्धमूली (स्त्री) आँबाहरदी । [गन्धमूला]
गन्धरसः (पुं०) गन्धरस वा बोर । [रसगन्धः]
गन्धर्वः (पुं०) विश्वावसु इत्यादि स्वर्ग के गवैये, घोड़ा, एक प्रकार का गन्धयुक्त मृग, जन्म मरण के योग्य अर्थात् मनुष्यादि प्राणी ।
गन्धर्वहस्तकः (पुं०) रेंड़ वृक्ष ।
गन्धवहः (पुं०) वायु ।
गन्धवहा (स्त्री) नासिका ।
गन्धवाहः (पुं०) वायु ।
गन्धसारः (पुं०) मलयगिरि-चन्दन ।
गन्धाश्मन् (पुं०) (श्मा) गन्धक धातु ।
गन्धिकः (पुं०) तथा ।
गन्धिनी (स्त्री) मुराख्य गन्धद्रव्य ।
गन्धोत्तमा (स्त्री) मद्य वा मदिरा ।

गन्धोली (स्त्री) गंधेली माछी ।
गभस्ति (पुं० । स्त्री) (स्तिः । स्तिः) किरण वा प्रकाश ।
गभीर (त्रि०) (रः । रा । रम्) गहिरा तलाव इत्यादि ।
गमः (पुं०) गमन वा यात्रा ।
गमनम् (नपुं०) तथा, स्त्री पुरुष का संयोग वा मैथुन ।
गम्भारी (स्त्री) खभार वृक्ष, खभार का जड़ वा फूल ।
गम्भीर (त्रि०) (रः । रा । रम्) गहिरा तलाव इत्यादि ।
गम्य (त्रि०) (म्यः । म्या । म्यम्) गमन वा जाने के योग्य, प्राप्त करने के योग्य वा शक्य, मैथुन करने के योग्य ।
गरणम् (नपुं०) निगलना ।
गरलम् (नपुं०) विष ।
गरा (स्त्री) बन्दाल ओषधी ।
गरागरी (स्त्री) तथा ।
गरी (स्त्री) तथा ।
गरिमन् (पुं०) (मा) गरुता वा गरुअई ।
गरिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त भारी वा गरु वा बड़ा =ड़ी ।
गरुडः (पुं०) गरुड़ वा विष्णु का वाहन पक्षी ।
गरुडध्वजः (पुं०) विष्णु ।
गरुडाग्रजः (पुं०) गरुड का बड़ा भाई अरुण वा सूर्य का सारथी ।
गरुत् (पुं०) पक्षियों का पक्ष ।
गरुत्मान् (पुं०) गरुड़, पक्षी ।
गर्गरी (स्त्री) दही इत्यादि मथने का पात्र, पानी की गगरी ।
गर्जित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जो गर्जा है वा गर्जी है (पुं०) मद बहानेवाला हाथी (नपुं०) मेघ का शब्द ।
गर्त्तः (पुं०) गड़हा ।
गर्दभः (पुं०) गदहा पशु ।
गर्दभाण्डः (पुं०) गेठी वृक्ष ।
गर्द्धन (त्रि०) (नः । ना । नम् । लोभी ।
गर्भः (पुं०) स्त्री के पेट का गर्भ, पेट, बालक, नाट्य का तीसरा सन्धि ।
गर्भकः (पुं०) केशों के मध्य में धारण की हुई माला ।
गर्भागारम् (नपुं०) घर का मध्यभाग ।
गर्भाशयः (पुं०) "जरायु" में देखो ।
गर्भिणी (स्त्री) गर्भवती वा गाभिन ।
गर्भोपघातिनी (स्त्री) गर्भ गिरादेनेवाली गैया इत्यादि ।

गर्मुत् (स्त्री) सुवर्ण वा सोना, एक तरह की तृणजाति ।
गर्वः (पुं०) अहङ्कार ।
गर्वित (त्रि०) (तः । ता । तम्) अहङ्कारी ।
गर्हण (स्त्री । नपुं०) (णा । णम्) निन्दा करना ।
गर्ह्य (त्रि०) (र्ह्यः । र्ह्या । र्ह्यम्) निन्दा करने के योग्य, अधम ।
गर्ह्यवादिन् (त्रि०) (दी । दिनी दि) निन्दित वचन बोलने वाला = ली ।
गलः (पुं०) गला ।
गलकम्बलः (पुं०) गैयों के गले में जो मांस लटकता है वह ।
गलन्तिका (स्त्री) पानी की झारी, "कर्करी" में देखो ।
गलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गलपड़ा = ड़ी वा चुयपड़ा = ड़ी, गलगया = ई, पघिलगया = ई, सड़ गया = ई ।
गल्या (स्त्री) गड़ कायों का समूह
गवयः (पुं०) एक जङ्गली मृग जो गैया के सदृश होता है जिसको "गवा" कहते हैं ।
गवलम् (नपुं०) भैंसे की सींग ।
गवाक्षः (पुं०) झरोखा वा मूका।
गवाक्षी (स्त्री) एक प्रकार की ककड़ी ।
गवेधुः (स्त्री) कसई की बीया एक प्रकार का मुनि का अन्न (कोंकण देश में इस को "कसाड़कसा" कहते हैं) । [गवेडुः]
गवेधुका (स्त्री) तथा ।
गवेषणा (स्त्री) खोजना ।
गवेषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खोजागया = ई ।
गव्यम् (नपुं०) जो गैया से उत्पन्न भया (दूध इत्यादि) ।
गव्या (स्त्री) गैयों का समूह ।
गव्यूतिः (स्त्री) दो कोस ।
गहन (त्रि०) (नः । ना । नम्) दुर्गम वा भयङ्कर स्थान इत्यादि, (नपुं०) वन ।
गह्वरम् (नपुं०) पर्वत की कन्दरा, अहङ्कार ।
गह्वरी (स्त्री) पृथ्वी ।
गाङ्गेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) गङ्गा सम्बन्धि वस्तु (पुं०) भीष्म कौरवं के पितामह, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना, कसेरू फल वा कन्द ।
गाङ्गेरुकी (स्त्री) ककही वृक्ष ।
गाढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) अतिशयित वस्तु, (नपुं०) अतिशय ।

गाणिक्यम् (नपुं॰) वेश्यों का झुण्ड ।
गाण्डीव (पुं॰ । नपुं) (वः । वम्) अर्जुन का धनुष् । [गाण्डिव] [गाङ्गीव]
गात्रम् (नपुं॰) शरीर वा देह, हाथियों का पूर्व जङ्घा इत्यादि अङ्ग ।
गात्रानुलेपनी (स्त्री) शरीर में लेपन के योग्य पीसा वा घंसा हुआ सुगन्धद्रव्य ।
गाधेयः (पुं॰) विश्वामित्र ऋषि ।
गानम् (नपुं॰) गाना ।
गान्त्री (स्त्री) गाड़ी । [गन्त्री]
गान्धारः (पुं॰) षड्ज इत्यादि सात स्वरों में तीसरा स्वर जैसा बकरा बोलता है ।
गायत्री (स्त्री) ब्राह्मणों का एक प्रकार का जप्य मन्त्र, एक प्रकार का छन्द, खैर (बीड़ा का मसाला) ।
गारुत्मतम् (नपुं॰) पन्ना वा हरा मणि ।
गार्भिणम् (नपुं॰) गर्भवतियों का समूह ।
गार्हपत्यः (पुं॰) एक प्रकार का यज्ञ का अग्नि ।
गालवः (पुं॰) एक ऋषि, लोध ।
गिरि (पुं॰ । स्त्री) (रिः । रिः—री) (पुं॰) पर्वत, (स्त्री) निगलना वा लीलना ।
गिरिकर्णी (स्त्री) विष्णुक्रान्ता वा कौआठोंठी पुष्पवृक्ष ।
गिरिका (स्त्री) मुसरी वा मुष्टी जन्तु ।
गिरिजम् (नपुं॰) सिलाजीत ।
गिरिजा (स्त्री) पार्वती ।
गिरिजामलम् (नपुं॰) अभ्रक वा अबरख ।
गिरिमल्लिका (स्त्री) कोरैया वृक्ष
गिरिशः (पुं॰) शिव ।
गिरीशः (पुं॰) तथा ।
गिर् (स्त्री) (गीः) वाणी, सरस्वती ।
गिलित (त्रि॰) (तः । ता । तम्) खायागया = ई वा लीलागया = ई ।
गीत (त्रि॰) (तः । ता । तम्) गायागया = ई, (स्त्री) भगवद्गीता इत्यादि, (नपुं॰) गाना।
गीर्ण (त्रि॰) (र्णः । र्णा । र्णम) वर्णन कियागया अर्थ इत्यादि ।
गीर्णिः (स्त्री) निगलना ।
गीर्वाणः (पुं॰) देवता ।
गीष्पतिः (पुं॰) बृहस्पति ।
गुग्गुलुः (पुं॰) गुग्गुल का वृक्ष । [गुग्गुलः]

गुच्छः (पुं०) गुच्छा, बत्तीस लड़ का हार । [गुत्सः]

गुच्छकः (पुं०) गुच्छा, वह कली जो फूलने चाहती है । [गुच्छकः]

गुच्छार्द्धः (पुं०) चौबीस लड़ का हार । [गुत्सार्द्धः]

गुञ्जा (स्त्री) घुंघुची ।

गुडः (पुं०) गुड़, मट्टी इत्यादि का गोला ।

गुडपुष्पः (पुं०) महुवा वृक्ष ।

गुडफलः (पुं०) अखरोट मेवा (गुजरात में इसको "पीलु" कहते हैं) ।

गुडा (स्त्री) सेंहुड़ वृक्ष [गुडी]

गुडूची (स्त्री) गुरुच । [गुडुची]

गुणः (पुं०) 'रूप रस गन्ध स्पर्श' इत्यादि न्यायशास्त्रोक्त २४ गुण, शूरता सुन्दरता इत्यादि, डोरी, धनुष् की डोरी, सत्व रज और तम, शुक्ल नील पीत इत्यादि, रसोईदार, 'अ' 'ए' 'ओ' (व्याकरण में इन तीनों को गुण कहते हैं), सन्धि विग्रह यान आसन द्वैध आश्रय (ये ६ गुण राजनीति के है) ।

सन्धि—धन दे के शत्रु को प्रीति बढ़ाना ।

विग्रहः—झगड़ा खड़ा करना ।

यानम्—शत्रु पर चढ़ाई ।

आसनम्—अशक्ति के कारण क़िला इत्यादि दृढ़ स्थान बनाय कर उस में रहना ।

द्वैधम्—बली के साथ मेल और अबल के साथ विगाड़ करना

आश्रयः—शत्रु से पीड़ित होकर बलवान् राजा इत्यादि का अवलम्बन करना ।

गुणवृक्षकः (पुं०) नाव का गुनरखा, नाव बाँधने का खूंटा ।

गुणित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गुणा हुवा = ई ।

गुण्ठित (त्रि०) (तः । ता । तम्) धूल से भरा = री, लपेटा हुवा = ई ।

गुदम् (नपुं०) मल का द्वार वा विष्ठा निकलने की इन्द्रिय ।

गुन्द्र (पुं० । स्त्री) (न्द्रः । न्द्रा) (पुं०) सरहरी, (स्त्री) नागर मोथा, गोंदी वृक्ष ।

गुप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) छिपाहुआ = ई, रक्षित वा बचाया हुवा = ई ।

गुप्तिः (स्त्री) रक्षा, भूमिका गड़हा, जेहलखाना ।

गुरणम् (नपुं०) बोझा उठाना ।

[गूरणम्]
गुरु (त्रि०) (रुः । रुः—र्वी । रु) भारी, (पुं०) बृहस्पति, बड़े लोग (पिता इत्यादि) ।
गुर्विणी (स्त्री) गर्भवती स्त्री ।
गुर्वी (स्त्री) भारी वस्तु (गदा-इत्यादि) ।
गुल्फः (पुं०) पैर की घुट्ठी ।
गुल्म (पुं० । स्त्री) (ल्मः । ल्मा) पिलही रोग, (पुं०) बिना डार का वृक्ष, एक प्रकार की सेना—जिस में ९ रथ ९ हाथी २७ घोड़े ४५ पैदल रहते हैं, (स्त्री) गुच्छा, सेना, सेना की रक्षा ।
गुल्मिनी (स्त्री) शाखापत्रादिकों का समूह जिस में हो वह लता ।
गुवाकः (पुं०) सुपारी वृक्ष वा फल ।
[गूवाकः]
गुहः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
गुहा (स्त्री) पर्वत की कन्दरा, पिठवन ओषधी ।
गुह्य (त्रि०) (ह्यः । ह्या । ह्यम्) गोप्य वा छिपाने के योग्य, (नपुं०) स्त्री वा पुरुष का मूत्रेन्द्रिय ।
गुह्यकः (पुं०) गुह्यक एक देवजाति।
गुह्यकेश्वरः (पुं०) कुबेर ।
गूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) छिपाहुवा = ई ।
गूढपाद् (पुं०) (त्—द्) सर्प ।
गूढपुरुषः (पुं०) हलकारा वा दूत वा भेदिया ।
गूथ (पुं० । नपुं०) (थः । थम्) विष्ठा वा गूह ।
गून (त्रि०) (नः । ना । नम्) हिसा फिरागया = ई वा मल के द्वार से निकाला गया = ई ।
गृञ्जनम् (नपुं०) गाजर तरकारी, लहसुन एक प्रकार का उत्कट वा तीखा गन्धयुक्त कन्द।
गृध्नु (त्रि०) (ध्नुः । ध्नुः । ध्नु) लोभी ।
गृध्रः (पुं०) गिद्ध पक्षी ।
गृध्रसी (स्त्री) एक प्रकार का वात रोग जो कि ऊरुसन्धि में होता है ।
गृष्टि (पुं० । स्त्री) (ष्टिः । ष्टिः) सूअर, (पुं०) वाराही कन्द, (स्त्री) एक बेर की ब्यानी गैया ।
गृहम् (नपुं०) घर ।
गृहाः, बहुवचन (पुं०) पत्नी, घर ।
गृहगोधिका (स्त्री) बिस्तुइया

वा पाल वा छिपकली जन्तु ।
[गृहगोलिका]
गृहपतिः (पुं०) गृहस्थ ।
गृहयालु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) ग्रहण करने का जिसका स्वभाव है ।
गृहस्थूणम् (नपुं०) घर का खम्भा
गृहारामः (पुं०) घर का उपवन वा बगीचा ।
गृहावग्रहणी (स्त्री) द्वार की डेहरी ।
गृहिन् (पुं०) (ही) गृहस्थ ।
गृहीत (त्रि०) (ता । ती । त) ग्रहण करने का जिसका स्वभाव है ।
गृह्यकः (पुं०) परतन्त्र वा पराधीन, घरैलू पक्षी वा मृग ।
गेन्दुकः (पुं०) खेलने का गेंदा ।
[गेण्डुकः] [गेण्डूकः]
गेहम् (नपुं०) घर ।
गैरिकम् (नपुं०) गेरू धातु, सोना ।
गैरेयम् (नपुं०) सिलाजीत ।
गो (पुं० । स्त्री) (गौः । गौः) स्वर्ग, वज्र, जल, किरण, नेत्र, बाण, रोंआँ, (पुं०) सूर्य, बैल, किरण, एक प्रकार का यज्ञ, (स्त्री) दिशा, वाणी, भूमि, गैया ।
गोकण्टकः (पुं०) गोखुरू ओषधी ।
गोकर्णः (पुं०) अनामिका के शिखा से लेकर अङ्गुष्ठ तक का विस्तार, एक तरह का मृग, सर्प ।
गोकर्णी (स्त्री) सुरहारा वा मुर्रा (यह प्रत्यञ्चा के लिये बड़े काम में आती है) ।
गोकुलम् (नपुं०) गैयों का समूह ।
गोक्षुरकः (पुं०) गोखुरू ओषधी ।
गोचरः (पुं०) इन्द्रियों के विषय अर्थात् रूप रस गन्ध स्पर्श शब्द इत्यादि, रहने का स्थान ।
गोजिह्वा (स्त्री) गऊ की जीभ, गोभी तरकारी ।
गोडुम्बा (स्त्री) एक तरह की ककड़ी ।
गोण्डः (पुं०) नाभि ।
गोत्रः (पुं०) पर्वत ।
गोत्रम् (नपुं०) वंश, नाम ।
गोत्रभिद् (पुं०) (त्—द्) इन्द्र ।
गोत्रा (स्त्री) पृथ्वी, गैयों का झुण्ड ।
गोदः (पुं०) गैया देनेवाला, मस्तक में एक प्रकार की घी के सदृश जो वस्तु होती है वह ।
गोदारणम् (नपुं०) जोतने का हल

गोदावरी (स्त्री) एक नदी ।
गोदुहः (पुं॰) गैया का दूहनेवाला वा अहीर ।
गोदुह् (पुं॰) (धुक्—धुग्) तथा ।
गोधनम् (नपुं॰) गैयों का समूह ।
गोधा (स्त्री) गोह जन्तु, प्रत्यञ्चा के घात के बचाने के लिये गोह के चमड़े से बना हुवा एक प्रकार का बाहुबन्धन ।
गोधापदी (स्त्री) हंसपदी वृक्ष ।
गोधिः (पुं॰) माथे का एक देश अर्थात् ललाट ।
गोधिका (स्त्री) गोह जन्तु ।
गोधूमः (पुं॰) गोंहूं अन्न ।
गोनर्दम् (नपुं॰) मोथा घास ।
गोनसः (पुं॰) एक तरह का सर्प ।
गोपः (पुं॰) अहीर, गन्धरस, अनेक कामों का करनेवाला वा कामदार ।
गोपतिः (पुं॰) साँड़, गैयों का स्वामी ।
गोपरसः (पुं॰) गन्धरस ।
गोपा (स्त्री) उत्पलशारिवा ओषधी ।
गोपानसी (स्त्री) बंगला के दहिने बाएं प्रान्त में लगी हुई टेढ़ी लकड़ी ।
गोपायित (त्रि॰) (तः । ता । तम्) रक्षित वा बंचाया = हुई ।
गोपालः (पुं॰) अहीर ।
गोपी (स्त्री) अहीर की स्त्री, उत्पलशारिवा ओषधी ।
गोपुरम् (नपुं॰) पुर के बाहर का फाटक, द्वार, मोथा घास ।
गोप्यकः (पुं॰) दास वा चाकर ।
गोमत् (पुं॰) (मान्) गैयों का स्वामी ।
गोमय (पुं॰ । नपुं॰) (यः । यम्) गैया का गोबर ।
गोमायुः (पुं॰) सियार जन्तु ।
गोमिन् (पुं॰) (मी) गैयों का स्वामी ।
गोरस (पुं॰ । नपुं॰) (सः । सम्) दण्ड से मथा हुवा दही वा दूध ।
गोर्दम् (नपुं॰) मस्तक में की एक प्रकार की घी के सदृश वस्तु ।
गोल (त्रि॰) (लः । ला । लम्) गोल वस्तु, (पुं॰) तोप का गोला, (स्त्री) नैपाल की मैनसिल ।
गोलकः (पुं॰) पति के मरने पर उपपति वा जार वा अन्य पुरुष से पैदा भया लड़का ।
गोलीढ (त्रि॰) (ढः । ढा । ढम्)

गैया से चाटा गया = हुई, (पुं०) एक प्रकार का लोध ।
गोलोमी (स्त्री) जटामासी, वच ओषधी, श्वेत दूर्वा घास ।
गोवन्दिनी (स्त्री) गोंदी वृक्ष ।
गोविन्दः (पुं०) कृष्ण, विष्णु, बृहस्पति, गोठे का स्वामी ।
गोविष् (स्त्री) (ट्—ड्) गैया का गोबर ।
गोशाल (स्त्री । नपुं०) (ला । लम्) गैयों के रहने का स्थान
गोशीर्षम् (नपुं०) कमल के ऐसा जिसका गन्ध हो वह चन्दन ।
गोष्ठम् (नपुं०) गैयों के रहने का स्थान वा गोठा ।
गोष्ठपतिः (पुं०) अहीर ।
गोष्ठी (स्त्री) सभा ।
गोष्पदम् (नपुं०) सेवित देश, भूमि पर गैया के खुर से भया गड़हा ।
गोसङ्ख्यः (पुं०) अहीर ।
गोस्तनः (पुं०) चार लड़ का हार ।
गोस्तनी (स्त्री) दाख मेवा ।
गोस्थानकम् (नपुं०) गैयों के रहने का स्थान वा गोठा ।
गोतमः (पुं०) षोड़शपदार्थवादी एक ऋषि, शाक्य मुनि ।
गौधारः (पुं०) चन्दनगोह जन्तु (यह जन्तु काले सर्प से गोह में उत्पन्न होता है) ।
गौधूमीनम् (नपुं०) गोंहूं का खेत ।
गौधेयः (पुं०) 'गौधार' में देखो ।
गौधेरः (पुं०) तथा ।
गौर (त्रि०) (रः । री । रम्) श्वेत वा पीत वा लाल रङ्ग-वाली वस्तु, (पुं०) श्वेत रङ्ग, पीला रङ्ग, लाल रङ्ग, (स्त्री) पार्वती, रजोधर्म से पहिली अवस्थावाली स्त्री ।
गौरवम् (नपुं०) गरुआई, आ-दर, "अभ्युत्थान" में देखो ।
गौष्ठीनम् (नपुं०) पहिला गैयों के रहने का स्थान वा गोठा ।
ग्रथिलः (पुं०) विकङ्कत वा कंठेर वृक्ष ।
ग्रन्थः (पुं०) शास्त्र, धन, गाँठ ।
ग्रन्थिः (पुं०) गाँठ ।
ग्रन्थिकम् (नपुं०) पिपरामूल ओषधी ।
ग्रन्थित (त्रि०) (तः । ता । तम्) गूहा गया = हुई ।
ग्रन्थिपर्णम् (नपुं०) कुरोदा ल-ता वृक्ष ।
ग्रन्थिल (त्रि०) (लः । ला । लम्)

गंठैला = ली, (पुं०) करील वा टेंटी वृक्ष ।
ग्रस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) खाया गया = ई वा ग्रास किया गया = ई, (नपुं०) अप्रशक्ति इत्यादि से सम्पूर्ण न बोलना ।
ग्रहः (पुं०) सूर्य इत्यादि ९ ग्रह, ग्रहण करना, यज्ञ के पात्र, ग्रहण जो सूर्य वा चन्द्र को लगता, है आग्रह वा हठ ।
ग्रहणीरुज् (स्त्री) (रुक्—ग्) सङ्ग्रहणी रोग ।
ग्रहपतिः (पुं०) सूर्य ।
ग्रामः (पुं०) गाँव (इस शब्द के पूर्व में जब "शब्द" इत्यादि शब्द रहते हैं तब यह समूहवाची होता है जैसा,—शब्दग्राम स्वरग्राम यह शब्द कहीं स्वरवाची भी है) ।
ग्रामणी (त्रि०) (णीः । णीः । णि) मुख्य वा श्रेष्ठ, (पुं०) नापित वा हज्जाम, राजा ।
ग्रामतक्षः (पुं०) गाँव का बढ़ई ।
ग्रामता (स्त्री) गाँवों का समूह ।
ग्रामान्तम् (नपुं०) गाँव इत्यादि का समीप देश ।
ग्रामीणा (स्त्री) नील ।
ग्राम्य (त्रि०) (म्यः । म्या । म्यम्) भाँड़ इत्यादि का बोलना ।
ग्राम्यधर्मः (पुं०) मैथुन वा स्त्री पुरुष का संयोग ।
ग्रावन् (पुं०) (वा) पत्थर, पर्वत ।
ग्रासः (पुं०) ग्रास वा कवर ।
ग्राहः (पुं०) ग्राह वा मगर जलजन्तु, ग्रहण करना ।
ग्राहिन् (त्रि०) (ही । हिणी । हि) ग्रहण करनेवाला = ली, कइत वृक्ष ।
ग्रीवा (स्त्री) गरदन ।
ग्रीष्मः (पुं०) ग्रीष्म वा गरमी का मौसिम वा जेठ असाढ़ का ऋतु ।
ग्रैवेयकम् (नपुं०) कण्ठ का गहना ।
ग्लस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) "ग्रस्त" में देखो ।
ग्लहः (पुं०) जूआ में जो (द्रव्य इत्यादि) दाँव लगाया जाता है वह ।
ग्लान (त्रि०) (नः । ना । नम्) रोगादि से क्षीण, हर्ष रहित ।
ग्लास्नु (त्रि०) (स्नुः । स्नुः । स्नु) तथा ।
ग्लौः (पुं०) चन्द्रमा ।

—***—

(घ)

घ (पुं० । स्त्री) (घः । घा) (पुं०) मेघ, (स्त्री) घण्टा ।

घट (त्रि०) (टः । टा । टम्) (पुं०) पानी का घड़ा, (त्रि०) जो मिलता है वा मिल जाता है

घटना (स्त्री) गर्जते हुए हाथियों का झुण्ड, प्रवर्तना वा होना ।

घटा (स्त्री) गर्जते हुए हाथियों का झुण्ड, समूह ।

घटीयन्त्रम् (नपुं०) रहट पानी निकालने का यन्त्र ।

घट्टः (पुं०) घाट ।

घण्टा (स्त्री) घण्टा जो कि प्रायः पूजा के समय बजाया जाता है, एक प्रकार की लोध ।

घण्टापथः (पुं०) राजमार्ग वा सड़क ।

घण्टापाटलिः (स्त्री) एक प्रकार की लोध ।

घण्टारवा (स्त्री) घण्टा ओषधी ।

घन (त्रि०) (नः । ना । नम्) कठोर वस्तु, गञ्झिन वस्तु, (पुं०) मेघ, मूर्ति का गुण, मुद्गर, (नपुं०) काँसे का बना हुआ ताल वा घण्टा इत्यादि बाजा, मध्य नृत्य गीत वाद्य ।

घनरसः (पुं०) जल ।

घनसारः (पुं०) कपूर ।

घनाघनः (पुं०) बरसने वाला मेघ, इन्द्र, खूनी मतवाला हाथी ।

घर्मः (पुं०) गरमी, पसीना ।

घस्मर (त्रि०) (रः । रा । रम्) खानेवाला = ली ।

घस्रः (पुं०) दिन ।

घाटा (स्त्री) गले की घाँटी । [ग्राटा]

घाण्टिकः (पुं०) "चाक्रिक" में देखो ।

घातः (पुं०) मार डालना ।

घातुक (त्रि०) (कः । का । कम्) हिंसा करनेवाला = ली, द्रोह करनेवाला = ली ।

घासः (पुं०) घास ।

घुटिका (स्त्री) पैर की घुट्ठी ।

घुणः (पुं०) घुन ।

घूकः (पुं०) घुघुवा वा उल्लू पक्षी ।

घूर्णित (त्रि०) (तः । ता । तम्) निद्रा से वा पीड़ा से व्याकुल ।

घृणा (स्त्री) कृपा, निन्दा, घिन, करुण रस ।

घृणिः (पुं०) किरण ।

घृतम् (नपुं०) घी, जल ।

घृताची (स्त्री) स्वर्ग की एक वेश्या ।

घृतोदः (पुं०) घी का समुद्र ।
घृष्टि (पुं० । स्त्री) (ष्टिः । ष्टिः) (पुं०) सूअर, (स्त्री) वाराहीकन्द, घसना ।
घोटकः (पुं०) घोड़ा ।
घोणा (स्त्री) नाक, घोड़े की नाक ।
घोणिन् (पुं०) (णी) सूअर ।
घोण्टा (स्त्री) बदर का फल, सुपारी ।
घोर (त्रि०) (रः । रा । रम्) भयङ्कर, (नपुं०) भयानक रस ।
घोषः (पुं०) अहिर का गाँव, शब्द।
घोषकः (पुं०) शब्द करनेवाला, रामतरोई वा भिण्डी तरकारी।
घोषणम् (नपुं०) ज़ोर से शब्द करना वा घोखना ।
घोषणा (स्त्री) तथा ।
घ्राण (त्रि०) (णः । णा । णम्) सूंघा हुआ = ई, (नपुं०) नासिका ।
घ्राणतर्पणः (पुं०) घ्राण इन्द्रिय को तृप्त कर देनेवाला गन्ध।
घ्रात (त्रि०) (तः । ता । तम्) सूंघा हुआ = ई ।

—***—

(ङ)

ङः (पुं०) भैरव, विषयों की चाह ।

—***—

(च)

च (अव्यय) अन्वाचय अर्थ में (जहां दो में से एक मुख्य और दूसरा गौण हो, जैसा,—"भिक्षामट गाश्चानय" अर्थात् भिक्षा माँगो और गैया भी लेते आओ, यहाँ दो कार्य्यों में से एक गौण है), समाहार अर्थ में (जैसा,—"देवदत्तश्च यज्ञदत्तश्च विष्णुमित्रश्च" इनका समूह), समुच्चय अर्थ में (परस्पर निरपेक्ष अनेक शब्दों का एक क्रिया में अन्वय, जैसा,—"ईश्वरं गुरुञ्च भजस्व" यहाँ पर ईश्वर और गुरु का भजन में अन्वय है), इतरेतरयोग अर्थ में (जैसा,—"रामकृष्णौ वर्तेते" यहाँ राम और कृष्ण का योग है), पादपूरण में, पुनः वा फेर ।

चः (पुं०) चन्द्रमा, सूर्य, चोर ।
चकोरः (पुं०) चकोर पक्षी ।
चकोरकः (पुं०) तथा ।
चक्र (पुं० । नपुं०) (क्रः । क्रम्) (पुं०) चकवा पक्षी (नपुं०) सेना, राष्ट्र वा राजा के दखल को भूमि, एक प्रकार का शस्त्र, समूह, रथ की पहिया ।
चक्रकारकम् (नपुं०) व्याघ्रनख-नामक गन्धद्रव्य ।
चक्रपाणिः (पुं०) विष्णु ।
चक्रमर्दकः (पुं०) चकवड़ ओषधी ।
चक्रयानम् (नपुं०) क्रीड़ारथ ।
चक्रला (स्त्री) मोथा घास ।
चक्रवर्तिन् (पुं० (र्ती) समुद्र पर्यन्त भूमि का स्वामी ।
चक्रवर्तिनी (स्त्री) चकवत ओषधी।
चक्रवाकः (पुं०) चकवा पक्षी ।
चक्रवाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) 'लोकालोकाचल' पर्वत, (नपुं०) वह समूह जो कि चक्राकार होगया हो, मण्डल ।
चक्राङ्गः (पुं०) हंस पक्षी ।
चक्राङ्गी (स्त्री) हंसी वा हंस की स्त्री, कुटकी अन्न ।
चक्रिन् (पुं०) (क्री) सर्प ।
चक्रीवत् (पुं०) (वान्) गदहा पशु।
चक्षुश्श्रवस् (पुं०) (वाः) सर्प ।
चक्षुष् (नपुं०) (क्षुः) नेत्र इन्द्रिय ।
चक्षुष्या (स्त्री) नीला सुरमा ।
चञ्चल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल वा अस्थिर ।
चञ्चला (स्त्री) बिजुली ।
चञ्चु (पुं० ।स्त्री) (ञ्चुः । ञ्चु) (पुं०) रेंड़ वृक्ष, (स्त्री) पक्षी की चोंच।
चटक (पुं० । स्त्री) (कः । का) गौरा पक्षी, (स्त्री) गौरा का बच्चा स्त्री ।
चटकाशिरस् (नपुं०) (रः) पिपरामूल ओषधी ।
चटिकाशिरस् (नपुं०) (रः) तथा। [चटिकाशिरम्]
चटु (पुं० । नपुं०) (टुः । टु) प्रियवचन ।
चणकः (पुं०) चना अन्न ।
चण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) क्रोधी, तीखा वा भयङ्कर (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी, चोरनामक गन्धद्रव्य ।
चण्डातः (पुं०) कंदूल पुष्पवृक्ष ।
चण्डातक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) लहंगा (श्रेष्ठ स्त्रियों के पहिरने का) ।
चण्डालः (पुं०) चण्डाल वा डोम एक जाति, शूद्र से ब्राह्मणी में उत्पन्न ।

चण्डालवल्लकी (स्त्री) किंगरी बाजा ।
चण्डिका (स्त्री) पार्वती देवी ।
चतुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) चतुर
चतुरङ्गुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चार अङ्गुल की वस्तु, (पुं०) अमिलतास वृक्ष ।
चतुरब्द (त्रि०) (ब्दः । ब्दा । ब्दम्) चार बरस की वय वाला = ली ।
चतुराननः (पुं०) ब्रह्मा ।
चतुर्भद्रम् (नपुं०) अर्थ जो अर्थ धर्म काम मोक्ष इन चारों का समूह ।
चतुर्भुजः (पुं०) विष्णु ।
चतुर्वर्गः (पुं०) अर्थ धर्म काम और मोक्ष इनका समूह ।
चतुर्हायणी (स्त्री) चार बरस की गैया इत्यादि ।
चतुश्शालम् (नपुं०) चौबारा ।
चतुष्पथम् (नपुं०) चौरहा ।
चत्वरम् (नपुं०) अंगना, यज्ञ के लिये संस्कार की हुई भूमि, चबूतरा ।
चन (अव्यय) असम्पूर्णता ।
चन्दन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) चन्दन का वृक्ष, (नपुं०) मलयगिरिचन्दन ।
चन्द्रः (पुं०) चन्द्रमा, कबीला ओषधी, सुवर्ण वा सोना, कपूर।
चन्द्रकः (पुं०) मोर के पोंछ पर जो चन्द्राकार चिह्न रहते हैं ।
चन्द्रभागा (स्त्री) एक नदी ।
चन्द्रमस् (पुं०) (माः) चन्द्रमा।
चन्द्रवाला (स्त्री) बड़ी लाइची ।
चन्द्रशाला (स्त्री) घर में सब से ऊपर की कोठड़ी अर्थात् बंगला ।
चन्द्रशेखरः (पुं०) शिव ।
चन्द्रसंज्ञः (पुं०) कपूर ।
चन्द्रहासः (पुं०) तरवार ।
चन्द्रिका (स्त्री) चन्द्र का प्रकाश ।
चपल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल, बे बिचारे काम करनेवाला = ली, जल्दीबाज, (पुं०) पारा धातु, (स्त्री) बिजुली, पीपर वृक्ष, (नपुं०) जल्दी ।
चपेटः (पुं०) चपेटा वा थपेड़ा । [चर्पटः]
चमर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) वह मृग जिस के पोंछ का चंवर बनता है, (नपुं०) चंवर [चामरम्] [चामरा] ।
चमरिकः (स्त्री) कचनार वृक्ष ।
चमस (पुं० । नपुं०) (सः । सम्) एक प्रकार का यज्ञपात्र (चमच्) ।
चमसः (पुं०) पिष्टभेद, लड्डू ।

चमसी (स्त्री) उरद के आँटे की रोटी, मूंग मसूरी इत्यादि का आँटा, काठ से बना हुआ यज्ञपात्र (दूसरे के मत में), सूखे उरद का चूर ।
चमूः (स्त्री) सेना, वह सेना जिस में ७२९ हाथी ७२९ रथ २१८७ घोड़े ३६४५ पैदल रहते हैं ।
चमूरुः (पुं०) एक प्रकार का मृग (इसी का चर्म प्रायः बिछाया जाता है) ।
चम्पकः (पुं०) चम्पा वृक्ष ।
चयः (पुं०) समूह, धूस वा अकोर ।
चरः (पुं०) जङ्गम अर्थात् चलने फिरने वाला प्राणी, हलकारा वा दूत ।
चरण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) पैर, चतुर्थांश ।
चरणायुधः (पुं०) मुर्गा पक्षी ।
चरम (त्रि०) (मः । मा । मम्) अन्तवाला = ली, पिछला = ली ।
चरमक्ष्माभृत् (पुं०) पश्चिम पर्वत अर्थात् अस्ताचल ।
चराचरः (पुं०) जङ्गम अर्थात् चलने फिरने वाला प्राणी ।
चरिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) गमन करनेवाला = ली वा चलने फिरने वाला = ली ।
चरुः (पुं०) अग्नि में होम करने का भात ।
चर्चरी (स्त्री) एक प्रकार का गीत, थपोड़ी का शब्द ।
चर्चा (स्त्री) विचार, चन्दनादि से देह का लेपन ।
चर्चिका (स्त्री) शक्तिदेवता जिस को 'चर्ममुण्डा' भी कहते हैं ।
चर्मन् (नपुं०) (र्म) चमड़ा, ढाल ।
चर्मकषा (स्त्री) सिकाकाई ।
चर्मकारः (पुं०) चमड़े का काम बनाने वाला अर्थात् चमार ।
चर्मण्वती (स्त्री) एक नदी ।
चर्मप्रभेदिका (स्त्री) चीरने की आरी ।
चर्मप्रसेविका (स्त्री) लोहार की भाथी ।
चर्ममुण्डा (स्त्री) एक प्रकार की शक्तिदेवता जिस को "चर्चिका" भी कहते हैं ।
चर्म्मिन् (पुं०) (र्म्मी) ढाल वाला, भोजपत्र का वृक्ष ।
चर्या (स्त्री) ध्यान मौन इत्यादि जो योगमार्ग उस में स्थिति ।
चर्वणम् (नपुं०) चबाना, चबेना ।
चर्वित (त्रि०) (तः । ता । तम्) चबाया गया = ई ।
चल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल

चलदलः (पुं०) पीपर वृक्ष ।

चलन (त्रि०) (नः । ना । नम्) काँपनेवाला = ली, (नपुं०) काँपना वा हिलना ।

चलाचल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल ।

चलित (त्रि०) (तः । ता । तम्) थोड़ा कम्पित वा काँपगया = ई वा हिलगया = ई, वह सेना जिसने यात्रा वा कूंच किया है।

चविक (पुं० । स्त्री) (कः । का—की) चाभ अर्थात् गजपीपर की लकड़ी ।

चव्य (स्त्री । नपुं०) (व्या । व्यम्) तथा ।

चषक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मद्य पीने का पात्र ।

चषालः (पुं०) यज्ञस्तम्भ के सिर पर का कड़ा जो काष्ठ ही से बना रहता है ।

चाक्रिकः (पुं०) बहुत से लोग मिल कर जो राजों की स्तुति करते हैं वे 'चाक्रिक' कहलाती हैं, घण्टी बजानेवाला जिसको 'घड़ियाली' भी कहते हैं ।

चाङ्गेरी (स्त्री) लोनिया भाजी ।

चाटकैरः (पुं०) गौरा का बच्चा जो पुरुष अर्थात् नर है ।

चाटु (पुं० । नपुं०) (टुः । टु) प्रिय वचन ।

चाणकीनम् (नपुं०) चना का खेत ।

चाण्डालः (पुं०) "चण्डाल" में देखो ।

चाण्डालिका (स्त्री) डोम की स्त्री, किंगरी बाजा ।

चातकः (पुं०) पपीहा पक्षी ।

चातुर्वर्ण्यम् (नपुं०) ब्राह्मणादि चारो वर्ण ।

चापः (पुं०) धनुष् ।

चामरम् (नपुं०) चंवर ।

चामीकरम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।

चामुण्डा (स्त्री) शक्तिदेवता ।

चाम्पेयः (पुं०) चम्पा पुष्पवृक्ष, नागचम्पा पुष्पवृक्ष ।

चारः (पुं०) चलना फिरना, हलकारा, बन्धन ।

चारटी (स्त्री) माक अन्न, गुलाब।

चारणः (पुं०) एक देवजाति, कत्थक ।

चारु (त्रि०) (रुः । रुः—र्वी । रु) सुन्दर वा मनोहर ।

चार्चिक्यम् (नपुं०) चन्दनादि से देह का लेपन ।

चार्मणम् (नपुं०) चमड़ों का समूह

चार्वाकः (पुं०) बौद्धमतावलम्बी (जो देह ही को आत्मा मानता है) ।

चालनी (स्त्री) पिसान चालने की चलनी ।

चाषः (पुं०) नीलकण्ठ पक्षी । [चासः]

चिकित्सकः (पुं०) वैद्य वा हकीम।

चिकित्सा (स्त्री) रोग का निवारण वा दूर करना ।

चिकुरः (पुं०) केश वा बाल [चिकूरः], बे बिचारे काम करनेवाला।

चिक्कण (त्रि०) (णः। णा। णम्) चिकना = नी ।

चिक्कसः (पुं०) जव का चूर ।

चिञ्चा (स्त्री) इमिली वृक्ष ।

चिता (स्त्री) मृतक वा मुर्दा जलाने की चिता ।

चितिः (स्त्री) तथा, समूह, चौतरा ।

चित् (अव्यय) बुद्धि, असम्पूर्णता, हिस्सा वा अंश ।

चित्तम् (नपुं०) मन ।

चित्तविभ्रमः (पुं०) चित्त का भ्रम वा मिथ्याज्ञान ।

चित्तसमुन्नतिः (स्त्री) मान वा आदर ।

चित्ताभोगः (पुं०) मन का सुखादि में लग जाना वा तत्पर होना ।

चित्तोद्रेकः (पुं०) अहङ्कार ।

चित्या (स्त्री) मुर्दा जलाने की चिता ।

चित्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) चित्र विचित्र रङ्गवाला = ली, आश्चर्ययुक्त, (पुं०) कई एक मिश्रित रङ्ग, (स्त्री) एक नक्षत्र, मूसाकर्णी ओषधी, एक तरह की ककड़ी, (नपुं०) अद्भुत रस, तसवीर, आश्चर्य ।

चित्रकः (पुं०) चीता एक जङ्गली पशु, चीता वृक्ष, रेंड़ वृक्ष ।

चित्रकम् (नपुं०) कस्तूरी इत्यादि सुगन्धद्रव्य से किया हुआ तिलक ।

चित्रकरः (पुं०) रङ्गरेज; मुसौव्विर अर्थात् तसबीर खींचनेवाला ।

चित्रकायः (पुं०) सिंह एक जङ्गली पशु ।

चित्रकारः (पुं०) रंगसाज, चितेरा ।

चित्रकूटः (पुं०) एक पर्वत ।

चित्रकृत् (पुं०) बञ्जुल एक प्रकार का वृक्ष ।

चित्रतण्डुला (स्त्री) बाभीरङ्ग ओ-षधी ।
चित्रपर्णी (स्त्री) पिठवन ओषधी।
चित्रभानुः (पुं०) सूर्य, अग्नि ।
चित्रशिखण्डिजः (पुं०) बृहस्पति।
चित्रशिखण्डिन्, बहुवचनान्त (पुं०) (नः) सप्तर्षि (१ मरीचि २ अ-ङ्गिराः ३ अत्रि ४ पुलस्त्य ५ पु-लह ६ क्रतु ७ वसिष्ठ)।
चित्रा (स्त्री) एक नक्षत्र, मूसा-कर्णी ओषधी, एक प्रकार की ककड़ी ।
चिन्ता (स्त्री) स्मरण वा याद, शोक वा अफ़सोस ।
चिपिटकः (पुं०) चिउड़ा अन्न ।
चिबुकम् (नपुं०) ओठ और ठुड्डी के बीच का भाग ।
चिरक्रिय (त्रि०) (यः । या । यम्) "दीर्घसूत्र" में देखो ।
चिरञ्जीविन् (पुं०) (वी) कौवा पक्षी, बहुत काल तक जीने वाला ।
चिरण्टी (स्त्री) जवान स्त्री । [चिरिण्टी]
चिरन्तन (त्रि०) (नः । नी । नम्) पुराना = नी ।
चिरप्रसूता (स्त्री) बहुत दिन की ब्यानी, बकेन गैया ।
चिरबिल्वः (पुं०) करञ्ज वृक्ष । [चिरिबिल्वः]
चिरम् (अव्यय) बहुत [काल] तक वा लम्बा समय ।
चिरराचाय (अव्यय) तथा ।
चिरस्य (अव्यय) तथा ।
चिरात् (अव्यय) तथा ।
चिराय (अव्यय) तथा ।
चिरेण (अव्यय) तथा ।
चिलिचिमः (पुं०) नरकट के बन की मछली ।
चिल्ल (त्रि०) (ल्लः । ल्ला । ल्लम्) "क्लिन्नाक्ष" में देखो, (पुं०) चील्ह पक्षी ।
चिल्लका (स्त्री) झींगुर जो रात्रि को 'झीं झीं' वा "चीं चीं" बोलता है ।
चिह्नम् (नपुं०) चिह्न वा चिन्हानी
चीनः (पुं०) चीन देश, "चमूरु" में देखो ।
चीरम् (नपुं०) एक प्रकार का वस्त्र
चीरी (स्त्री) "चिल्लका" में देखो ।
चीलिका (स्त्री) तथा ।
चीवरम् (नपुं०) मुनियों के पहि-रने का कपड़ा, बौद्ध सन्यासी का ओढ़ने का कपड़ा ।
चुक्र (पुं० । नपुं०) (क्रः । क्रम्) चुक्र एक खट्टी वस्तु, (नपुं०)

अमसुल ।
चुक्रिका (स्त्री) लोनियाँ भाजी ।
चुल्लः (पुं०) "क्लिन्नाक्ष" में देखो।
चुल्लिः (स्त्री) चूल्हा । [चुल्ली]
चूचुक (पुं० । नपुं०)(कः। कम्) स्तन का अग्रभाग ।
चूडा (स्त्री) शिखा, मोर के माथे की कलंगी ।
चूडामणिः (पुं०) मस्तक का मणि।
चूडाला (स्त्री) एक तरह का मोथा घास ।
चूतः (पुं०) आम वृक्ष ।
चूर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) चूर हुई वस्तु, (नपुं०) सुगन्ध चूर्ण (मसाला इत्यादि) ।
चूर्णकुन्तलः (पुं०) घुंघुरारे अर्थात् टेढ़े टेढ़े बाल ।
चूर्णिः (स्त्री) पातञ्जल व्याकरण, कौड़ी, १०० कौड़ियाँ ।
चूर्णी (स्त्री) कौड़ी, नदीविशेष ।
चूलिका (स्त्री) हाथियों के कान की जड़ ।
चूष्या (स्त्री) "चूष्या" में देखो।
चेटकः (पुं०) दास [चेड़कः] [चेटः]
चेतकी (स्त्री) हर्रें ।
चेतनः (पुं०) प्राणी ।
चेतना (स्त्री) बुद्धि ।
चेतस् (अव्यय) (तः) मन ।
चेत् (अव्यय) यदि वा अगर ।
चेल (त्रि०) (लः । ला । लम्) नीच वा अधम, (नपुं०) वस्त्र।
चैत्यम् (नपुं०) यज्ञस्थान, नामी वृक्ष वा प्रसिद्ध वृक्ष ।
चैत्रः (पुं०) चैत महीना ।
चैत्ररथम्(नपुं०) कुबेर का बगीचा
चैत्रिकः (पुं०) चैत महीना ।
चैल (त्रि०) (लः । ला । लम्) नीच वा अधम, (नपुं०) वस्त्र।
चोचम् (नपुं०) तज वृक्ष ।
चोद्यम् (नपुं०) अद्भुत प्रश्न ।
चोरः (पुं०) चोर ।
चोरपुष्पी (स्त्री) सङ्काहुली ओषधी।
चोरिका (स्त्री) चोरी [चोरका]
चोलः (पुं०) पहिरने का चोला वा कञ्चुकी ।
चौरः (पुं०) चोर ।
चौरिका (स्त्री) चोरी ।
चौर्य्यम् (नपुं०) तथा ।
च्युत (त्रि०) (तः । ता । तम्) चुयपड़ा=ड़ी ।

—***—

(छ)

छ (पुं० । नपुं०) (छः । छम्) (पुं०) चञ्चल, छेदने वाला वा काटने वाला, (नपुं०) निर्मल ।

छगलकः (पुं०) बकरा । [छगलः]

छगला (स्त्री) वृद्धदारक ओषधी ।

छगलान्त्री (स्त्री) तथा ।

छगलाङ्घ्री (स्त्री) तथा

छगलाण्डी (स्त्री) तथा ।

छत्त्रम् (नपुं०) छाता ।

छत्त्रा (स्त्री) जल का तृण, वन की सौंफ, धनियाँ ।

छत्त्राकी (स्त्री) रासन वृक्ष ।

छदः (पुं०) पत्ता, पक्षियों का पर ।

छदनम् (नपुं०) पत्ता, ढपना ।

छदिष् (पुं० । स्त्री) (दिः । दिः) खपड़ा वा छान्ही ।

छद्मन् (नपुं०) (द्म) कपट ।

छन्दः (पुं०) अभिप्राय, वश वा इख़तियार, अभिलाष ।

छन्दस् (नपुं०) (न्दः) एक वेदाङ्ग अर्थात् पिङ्गलादि छन्दोग्रन्थ में गायत्री उष्णिक् अनुष्टुप् इत्यादि छन्द, श्लोक ।

छन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) ढाँपा हुवा = ई, एकान्त स्थान इत्यादि ।

छलम् (नपुं०) न्याय से विरुद्ध कर्म वा कपट वा छल ।

छविः (स्त्री) शोभा, प्रकाश ।

छागः (पुं०) बकरा ।

छागी (स्त्री) बकरी ।

छात (त्रि०) (तः । ता । तम्) निर्बल, खण्डित ।

छात्त्रः (पुं०) शिष्य ।

छादनम् (नपुं०) मकान का छज्जा, खपड़े के नीचे का बाँस वा ठाट ।

छादित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ढाँपा हुवा = ई ।

छान्दसः (पुं०) वेद पढ़नेवाला, वेद से जो सम्बन्ध रखता है ।

छाया (स्त्री) छाया, सूर्य की स्त्री वा शनैश्चर की माता, शोभा, प्रतिबिम्ब ।

छायानाथः (पुं०) सूर्य्य ।

छित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खण्डित ।

छिद्रम् (नपुं) बिल वा छेद ।

छिद्रित (त्रि०) (तः । ता । तम्) छेदागया = ई वा बेधागया = ई

छिन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) खण्डित ।

छिन्नरुहा (स्त्री) गुरुच एक लता ।

छुरिका (स्त्री) छूरी ।

छेक (त्रि०) (कः । का । कम्) चतुर, पलुवा पशु वा पची।
छेदनम् (नपुं०) छेदना वा काटना।

—***—

(ज)

जः (पुं०) गाना, जीतना, जीतनेवाला।
जगच्चक्षुः (पुं०) सूर्य्य।
जगती (स्त्री) लोक वा भुवन, एक प्रकार का छन्द, पृथ्वी।
जगत् (नपुं०) लोक वा भुवन, जङ्गम अर्थात् चलने फिरनेवाला प्राणी।
जगत्प्राणः (पुं०) वायु।
जगरः (पुं०) कवच।
जगलः (पुं०) मद्यकल्क वा "मेदक" में देखो।
जग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) खाया गया = ई।
जग्धिः (स्त्री) भोजन।
जघनम् (नपुं०) स्त्री के कमर के अगाड़ी का हिस्सा वा जङ्घा।
जघनफला (स्त्री) कटुम्बरी ओषधी।
जघनेफला (स्त्री) तथा।
जघन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) सब से पिछला = ली, अधम वा नीच, (पुं०) मूत्रेन्द्रिय।
जघन्यजः (पुं०) शूद्र, छोटा भाई।
जङ्गम (त्रि०) (मः । मा । मम्) प्राणी वा प्राणधारी।
जङ्घा (स्त्री) पैर की पेंडरी, जङ्घा।
जङ्घाकरिकः (पुं०) जो जङ्घा के बल से जीता है।
जङ्घालः (पुं०) अतिवेगवान् [जङ्घिलः]
जटा (स्त्री) केशों की जटा, जटामासी सुगन्धद्रव्य, वृक्ष की जड़ जो जटा के सदृश रहती है।
जटामांसी (स्त्री) जटामासी सुगन्धद्रव्य।
जटिः (पुं०) पाकर वृक्ष।
जटिन् (पुं०) (टी) तथा।
जटिला (स्त्री) जटामासी।
जटुलः (पुं०) "कालक" में देखो।
जठर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कठोर वस्तु, (पुं०) वृद्ध वा बूड्ढा, (पुं० । नपुं०) पेट।
जड (त्रि०) (डः । डा । डम्) शीतल वस्तु, अत्यन्त मूढ़, (स्त्री) केवाँच वृक्ष।
जडुलः (पुं०) "कालक" में देखो। [जटुलः]

जतु (नपुं०) महावर रङ्ग, लाही।
जतुकम् (नपुं०) हीँग ।
जतुका (स्त्री) चमगुदरी, चक्रवत ओषधी । [जतूका]
जतुकृत् (पुं०) चक्रवत ओषधी।
जतूका (स्त्री) तथा, चमगुदरी । [जतुका]
जत्रु (नपुं०) काँधा और बगल जहाँ जुटे हैं वह जोड़ वा हंसुली ।
जनकः (पुं०) पिता ।
जनङ्गमः (पुं०) चण्डाल वा डोम ।
जनता (स्त्री) जनों का समूह ।
जननम् (नपुं०) जन्म, वंश ।
जननिः (स्त्री) माता ।
जननी (स्त्री) तथा ।
जनपदः (पुं०) देश ।
जनयित्री (स्त्री) माता ।
जनश्रुतिः (स्त्री) लोकप्रवाद वा लोगों की सच्ची वा झूठी उड़ाई हुई बात ।
जनार्द्दनः (पुं०) विष्णु ।
जनाश्रयः (पुं०) जनों के रहने का स्थान वा मण्डप ।
जनिः (स्त्री) जन्म ।
जनि (स्त्री) (निः—नी) पुत्रादिकों की स्त्री वा पतोह, स्वयंवर में की कन्या जो जयमाल हाथ में लिये घूमती है, चक्रवत ओषधी ।
जनित्री (स्त्री) माता । [जनयित्री]
जनुष् (नपुं०) (नुः) जन्म ।
जन्तुः (पुं०) प्राणी ।
जन्तुफलः (पुं०) गुल्लर वृक्ष ।
जन्मन् (नपुं०) (न्म) जन्म ।
जन्मिन् (पुं०) (न्मी) प्राणी ।
जन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) जो पैदा होता है, निन्दित वचन, (पुं०) बर के अर्थात् दमाद के पक्ष वाले वा बर के मित्र इत्यादि, (नपुं०) बजार, युद्ध ।
जन्युः (पुं०) प्राणी ।
जपः (पुं०) जप करना, वेदाभ्यास ।
जपापुष्पम् (नपुं०) उड़हुल का फूल।
जम्पती, इकारान्त, द्विवचन, (पुं०) स्त्री पुरुष वा पत्नी और पति का जोड़ा ।
जम्बालः (पुं०) कीचड़ वा चहला ।
जम्बिरः (पुं०) जंभीरी नीबू । [जम्बीरः]
जम्बीरः (पुं०) तथा, मरुवा लता ।
जम्बुकः (पुं०) सियार जन्तु, वरुण देवता ।
जम्बू (स्त्री । नपुं०) (म्बूः । म्बु) जामुन का फल, (स्त्री) जामुन का वृक्ष ।

जम्भः (पुं०) जंभीरी नीबू ।
जम्भभेदिन् (पुं०) (दी) इन्द्र ।
जम्भरः (पुं०) जंभीरी नीबू ।
जम्भलः (पुं०) तथा ।
जम्भीरः (पुं०) तथा, मरुवा लता ।
जयः (पुं०) जीत, जयपर्ण वा अ-
रणी वा अगेथू वृक्ष ।
जयनम् (नपुं०) जीतना वा जीत ।
जयन्तः (पुं०) इन्द्र का पुत्र ।
जयन्ती (स्त्री) इन्द्र की पुत्री,
अरणी वा जाही जिस को
"टेकार" कहते हैं ।
जया (स्त्री) अरणी वा जाही वृक्ष
जिस को 'टेकार' कहते हैं ।
जय्य (त्रि०) (य्यः । य्या । य्यम्)
जो जीतने के शक्य है ।
जरठ (त्रि०) (ठः । ठा । ठम्)
कठोर, बुड्ढा = ड्ढी ।
जरण (त्रि०) (णः । णा । णम्)
वृद्ध वा बुड्ढा = ड्ढी, जीरा ।
जरत् (त्रि०) (न् । ती । त्) बु-
ड्ढा = ड्ढी ।
जरद्गवः (पुं०) बुड्ढा बैल ।
जरा (स्त्री) बुढ़ाई ।
जरायुः (पुं०) माता के पेट में
गर्भ जिसमें लपेटा हुवा र-
हता है वह चमड़ा ।
जरायुजाः, अकारान्त, बहुवचन,
(पुं०) जरायु से उत्पन्न अर्थात्
मनुष्य गऊ इत्यादि ।
जलम् (नपुं०) पानी ।
जलङ्गमः (पुं०) चण्डाल वा डोम,
[जनङ्गमः]
जलजन्तुः (पुं०) जल का जन्तु
मगर इत्यादि ।
जलजन्तुका (स्त्री) जोंक एक
जलजन्तु ।
जलधरः (पुं०) मेघ ।
जलनिधिः (पुं०) समुद्र ।
जलनिर्गमः (पुं०) जल निकलने
का छिद्र ।
जलनीली (स्त्री) सेवार ।
जलपुष्पम् (नपुं०) कोईं कमल
इत्यादि फूल जो कि जल में
होते हैं ।
जलप्रायम् (नपुं०) जलाधिक देश
वा जल का कछारा ।
जलमुच् (पुं०) (क्—ग्) मेघ ।
जलशायिन् (पुं०) (यी) विष्णु ।
जलशुक्तिः (स्त्री) घोंघा वा छोटी
सीप ।
जलाधारः (पुं०) पानी का आ-
धार अर्थात् तलाव बावली इ-
त्यादि ।
जलाशय (पुं० । नपुं०) (यः ।
यम्) (पुं०) तथा, (नपुं०)

खस एक सुगन्धद्रव्य ।
जलूका (स्त्री) जोंक ।
जलोका (स्त्री) तथा ।
जलोच्छ्वासः (पुं०) बढ़े जल के निकलने का मार्ग वा बहुत जल का चारो ओर से बहना।
जलोरगी (स्त्री) जोंक ।
जलौकसी (स्त्री) तथा ।
जलौकस्, बहुवचन, (पुं० । स्त्री) (सः । सः) (पुं०) जलजन्तु, (स्त्री) जोंक ।
जलौका (स्त्री) जोंक ।
जल्पाक (त्रि०) (कः । का । कम्) बहुत अवाच्य बोलनेवाला = ली
जल्पित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहागया = ई, (नपुं०) बोलना।
जवः (पुं०) वेग वा वेग के सहित गमन, वेगवान् ।
जवन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) वेगवान्, वेगयुक्त घोड़ा, (नपुं०) वेग ।
जवनिका (स्त्री) कनात वा कपड़े का परदा ।
जह्नुतनया (स्त्री) गङ्गा नदी ।
जागरः (पुं०) कवच (जिस को योद्धा लोग पहिनते हैं) ।
जागरा (स्त्री) जागरण वा जागना । [जागरः—(पुं०)]
जागरितृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) जागनेवाला = ली ।
जागरूक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
जागर्त्तिः (स्त्री) जागरण वा जागना ।
जागर्या (स्त्री) तथा ।
जाग्रिया (स्त्री) तथा ।
जाङ्गुलिकः (पुं०) विषवैद्य वा गारुड़िक ।
जाङ्गुली (स्त्री) विषविद्या ।
जाङ्घिकः (पुं०) जङ्घा के बल से जो जीता है ।
जात (त्रि०) (तः । ता । तम्) पैदा हुवा = ई, (नपुं०) पैदा होना, समूह, मनुष्यत्वादि जाति ।
जातरूपम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
जातवेदस् (पुं०) (दाः) अग्नि ।
जातापत्या (स्त्री) " प्रजाता " में देखो ।
जातिः (स्त्री) मनुष्यत्वादि जाति, जन्म, चमेली पुष्पवृक्ष, जायफल । [जाती]
जातीकोशम् (नपुं०) जायफल ।
जातीफलम् (नपुं०) तथा ।
जातु (अव्यय) कदाचित् ।
जातुष (त्रि०) (षः । षी । षम्)

लाह से बना=नी ।
जातोक्षः (पुं०) जवान बैल ।
जानु (नपुं०) पैर का घुटना ।
जाबालः (पुं०) भेंड़िहारा वा गड़ेरिया ।
जामातृ (पुं०) (ता) दामाद ।
जामिः (स्त्री) बहिन [जामी], कुलस्त्री [जामी] ।
जाम्बवम् (नपुं०) जामुन का फल ।
जाम्बूनदम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना ।
जायकम् (नपुं०) पीला चन्दन ।
जाया (स्त्री) पत्नी ।
जायाजीवः (पुं०) नट (जोकि प्रायः स्त्री को नचाते फिरते हैं) ।
जायापती, द्विवचन, (पुं०) स्त्री पुरुष वा पत्नी और पुरुष का जोड़ा ।
जायुः (पुं०) औषध ।
जारः (पुं०) स्त्री का उपपति वा यार ।
जालम् (नपुं०) मत्स्यादि पकड़ने का जाल, समूह, झरोखा, न फूली हुई कली ।
जालकम् (नपुं०) नई कलियों वा कलियों का समूह ।
जालिकः (पुं०) "वागुरिक" में देखो, जालवाला, मल्लाह ।
जालिन् (त्रि०) (ली । लिनी । लि) जालवाला=ली ।
जाली (स्त्री) चिचिड़ा तरकारी ।
जाल्म (त्रि०) (ल्मः । ल्मा । ल्मम्) नीच वा अधम, "असमीक्ष्यकारिन्" में देखो ।
जिघत्सु (त्रि०) (त्सुः । त्सुः । त्सु) भोजन चाहने वाला=ली वा भूखा=खी ।
जिङ्गी (स्त्री) मजीठ (एक प्रकार की रंगने की लकड़ी) ।
जित्वर (त्रि०) (रः । री । रम्) जीतने वाला=ली ।
जिनः (पुं०) बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवाँ अवतार ।
जिवाजिवः (पुं०) "जीवञ्जीव" में देखो ।
जिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जीतने वाला=ली, (पुं०) इन्द्र ।
जिह्म (त्रि०) (ह्मः । ह्मा । ह्मम्) कुटिल, अलस वा आलसी, वक्र वा टेढ़ा=ढ़ी ।
जिह्मगः (पुं०) सर्प ।
जिह्वा (स्त्री) जीभ ।
जीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) बुड्ढा=ड्ढी ।
जीमूतः (पुं०) मेघ, पर्वत, बन्दाल औषधी ।

जीरकः (पुं०) जीरा ।
जीर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) पुराना = नी वा बुड्ढा = ड्ढी ।
जीर्णवस्त्रम् (नपुं०) पुराना कपड़ा ।
जीर्णिः (स्त्री) जीर्णता वा जीर्ण होना वा पुराना होना ।
जीव· (पुं०) प्राण, बृहस्पति, प्राण का धारण करना ।
जीवकः (पुं०) बिजयसार ओषधी एक लकड़ी, ओषधियों के अष्टवर्ग में की एक ओषधी ।
जीवजीवः (पुं०) एक प्रकार का पक्षी (जिसका पङ्ख ठीक मोर के पङ्ख के तुल्य होता है और जिस के देखने से विष का नाश होता है) ।
जीवञ्जीवः (पुं०) तथा ।
जीवनम् (नपुं०) जीना, जीविका, पानी ।
जीवनी (स्त्री) एक वृक्ष ।
जीवनीया (स्त्री) तथा ।
जीवन्तिकः (पुं०) बन्देलिया ।
जीवन्तिका (स्त्री) षष्ठी देवी, अकासबंवर, गुरुच ।
जीवन्ती (स्त्री) षष्ठी देवी (लड़के वा लड़की के जन्म के पाँचवें वा दसवें रोज जिस की पूजा होती है), एक वृक्ष ।

जीवा (स्त्री) एक वृक्ष । [जीवनी]
जीवातु (पुं० । नपुं०) (तुः । तु) जीवन का औषध ।
जीवान्तकः (पुं०) बन्देलिया । [जीवन्तिकः]
जीविका (स्त्री) जीविका वा जीने का उपाय ।
जुगुप्सा (स्त्री) निन्दा ।
जुङ्गः (पुं०) वृद्धदारक ओषधी ।
जुहूः (स्त्री) एक प्रकार का स्रुवा (जिस से यज्ञ में होम किया जाता है) ।
जूतिः (स्त्री) वेग ।
जूर्तिः (स्त्री) ज्वर रोग ।
जृम्भ (त्रि०) (म्भः । म्भा । म्भम्) मुखादि का विकास अर्थात् जंभाई ।
जृम्भणम् (नपुं०) तथा ।
जेतृ (पुं०) (ता) जीतनेवाला, जिसका जीतने का स्वभाव है ।
जेमनम् (नपुं०) भोजन ।
जेय (त्रि०) (यः । या । यम्) जीतने के योग्य ।
जैत्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) जयवाला = ली ।
जैमिनीय (पुं०) मीमांसा शास्त्र का जाननेवाला ।
जैवातृकः (पुं०) चन्द्रमा, बड़े

आयुर्बल वाला, कुश घास ।
जोङ्गकम् (नपुं०) अगर चन्दन ।
जोषम् (अव्यय) चुप रहना, सुख ।
जोषा (स्त्री) स्त्री ।
जोषित् (स्त्री) तथा । [जोषिता]
ज्ञः (पुं०) पण्डित ।
ज्ञपित (त्रि०) (तः । ता । तम्)
जनायागया = ई ।
ज्ञप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्)
तथा ।
ज्ञप्तिः (स्त्री) बुद्धि ।
ज्ञातिः (स्त्री) समान गोत्रवाला,
बिरादरी ।
ज्ञातृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ)
जानने वाला = ली ।
ज्ञातेयम् (नपुं०) ज्ञाति का धर्म ।
ज्ञानम् (नपुं०) ज्ञान वा जानना ।
ज्ञानिन् (त्रि०) (नी । निनी । नि)
ज्ञानवाला = ली, (पुं०) ज्यो-
तिषी ।
ज्या (स्त्री) धनुष् की डोरी वा
प्रत्यञ्चा वा पनच, भूमि ।
ज्यानिः (स्त्री) जीर्ण होना वा
पुराना होना वा जीर्णता ।
ज्यायस् (त्रि०) (यान् । यसी ।
यः) बहुत बुड्ढा = ड्ढी, अ-
त्यन्त प्रशंसा के योग्य ।
ज्येष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्)
विद्या इत्यादि से बड़ा = ड़ी,
अत्यन्त वृद्ध, जेठा = ठी, (पुं०)
जेठ महीना, (स्त्री) पति की
अत्यन्त प्यारी स्त्री ।
ज्योतिरिङ्गणः (पुं०) जुगनू कीड़ा ।
ज्योतिषिकः (पुं०) ज्योतिष् विद्या
का जानने वाला ।
ज्योतिष् (नपुं०) (तिः) ज्योतिष्
विद्या, तारा, प्रकाश, दृष्टि ।
ज्योतिष्मत् (त्रि०) (ष्मान् । ष्मती ।
ष्मत्) प्रकाशवाला = ली, (स्त्री)
मालकंगुनी ओषधी ।
ज्योत्स्ना (स्त्री) अंजोरिया अर्थात्
चन्द्र का प्रकाश, चिचिड़ा तर-
कारी ।
ज्योत्स्नी (स्त्री) चिचिड़ा तर-
कारी ।
ज्वरः (पुं०) ज्वर रोग ।
ज्वलनः (पुं०) अग्नि ।
ज्वाल (पुं० । स्त्री) (लः । ला)
अग्नि की ज्वाला ।

—***—

(झ)

झः (पुं०) शब्द, नष्ट, वायु, भू-

षया, सवाँग का घर ।
झञ्झावातः (पुं०) वृष्टि के सहित बड़ा वायु ।
झटा (स्त्री) भुंइआंवरा ।
झटामला (स्त्री) तथा ।
झटिति (अव्यय) जल्दी वा शीघ्र ।
झरः (पुं०) झरने से निकला हुआ जल का प्रवाह ।
झर्झरः (पुं०) एक प्रकार का बाजा वा झाँझ ।
झल्लरी (स्त्री) हुड़क एक प्रकार का बाजा, लड़कोंके खेलने की चकई
झषः (पुं०) मछली ।
झषा (स्त्री) ककही वृक्ष ।
झाटः (पुं०) वृक्ष के जड़ में सब के नीचे का झोथरा ।
झाटलः (पुं०) एक प्रकार की लोध
झाटलिः (पुं० । स्त्री) (लिः । लिः) एक वृक्ष (जो कि पलाशवृक्ष के सदृश होता है) ।
झावुकः (पुं०) झाऊ वृक्ष ।
झिण्टी (स्त्री) कठसरैया पुष्पवृक्ष ।
झिरुका (स्त्री) "चीरी" में देखो । [झिरिका] [झिरीका]
झिल्लिका (स्त्री) तथा । [झिल्लीका] [झिल्लका]
झीरुका (स्त्री) तथा । [झीरिका]

—***—

(ञ)

ञः (पुं०) गानेवाला, गाना, झाँझ का शब्द ।

—***—

(ट)

टः (पुं०) पृथ्वी, करवा (एक मट्टी का बरतन), ध्वनि ।
टङ्कः (पुं०) टाँकी (जिस से पत्थर तोड़ा जाता है), अहङ्कार ।
टिटिभकः (पुं०) टिटिहरी पक्षी ।
टिट्टिभः (पुं०) तथा ।
टिट्टिभकः (पुं०) तथा । [टिट्टीभकः]
टिठिभकः (पुं०) तथा ।
टीका (स्त्री) कठिन पदों की व्याख्या ।
टुण्टुकः (पुं०) सोनापाढ़ा ।

—***—

(ठ)

ठः (पुं०) जनसमूह, ध्वनि, धूर्त,

शिव, शून्य, बड़ा शब्द, चन्द्र का मण्डल ।

—***—

(ड)

डः (पुं०) शिव, त्रास वा भय, बड़ा शब्द ।
डमरः (पुं०) डाँका, लूट, प्रलय ।
डमरुः (पुं०) डमरू बाजा ।
डयनम् (नपुं०) उड़ना, "प्रवह्ण" में देखो ।
डहुः (पुं०) बड़हर वृक्ष वा फल । [डहूः]
डालिमः (पुं०) अनार ।
डिण्डिमः (पुं०) डमरू बाजा ।
डिण्डीरः (पुं०) समुद्रफेन ।
डिम्बः (पुं०) डाँका, लूट, प्रलय ।
डिम्भः (पुं०) बालक, सूर्य्य ।
डिम्भा (स्त्री) बहुत छोटी लड़की ।
डुण्डुभः (पुं०) डेड़हा सर्प, दुद्-मुहाँ सर्प ।
डुलिः (स्त्री) कछुई ।

—***—

(ढ)

ढः (पुं०) ढक्का वा विजय का नगाड़ा, निर्गुण, निर्धन ।
ढक्का (स्त्री) ढक्का वा विजय का नगाड़ा ।

—***—

(ण)

णः (पुं०) सूअर, ज्ञान, निश्चय, निर्णय ।

—***—

(त)

तः (पुं०) चोर, सूअर की पोंछ ।
तक्रम् (नपुं०) चतुर्थांश जल देकर मथे हुये दही का मण्ठा ।
तक्षकः (पुं०) एक प्रकार का सर्प, बढ़ई ।
तक्षन् (पुं०) (क्षा) बढ़ई ।
तट (त्रि०) (टः । टी । टम्) नदी इत्यादि का तीर ।

तटिनी (स्त्री) नदी ।
तडाग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) तलाव ।
तडित् (स्त्री) बिजुली ।
तडित्वत् (पुं०) (त्वान्) मेघ ।
तण्डुलः (पुं०) चावल, बाभीरङ्ग ओषधी ।
तण्डुलीयः (पुं०) चौराई साग ।
तत (त्रि०) (तः । ता । तम्) विस्तारयुक्त वा विस्तृत, (नपुं०) वीणा इत्यादि बाजा जो तार से बनता है ।
ततस् (अव्यय) (तः) उस कारण से।
तत् (अव्यय) तथा ।
तत्कालः (पुं०) वर्तमान काल ।
तत्पर (त्रि०) (रः । रा । रम्) तत्पर वा कोई काम में एकाग्र चित्तवाला = ली ।
तत्वम् (नपुं०) ठीक वा सत्य, विलम्बित (ठाह) नृत्य वाद्य और गीत, साङ्ख्यशास्त्रोक्त प्रकृति इत्यादि २५ तत्व ।
तथा (अव्यय) उस प्रकार से ।
तथागतः (पुं०) बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवाँ अवतार ।
तथ्य (त्रि०) (थ्यः । थ्या । थ्यम्) सच्चा (वचन इत्यादि), (नपुं०) सच (क्रियाविशेषण) ।
तदा (अव्यय) उस समय में ।
तदात्वम् (नपुं०) वर्तमान काल ।
तदानीम् (अव्यय) उस समय में ।
तनयः (पुं०) बेटा ।
तनया (स्त्री) बेटी ।
तनु (त्रि०) (नुः । नुः । नु) विरल वा बीड़र, सूक्ष्म वा पतला = ली [इस अर्थ में स्त्री लिङ्ग में "तन्वी"—ऐसा भी रूप होता है], (स्त्री) त्वच की छाल, देह ।
तनुत्रम् (नपुं०) योद्धों के पहि-नने का कवच ।
तनूः (स्त्री) देह ।
तनूकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) छील के पतली की गई वस्तु ।
तनूनपात् (पुं०) अग्नि ।
तनूरुहम् (नपुं०) रोआँ, पङ्ख ।
तन्तुः (पुं०) सूत ।
तन्तुभः (पुं०) सरसों दाना । [तुन्तुभः]
तन्तुलः (पुं०) बाभीरङ्ग ओषधी ।
तन्तुवायः (पुं०) जोलहा, मकड़ी।
तन्त्रम् (नपुं०) कुटुम्ब का कार्य्य, सिद्धान्त, उत्तम ओषध, प्रधान वा मुख्य, जोलहा, एक प्रकार का शास्त्र, सामग्री, एक प्रका-र की वेद की शाखा, ऐसा

हेतु जो दो पदार्थों को सिद्ध करता है।
तन्त्रकम् (नपुं०) कोरा वस्त्र ।
तन्त्रवापः (पुं०) जोलहा ।
तन्त्रवायः (पुं०) तथा, मकड़ी जन्तु
तन्त्रिका (स्त्री) गुरुच ओषधी ।
तन्त्री (स्त्री) वीणा का तार (कहीं यह शब्द वीणा का भी वाचक है) ।
तन्द्रवायः (पुं०) जोलहा ।
तन्द्रा (स्त्री) आलस्य वा अत्यन्त श्रम से इन्द्रियों का असामर्थ्य ।
तन्द्रिः (स्त्री) तथा । [तन्द्री]
तन्द्री (स्त्री) निद्रा, आलस्य ।
तपः (पुं०) बड़ी गरमी का ऋतु अर्थात् जेठ असाढ़ का महीना।
तपनः (पुं०) सूर्य्य, एक नरक ।
तपनीयम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
तपस् (नपुं०) (पः) चान्द्रायण इत्यादि व्रत, तपस्या, तपोलोक, धर्म
तपस् (पुं०) (पाः) माघ महीना ।
तपस्यः (पुं०) फागुन महीना ।
तपस्विन् (पुं०) (स्त्री) तपस्या करने वाला ।
तपस्विनी (स्त्री) तपस्या करने वाली स्त्री, जटामासी एक सुगन्धयुक्त ओषधी ।
तमः (पुं०) राहु ।
तमस् (नपुं०) (मः) अन्धकार, राहु ग्रह, तमोगुण, अज्ञान, क्रोध।
तमस्विनी (स्त्री) अंधियारी रात, रात, तमोगुणयुक्त स्त्री ।
तमालः (पुं०) एक प्रकार का वृक्ष।
तमालपत्रम् (नपुं०) मकरिकापत्र।
तमिस्रम् (नपुं०) अन्धकार ।
तमिस्रहन् (पुं०) (हा) सूर्य्य ।
तमिस्रा (स्त्री) अंधियारी रात।
तमी (स्त्री) अंधियारी रात, रात।
तमोनुद् (पुं०) (त्—द्) चन्द्र, सूर्य्य, अग्नि ।
तमोपहः (पुं०) तथा ।
तरक्षः (पुं०) तेंदुवा नाम मृग का खाने वाला एक जङ्गली जन्तु, हुंड़ार ।
तरक्षुः (पुं०) तथा ।
तरङ्गः (पुं०) जल का तरङ्ग वा लहर ।
तरङ्गिणी (स्त्री) नदी ।
तरणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णिः) (पुं०) सूर्य, (स्त्री) घिकुआर ओषधी, नौका ।
तरिणी (स्त्री) नाव ।
तरपण्यम् (नपुं०) पार उतराई का द्रव्य जो मल्लाह लेता है।
तरल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल, (पुं०) हार के मध्य

का दाना जिस को "समेर" भी कहते हैं, (स्त्री) चञ्चल स्त्री, लपसी ।
तरसम् (नपुं०) माँस ।
तरस् (नपुं०) (रः) वेग वा वेग के सहित गमन, सामर्थ्य ।
तरस्विन् (पुं०) (स्त्री) वेगवाला, शूर ।
तरिः (स्त्री) नौका । [तरी]
तरुः (पुं०) पेड़ वा वृक्ष ।
तरुणः (पुं०) जवान पुरुष ।
तरुण (त्रि०) (णः । णी । णम्) नया वा टटका पदार्थ ।
तरुणी (स्त्री) जवान स्त्री । [तलुनी]
तर्कः (पुं०) तर्क वा विचार ।
तर्कडी (स्त्री) एक प्रकार का कण्ड वृक्ष ।
तर्कविद्या (स्त्री) न्यायशास्त्र ।
तर्कारी (स्त्री) अरणी वा जाही वा टेकार वृक्ष ।
तर्जनी (स्त्री) हाथ के अंगूठे की पास वाली अंगुली ।
तर्णकः (पुं०) नया वा जवान बैल।
तर्दूः (पुं०) "दारुहस्तक" में देखो।
तर्पणम् (नपुं०) पितृयज्ञ, तृप्ति, तृप्त करना ।
तर्म्मन् (नपुं०) (र्म्म) यज्ञ के खम्भे का अग्रभाग ।
तर्षः (पुं०) पियास, तृष्णा वा लालसा ।
तल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) किसी वस्तु के नीचे का भाग, स्वरूप, (नपुं०) प्रत्यञ्चा के घात के बचाने के लिये गोह के चमड़े से बना हुवा एक प्रकार का बाहुबन्धन ।
तलिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) बीड़र, थोड़ा वा स्वल्प, स्वच्छ वा निर्मल ।
तल्पम् (नपुं०) खटिया, अटारी, पत्नी ।
तल्लजः (पुं०) प्रशस्त वा अच्छा वा प्रशंसा के योग्य ।
तष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) छील कर पतला किया गया =ई (कोई पदार्थ) ।
तस्करः (पुं०) चोर ।
ताण्डव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) उद्धतनृत्य ।
तातः (पुं०) पिता, गुरु वा बड़ा (पिता बड़ा भाई इत्यादि "तात!" ऐसा कह कर पुकारे जाते हैं) छोटा भाई ।
तात्त्विक (त्रि०) (कः । की । कम्) ठीक तात्पर्य को जानने वाला =ली, (पुं०) तन्त्र शास्त्र

को जानने वाला, जोलहा ।
तापसः (पुं०) तपस्वी वा तपस्या करने वाला ।
तापसतरुः (पुं०) इंगुआ वा जीयापूता वृक्ष ।
तापिच्छः (पुं०) तमाल वृक्ष ।
तापिञ्जः (पुं०) तथा ।
तामरसम् (नपुं०) लाल कमल ।
तामलकी (स्त्री) भुइंअंवरा ।
तामसी (स्त्री) अंधियारी रात ।
तामिस्रः (पुं०) एक नरक ।
ताम्बूलम् (नपुं०) बीड़ा ।
ताम्बूलवल्ली (स्त्री) पान (जिस का बीड़ा लगता है) ।
ताम्बूली (स्त्री) तथा ।
ताम्रम् (नपुं०) ताँबा धातु ।
ताम्रकम् (नपुं०) तथा ।
ताम्रकर्णी (स्त्री) अञ्जन दिग्गज की स्त्री ।
ताम्रकुट्टकः (पुं०) ताँबा का काम बनाने वाला ।
ताम्रचूडः (पुं०) मुरगा पक्षी ।
तार (त्रि०) (रः । रा । रम्) ऊंचा शब्द, (स्त्री । नपुं०) नक्षत्र, आँख की पुतली, (पुं०) मोती, सफाई, गोल मोती, गोल और निर्मल मोती से बना हार, जल के पार उतरना, एक वानर का नाम (स्त्री) बौद्धों की एक देवता, बाली की स्त्री, बृहस्पति की स्त्री, (नपुं०) चाँदी धातु ।
तारकजित् (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
तारका (स्त्री) नक्षत्र वा तरई, आँख की पुतली ।
तारापथः (पुं०) आकाश ।
तारुण्यम् (नपुं०) जवानी ।
तार्क्ष्यः (पुं०) गरुड़ पक्षी, घोड़ा ।
तार्क्ष्यशैलम् (नपुं०) एक प्रकार का नेत्र का अञ्जन ।
ताल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) गीत के काल का माप अर्थात् गाने में जो ताल दिया जाता है वह, ताल (जो बजाया जाता है), ताड़ वृक्ष, मध्यमा अंगुली से ले कर अंगूठे तक का विस्तार, (नपुं०) हरताल धातु ।
तालपत्रम् (नपुं०) ताड़ का पत्ता, ताड़ का पङ्खा, कान की तरकी।
तालपर्णी (स्त्री) मुरा नाम एक सुगन्धद्रव्य ।
तालमूलिका (स्त्री) मुसरी ओषधी।
तालवृन्तकम् (नपुं०) ताड़ का पङ्खा। [तालवृन्तम्]
तालाङ्कः (पुं०) बलदेव (कृष्ण

के भाई)।
ताली (स्त्री) थपोड़ी अर्थात् हाथों का शब्द, एक प्रकार का ताड़ वृक्ष, भुंइ अंवरा ।
तालु (नपुं०) तालू अर्थात् मुख के भीतर का एक देश ।
तावत् (अव्यय) सम्पूर्णता, अवधि, मान वा माप, अवधारण वा निश्चय ।
तावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) ओतना = नी ।
तिक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) तीती वस्तु, (पुं०) तीता रस ।
तिक्तकः (पुं०) परवर तरकारी ।
तिक्तशाकः (पुं०) वरुण वृक्ष ।
तिग्म (त्रि०) (ग्मः । ग्मा । ग्मम्) अत्यन्त गरम वस्तु, (नपुं०) अत्यन्त गरम (क्रियाविशेषण और गुणवाची)।
तितउः (पुं०) चलनी (जिस से आँटा चाला जाता है)।
तितिक्षा (स्त्री) क्षमा वा सहना ।
तितिक्षु (त्रि०) (क्षुः । क्षुः । क्षु) क्षमावाला = ली ।
तित्तिरः (पुं०) तितिल पक्षी ।
तित्तिरिः (पुं०) तथा ।
तिथि (पुं० । स्त्री) (थिः । थिः) तिथि वा तारीख़ ।
तिनिशः (पुं०) वञ्जुल एक प्रकार का वृक्ष ।
तिन्तिडी (स्त्री) इमिली वृक्ष । [तिन्तिली]
तिन्तिडीकम् (नपुं०) चुक्र वा अमसुल । [तिन्तिडिकम्]
तिन्दुकः (पुं०) तेंदू वृक्ष ।
तिन्दुकी (स्त्री) तथा ।
तिमिः (पुं०) एक प्रकार का मत्स्य ।
तिमिङ्गिलः (पुं०) एक प्रकार का मत्स्य ।
तिमिङ्गिलगिलः (पुं०) एक प्रकार का मत्स्य ।
तिमित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ओदा = दी ।
तिमिरम् (नपुं०) अन्धकार ।
तिरस् (अव्यय) (रः) टेंढ़ा वा बेंड़ा, गुप्त होना, टेंढ़ा होना वा बेंड़ा होना ।
तिरस्करिणी (स्त्री) कनात वा परदा ।
तिरस्कारिणी (स्त्री) तथा ।
तिरस्क्रिया (स्त्री) अनादर ।
तिरीटः (पुं०) लोध ओषधी ।
तिरीटम् (नपुं०) पगड़ी, किरीट (शिरोभूषण)।
तिरोधानम् (नपुं०) गुप्त होना ।
तिरोहित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

गुप्त हो गया = ई ।
तिर्यञ्च् (त्रि०) (तिर्य्यङ् । तिरश्ची । तिर्यक्—ग्) टेढ़ा चलने वाला =ली, (पुं०) पक्षी ।
तिलक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) माथे का तिलक, (पुं०) एक प्रकार का वृक्ष, शरीर में का काला तिल, (नपुं०) काला नोन, पेट में जल रहने का स्थान ।
तिलकालकः (पुं०) शरीर में का काला तिल ।
तिलपर्णी (स्त्री) रक्त चन्दन ।
तिलपिञ्जः (पुं०) बाँझ तिल ।
तिलपेजः (पुं०) तथा ।
तिलित्सः (पुं०) एक प्रकार का सर्प, गोह ।
तिलोत्तमा (स्त्री) स्वर्ग की एक वेश्या ।
तिल्यम् (नपुं०) तिल का खेत ।
तिल्वः (पुं०) लोध ।
तिष्यः (पुं०) पुष्य नक्षत्र, कलियुग
तिष्यफला (स्त्री) अंवरा ।
तीक्ष्ण (त्रि०) (क्ष्णः । क्ष्णा । क्ष्णम्) अत्यन्त गरम वस्तु, अत्यन्त तीखी वस्तु, (नपुं०) अत्यन्त गरम, अत्यन्त तीखो (ये दोनों अर्थ क्रियाविशेषण और वस्तुधर्म्म अर्थ में होते हैं), (नपुं०) विष, युद्ध, लोहा ।
तीक्ष्णगन्धकः (पुं०) सहिंजन वृक्ष।
तीरम् (नपुं०) नदी इत्यादि का तीर ।
तीर्थम् (नपुं०) निपान अर्थात् कूप के पास का हौद वा जलाशय, शास्त्र, ऋषिसेवित जल, गुरु ।
तीव्र (त्रि०) (व्रः । व्रा । व्रम्) आधिक्ययुक्त, तीखा वा तेज, (नपुं०) अतिशय ।
तीव्रवेदना (स्त्री) कठोर दुःख ।
तु (अव्यय) किन्तु, फेर, पादपूरण में, निश्चयपूर्वक ज्ञान (एव), भेद ।
तुङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गा । ङ्गम्) ऊंचा = ची, (पुं०) नागकेसर वृक्ष ।
तुङ्गी (स्त्री) वर्वरा वृक्ष ।
तुच्छ (त्रि०) (च्छः । च्छा । च्छम्) अधम वा नीच, शून्य वा सूनसान, निरर्थक ।
तुण्डम् (नपुं०) मुख ।
तुण्डिकेरी (स्त्री) कुन्दरू तरकारी [तुण्डिकेशी], कपास वा रुई ।
तुण्डिन् (पुं०) (ण्डी) बड़े पेट वाला वा तोंदवाल ।
तुण्डिभ (त्रि०) (भः । भा । भम्)

बड़े पेटवाला = ली, 'वृद्धनाभि' में देखो। [तुन्दिभ]
तुण्डिल (त्रि०) (लः। ला। लम्) बड़े पेट वाला = ली।
तुत्थम् (नपुं०) तुतिया औषधी।
तुत्था (स्त्री) नील, छोटी लाइची।
तुत्थाञ्जनम् (नपुं०) तुतिया।
तुन्दम् (नपुं०) तोंद।
तुन्दपरिमृजः (पुं०) आलसी।
तुन्दिक (त्रि०) (कः। का। कम्) बड़े पेट वाला = ली।
तुन्दित (त्रि०) (तः। ता। तम्) तथा
तुन्दिन् (त्रि०) (न्दी। न्दिनी। न्दि) तथा।
तुन्दिभ (त्रि०) (भः। भा। भम्) तथा।
तुन्दिल (त्रि०) (लः। ला। लम्) तथा, "वृद्धनाभि" में देखो।
तुन्नः (पुं०) तूणी वा तुन्न वृक्ष।
तुन्नवायः (पुं०) रफू करने वाला।
तुभः (पुं०) बकरा पशु।
तुमुलम् (नपुं०) सङ्ग्राम का परस्पर धक्का, घोर, भयङ्कर।
तुम्बिः (स्त्री) तुम्बा। [तुम्बी] [तुम्बा]
तुम्बुरुः (पुं०) एक देवर्षि का नाम, एक देवगायक का नाम।
तुरगः (पुं०) घोड़ा।
तुरङ्गः (पुं०) तथा।
तुरङ्गमः (पुं०) तथा।
तुरङ्गवदनः (पुं०) एक देवजाति जिस को "किन्नर" कहते हैं।
तुरायण (त्रि०) (णः। णा। णम्) कोई विषय में आसक्त वा अत्यन्त तत्पर वा सन्नद्ध, (नपुं०) कोई विषय में आसक्ति वा तत्परता वा अत्यन्त लगना।
तुरासाह् (पुं०) (षाट्—षाड्) इन्द्र
तुरुष्कः (पुं०) तुरुक (एक मुसलमान की जाति), लोहबान।
तुला (स्त्री) तौलने की तराजू, तौल, १०० पल वा ४०० तोला, एक राशि।
तुलाकोटिः (स्त्री) स्त्रियों के पैर का एक गहना (पायजेब पैजनी इत्यादि जो शब्द करता है)। [तुलाकोटी]
तुल्य (त्रि०) (ल्यः। ल्या। ल्यम्) तुल्य वा सदृश।
तुवर (त्रि०) (रः। रा। रम्) कसैला रस वाला = ली, (पुं०) कसैला रस।
तुवरिका (स्त्री) रहर। [तूवरिका]
तुषः (पुं०) बहेड़ा, जव इत्यादि धान्य की भूसी।
तुषारः (पुं०) पाला वा बरफ।

तुषिताः, बहुवचनान्त, (पुं०) गणदेवता जो कि गिनती में ३६ हैं ।
तुहिनम् (नपुं०) पाला वा बरफ़।
तूण (पुं० । स्त्री) (णः । णी) बाण का घर वा तरकस, (स्त्री) नील का वृक्ष ।
तूणीरः (पुं०) तरकस ।
तूदः (पुं०) तूत वृक्ष ।
तूर्णं (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) जल्दीबाज, (नपुं०) जल्दी ।
तूलः (पुं०) रूई, तूत वृक्ष ।
तूलमः (पुं०) तूत वृक्ष ।
तूलिका (स्त्री) तसवीर लिखने की कलम, सलाई ।
तूवरः (पुं०) समय पर जिस को सींग न जमा हो ऐसा बैल, समय पर जिस को मोछ न जमी हो ऐसा पुरुष ।
तूष्णीक (त्रि०) (कः । का । कम्) चुप रहने वाला = ली ।
तूष्णीकम् (अव्यय) चुप वा मौन ।
तूष्णीम् (अव्यय) तथा ।
तूष्णींशील (त्रि०) (लः । ला । लम्) चुप रहने वाला = ली ।
तृणम् (नपुं०) घास ।
तृणद्रुमः (पुं०) ताड़ नरियर खजूर इत्यादि तृणवृक्ष ।
तृणधान्यम् (नपुं०) तिन्नी साँवाँ इत्यादि तृण से उत्पन्न हुआ अन्न
तृणध्वजः (पुं०) बाँस वृक्ष ।
तृणराजः (पुं०) तृणों में राजा अर्थात् ताड़ वृक्ष ।
तृणशून्यम् (नपुं०) बेला । [तृणशूल्यम्]
तृण्या (स्त्री) तृणों का समूह ।
तृतीयाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) तीन बेर जोता हुआ खेत इत्यादि ।
तृतीयाप्रकृतिः (पुं०) नपुंसक वा हिंजड़ा । [तृतीयप्रकृतिः]
तृप्त (प्तः । प्ता । प्तम्) सन्तुष्ट हुवा = ई, हर्षित ।
तृप्तिः (स्त्री) तृप्ति वा सन्तोष ।
तृष् (स्त्री) (ट्—ड्) पिपासा वा पियास ।
तृष्णज् (पुं०) (क्—ग्) लोभी ।
तृष्णा (स्त्री) लालसा, पियास ।
तेजनः (पुं०) छूरी इत्यादि पर सान रखने का पत्थर, बाँस वृक्ष ।
तेजनकः (पुं०) सरहरी एक तृणवृक्ष
तेजनी (स्त्री) मुरहारा वा मुर्रा (यह पनच के अड़े काम आती है) ।
तेजस् (नपुं०) (जः) प्रभाव, प्रकाश, वीर्य ।

तेजित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सान रक्खी हुई छूरी इत्यादि।
तेमः (पुं०) ओदा होना वा भीँगना ।
तेमनम् (नपुं०) कढ़ी (एक भोजनवस्तु) ।
तैजसम् (नपुं०) सोना चाँदी इत्यादि आठ प्रकार के धातु ।
तैजसावर्तिनी (स्त्री) सुवर्ण इत्यादि धातु के गलाने की घरिया।
तैत्तिरम् (नपुं०) तितिल पक्षियों का समूह ।
तैलपर्णिकम् (नपुं०) श्वेत शीतल चन्दन ।
तैलपायिका (स्त्री) चपरा एक जन्तु ।
तैलम्पाता (स्त्री) पितृदान क्रिया।
तैलीनम् (नपुं०) तिलों का खेत ।
तैषः (पुं०) पूस का महीना ।
तोकम् (नपुं०) लड़का वा लड़की।
तोककः (पुं०) पपीहा पक्षी ।
तोक्मः (पुं०) हरा जव अन्न।
तोटकम् (नपुं०) एक छन्द ।
तोत्त्रम् (नपुं०) हाथियों के चलाने के लिये ताडनदण्ड, चाबुक ।
तोदनम् (नपुं०) चाबुक ।
तोमरः (पुं०) गंड़ासा एक हथियार ।
तोयम् (नपुं०) जल ।
तोयपिप्पली (स्त्री) जलपीपर ।
तोरण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) द्वार का बाहरी ऊपर का भाग।
तौर्यत्रिकम् (नपुं०) नाचना गाना और बजाना (तीनों) ।
त्यक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) त्याग किया गया = ई ।
त्यागः (पुं०) छोड़ देना, दान ।
त्रपा (स्त्री) लज्जा ।
त्रपु (नपुं०) राँगा धातु ।
त्रयी (स्त्री) 'ऋक्' 'यजुः' 'साम' इन तीनों वेदों का समूह ।
त्रयीतनुः (पुं०) सूर्य ।
त्रस (त्रि०) (सः । सा । सम्) जिस का चलने फिरने का स्वभाव है ।
त्रसरः (पुं०) जोलहा लोग जिस प्रकार से सूत को लपेटते हैं उस क्रिया का नाम । [तसरः]
त्रस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) डरा हुवा = ई, जिस का डरने का स्वभाव है वह ।
त्रस्नु (त्रि०) (स्नुः । स्नुः । स्नु) तथा ।
त्राण (त्रि०) (णः । णा । णम्) रक्षा किया गया = ई, (नपुं०) रक्षा करना ।

त्रात (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा ।
त्रापुष (त्रि०) (षः । षी । षम्) राँगा से बना हुआ (पात्र इत्यादि)।
त्रायन्ती (स्त्री) 'त्रायमाणा' नाम ओषधी ।
त्रायमाण (त्रि०) (णः । णा । णम्) रक्षा करता = ती, रक्षा किया जाता = ती, 'त्रायमाणा' नाम ओषधी ।
त्रासः (पुं०) भय ।
त्रिकम् (नपुं०) पीठ के बाँसा के नीचे का वह जोड़ जहाँ तीन हाड़ मिले हैं ।
त्रिककुद् (पुं०) (त्—द्) त्रिकूटाचल पर्वत ।
त्रिकटु (नपुं०) सोंठ पीपर मिरिच (यह शब्द मिले हुये इन तीनों का वाचक है)।
त्रिका (स्त्री) गराड़ी ।
त्रिकूटः (पुं०) त्रिकूटाचल पर्वत ।
त्रिखट्व (स्त्री । नपुं०) (ट्वी । ट्वम्) तीन खटियाओं का समूह ।
त्रिगुणाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) तीन बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
त्रितक्ष (स्त्री । नपुं०) (क्षी । क्षम्) तीन बढ़इयों का समूह ।
त्रिदशः (पुं०) देवता ।
त्रिदशालयः (पुं०) स्वर्ग ।
त्रिदिवः (पुं०) तथा ।
त्रिदिवेशः (पुं०) देवता ।
त्रिपथगा (स्त्री) गङ्गा नदी ।
त्रिपुटा (स्त्री) श्वेत "त्रिधारा" ओषधी, लायची ।
त्रिपुटी (स्त्री) श्वेत "त्रिधारा" ओषधी ।
त्रिपुरान्तकः (पुं०) शिव ।
त्रिफला (स्त्री) हर्रा बहेड़ा अंवरा (यह शब्द मिले हुए इन तीनों का वाचक है)। [टफला]
त्रिभण्डी (स्त्री) श्वेत "त्रिधारा" ओषधी ।
त्रियामा (स्त्री) रात्रि ।
त्रिलोचनः (पुं०) शिव ।
त्रिवर्गः (पुं०) अर्थ धर्म और काम इन तीनों का समूह, खेती बजार किला सेतु हस्तिबन्धन खान सेना और कर लेना ये अष्टवर्ग कहलाते हैं—इन का क्षय पालन और वृद्धि (इन को नीति शास्त्र में त्रिवर्ग कहते हैं)
त्रिविक्रमः (पुं०) भगवान् वामन ।
त्रिविष्टपम् (नपुं०) स्वर्ग ।
त्रिवृता (स्त्री) श्वेत "त्रिधारा" ओषधी ।

त्रिवृत् (स्त्री) तथा ।
त्रिसन्ध्यम् (नपुं०) प्रातः मध्याह्न और सायम् इन तीनों सन्ध्याओं का समूह ।
त्रिसीत्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) तीन बेर जोता हुआ = ई (खेत इत्यादि) ।
त्रिस्रोतस् (स्त्री) (ताः) गङ्गा नदी ।
त्रिहल्य (त्रि०) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) तीन बेर जोता हुआ = ई (खेत इत्यादि) ।
त्रिहायणी (स्त्री) तीन बरस की गैया ।
त्रुटिः (स्त्री) आठ परमाणुओं का समूह, छोटी लायची, एक काल का परिमाण, संशय, लेश, हानि वा नुकसान । [त्रुटी]
त्रेता (स्त्री) एक युग का नाम, "अग्निचय" में देखो ।
त्रोटिः (स्त्री) चोंच । [त्रोटी]
त्र्यब्दा (स्त्री) तीन बरस की गैया।
त्र्यम्बकः (पुं०) शिव ।
त्र्यम्बकसखः (पुं०) कुबेर ।
त्र्यूषणम् (नपुं०) सोंठ पीपर मिरिच (यह शब्द मिले हुए इन तीनों का वाचक है) ।
त्व (त्रि०) (त्वः । त्वा । त्वम्) अन्य वा दूसरा = री ।
त्वक्क्षीरी (स्त्री) 'वंशलोचन' ओषधी ।
त्वक्पत्रम् (नपुं०) 'तज' एक सुगन्धद्रव्य ।
त्वक्सारः (पुं०) बाँस ।
त्वचम् (नपुं०) 'तज' एक सुगन्ध द्रव्य ।
त्वचिसारः (पुं०) बाँस वृक्ष ।
त्वच् (स्त्री) (क्—ग्) त्वगिन्द्रिय जिससे स्पर्श जाना जाता है, खाल, वृक्ष की छाल ।
त्वरा (स्त्री) जल्दी ।
त्वरित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जल्दीबाज, (नपुं०) जल्दी ।
त्वष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) छील कर पतला किया गया = ई ।
त्वष्टृ (पुं०) (ष्टा) देवतों का कारीगर अर्थात् विश्वकर्मा, १२ सूर्यों में से एक सूर्य का नाम, बढ़ई।
त्विषाम्पतिः (पुं०) सूर्य्य ।
त्विष् (स्त्री) (ट्—ड्) शोभा, वचन, रुचि वा प्रभा, कान्ति ।
त्सरुः (पुं०) तरवार की मूठ ।

—***—

(थ)

थः (पुं०) पर्वत, नीति की रचा ।

—***—

(द)

दः (पुं०) मेघ, पची, काटना, देना, दाता ।

दच (त्रि०) (चः । चा । चम्) चतुर, (पुं०) दच प्रजापति।

दचिण (त्रि०) (णः । णा । णम् । चतुर, सूधा=धी, दहिना=नी, (स्त्री) दचिणा (जो यज्ञादि क्रियासमाप्ति में ब्राह्मणों को दी जाती है), दचिण दिशा ।

दचिणस्थ (त्रि०) (स्थः । स्था । स्थम्) दहिनी ओर रहनेवाला=ली, (पुं०) सारथी ।

दचिणा (अव्यय) दचिण दिशा वा देश ।

दचिणाग्निः (पुं०) एक प्रकार का यज्ञ का अग्नि ।

दचिणापतिः (पुं०) यमराज ।

दचिणायनम् (नपुं०) सूर्य का दचिण दिशा में गमन ।

दचिणार्ह (त्रि०) (र्हः । र्हा । र्हम्) दचिणा देने के योग्य (ब्राह्मणादि) ।

दचिणीय (त्रि०) (यः । या । यम्) तथा ।

दचिणेर्मन् (पुं०) (र्मा) वह मृग जिस के दहिनी ओर बहेलिया ने घाव किया है ।

दचिण्य (त्रि०) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) दचिणा देने के योग्य (ब्राह्मणादि) । [दाचिण्य]

दग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) जलाया गया=ई ।

दग्धिका (स्त्री) जला भात ।

दण्डः (पुं०) डण्डा वा लाठी, निग्रह वा सजा, एक सूर्य का पार्श्ववर्ती, बेंड़ी खड़ी की हुई सेना, इन्द्रियों का निग्रह वा दमन, एक प्रकार का माप वा नपुवा वा बटखरा वा गज, सेना, बहुत बड़ा, घोड़ा, कोना, मथने का दण्ड, अभिमान ।

दण्डधरः (पुं०) यमराज ।

दण्डनीतिः (स्त्री) दण्डशास्त्र, अर्थशास्त्र अर्थात् भूमि इत्यादि के ज्ञान का शास्त्र ।

दण्डविष्कम्भः (पुं०) मथनदण्ड का खम्भा ।

दण्डाहतम् (नपुं॰) दण्ड से मथा हुवा गोरस ।
दद्रुघ्नः (पुं॰) चकवड़ ओषधीवृक्ष । [दद्रूघ्नः]
दद्रुण (त्रि॰) (णः । णा । णम्) जिस को दाद भई है वह । [दद्रूणः] [दर्द्रुणः] [दर्द्रूणः]
दद्रुरोगिन् (त्रि॰) (गी । गिणी । गि) तथा ।
दद्रूः (पुं॰) दाद रोग ।
दधि (नपुं॰) दही ।
दधित्थः (पुं॰) कइत वृक्ष ।
दधिफलः (पुं॰) तथा ।
दधिमण्डोदः (पुं॰) दही का समुद्र ।
दनुः (स्त्री) असुरों की माता ।
दनुजः (पुं॰) असुर वा दानव ।
दन्तः (पुं॰) दाँत ।
दन्तकः (पुं॰) पर्वत में तिर्य्यक्प्रदेश से निकले हुये शूल के समान पत्थर ।
दन्तधावनः (पुं॰) दतुवन, खैर (एक पान का मसाला) ।
दन्तभागः (पुं॰) दाँत का हिस्सा, हाथियों के दाँत का अग्रभाग ।
दन्तशठ (पुं॰ । स्त्री) (ठः । ठा) (पुं॰) जम्भीरी नीबू, कइत वृक्ष, (स्त्री) लोनियाँ भाजी ।
दन्तावलः (पुं॰) हाथी ।
दन्तिका (स्त्री) वज्रदन्ती ओषधी ।
दन्तिजा (स्त्री) तथा ।
दन्तिन् (पुं॰) (न्ती) हाथी ।
दन्दशूकः (पुं॰) सर्प ।
दभ्र (त्रि॰) (भ्रः । भ्रा । भ्रम्) थोड़ा = ड़ी, सूक्ष्म वस्तु ।
दमः (पुं॰) दण्ड वा सजा, इन्द्रियों का रोकना ।
दमथः (पुं॰) इन्द्रियों का रोकना ।
दमित (त्रि॰) (तः । ता । तम्) दबाया हुआ = ई, जितेन्द्रिय ।
दमुनस् (पुं॰) (नाः) अग्नि ।
दम्पती, द्विवचन, (पुं॰) स्त्री पुरुष वा पत्नी और पति का जोड़ा ।
दम्भः (पुं॰) अहङ्कार ।
दम्भोलिः (पुं॰) वज्र ।
दम्य (त्रि॰) (म्यः । म्या । म्यम्) दमन करने वा दबाने के योग्य, "वत्सतर" में देखो ।
दया (स्त्री) कृपा ।
दयाल (त्रि॰) (लः । ला । लम्) दयायुक्त ।
दयालु (त्रि॰) (लुः । लुः । लु) तथा ।
दयित (त्रि॰) (तः । ता । तम्) प्यारा = री ।
दर (पुं॰ । नपुं॰) (रः । रम्) भय, गड़हा, (नपुं॰) थोड़ा वा सूक्ष्म ।

दरत् (स्त्री) म्लेच्छ जाति, हृदय, नदी इत्यादि का तीर ।

दरम् (अव्यय) थोड़ा वा सूक्ष्म ।

दरिद्र (त्रि०) (द्रः । द्रा । द्रम्) दरिद्र वा गरीब वा निर्धन ।

दरी (स्त्री) पर्वत की कन्दरा ।

दर्दुरः (पुं०) मेढ़क वा मेंढुका, एक पर्वत ।

दर्पः (पुं०) अभिमान ।

दर्पकः (पुं०) कामदेव, घमण्ड करने वाला ।

दर्पणः (पुं०) दर्पण वा ऐना ।

दर्भः (पुं०) कुश, ग्रन्थ ।

दर्विः (स्त्री) कलछुल । [दर्वी]

दर्विका (स्त्री) गोभी तरकारी ।

दर्वीकरः (पुं०) सर्प ।

दर्शः (पुं०) अमावास्या तिथि, अमावास्या का यज्ञ ।

दर्शकः (पुं०) देखने वाला, देखलाने वाला, द्वारपालक ।

दर्शनम् (नपुं०) देखना, देखलाना, शास्त्र ।

दलम् (नपुं०) पत्ता, टुकड़ा ।

दवः (पुं०) बन, बन की आग ।

दविष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त दूरवाला = ली ।

दवीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) तथा ।

दशनः (पुं०) दाँत ।

दशनवासस् (नपुं०) (सः) ओंठ ।

दशपुरम् (नपुं०) मोथा घास । [दशपूरम्] [दाशपुरम्] [दाशपूरम्]

दशबलः (पुं०) बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवाँ अवतार ।

दशम (त्रि०) (मः । मी । मम्) दसवाँ = वीं, (स्त्री) दशमी एक तिथि ।

दशमिन् (त्रि०)(मी । मिनी । मि) अतिवृद्ध ।

दशमीस्थ (त्रि०) (स्थः । स्था । स्थम्) अतिवृद्ध, जिस की प्रीति नष्ट हो गई है ।

दशा (स्त्री) अवस्था (लड़काई जवानी इत्यादि) ।

दशाः, बहुवचनान्त (स्त्री) वस्त्र का दोनों अन्त वा अंचला ।

दस्युः (पुं०) चोर, शत्रु ।

दस्रौ, द्विवचन, (पुं०) अश्विनीकुमार ।

दहनः (पुं०) अग्नि ।

दाक्षायणी (स्त्री) पार्वती ।

दाक्षायण्यः, बहुवचन, (स्त्री) अश्विनी इत्यादि २७ नक्षत्र ।

दाक्षाय्यः (पुं०) गिद्ध पक्षी ।

दाडिमः (त्रि०) (मः । मी । मम्)

अनार। [दाडिम]
दाडिमपुष्पकः (पुं०) रोहित वृक्ष।
दाडिम्बः (पुं०) अनार।
दाण्डपाता (स्त्री) फागुन की पौर्णमासी (होली)।
दात (त्रि०) (तः । ता । तम्) खण्डित वा काटा हुआ = ई ।
दात्यूहः (पुं०) जलकौवा। [दात्योहः]
दात्रम् (नपु०) अन्न लवने का हंसुवा
दानम् (नपुं०) दान, हाथियों का मदजल ।
दानवः (पुं०) असुर ।
दानवारिः (पुं०) देवता ।
दानशौण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) दान देने में शूर ।
दान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) जितेन्द्रिय, तपस्यादि क्लेश से न घबराने वाला = ली, दबाया हुवा = ई, दाँत से बनी वस्तु (चूड़ा ककही इत्यादि)।
दान्तिः (स्त्री) इन्द्रियों को वश में लाना, दबाना ।
दापित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिस से धन इत्यादि दिलवाया गया वह, दिलवाया गया = ई, धन इत्यादि दिलाने वाला = ली।

दामनी (स्त्री) डोरी, "पशुरज्जू" में देखो ।
दामन् (नपुं०) (म) डोरी ।
दामा (स्त्री) तथा ।
दामोदरः (पुं०) विष्णु।
दाम्भिकः (पुं०) लोगों के प्रसन्न करने के लिये धर्मकार्य्य करने वाला, मायावी ।
दायादः (पुं०) पुत्र, ज्ञाति वा बिरादरी ।
दायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिस से धन इत्यादि दिलवाया गया वह, दिलवाई गई वस्तु ।
दारक(त्रि०) (रकः । रिका । रकम्) फाड़नेवाला = ली, (पुं०) लड़का, (स्त्री) लड़की ।
दारदः (पुं०) दरद देश का विष।
दारा (स्त्री) विवाहिता स्त्री ।
दाराः, बहुवचन, (पुं०) तथा ।
दारित (त्रि०) (तः । ता । तम्) फाड़ा गया = ई ।
दारु (पुं० । नपुं०) (रुः । रु) लकड़ी, (नपुं०) देवदार ।
दारुकः (पुं०) कृष्ण का सारथि ।
दारुण (त्रि०) (णः । णा । णम्) भयानक वा जिस से भय उत्पन्न हो, कठोर, (नपुं०) भयानक रस ।

दारुहरिद्रा (स्त्री) दारुहरदी ।
दारुहस्तकः (पुं०) डब्बू (भात परोसने का एक पात्र) ।
दार्व्वाघाटः (पुं०) कठफोड़वा पक्षी ।
दार्विका (स्त्री) "तार्क्ष्यशैल" में देखो, गोभी तरकारी ।
दार्वी (स्त्री) दारुहरदी ।
दावः (पुं०) वन, वनाग्नि ।
दाविक (त्रि०) (कः । का—की । कम्) देविका नदी से उत्पन्न वस्तु ।
दाशः (पुं०) दास वा नौकर, मल्लाह ।
दाशपूरम् (नपुं०) मोथा घास ।
दासः (पुं०) दास वा नौकर, मल्लाह ।
दासी (स्त्री) लौंड़ी, नीले फूल-वाली कठसरैया ।
दासीसभम् (नपुं०) दासियों का समूह, दासियों की शाला ।
दासेयः (पुं०) दास वा नौकर ।
दासेरः (पुं०) तथा ।
दासेरकः (पुं०) ऊंट ।
दासेरयुवन् (पुं०) (वा) तथा ।
दिगम्बरः (पुं०) नङ्गा ।
दिग्गजः (पुं०) दिशा का हाथी (ऐरावत, पुण्डरीक, वामन, कुमुद, अञ्जन, पुष्पदन्त, सार्व-भौम, सुप्रतीक—ये क्रम से पूर्वादि ८ दिशाओं के ८ दिग्गज हैं ।
दिग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) लेपित (धूली इत्यादि से), (पुं०) जहर में बुताया हुवा बाण ।
दित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खण्डित वा काटा = टी ।
दितिः (स्त्री) असुरों की माता ।
दितिसुतः (पुं०) असुर ।
दिधिषुः (पुं०) दिधिषू का पति । [दिधिषूः]
दिधिषूः (स्त्री) वह स्त्री जो कि पहिले एक की स्त्री होकर फेर दूसरे की स्त्री हो । [दिधिषुः]
दिनम् (नपुं०) दिन वा दिवस ।
दिनमणिः (पुं०) सूर्य्य ।
दिव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) (पुं०) चास पक्षी, (नपुं०) स्वर्ग
दिवस (पुं० । नपुं०) (सः । सम्) दिन ।
दिवस्पतिः (पुं०) इन्द्र ।
दिवस्पृथिव्यौ, द्विवचनान्त (स्त्री) आकाश और पृथिवी ।
दिवा (अव्यय) दिन ।
दिवाकरः (पुं०) सूर्य्य ।
दिवाकीर्तिः (पुं०) चण्डाल वा डोम, हज्जाम ।

दिवान्धः (पुं०) उल्लू पक्षी ।
दिवाभीतः (पुं०) तथा ।
दिविषद् (पुं०) (त्—द्) देवता ।
दिवौकस् (पुं०) (काः) तथा, पक्षी।
दिव् (स्त्री) (द्यौः) आकाश, स्वर्ग ।
दिव्योपपादुक (त्रि०) (कः । की । कम्) अकस्मात् जो स्वर्ग में उत्पन्न भया अर्थात् देवता ।
दिश् (स्त्री) (क्—ग्) दिशा ।
दिश्य (त्रि०) (श्यः । श्या । श्यम्) दिशा में उत्पन्न हुई वस्तु ।
दिष्ट (पुं० । नपुं०) (ष्टः । ष्टम्) (पुं०) काल वा समय, (नपुं०) भाग्य वा पूर्वजन्मकृत शुभ वा अशुभ कर्म ।
दिष्टान्तः (पुं०) मरण ।
दिष्ट्या (अव्यय) आनन्द ।
दीक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) यागादि क्रिया में जिस ने दीक्षा वा नियम लिया है ।
दीदिविः (पुं०) भात ।
दीधितिः (स्त्री) किरण ।
दीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) दरिद्र ।
दीनारः (पुं०) एक तरह की मोहर ।
दीपः (पुं०) दीया ।
दीपकः (पुं०) तथा, अजमोदा ओषधी, मोर की चोटी । [दीप्यकः] [दीप्यः]
दीप्तिः (स्त्री) प्रकाश ।
दीप्यः (पुं०) मोर की चोटी, दीया, अजमोदा ओषधी ।
दीर्घ (त्रि०) (र्घः । र्घा । र्घम्) लम्बा = म्बी ।
दीर्घकोशिका (स्त्री) एक प्रकार का जलजन्तु ।
दीर्घदर्शिन् (त्रि०) (र्शी । र्शिनी । र्शि) बहुत दिन जीने वाला = ली, पण्डित, (पुं०) गिद्ध पक्षी ।
दीर्घपृष्ठः (पुं०) सर्प ।
दीर्घवृन्तः (पुं०) सोनापाढ़ा लकड़ी।
दीर्घसूत्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) थोड़े समय में करने के योग्य जो काम है उस में बहुत देर लगानेवाला = ली ।
दीर्घिका (स्त्री) बावली एक जलाशय ।
दुकूलम् (नपुं०) रेशम का कपड़ा।
दुग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) दूहा गया = ई, (नपुं०) दूध ।
दुग्धिका (स्त्री) दुधिया घास ।
दुद्रुमः (पुं०) हरा प्याज ।
दुन्दुभि (पुं० । स्त्री) (भिः । भिः -भी) (पुं०) नगाड़ा, (स्त्री) लड़कों का एक प्रकार का खेलौना ।

दुरध्वः (पुं०) ख़राब रस्ता ।
दुरालभा (स्त्री) जवासा वा हिंगुवा एक काँटेदार वृक्ष ।
दुरितम् (नपुं०) पाप ।
दुरेषणा (स्त्री) शाप ।
दुरोदर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) जुआरी, दाँव (जूआ में जो द्रव्य लगाया जाताहै), (नपुं०) जूआ ।
दुःखम् (नपुं०) दुःख ।
दुर्गम् (नपुं०) किला ।
दुर्गत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दरिद्र वा निर्धन वा ग़रीब ।
दुर्गतिः (स्त्री) नरक ।
दुर्गन्ध (त्रि०) (न्धः । न्धा । न्धम्) खराब गन्ध वाला = ली ।
दुर्गसञ्चरः (पुं०) कठिन रास्ता, किला इत्यादि दुर्गम स्थान में प्रवेश करना ।
दुर्गसञ्चारः (पुं०) तथा ।
दुर्गा (स्त्री) पार्वती ।
दुर्जनः (पुं०) दुष्ट जन ।
दुर्दिनम् (नपुं०) मेघों के घटा से छाया हुवा दिन ।
दुर्नामकम् (नपुं०) बवासीर रोग।
दुर्नामन् (पुं०) (मा) एक जलजन्तु ।
दुर्बल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बलरहित वा दुबला = ली ।
दुर्मनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) जिस का चित्त व्याकुल वा घबड़ाया है ।
दुर्मुख (त्रि०) (खः । खा । खम्) बोलने में आगे पीछे का विचार न करनेवाला = ली ।
दुर्वर्णम् (नपुं०) चाँदी धातु, निन्दा
दुर्विध (त्रि०) (धः । धा । धम्)दरिद्र
दुर्हृद् (त्रि०) (त्—द् । त्—द् । त्—द्) दुष्ट हृदय वाला = ली, (पुं०) शत्रु ।
दुलिः (स्त्री) कछुई जलजन्तु ।
दुश्च्यवनः (पुं०) इन्द्र ।
दुष्कृतम् (नपुं०) पाप ।
दुष्ठु (अव्यय) निन्दा अर्थ में।
दुष्पचः (पुं०) चोर नामक गन्धद्रव्य ।
दुष्प्रधर्षिणी (स्त्री) बनैला भण्टा ।
दुष्षमम् (नपुं० । अव्यय) निन्द्य
दुस्पर्श (त्रि०) (र्शः । र्शा । र्शम्) दुःख से छूने के योग्य, (पुं०) जवासा वा हिंगुआ एक काँटेदार वृक्ष, (स्त्री) भटकटैया ।
दुहितृ (स्त्री) (ता) लड़की ।
दूतः (पुं०) दूत वा हलकारा ।
दूति (स्त्री) (तिः—ती) ख़बर पहुंचाने वाली ।

दूत्यम् (नपुं०) दूतपन ।
दून (त्रि०) (नः । ना । नम्) सन्तापित वा पीडित वा दुःखित
दूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) दूरवाला = ली ।
दूरदर्शिन् (त्रि०) (र्शी । र्शिनी । र्शि) पण्डित, वृद्ध, दूर तक दृष्टि फैलानेवाला = ली, (पुं०) गिद्ध पक्षी ।
दूर्वा (स्त्री) दूब एक घास ।
दूषिका (स्त्री) नेत्र का मल वा कीचड़ ।
दूष्यम् (नपुं०) कपड़े का घर वा तम्बू । [दूश्यम्]
दूष्या (स्त्री) हाथियों के शरीर के बीच में बाँधने के लिये चमड़े की डोरी ।
दृढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) कठोर, बलवान्, मोटा = टी, (नपुं०) अत्यन्त ।
दृढसन्धि (त्रि०) (न्धिः । न्धिः । न्धि) जिस का सन्धान वा उद्योग दृढ है ।
दृतिः (स्त्री) मसक ।
दृब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) गूथा हुआ = ई ।
दृश् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) ज्ञानवाला = ली, (स्त्री) नेत्र, दृष्टि ।
दृषद् (स्त्री) (त्—द्) पत्थर ।
दृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) देखा गया = ई, (नपुं०) अपनी और शत्रु की सेना से उत्पन्न हुआ भय ।
दृष्टरजस् (स्त्री) (जाः) पहिले पहिल कपड़े से भई स्त्री ।
दृष्टान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) जिस का अन्त देखा गया वस्तु, (पुं०) शास्त्र, उदाहरण ।
दृष्टिः (स्त्री) नेत्र, देखना, ज्ञान
देवः (पुं०) देवता, राजा (नाट्य में), मेघ ।
देवकीनन्दनः (पुं०) कृष्ण भगवान्
देवकुसुमम् (नपुं०) लवंग (एक वृक्ष) ।
देवखातम् (नपुं०) बिना बनाया पर्वत का बिल ।
देवखातकः (पुं०) बिना बनाया जलाशय (झील इत्यादि) ।
देवच्छन्दः (पुं०) सोरह लड़ का मोती का हार ।
देवजग्धकः (पुं०) रोहिसनामक घास ।
देवता (स्त्री) देवता ।
देवताडः (पुं०) बन्दाल एक ओषधीवृक्ष ।

देवदारु (नपुं०) देवदार वृक्ष ।
देवत्वम् (नपुं०) देव का धर्म अर्थात् 'सिफ़त' । [देवभूयम्] [देवसायुज्यम्]
देवद्र्यच् (त्रि०) द्र्यङ् । द्रीची । द्र्यक्—ग) देवतों की पूजा करने वाला = ली वा देवतों को प्राप्त करने वाला = ली ।
देवनः (पुं०) जूवा खेलने वाला, पासा ।
देवनम् (नपुं०) क्रीड़ा, व्यवहार, जीतने की इच्छा ।
देवन् (पुं०) (वा) देवर (स्त्री के पति का भाई) ।
देवभूयम् (नपुं०) देव का धर्म ।
देवमातृकः (पुं०) वह देश जिस में मेघ की वृष्टि से अन्न उत्पन्न होता है ।
देवयज्ञः (पुं०) होम ।
देवरः (पुं०) देवर (स्त्री के पति का भाई) ।
देवलः (पुं०) देवपूजा से अपनी जीविका करने वाला, एक देवर्षि का नाम ।
देववल्लभः (पुं०) पुन्नाग वृक्ष, देवतों का प्रिय, मूर्ख ।
देवशिल्पिन् (पुं०) (ल्पी) विश्वकर्मा ।
देवाजीवः (पुं०) देवपूजा से अपनी जीविका करने वाला । [देवाजीविन्—(वी)]
देवी (स्त्री) देवता की स्त्री, (नाट्य में) पटरानी, अस्वरक ओषधी, सुरक्षारा वा सुर्रा एक लतावृक्ष ।
देवृ (पुं०) (वा) देवर (स्त्री के पति का भाई) ।
देशः (पुं०) देश, स्थान ।
देशरूपम् (नपुं०) न्याय वा नीति वा व्यवस्था वा आईन ।
देशिकः (पुं०) देशवासी, गुरु ।
देह (पुं० । नपुं०) (हः । हम्) देह वा शरीर ।
देहलि (स्त्री) (लिः—ली) डेहरी ।
दैतेयः (पुं०) असुर ।
दैत्यः (पुं०) तथा ।
दैत्यगुरुः (पुं०) शुक्र ।
दैत्या (स्त्री) सुरा नाम गन्धद्रव्य ।
दैत्यारिः (पुं०) विष्णु ।
दैन्यम् (नपुं०) दीनता ।
दैर्घ्यम् (नपुं०) लम्बाई ।
दैवम् (नपुं०) भाग्य वा पूर्व जन्म में किये अच्छे बुरे कर्म, देवतों का समूह, अंगुलियों के अग्रभाग में का तीर्थ ।
दैवज्ञः (पुं०) ज्योतिषी ।
दैवज्ञा (स्त्री) 'विप्रश्निका' में देखो

दैवत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) देवता ।
दोला (स्त्री) हिंडोला, लील, डोली । [दोली]
दोषज्ञः (पुं०) पण्डित ।
दोषा (स्त्री अव्यय) (स्त्री) बाँह वा भुजा, (अव्यय) रात्रि।
दोषैकदृश् (पुं०) (क्—ग्) गुण को छोड़ केवल दोष का देखने वाला ।
दोष् (पुं० । नपुं०) (दोः । दोः) बाँह वा भुजा ।
दोह्दम् (नपुं०) इच्छा, गर्भ, गर्भवती स्त्री की इच्छा ।
दोह्दवती (स्त्री) गर्भवती स्त्री, "श्रद्धालु" का अर्थ स्त्रीलिङ्ग में देखो ।
दौत्यम् (नपुं०) दूतपन ।
दंशः (पुं०) डंस (एक बन की माछी), काटना ।
दंशनम् (नपुं०) काटना, कवच ।
दंशित (त्रि०) (तः । ता । तम्) काटा गया = ई, कटवाया गया = ई, (पुं०) कवचधारी ।
दंशिन् (त्रि०) (शी । शिनी । शि) काटने वाला = ली ।
दंशी (स्त्री) छोटा डंस वा छोटी एक बन की माछी ।
दंष्ट्रिन् (पुं०) (ष्ट्री) सूअर पशु।
द्यावापृथिव्यौ, द्विवचन, (स्त्री) आकाश और भूमि ।
द्यावाभूमी, द्विवचन, (स्त्री) तथा ।
द्युतिः (स्त्री) शोभा, प्रभा ।
द्युमणिः (पुं०) सूर्य्य ।
द्युम्नम् (नपुं०) धन ।
द्यूत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) जूआ ।
द्यूतकारः (पुं०) जुआरी "सभिक" में देखो ।
द्यूतकारकः (पुं०) तथा ।
द्यूतकृत् (पुं०) जुआरी ।
द्यो (स्त्री) (द्यौः) आकाश, स्वर्ग ।
द्योतः (पुं०) प्रकाश, सूर्य्य का घाम ।
द्रप्स (पुं० । नपुं०) (प्सः । प्सम्) पतला दही ।
द्रप्स्य (पुं० । नपुं०) (प्स्यः । प्स्यम्) तथा ।
द्रवः (पुं०) पतला वस्तु, (जैसा पानी इत्यादि), भागना, क्रीडा ।
द्रवत् (त्रि०) (न् । न्ती । त्) पतली वस्तु, (स्त्री) नदी, मूसाकर्णी ओषधी ।
द्रविणम् (नपुं०) धन, सामर्थ्य ।
द्रव्यम् (नपुं०) धन, भव्य अर्थात् सुन्दर और स्थिर, पृथ्वी जल

इत्यादि ९ द्रव्य जो न्याय शास्त्र में कहे हैं, लिङ्ग सङ्ख्या और कारक के साथ जिस का सम्बन्ध हो वह (जैसा व्याकरण में लिखा है)।

द्राक् (अव्यय) जल्दी ।

द्राक्षा (स्त्री) दाख वा मुनक्का मेवा

द्राघिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त लम्बा = म्बी ।

द्राविडकः (पुं०) कचूर ।

द्रुः (पुं०) वृक्ष ।

द्रुकिलिमम् (नपुं०) देवदार वृक्ष।

द्रुघणः (पुं०) मुद्गर ।

द्रुणः (पुं०) बिच्छी एक जन्तु ।

द्रुणी (स्त्री) गोजर, कछुई, डोंगी।

द्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जल्दीबाज़, पघिलाया गया = ई (घृत इत्यादि), पिघल गया = ई (घृत इत्यादि), (नपुं०) चलता नृत्य वाद्य और गीत, जल्दी ।

द्रुमः (पुं०) वृक्ष ।

द्रुमामयः (पुं०) मड़ावर रङ्ग ।

द्रुमोत्पलः (पुं०) कठचम्पा पुष्पवृक्ष ।

द्रुवयम् (नपुं०) मान वा माप (सेर छटङ्की पौवा इत्यादि) ।

द्रुहिणः (पुं०) ब्रह्मा ।

द्रोणः (पुं०) दोना, तौल में आधा मन, बिच्छी जन्तु, कौवा, अश्वत्थामा के पिता का नाम ।

द्रोणकाकः (पुं०) डोमकौवा ।

द्रोणक्षीरा (स्त्री) आध मन दूध देनेवाली गैया ।

द्रोणदुग्धा (स्त्री) तथा ।

द्रोणी (स्त्री) काठ की नाव, झील

द्रोहचिन्तनम् (नपुं०) वैर करना।

द्रौणिक (त्रि०) (कः । की । कम्) आध मन अन्न बोने के योग्य (खेत इत्यादि)।

द्वन्द्वम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का जोड़ा, कलह, दो विरोधियों का जोड़ा (जैसा ठण्ढा और गरम, सुख और दुःख इत्यादि)।

द्वयातिगः (पुं०) सत्वगुणप्रधान वा रजोगुण और तमोगुण से रहित (जैसे व्यास इत्यादि)।

द्वादशाङ्गुलः (पुं०) नाप में एक बित्ता वा बिलस्त ।

द्वादशात्मन् (पुं०)(त्मा) सूर्य्य।

द्वापरः (पुं०) संशय वा सन्देह, 'द्वापर' युग ।

द्वारम् (नपुं०) द्वार वा दरवाज़ा।

द्वारपालः (पुं०) डेउढ़ीदार ।

द्वार् (स्त्री) (द्वाः) द्वार वा दरवाज़ा ।

द्वास्थः (पुं०) डेउढ़ीदार ।
द्वास्थितः (पुं०) तथा ।
द्विगुणाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दो बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
द्विजः (पुं०) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, पक्षी, दाँत ।
द्विजराजः (पुं०) चन्द्रमा ।
द्विजा (स्त्री) रेणुकबीज एक सुगन्धद्रव्य ।
द्विजातिः (पुं०) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ।
द्विजिह्वः (पुं०) सर्प, चुगलखोर।
द्वितीय (त्रि०) (यः । या । यम्) दूसरा = री, (स्त्री) विवाहिता स्त्री, द्वितीया तिथि ।
द्वितीयाकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) दो बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
द्विपः (पुं०) हाथी ।
द्विपाद्यः (पुं०) अपराधी को शास्त्र में लिखे हुए दण्ड से दूना दण्ड ।
द्विरदः (पुं०) हाथी ।
द्विरसनः (पुं०) सर्प ।
द्विरेफः (पुं०) भंवरा ।
द्विष् (पुं०) (ट्—ड्) शत्रु ।
द्विषत् (पुं०) (न्) शत्रु ।
द्विष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) द्वेष वा वैर किया गया = ई, (नपुं०) ताँबा धातु ।
द्विसीत्य (त्रि०) (त्यः । त्या त्यम्) दो बेर जोता गया = ई (खेत इत्यादि) ।
द्विहल्य (त्रि०) (ल्यः। ल्या। ल्यम्) तथा ।
द्विहायनी (स्त्री) दो बरस की गैया ।
द्वीप (पुं० । नपुं०)(पः ।पम्) टापू।
द्वीपवती (स्त्री) नदी ।
द्वीपिन् (पुं०) (पी) व्याघ्र वा बाघ।
द्वेषणः (पुं०) शत्रु वा वैर करने वाला ।
द्वेष्य (त्रि०) (ष्यः । ष्या । ष्यम्) वैर करने के योग्य ।
द्वैधम् (नपुं०) दुबधा ।
द्वैपः (पुं०) बाघ के चमड़े से घेरा हुवा रथ ।
द्वैपायनः (पुं०) व्यास ऋषि ।
द्वैमातुरः (पुं०) गणेश ।
द्व्यष्टम् (नपुं०) ताँबा धातु ।

—***—

(ध)

ध (पुं० । नपुं०) (धः । धम्) (पुं०) धनी, ब्रह्मा, मनु, (नपुं०) धन ।

धटः (पुं०) तराजू, शपथ ।

धटी (स्त्री) कपड़े का टुकड़ा ।

धत्तूरः (पुं०) धतूरा वृक्ष। [धुस्तूरः] [धुस्तुरः] [धूस्तूरः] [धुत्तूरः]

धनम् (नपुं०) धन ।

धनञ्जयः (पुं०) अग्नि, अर्जुन एक पाण्डव ।

धनद (त्रि०) (दः । दा । दम्) धन देनेवाला = ली, (पुं०) कुवेर ।

धनहरी (स्त्री) चोरा नाम गन्धद्रव्य ।

धनाधिपः (पुं०) कुवेर, धन का स्वामी ।

धनिन् (त्रि०) (नी । निनी । नी) धनवाला = ली ।

धनिष्ठा (स्त्री) एक नक्षत्र ।

धनीयकम् (नपुं०) धनियाँ लतावृक्ष ।

धनुः (पुं०) धनुष, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि (धन), प्यारमेवा ।

धनुष् (नपुं०) (नुः) तथा ।

धनुर्द्धरः (पुं०) धनुष् का धारण करने वाला ।

धनुःपटः (पुं०) प्यारमेवा ।

धनुर्यासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा ।

धनुष्मत् (पुं०) (ष्मान्) धनष् का धारण करने वाला ।

धन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) पूज्य, भाग्यवान्, (नपुं०) धनियाँ ।

धन्याकम् (नपुं०) धनियाँ ।

धन्वम् (नपुं०) धनुष् ।

धन्वन् (पुं० । नपुं०) (न्वा । न्व) (पुं०) निर्जल देश वा मारवाड़ देश, (नपुं०) धनुष् ।

धन्वयासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा ।

धन्विन् (पुं०) (न्वी) "धनुष्मत्" में देखो

धमनः (पुं०) पानी इत्यादि का नल, आग सुलगाने वाला ।

धमनिः (स्त्री) शरीर की नाड़ी वा नस ।

धमनी (स्त्री) तथा, मालकंगुनी ।

धम्मिल्लः (पुं०) मोतियों के माला से बंधा हुवा केशों का समूह ।

धरः (पुं०) पर्वत ।

धरणिः (स्त्री) भूमि ।

धरा (स्त्री) तथा ।

धरित्री (स्त्री) तथा ।

धर्म (पुं० । नपुं०) (र्मः । र्मम्) पुण्य, न्याय वा नीति, आचार, (पुं०) यमराज, स्वभाव, सोम-लता के रस का पीने वाला ।

धर्मध्वजिन् (पुं०) (जी) झूठे धर्म का देखाने वाला अर्थात् जीविका के लिये जटा इत्यादि धारण करने वाला ।

धर्मरत्तनम (नपुं०) धर्म के लिये वा धर्मयुक्त नगर, मिरिच ।

धर्मराजः (पुं०) यमराज, बुद्ध अर्थात् विष्णु का नवाँ अवतार ।

धर्मसंहिता (स्त्री) धर्मशास्त्र ।

धर्षिणी (स्त्री) कुलटा वा खा-नगी स्त्री । [धर्षणी]

धवः (पुं०) स्त्री का पति, एक वृक्ष, पुरुष ।

धवल (त्रि०) (लः । ला । लम्) सफेद वस्तु, (पुं०) सफेद रङ्ग ।

धवला (स्त्री) श्वेत गैया । [धवली]

धवित्रम् (नपुं०) आग सुलगाने के लिये मृगचर्म से बना हुआ पंखा । [धुवित्रम्]

धातकी (स्त्री) धव वृक्ष ।

धातुः (पुं०) कफ वात पित्त, पेट में अन्न जाय कर के जो रस बन जाता है वह और रक्त इ-त्यादि, पञ्च महाभूत (पृथ्वी ज-ल इत्यादि), पाँचो महाभूत के गुण (रूप रस गन्ध इत्यादि), इन्द्रिय, पत्थर का विकार (सि-लाजीत इत्यादि), वर्णात्मक शब्द का कारण ("भू" सत्तायाम् इत्यादि) ।

धातुपुष्पिका (स्त्री) धव वृक्ष ।

धातृ (पुं०) (ता) ब्रह्मा ।

धातृपुष्पिका (स्त्री) धव वृक्ष ।

धात्री (स्त्री) माता, अंवरा, पृथ्वी, उपमाता अर्थात् दूध पिलाने वाली धाय ।

धाना (स्त्री) भूंजा जव वा वहुरी।

धानुष्कः (पुं०) धनुष् का धारण करने वाला ।

धान्यम् (नपुं०) जव इत्यादि अन्न, धान ।

धान्यकम् (नपुं०) धनियाँ ।

धान्याकम् (नपुं०) तथा ।

धान्याम्लम् (नपुं०) काँजी ।

धामनिधिः (पुं०) सूर्य्य ।

धामन् (नपुं०) (म) घर, देह, प्रभा वा प्रकाश, प्रभाव ।

धामार्गवः (पुं०) रामतरोई तर-कारी, चिचिंड़ा तरकारी ।

धाय्या (स्त्री) 'सामिधेनी' में देखो।

धारणा (स्त्री) मर्यादा, पकड़ना ।
धारा (स्त्री) जल का प्रवाह, तरवार की धार, 'आस्कन्दित' 'धौरितक' 'रेचित' 'वल्गित' और 'प्लुत' इन पाँच प्रकार की घोड़ों की चालों को 'धारा' कहते हैं ।
धाराधरः (पुं०) मेघ ।
धारासम्पातः (पुं०) महावृष्टि ।
धार्तराष्ट्रः (पुं०) धृतराष्ट्र राजा के पुत्र (दुर्य्योधन इत्यादि), बत्तक पत्ती ।
धावनि (स्त्री) (निः—नी) पिठवन ओषधी ।
धिक् (अव्यय) ग्लानि देना वा धिक्कारना, निन्दा ।
धिक्कृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) धिक्कार दिया गया = ई ।
धिषणः (पुं०) बृहस्पति ।
धिषणा (स्त्री) बुद्धि ।
धिष्ण्यम् (नपुं०) स्थान, गृह, नक्षत्र, अग्नि ।
धीः (स्त्री) बुद्धि ।
धीन्द्रियम् (नपुं०) मन इत्यादि ६ ज्ञानेन्द्रिय ।
धीमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) बुद्धिमान्, पण्डित ।
धीर (त्रि०) (रः । रा । रम्) धीर वा धैर्य्यवान्, (पुं०) पण्डित, (नपुं०) केसर ।
धीवरः (पुं०) मल्लाह ।
धीशक्तिः (स्त्री) बुद्धि का सामर्थ्य ।
धीसचिवः (पुं०) राजा का मन्त्री ।
धुनी (स्त्री) नदी ।
धुरन्धरः (पुं०) बोझा ढोने वाला ।
धुरीणः (पुं०) तथा ।
धुर् (स्त्री) (धूः) रथ की धुरी, बोझा ।
धुर्य्यः (पुं०) बोझा ढोने वाला, घोड़ा ।
धूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) त्याग किया गया = ई, कंपाया गया = ई ।
धूपायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) सन्ताप दिया गया = ई, धूप दिया गया = ई ।
धूपित (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा ।
धूमकेतुः (पुं०) एक उत्पातग्रह, अग्नि ।
धूमयोनिः (पुं०) मेघ, अग्नि ।
धूमल (त्रि०) (लः । ला । लम्) काला मिश्रित लाल रङ्ग वाला = ली, (पुं०) काला मिश्रित लाल रङ्ग ।
धूम्या (स्त्री) धूंओं का समूह ।

धूम्याटः (पुं०) मस्तकचूड़ पक्षी।
धूम्र (त्रि०) (म्रः । म्रा । म्रम्) 'धूमल" में देखो।
धूर्जटिः (पुं०) शिव।
धूर्तः (पुं०) धूर्त वा ठगने वाला [धार्तः], धतूरा वृक्ष, जुआरी।
धूर्वह (त्रि०) (हः । हा । हम्) बोझा ढोने वाला = ली।
धूलि (स्त्री) (लिः—ली) धूर।
धूसर (त्रि०) (रः । रा । रम्) थोड़ा पाण्डु रङ्ग वाली वस्तु, मटमैला = ली, (पुं०) थोड़ा पाण्डु (अधिक सुफेदी लिये पीला) रङ्ग।
धृतिः (स्त्री) धीरता, पकड़ना।
धृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) ढीठा = ठी।
धृष्णज् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) तथा।
धृष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) तथा।
धेनुः (स्त्री) नये बियान वाली गैया
धेनुका (स्त्री) तथा, हथिनी।
धेनुष्या (स्त्री) गीरों रक्खी हुई गैया।
धेनुकम (नपुं०) धेनुओं का समूह।
धैवत: (पुं०) एक स्वर (जैसा घोड़ा बोलता है)।
धोरणम् (नपुं०) वाहन वा सवारी।
धौरितम् (नपुं०) घोड़ों की तुकी चाल।
धौरितकम् (नपुं०) तथा।
धौरेयः (पुं०) घोड़ा, बोझा ढोने वाला।
ध्यामम् (नपुं०) रोहिस घास।
ध्रुव (त्रि०) (वः । वा । वम्) निश्चल वा स्थिर, (पुं०) ध्रुव एक तारा, ठूंठा वृक्ष, एक स्रुवा जिस से होम किया जाता है, (स्त्री) शालपर्णी औषधी, (नपुं०) निश्चय (क्रियाविशेषण)।
ध्वज (त्रि०) (जः । जा । जम्) ध्वजा वा पताका।
ध्वजिनी (स्त्री) सेना।
ध्वनिः (पुं०) शब्द।
ध्वनितम् (नपुं०) मेघ का गर्जना, शब्द।
ध्वस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) च्युत हो गया वा गिर गया।
ध्वाङ्क्षः (पुं०) कौवा, मत्स्य का पकड़नेवाला पक्षी (बकुला इत्यादि)।
ध्वानः (पुं०) शब्द।
ध्वान्तम् (नपुं०) अन्धकार।

—***—

(न)

न (अव्यय) नहीं ।
नः (पुं०) नेता वा रचक, नाव, सुगत वा एक नास्तिकों की देवता, बुद्धि, स्तुति, वृक्ष, स्वागतप्रश्न, बन्धु वा नातेदार, सूर्य्य ।
नकुलः (पुं०) नेउर जन्तु ।
नकुलेष्टा (स्त्री) रासन वृक्ष ।
नक्तः (पुं०) करञ्ज वृक्ष ।
नक्तम् (नपुं० । अव्यय) रात्रि ।
नक्तकः (पुं०) पुराने वस्त्र का टुकड़ा वा चिथड़ा ।
नक्तमालः (पुं०) करञ्ज वृक्ष ।
नक्रः (पुं०) नाक (जलजन्तु) ।
नक्षत्रम् (नपुं०) नक्षत्र वा तारा ।
नक्षत्रमाला (स्त्री) नक्षत्र वा तारों की पङ्क्ति, सत्ताइस मोतियों से बनी हुई एक लड़ की माला ।
नक्षत्रेशः (पुं०) चन्द्रमा ।
नख (पुं० । नपुं०)(खः । खम्) हाथ का नख, (नपुं०) नख नामक एक सुगन्धद्रव्य ।
नखर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) हाथ का नख ।
नखिन् (पुं०) (खी) बड़े २ नख वाले हिंसक जन्तु (व्याघ्र इत्यादि), नख नाम गन्धद्रव्य ।
नगः (पुं०) पर्वत, वृक्ष ।
नगरम् (नपुं०) नगर, राजधानी।
नगरी (स्त्री) तथा ।
नगौकस् (पुं०) (काः) पक्षी ।
नग्न (त्रि०) (ग्नः । ग्ना । ग्नम्) नङ्गा = ङ्गी ।
नग्नहूः (पुं०) "किण्व" में देखो ।
नग्निका (स्त्री) रजोधर्मरहित स्त्री
नटः (पुं०) नट वा नाचनेवाला, सोनापाढ़ा एक लकड़ी ।
नटनम् (नपुं०) नाचना ।
नटी (स्त्री) नट की स्त्री, नाचनेवाली, मालकंगुनी ओषधी ।
नडः (पुं०) नरकट एक वृक्ष । [नलः]
नड्या (स्त्री) नरकट का समूह ।
नड्वत् (त्रि०) (ड्वान् । ड्वती । ड्वत्) जिस स्थान में नरकट बहुत हों।
नड्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा।
नत (त्रि०) (तः । ता । तम्) झुका = की, टेढ़ा = ढ़ी, नीचा = ची ।
नतनासिक (त्रि०) (कः । का । कम्) चिपटी नाक वाला = ली।
नदः (पुं०) नद (शोणभद्र इत्यादि)

नदी (स्त्री) नदी ।
नदीमातृक (त्रि०) (कः । का । कम्) वह देश जिस में नदी के पानी से अन्न उत्पन्न होते हैं ।
नदीसर्जः (पुं०) अर्जुन वृक्ष ।
नद्‌ध्री (स्त्री) चमड़े की डोरी ।
ननन्दृ (स्त्री) (न्दा) स्त्री के पति की बहिन वा ननंद ।
ननान्दृ (स्त्री) (न्दा) तथा ।
ननु (अव्यय) प्रश्न, निश्चय, विनती, विरोध, सम्बोधन ।
नन्दकः (पुं०) विष्णु का खड्ग ।
नन्दनम् (नपुं०) इन्द्र का बगीचा ।
नन्दिकः (पुं०) शिव का एक गण ।
नन्दिकेश्वरः (पुं०) तथा ।
नन्दिन् (पुं०) (न्दी) तथा, राजा इत्यादि अमीरों का एक प्रकार का घर ।
नन्दिवृक्षः (पुं०) तूणी वृक्ष ।
नन्दीवर्तः (पुं०) एक मछली ।
नन्द्यावर्तः (पुं०) राजा इत्यादि अमीरों का एक प्रकार का घर ।
नपुंसकः (पुं०) नपुंसक वा नामर्द ।
नप्त्री (स्त्री) पुत्र वा पुत्री की लड़की ।
नप्तृ (पुं०) (प्ता) पुत्र वा पुत्री का लड़का ।
नभस् (पुं० । नपुं०) (भाः । भः) (पुं०) श्रावण महीना, (नपुं०) आकाश ।
नभसङ्गमः (पुं०) पक्षी ।
नभस्यः (पुं०) भादों महीना ।
नभस्वत् (पुं०) (स्वान्) जवान, वायु ।
नमसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित ।
नमस् (अव्यय) (मः) नमस्कार, नम्रता ।
नमस्कारिन् (पुं०) (री) नमस्कार करनेवाला, लजारू वृक्ष ।
नमस्या (स्त्री) नमस्कार, पूजा ।
नमस्यित (त्रि०) (तः । ता । तम्) पूजित ।
नमुचिसूदनः (पुं०) इन्द्र ।
नयः (पुं०) नीति वा व्यवस्था, ले जाना वा पहुंचाना ।
नयनम् (नपुं०) आँख, लेजाना वा पहुंचाना ।
नरः (पुं०) मनुष्य, खूंटा ।
नरकः (पुं०) नरक, दुर्गति ।
नरकान्तकः (पुं०) विष्णु ।
नरवाहनः (पुं०) कुबेर ।
नर्तक (त्रि०) (कः । की । कम्) नाचनेवाला = ली ।
नर्तनम् (नपुं०) नाचना ।
नर्मदा (स्त्री) रेवा नदी ।
नर्मन् (नपुं०) (र्म) क्रीड़ा वा

त्रिहार ।
नलकूबरः (पुं०) कुबेर का पुत्र ।
नलदम् (नपुं०) खस (एक घास)
नलमीनः (पुं०) नरकट के बन की मछली ।
नलिनम् (नपुं०) कमल ।
नलिनी (स्त्री) कमलिनी ।
नली (स्त्री) मालकंगुनी ।
नल्वः (पुं०) ४०० हाथ, ४०० शिखा
नव (त्रि०) (वः । वा । वम्) नया = ई ।
नवनीतम् (नपुं०) मक्खन ।
नवमालिका (स्त्री) नेवारी वृक्ष ।
नवसूतिका (स्त्री) नई बियानी गैया ।
नवीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) नया = ई ।
नवोद्धृतम् (नपुं०) मक्खन ।
नव्य (त्रि०) (व्यः । व्या व्यम्) नया = ई ।
नश्वर (त्रि०) (रः । री । रम्) नाश होने वाला = ली ।
नष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) नष्ट हो गया = ई, अदृश्य वा गुप्त हो गया = ई ।
नष्टचेष्टता (स्त्री) मूर्छा ।
नष्टाग्निः (पुं०) जिस के अग्नि-होत्र का अग्नि बुत गया वह ।
नस्तितः (पुं०) नाथागया (बैल इत्यादि) ।
नस्योतः (पुं०) तथा । [नस्तोतः]
नहि (अव्यय) नहीं ।
नाकः (पुं०) आकाश, स्वर्ग ।
नाकुः (पुं०) बिम्बौट अर्थात् चिउंटी इत्यादि कों की बनाई हुई मट्टी की ढेर ।
नाकुली (स्त्री) रासन वृक्ष ।
नाग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) हाथी, एक प्रकार का सर्प, नागकेसर, बीड़ा का पान, हस्तिनापुर, मोथा घास, श्रेष्ठ, (नपुं०) सीसा धातु ।
नागकेसरः (पुं०) नागकेसर वा नागचम्पा पुष्पवृक्ष ।
नागजिह्विका (स्त्री) मैनसिल धातु ।
नागबला (स्त्री) ककही वृक्ष ।
नागर (त्रि०) (रः । री । रम्) चतुर, नगरवासी, (नपुं०) सोंठ, नागरमोथा ।
नागरङ्गः (पुं०) नारङ्गी वृक्ष ।
नागलोकः (पुं०) पाताल ।
नागवल्ली (स्त्री) बीड़ा का पान।
नागसम्भवम् (नपुं०) सेंदुर ।
नागान्तकः (पुं०) गरुड़ पक्षी ।
नाट्यम् (नपुं०) नाचना, ना-

चना गाना बजाना (यह शब्द मिले हुये इन तीनों का वाचक है)।

नाडिकेरः (पुं०) नरियर वृक्ष ।

नाडिन्धमः (पुं०) सोनार ।

नाडी (स्त्री) नाड़ी अर्थात् वात पित्त कफ इत्यादि के विकार को जनाने वाली नस, ६ क्षण, जव इत्यादि वृक्ष की डार ।

नाडीव्रणः (पुं०) नासूर अर्थात् जो घाव सदा बहा करता है ।

नाथवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पराधीन ।

नादः (पुं०) शब्द ।

नादेय (त्रि०) (यः । यी । यम्) नदी से उत्पन्न (जल इत्यादि), (स्त्री) अरणी वा जाही वा टेकार, 'भूमिजम्बू' एक कन्द ।

नाना (अव्यय) अनेक, दोनों, मना करना ।

नान्दी (स्त्री) एक स्तुतिवचनरूप मंगलाचरण (जिसको नाटक के प्रारम्भ में नट वा सूत्रधार पढ़ते हैं) ।

नान्दीकरः (पुं०) नान्दी पढ़ने वाला ।

नान्दीवादिन् (पुं०) (दी) तथा ।

नापितः (पुं०) हज्जाम ।

नाभि (पुं० । स्त्री) (भिः । भिः) नाभि अर्थात् ढोंढ़ी, (पुं०) क्षत्रिय, मुख्य राजा, रथ के चक्र का मध्य, (स्त्री) कस्तूरी ।

नाभिजन्मन् (पुं०) (न्मा) ब्रह्मा ।

नाम (अव्यय) प्रसिद्धि, कोई प्रकार से, क्रोध, द्वेष के सहित अङ्गीकार, निन्दा ।

नामधेयम् (नपुं०) नाम ।

नामन् (नपुं०) (म) तथा ।

नायः (पुं०) नीति ।

नायकः (पुं०) स्वामी, अध्यक्ष, माला के मध्य का मणि वा सुमेर ।

नारकः (पुं०) नरक में पड़ा प्राणी, नरक ।

नारदः (पुं०) नारद ऋषि ।

नाराचः (पुं०) लोहे का बाण ।

नाराची (स्त्री) तौलने का काँटा ।

नारायणः (पुं०) विष्णु ।

नारायणी (स्त्री) महालक्ष्मी, सतावर ओषधी ।

नारिकेलः (पुं०) नरियर वृक्ष । [नारिकेरः] [नालिकेरः] [नारीकेलः] [नारिकेलिः (स्त्री)] [नारीकेली (स्त्री)]

नारी (स्त्री) स्त्री ।

नाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) क-

मल इत्यादि का उठना, (नपुं०) जव इत्यादि की डार ।
नाविकः (पुं०) नाव चलाने वाला वा पतवार पकड़ने वाला ।
नाव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) नाव से पार उतरने के योग्य (नदी इत्यादि) ।
नाशः (पुं०) नाश ।
नासत्यौ, द्विवचन, (पुं०) अश्विनीकुमार ।
नासा (स्त्री) नाक । [नसा] [नस्या]
नासादारु (नपुं०) द्वार के ऊपर भीत का आधारकाष्ठ ।
नासिका (स्त्री) नाक ।
नास्तिकः (पुं०) नास्तिक ।
नास्तिकता (स्त्री) परलोक को न मानना ।
निकट (त्रि०) (टः । टा । टम्) पास की वस्तु ।
निकरः (पुं०) समूह ।
निकर्षणः (पुं०) पुर इत्यादि में गृह इत्यादि के लिये नापा हुवा स्थान ।
निकषः (पुं०) कसौटी ।
निकषा (अव्यय) समीप ।
निकषात्मजः (पुं०) राक्षस ।
निकामम् (नपुं० । अव्यय) यथेष्ट वा यथेप्सित वा इच्छा के सदृश, अत्यन्त ।
निकायः (पुं०) समूह ।
निकाय्यः (पुं०) घर ।
निकारः (पुं०) अपकार वा बुराई, "उत्कार" में देखो ।
निकारणम् (नपुं०) मार डालना ।
निकुञ्चकः (पुं०) एक नपुवा जो कुडव के $\frac{1}{4}$ के तुल्य है वा मूठ ।
निकुञ्ज (पुं० । नपुं०) (ञ्जः । ञ्जम्) लता का घर ।
निकुम्भः (पुं०) वज्रदन्ती वृक्ष, एक राक्षस का नाम ।
निकुरम्बम् (नपुं०) समूह ।
निकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बहुत धिक्कारा गया = ई, कुटिल हृदय वाला = ली ।
निकृतिः (स्त्री) धूर्तता ।
निकृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) अधम वा नीच ।
निकेतनम् (नपुं०) घर ।
निकोचकः (पुं०) ढेरा वृक्ष ।
निकोठकः (पुं०) तथा ।
निक्वणः (पुं०) भूषण का शब्द ।
निक्वाणः (पुं०) तथा ।
निखिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) सम्पूर्ण वा सब ।

निगड (पुं० । नपुं०) (डः । डम्) बेड़ी जो अपराधी के पैर में डाली जाती है।
निगदः (पुं०) कथन ।
निगमः (पुं०) वेद, नगर, राजधानी, बनियाँ, वाणिज्य वा बनियई ।
निगादः (पुं०) कथन ।
निगारः (पुं०) निगलना ।
निगालः (पुं०) घोड़ों के हंसुली (अङ्ग) और गले के बीच का भाग अर्थात् घण्टा जहाँ बांधा जाता है उसके समीप का स्थान।
निग्रहः (पुं०) दण्ड ।
निघः (पुं०) सब तरफ से समान अर्थात् बराबर चढ़ाव उतार (वृक्षादि), वृत्त, गेंद ।
निघसः (पुं०) भोजन ।
निघासः (पुं०) तथा ।
निघ्न (त्रि०) (घ्नः । घ्ना । घ्नम्) अधीन वा परतन्त्र ।
निचुलः (पुं०) स्थल का बेंत, समुद्रफल ।
निचोलः (पुं०) "प्रच्छदपट" में देखो । [निचुलः]
निज (त्रि०) (जः । जा । जम्) स्वकीय वा अपना = नी, नित्य (कोई वस्तु) ।
नितम्बः (पुं०) स्त्री के कमर का पिछला हिस्सा वा चूतड़, पर्वत का मध्यभाग ।
नितम्बिनी (स्त्री) सुन्दर "नितम्ब" वाली स्त्री ।
नितान्त (त्रि०) (न्तः । न्ता । न्तम्) अतिशयित वस्तु, (नपुं०) अतिशय ।
नित्य (त्रि०) (त्यः । त्या । त्यम्) नित्यपदार्थ (जैसा सन्ध्योपासनादि), (नपुं०) निरन्तर वा हरदम ।
निदाघः (पुं०) जेठ और असाढ़ का ऋतु (ग्रीष्म), पसीना, पसीना का कारण गरमी का ताप
निदानम् (नपुं०) मुख्य कारण वा हेतु ।
निदिग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) समृद्ध वा सम्पन्न वा आढ्य वा धनी ।
निदिग्धिका (स्त्री) भटकटैया लता
निदेशः (पुं०) आज्ञा वा हुक्म ।
निद्रा (स्त्री) नींद वा सूतना ।
निद्राण (त्रि०) (णः । णा । णम्) सूत गया = ई ।
निद्रालु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) जिस का सूतने का स्वभाव है।
निद्रित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

सूतगया = हुई ।

निधन (पुं० । नपुं०) (नः । नम) नाश, (पुं०) ब्रह्मा, (नपुं०) कुल ।

निधिः (पुं०) निधि वा खज़ाना।

निधुवनम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का संयोग वा मैथुन ।

निध्यानम् (नपुं०) देखना, सोचना ।

निध्रम् (नपुं०) खपड़ा वा छान्ही की ओरी । [नीध्रम्]

निनदः (पुं०) शब्द ।

निनादः (पुं०) तथा ।

निन्दा (स्त्री) निन्दा ।

निप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) पानी का घड़ा ।

निपठः (पुं०) पढ़ना ।

निपाठः (पुं०) तथा ।

निपातनम् (नपुं०) गिरा देना ।

निपानम् (नपुं०) कूवाँ के पास का हौद ।

निपुण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चतुर ।

निबन्धः (पुं०) एक प्रकार का रोग जिस से मल और मूत्र का रोध होता है ।

निबन्धनम् (नपुं०) कारण वा हेतु, वीणा में जहाँ तार बांधा जाता है उसके ऊपर का भाग।

निबर्हणम् (नपुं०) मार डालना।

निभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) "प्रतीकाश" में देखो ।

निभृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) छिपा हुवा = हुई, नम्रतायुक्त।

निमयः (पुं०) किसी वस्तु से किसी वस्तु का बदल बदल करना ।

निमित्तम् (नपुं०) हेतु, चिह्न ।

निमेषः (पुं०) पलक भाँजना ।

निम्न (त्रि०) (म्नः । म्ना । म्नम्) गहिरा वा नीचा ।

निम्नगा (स्त्री) नदी ।

निम्बः (पुं०) नीम वृक्ष ।

निम्बतरुः (पुं०) बकाइन वृक्ष, नीम वृक्ष ।

नियतिः (स्त्री) नियम, भाग्य ।

नियन्तृ (पुं०) (न्ता) सारथी, अध्यक्ष वा स्वामी ।

नियमः (पुं०) जो कर्म वा क्रिया शरीर के बाह्य वस्तु से साध्य हो (यह पाँच प्रकार का है,—शौच वा सफाई, सन्तोष, तपस्या, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान [ईश्वर में चित्त लगाना]), अङ्गीकार, व्रत ।

नियामकः (पुं०) बड़ी नाव का चलाने वाला, अध्यक्ष वा सरदार

नियुतम् (नपुं०) एक लाख ।
नियुद्धम् (नपुं०) बाहुयुद्ध अर्थात् कुश्ती ।
नियोज्य (त्रि०) (ज्यः । ज्या । ज्यम्) दास वा नौकर ।
निरन्तर (त्रि०) (रः । रा । रम्) निरन्तर वा गझिन वस्तु, नित्य वा हरदम (क्रियाविशेषण में)।
निरयः (पुं०) नरक वा दुर्गति।
निरर्गल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बन्धनरहित ।
निरर्थक (त्रि०) (कः । का । कम्) व्यर्थ वा निष्प्रयोजन ।
निरवग्रह (त्रि०) (हः । हा । हम्) स्वतन्त्र ।
निरसनम् (नपुं०) निराकरण करना वा नकारना वा अङ्गीकार न करना, थूकना ।
निरस्त (त्रि०) (स्तः स्ता । स्तम्) "प्रत्यादिष्ट" में देखो, चलाया गया वा फेंका गया = ई (बाण इत्यादि), थूका गया = ई, (नपुं०) जल्दी बोलना ।
निराकरिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) निषेध वा मना करने वाला = ली वा नकारने वाला = ली ।
निराकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) "प्रत्यादिष्ट" में देखो ।
निराकृतिः (पुं० । स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) अपने शाखा के वेद के अध्ययन से रहित, (स्त्री) निराकरण करना वा नकारना वा अङ्गीकार न करना ।
निरामय (त्रि०) (यः । या । यम्) रोगरहित ।
निरीशम (नपुं०) फार अर्थात् हल के नीचे का काठ जिसमें लोहा लगा रहता है । [निरीषम्]
निरुक्तम् (नपुं०) एक वेदाङ्ग, व्याख्या वा टीका ।
निरोधः (पुं०) दण्ड ।
निर् (अव्यय) निश्चय, निषेध ।
निर्ऋतिः (पुं०। स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) नैर्ऋत्य कोण का स्वामी (दिक्पाल), (स्त्री) दारिद्र्य ।
निर्गुण्डी (स्त्री) म्योड़ी वृक्ष, नेवारी पुष्पवृक्ष । [निर्गुण्टी]
निर्ग्रन्थनम् (नपुं०) वध अर्थात् मार डालना ।
निर्घोषः (पुं०) शब्द ।
निर्जरः (पुं०) देवता ।
निर्झरः (पुं०) झरना, प्रवाह ।
निर्झरिणी (स्त्री) नदी ।
निर्णयः (पुं०) निश्चय ।

निर्णिक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) धोया गया वा मलरहित किया गया = हुई ।

निर्णेजकः (पुं०) धोबी ।

निर्देशः (पुं०) आज्ञा वा हुक्म । [निदेशः]

निर्भर (त्रि०) (रः । रा । रम्) अतिशयित वा उत्कृष्ट वा श्रेष्ठ, (नपुं०) अतिशय ।

निर्मद (त्रि०) (दः । दा । दम) अहङ्काररहित, (पुं०) वह हाथी जिस का मदजल निकल गया है ।

निर्मुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) बन्धन से छूट गया = हुई. (पुं०) वह सर्प जिस ने केंचुल छोड़ दी है ।

निर्मोकः (पुं०) सर्पादिक की केंचुल।

निर्याणम् (नपुं०) निकल जाना, हाथी के आँखों के कोने ।

निर्यातनम (नपुं०) वैर का बदला लेना, दान, जिसकी धरोहर हो उसको वह दे देना ।

निर्यासः (पुं०) काढ़ा, गोंद ।

निर्वपणम् (नपुं०) दान ।

निर्वर्णनम् (नपुं०) देखना वा निगाह करना ।

निर्वहणम् (नपुं०) नाट्य में सुखादि ५ सन्धियों में का पाँचवाँ सन्धि, निर्वाह का होना वा करना

निर्वाण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (पुं०) निर्मुक्त भया (मुनि), ठण्ढा भया (अग्नि), पानी में डूबा (हाथी), (नपुं०) मोक्ष ।

निर्वात (त्रि०) (तः । ता । तम्) वायुरहित स्थल, (पुं०) वह वायु जो निकल गया है ।

निर्वादः (पुं०) निन्दा, निश्चित वाद ।

निर्वापणम् (नपुं०) मार डालना।

निर्वार्य (त्रि०) (र्यः । र्या । र्यम्) सत्त्वसम्पत्ति से युक्त हो कर कार्य करनेवाला (सत्त्व—दुःख में भी मन का न डगना) । [निर्वार्य]

निर्वासनम् (नपुं०) निकाल देना, मार डालना ।

निर्वृत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) सिद्ध भया = हुई वा पूरा हुआ = हुई ।

निर्वेशः (पुं०) उपभोग, मजदूरी।

निर्व्यथनम (नपुं०) छिद्र, अत्यन्त पीड़ा ।

निर्व्यूहः (पुं०) खूंटी, शिरोवेष्टन (पगड़ी सिरपेंच इत्यादि),

द्वार, काढ़ा ।

निर्हारः (पुं०) धंसे हुये बाण इत्यादि का निकालना ।

निर्हारिन् (पुं०) (री) दूर तक जाने वाला गन्ध ।

निर्ह्रादः (पुं०) शब्द ।

निलयः (पुं०) घर ।

निवहः (पुं०) समूह ।

निवात (त्रि०) (तः । ता । तम्) वायुरहित स्थान, (पुं०) निवास, शस्त्रों से अभेद्य कवच ।

निवापः (पुं०) सपिण्डदान के बाद पितृ के उद्देश से दान ।

निवीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) वस्त्र से लपेटा = टी, (नपुं०) माला की नाईं पहिरी हुई जनेऊ ।

निवृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) चारो ओर से घेरा = री ।

निवेशः (पुं०) आगन्तुक सैन्य के रहने का स्थान, टिकान ।

निशा (स्त्री) रात्रि, हरदी ।

निशाख्या (स्त्री) तथा ।

निशाटनः (पुं०) उल्लू पक्षी, राक्षस ।

निशात (त्रि०) (तः । ता । तम्) सान रक्खा हुआ = ई (छूरी इत्यादि शस्त्र) । [निशित]

निशान्तम् (नपुं०) घर ।

निशापतिः (पुं०) चन्द्रमा ।

निशारणम् (नपुं०) मार डालना ।

निशाह्वा (स्त्री) हरदी ।

निशित (त्रि०) (तः । ता तम्) "निशात" में देखो ।

निशीथः (पुं०) आधीरात ।

निशीथिनी (स्त्री) रात्रि ।

निश्चयः (पुं०) निश्चय ।

निःशलाक (त्रि०) (कः । का । कम्) एकान्त स्थान ।

निःशेष (त्रि०) (षः । षा । षम्) समग्र वा सम्पूर्ण ।

निःशोध्य (त्रि०) (ध्यः । ध्या । ध्यम्) मलरहित करने के योग्य, मलरहित किई वस्तु ।

निःश्रेणिः (स्त्री) काठ इत्यादि की सीढ़ी । [निःश्रेणिका]

निःश्रेयसम् (नपुं०) मोक्ष वा मुक्ति ।

निषङ्गः (पुं०) तरकस अर्थात् बाण का घर ।

निषङ्गिन् (पुं०) (ङ्गी) तरकस वाला वा धनुर्धर ।

निषद्या (स्त्री) हाट वा बाज़ार ।

निषद्वरः (पुं०) चहला वा कीचड़ ।

निषधः (पुं०) एक पर्वत, एक देश ।

निषादः (पुं०) सात स्वरों में से

एक स्वर (जैसा हाथी बोलता है), चण्डाल के सदृश एक नीच जाति ।

निषादिन् (पुं०) (दी) हाथीवान् ।

निषूदन (त्रि०) (नः । नी । नम्) मारने वाला = ली, (नपुं०) मार डालना । [निसूदन]

निष्कः (पुं०) सोना, गले का एक प्रकार का गहना, पल भर सोना, एक प्रकार का रुपया (जो कि १६ चव्वी भर होता है और पूर्व काल में चलता था), १०८ कर्ष भर सोना (८० घुंघुची का एक कर्ष और ४ कर्ष का एक पल होता है)।

निष्कला (स्त्री) वह स्त्री जिस का रजोधर्म्म नष्ट हो गया है। [निष्कला]

निष्कासित (त्रि०) (तः । ता । तम्) निकाला गया = ई ।

निष्कुटः (पुं०) घर का उपवन अर्थात् नजरबाग ।

निष्कुटि (स्त्री) (टिः—टी) इलायची ।

निष्कुहः (पुं०) "कोटर" में देखो

निष्क्रमः (पुं०) बुद्धि का सामर्थ्य, निकलना ।

निष्क्रामित (त्रि०) (तः । ता । तम्) निकाला गया = ई ।

निष्ठा (स्त्री) नाट्य का पञ्चम सन्धि, सिद्धि, अदर्शन वा न देख पड़ना, प्रध्वंस वा नाश, स्थिति।

निष्ठानम् (नपुं०) कढ़ी, खखारना वा ठनकना ।

निष्ठीवनम् (नपुं०) थूकना ।

निष्ठुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) कठोर ।

निष्ठेवः (पुं०) थूकना ।

निष्ठेवनम् (नपुं०) तथा ।

निष्ठ्यूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) थूक दिया गया = ई, प्रेरित, फेंक दिया गया = ई ।

निष्ठ्यूतिः (स्त्री) थूकना, प्रेरणा, फेंकना ।

निष्णात (त्रि०) (तः । ता । तम्) निपुण वा कुशल वा चतुर ।

निष्पक्व (त्रि०) (क्वः । क्वा । क्वम्) अच्छी तरह से पकाया गया (काढ़ा इत्यादि) ।

निष्पन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) सिद्ध भया = ई ।

निष्पावः (पुं०) धान इत्यादि अन्नों को पछोड़ने इत्यादि से साफ करना ।

निष्प्रभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) प्रकाशहीन ।

निष्प्रवाणि (त्रि०) (णिः। णिः। णि) कोरा कपड़ा।
निष्षमम् (नपुं०) निन्द्य (क्रियाविशेषण में)।
निसर्गः (पुं०) स्वभाव।
निसृष्ट (त्रि०) (ष्टः। ष्टा। ष्टम्) त्याग किया गया=ई, फेंका गया=ई।
निस्तर्हणम् (नपुं०) मार डालना।
निस्तल (त्रि०) (लः। ला। लम्) गोल वस्तु।
निस्त्रिंशः (पुं०) तलवार।
निस्रावः (पुं०) भात का माँड़।
निस्वनः (पुं०) शब्द।
निस्वानः (पुं०) तथा।
निस्सरणम् (नपुं०) निकलने पैठने का मार्ग, निकलना।
निस्स्व (त्रि०) (स्स्वः। स्स्वा। स्स्वम्) दरिद्र।
निहननम् (नपुं०) मार डालना।
निहाका (स्त्री) गोह जन्तु।
निहिंसनम् (नपुं०) मार डालना।
निहीन (त्रि०) (नः। ना। नम्) नीच वा अधम।
निह्नवः (पुं०) अविश्वास, झूठ बोलना, धूर्तपन।
नीकाशः (पुं०) "प्रतीकाश" में देखो।
नीच (त्रि०) (चः। चा। चम्) नीच वा अधम, नीचा स्थान, नाटा=टी।
नीचैस् (अव्यय) (चैः) थोड़ा, धीरे, निचाई, नीचा।
नीड (पुं०। नपुं०) (डः। डम्) खोंता वा पक्षियों का घर।
नीडोद्भवः (पुं०) पक्षी।
नीध्रम् (नपुं०) "निध्र" में देखो।
नीपः (पुं०) कदम वृक्ष।
नीरम् (नपुं०) जल।
नील (त्रि०) (लः। ला। लम्) काले रङ्ग की वस्तु, (पुं०) काला रङ्ग, एक निधि।
नीलकण्ठः (पुं०) शिव, एक पक्षी, मोर पक्षी।
नीलङ्गुः (पुं०) "कृमि" में देखो।
नीललोहितः (पुं०) शिव।
नीला (स्त्री) मक्खी।
नीलाम्बर (त्रि०) (रः। रा। रम्) काले कपड़े वाला=ली, (पु०) बलदेव (कृष्ण के भाई), (नपुं०) काला कपड़ा।
नीलाम्बुजन्मन् (नपुं०) (न्म) नील कमल।
नीलिका (स्त्री) नेवारी पुष्पवृक्ष।
नीलिनी (स्त्री) नील।
नीली (स्त्री) तथा, काली गैया।

नीवाकः (पुं०) धन धान्य इत्यादि वस्तुओं में आदर की अधिकाई ।

नीवारः (पुं०) तिन्नी का चावल ।

नीवि (स्त्री) (विः—वी) स्त्रियों की फुफती अर्थात् वस्त्र का आगे का बन्धन जो नाभी के पास बंधा रहता है, मूलधन ।

नीवृत् (पुं०) जनों के रहने का स्थान वा देश ।

नीशारः (पुं०) ओढ़नें की रजाई ।

नीहारः (पुं०) हिम वा पाला, कुहिरा वा कुहेसा ।

नु (अव्यय) प्रश्न, विकल्प ।

नुतिः (स्त्री) स्तुति ।

नुत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) प्रेरित ।

नुन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) तथा

नूतन (त्रि०) (नः । ना । नम्) नया = ई ।

नूत्न (त्रि०) (त्नः । त्ना । त्नम्) तथा ।

नूदः (पुं०) तून वृक्ष ।

नूनम् (अव्यय) तर्क, किसी बात का निश्चय ।

नूपुर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) "मञ्जीर" में देखो ।

नृ (पुं०) (ना) मनुष्यजाति में पुरुष वा जातिमात्र में पुरुष ।

नृत्यम् (नपुं०) नाच, नाचना गाना बजाना (यह शब्द मिले हुए इन तीनों का वाचक है)

नृपः (पुं०) राजा ।

नृपलक्ष्मन् (नपुं०) (क्ष्म) राजा का छत्र ।

नृपसभम् (नपुं०) राजा की सभा ।

नृशंस (त्रि०) (सः । सा । सम्) घात करने वाला = ली, क्रूर वा दुष्ट, परद्रोह करने वाला = ली

नृसेनम् (नपुं०) मनुष्यों की सेना [नृसेना]

नेतृ (पुं०) (ता) पहुचाने वाला, प्रभु वा स्वामी ।

नेत्रम् (नपुं०) आँख, चीन का कपड़ा, जटा ।

नेत्राम्बु (नपुं०) आँसू ।

नेदिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त पास वाला = ली ।

नेपथ्यम् (नपुं०) "आकल्प" में देखो, नाटक में सवाँगों के बनने का स्थान जो पर्दा से ढंका रहता है ।

नेमि (पुं० । स्त्री) (मिः । मिः—मी) गराड़ी, रथ के पहिए का वह भाग जो कि भूमि को छूता है, वञ्जुल एक प्रकार का वृक्ष ।

नैकभेद (त्रि०) (दः । दा । दम्)

अद्भुत प्रकार की वस्तु ।
नैगम (त्रि०) (मः । मी । मम्) वेदसम्बन्धि वस्तु, नगर का रहने वाला = ली, (पुं०) बनियाँ, उपनिषत् ।
नैचिकी (स्त्री) उत्तम गैया । [निचिकी]
नैपाली (स्त्री) नैपाल की मैनसिल
नैमेयः (पुं०) किसी वस्तु का अदला बदला ।
नैयग्रोधम् (नपुं०) बड़ वृक्ष का फल ।
नैयायिकः (पुं०) न्यायशास्त्र का जानने वाला ।
नैर्ऋतः (पुं०) राक्षस, नैर्ऋत्य कोण का स्वामी (दिक्पाल) ।
नैर्ऋतीपतिः (पुं०) नैर्ऋत्य कोण का स्वामी (दिक्पाल) ।
नैष्किकः (पुं०) चाँदी का अध्यक्ष वा स्वामी ।
नैस्त्रिंशिकः (पुं०) खड्गधारी ।
नो (अव्यय) नहीं ।
नौः (स्त्री) नाव ।
नौकादण्डः (पुं०) नाव खेवने का डाँड़ा ।
न्यक् (अव्यय) धिक्कार, ह्रस्व वा नाटा ।
न्यक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) निकृष्ट वा नीच, (नपुं०) असम्पूर्णता ।
न्यग्रोधः (पुं०) बड़ वृक्ष, अंकवार ।
न्यग्रोधी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी ।
न्यङ्कुः (पुं०) एक प्रकार का मृग ।
न्यञ्च् (त्रि०) (न्यङ् । नीची । न्यक्) ह्रस्व वा नाटा = टी, अधोमुख, (नपुं०) यज्ञ में एक पात्र ।
न्यस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) त्याग किया गया = ई, फेंका गया = ई ।
न्यादः (पुं०) भोजन ।
न्यायः (पुं०) नीति वा न्याय ।
न्याय्य (त्रि०) (य्यः । य्या । य्यम्) न्याय के सदृश वा न्याय के अनुसार ।
न्यासः (पुं०) धरोहर रखना, स्थापन करना ।
न्युब्ज (त्रि०) (ब्जः । ब्जा । ब्जम्) वह प्राणी जिसकी कमर रोग से लचक गई और उसी कारण मुह नीचे हो गया हो ।
न्यूङ्खः (पुं०) अच्छे प्रकार से, मनोहर, सामवेद के ६ प्रकार के ओङ्कार । [न्युङ्खः]
न्यून (त्रि०) (नः । ना । नम्) थोड़ा = ड़ी, निन्दनीय ।

—***—

(प)

पः (पुं०) कुबेर, पश्चिम, वायु, पीना, पीनेवाला ।

पक्कण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) भिल्लों का गाँव ।

पक्व (त्रि०) (क्वः । क्वा । क्वम्) पका हुआ (फल इत्यादि), पकाया गया=ई, वह वस्तु जो कि नाश होने पर है ।

पक्षः (पुं०) पक्षियों का पङ्ख, आधा महीना, सहाय, शरीर की अलग बगल की पंसुली, घर, साध्य वा साधने के योग्य वस्तु, विरोध वा वैर, बल, मित्र, चूल्हा का छेद, बड़ा हाथी, निकट, (यह शब्द जब केश शब्द के आगे रहता है तब इसका अर्थ समूह होता है, जैसे,—केशपक्षः—बालों का समूह) ।

पक्षक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) खिड़की, शरीर के दोनों पाँजर।

पक्षतिः (स्त्री) पड़िवा तिथि, पङ्ख की जड़ अर्थात् जहाँ पङ्ख लगा रहता है ।

पक्षद्वारम् (नपुं०) खिड़की ।

पक्षभागः (पुं०) हाथियों के पाँजर ।

पक्षान्तः (पुं०) पौर्णिमा वा अमावास्या तिथि, पक्ष का अन्त ।

पक्षिणी (स्त्री) पक्षी की स्त्री, वर्तमान और आने वाले दिन से संयुक्त रात्रि ।

पक्षिन् (पुं०) (क्षी) चिड़िया ।

पक्ष्मन् (नपुं०) (क्ष्म) आँख की पपनी, केसर, सूत इत्यादि का अत्यन्त सूक्ष्म भाग ।

पङ्क (पुं० । नपुं०) (ङ्कः । ङ्कम्) चहला वा कीचड़, पाप ।

पङ्किल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चहला वा कीचड़ से भरा हुआ स्थान ।

पङ्केरुहम् (नपुं०) कमल ।

पङ्क्तिः (स्त्री) पाँती, समूह दस (सङ्ख्या), दस अक्षर के पाद का छन्द ।

पङ्गु (त्रि०) (ङ्गुः । ङ्गुः । ङ्गु) पङ्गुल वा लङ्गरहित ।

पचम्पचा (स्त्री) दारुहरदी ।

पचम्बचा (स्त्री) तथा ।

पचा (स्त्री) पकावना ।

पञ्चजनः (पुं०) पुरुष (मनुष्य जाति में) ।

पञ्चता (स्त्री) मरण ।

पञ्चत्वम् (नपुं०) तथा ।

पञ्चनखः (पुं०) सिंह ।

पञ्चन्, बहुवचन (त्रि०) (ञ्च । ञ्च । ञ्च) पाँच (कोई वस्तु), (नपुं०) पाँच (सङ्ख्या)।
पञ्चम (त्रि०) (मः । मी । मम्) पाँचवाँ = वीँ, (पुं०) पञ्चम स्वर (जैसा वसन्त में कोकिल बोलता है), (स्त्री) पञ्चमी तिथि
पञ्चशरः (पुं०) कामदेव ।
पञ्चशाखः (पुं०) हाथ ।
पञ्चाङ्गुलः (पुं०) रेंड़ वृक्ष ।
पञ्चास्यः (पुं०) सिंह (एक वनपशु)
पञ्जिका (स्त्री) सम्पूर्ण पदों की व्याख्या ।
पट (पुं० । नपुं०) (टः । टम्) वस्त्र, (पुं०) प्यारमेवा वा चिरौंजी का वृक्ष ।
पटकुटी (स्त्री) वस्त्र का घर वा तम्बू ।
पटच्चरम् (नपुं०) जीर्ण वा पुराना वस्त्र ।
पटल (स्त्री । नपुं०) (ली । लम्) समूह, (नपुं०) खपड़ा वा छान्ही, एक नेत्ररोग ।
पटलप्रान्तम् (नपुं०) खपड़ा वा छान्ही की ओरी ।
पटवासकः (पुं०) बुक्का ।
पटह (पुं० । नपुं०) (हः । हम्) युद्ध का नगाड़ा ।
पटु (त्रि०) (टुः । ट्वी—टुः । टु) समर्थ, चतुर, आलस्यरहित वा फुरतीला, बुद्धिमान्, नीरोग, (पुं०) परवर तरकारी ।
पटुपर्णी (स्त्री) मकोय वृक्ष ।
पटोलः (पुं०) परवर तरकारी ।
पटोलिका (स्त्री) चिचिड़ा तरकारी ।
पट्टः (पुं०) पीढ़ा, चौमोहानी, पट्टी, सील, राजशासनविशेष ।
पट्टिकाख्यः (पुं०) लाल लोध ।
पट्टिन् (पुं०) (ट्टी) तथा ।
पट्टिशः (पुं०) पटा (एक हथियार) ।
पणः (पुं०) कर्ष भर ताँबा अर्थात् पैसा, मजूरी वा तलब, जूआ, दाँव (जो कि जूआ में लगाया जाता है), मूल्य वा दाम ।
पणव (पुं० । स्त्री) (वः । वा) ढोलक बाजा ।
पणायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) व्यवहार में लाया गया = ई, कहा गया = ई वा स्तुति किया गया = ई । [पनायित]
पणित (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा । [पनित]
पणितव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) बेचने के योग्य ।

पण्डः (पुं०) नपुंसक वा हिंजड़ा ।
पण्डा (स्त्री) भले बुरे का विचार करने वाली बुद्धि ।
पण्डितः (पुं०) पण्डित ।
पण्डितम्मन्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) अपने को पण्डित समझने वाला=लो ।
पण्य (त्रि०) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) बेंचने के योग्य ।
पण्यवीथिका (स्त्री) बाज़ार की रस्ता ।
पण्या (स्त्री) मालकांगुनी ओषधी ।
पण्याजीवः (पुं०) बनियाँ ।
पतगः (पुं०) पक्षी ।
पतङ्गः (पुं०) पखियारी (एक प्रकार के कीड़े जो उड़कर दीया में गिरते हैं), पक्षी, सूर्य्य ।
पतङ्गिका (स्त्री) एक प्रकार की छोटी मधुमक्खी ।
पतत् (त्रि०) (तन् । न्ती । त्) गिरता हुआ, (पुं०) पक्षी ।
पतत्रम् (नपुं०) पक्षियों का पङ्ख ।
पतत्त्रिः (पुं०) पक्षी ।
पतत्रिन् (पुं०) (त्री) पक्षी, बाण ।
पतद्ग्रहः (पुं०) पिकदानी ।
पतयालु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) जिसका गिरने का स्वभाव है ।
पताका (स्त्री) पताका वा ध्वजा ।
पताकिन् (पुं०) (की) पताका वाला ।
पतिः (पुं०) स्वामी ।
पतिवत्नी (स्त्री) जिसका पति जीता है ऐसी स्त्री ।
पतिव्रता (स्त्री) पतिव्रता स्त्री ।
पतिंवरा (स्त्री) वह कन्या जो अपनी इच्छा से पति को बरै ।
पत्तनम् (नपुं०) नगर वा पुर ।
पत्तिः (पुं० । स्त्री) (त्तिः । त्तिः) (पुं०) पैदल, (स्त्री) गमन वा चलना, वह सेना जिसमें १ हाथी १ रथ ३ घोड़े और ५ पैदल रहते हैं ।
पत्नी (स्त्री) विवाहिता स्त्री ।
पत्रम् (नपुं०) पत्ता, पङ्ख, सवारी (घोड़ा हाथी इत्यादि) ।
पत्रपरशुः (पुं०) "व्रश्चन" में देखो ।
पत्रपाश्या (स्त्री) बन्दी बेना इत्यादि ललाट का भूषण ।
पत्ररथः (पुं०) पक्षी ।
पत्रलेखा (स्त्री) स्त्रियों के स्तन पर वा गाल पर कस्तूरी चन्दन इत्यादि से की हुई चित्रकारी ।
पत्राङ्गम् (नपुं०) रक्त चन्दन, रक्तसार (रक्त चन्दन के सदृश एक लकड़ी) ।

पत्राङ्गुलिः (स्त्री) "पत्रलेखा" में देखो ।
पत्रिन् (पुं०) (त्री) पक्षी, बाज पक्षी, बाण ।
पत्रोर्ण (पुं० । नपुं०) (र्णः । र्णम्) धोये रेसम का कपड़ा, (पुं०) सोनापाढ़ा ।
पथिकः (पुं०) राह चलने वाला ।
पथिन् (पुं०) (न्थाः) मार्ग वा रास्ता ।
पथ्या (स्त्री) हरें ।
पदः (पुं०) पैर, पहिला दाँत ।
पदम् (नपुं०) व्यवसाय, रक्षा, स्थान, चिह्न, चरण, वस्तु ।
पदगः (पुं०) पैदल ।
पदवी (स्त्री) रस्ता ।
पदाजिः (पुं०) पैदल ।
पदातः (पुं०) तथा ।
पदातिः (पुं०) तथा ।
पदातिकः (पुं०) तथा ।
पदिकः (पुं०) तथा ।
पद् (पुं०) (त्—द्) पैर वा चरण, पहिला दाँत ।
पन्नः (पुं०) पैदल ।
पद्धतिः (स्त्री) पगडण्डी ।
पद्म (पुं० । नपुं०) (द्मः । द्मम्) कमल, (पुं०) एक निधि ।
पद्मकम् (नपुं०) हाथियों के देह पर के लाल २ बिन्दु जो कि जवानी में उत्पन्न होते हैं ।
पद्मचारिणी (स्त्री) माक अन्न ।
पद्मनाभः (पुं०) विष्णु ।
पद्मपत्रम् (नपुं०) पुष्करमूल वा कमल की जड़ ।
पद्मरागः (पुं०) लाल (एक मणि) ।
पद्मवर्णम् (नपुं०) पुष्करमूल वा कमल की जड़ ।
पद्मा (स्त्री) लक्ष्मी, ब्रह्मदण्डी ओषधी, माक अन्न ।
पद्माकरः (पुं०) वह जलाशय जिस में कमल लगे हैं ।
पद्माक्षः (पुं०) सूर्य्य ।
पद्माटः (पुं०) चकवड़ ओषधी ।
पद्मालया (स्त्री) लक्ष्मी ।
पद्मिनी (स्त्री) कमलिनी, पद्मिनी (स्त्रीविशेष) ।
पद्मिन् (पुं०) (द्मी) हाथी ।
पद्यम् (नपुं०) श्लोक ।
पद्या (स्त्री) मार्ग वा रस्ता ।
पनसः (पुं०) कटहर तरकारी । [पणसः]
पनायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) "पणायित" में देखो ।
पनित (त्रि०) (तः । ता । तम्) तथा ।
पन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्)

च्युत वा गिर पड़ा = ड़ी ।
पन्नगः (पुं०) सर्प ।
पन्नगाशनः (पुं०) गरुड़ पक्षी ।
पयस् (नपुं०) (यः) पानी, दूध ।
पयस्य (त्रि०) (स्यः । स्या । स्यम्) दूध से बनी वस्तु (घी दही इत्यादि) ।
पयोधरः (पुं०) स्तन, मेघ ।
पर (त्रि०) (रः । रा । रम्) पराया = यी (वस्तु), अन्य वा दूसरा = री, दूर, उत्तम वा श्रेष्ठ, (पुं०) शत्रु, (नपुं०) केवल, अनन्तर ।
परजात (त्रि०) (तः । ता । तम्) अन्य से वा शत्रु से पैदा भया = ई ।
परतन्त्र (त्रि०) (न्त्रः । न्त्रा । न्त्रम्) पराधीन ।
परपिण्डाद (त्रि०) (दः । दा । दम्) दूसरे के अन्न से जीने वाला = ली ।
परभृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) अन्य वा दूसरे से पाला गया, = ई (पुं० । स्त्री) कोकिल पक्षी ।
परभृत् (पुं०) कोकिल पक्षी, अन्य वा दूसरे का पालने वाला ।
परम (त्रि०) (मः । मा । मम्) उत्कृष्ट वा उत्तम, (नपुं०) अङ्गीकार वा हामी भरना ।
परमम् (अव्यय) अङ्गीकार वा हामी भरना ।
परमान्नम् (नपुं०) खीर वा जाउर ।
परमेष्ठिन् (पुं०) (ष्ठी) ब्रह्मा ।
परम्पराकम् (नपुं०) यज्ञ के पशु को मारना ।
परवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) पराधीन वा परवश वा परतन्त्र ।
परशुः (पुं०) कुल्हाड़ी ।
परश्वधः (पुं०) तथा । [परस्वधः]
परश्वस् (अव्यय) (श्वः) परसों (आने वाला) ।
परश्शत, बहुवचन (त्रि०) (तः । ता । तम्) जिन की सङ्ख्या १०० से अधिक है ।
परस्परपराहत (त्रि०) (तः । ता । तम्) विरुद्ध बोलना (जैसे,— 'मेरी माता वन्ध्या' इत्यादि) ।
परस्सहस्र (त्रि०) (स्राः । स्राः । स्राणि) जिन की संख्या १००० से अधिक है ।
पराक्रमः (पुं०) पराक्रम वा शूरता, उद्योग ।
परागः (पुं०) धूल, पुष्पधूली, बाल का मसाला ।
पराङ्मुख (त्रि०) (खः । खी । खम्)

जिस ने पीछे मुख फेर लिया है

पराचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दूसरे से बढ़ाया वा पाला गया = ई ।

पराचीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) जिस ने पीछे मुख फेर लिया है

पराजयः (पुं०) पराजय वा हार ।

पराजित (त्रि०) (तः । ता । तम्) जीता गया = ई वा हराया गया = ई, दूसरे से बढ़ाया गया = ई ।

पराधीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) पराधीन वा परवश वा परतन्त्र।

परान्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) दूसरे के अन्न से जीने वाला = ली

पराभूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) जीता गया = ई ।

परायण (त्रि०) (णः । णा । णम्) तत्पर वा आसक्त, (नपुं०) तत्परता वा आसक्ति ।

परारि (अव्यय) वर्तमान वर्ष के पूर्व का तृतीय वर्ष जिस को 'परियार' कहते हैं ।

परार्द्ध्य (त्रि०) (र्द्ध्यः । र्द्ध्या । र्द्ध्यम्) अति श्रेष्ठ वा अति उत्तम, प्रधान वा मुख्य, (नपुं०) सङ्ख अर्थात् अन्तिम सङ्ख्या । (१०००००००००००००००००)

परासनम् (नपुं०) मार डालना।

परासु (त्रि०) (सुः । सुः । सु) मर गया = ई ।

परास्कन्दिन् (पुं०) (न्दी) चोर।

परि, उपसर्ग (अव्यय) चारो ओर से (इस का प्रयोग धातु के सङ्ग में होता है) ।

परिकरः (पुं०) समूह, विवेक, आरम्भ, कमरबन्ध, खटिया, परिवार वा कुटुम्ब ।

परिकर्मन् (नपुं०) (र्म) केसर इत्यादि से शरीर का संस्कार वा उबटना ।

परिक्रमः (पुं०) प्रदक्षिणा करना, पैर से चलना ।

परिक्रिया (स्त्री) परिजनादिकों से घेरा जाना ।

परिक्षिप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) घेरा हुवा = ई ।

परिखा (स्त्री) किला के चारो ओर की खाँई ।

परिग्रहः (पुं०) पत्नी, परिवार, अङ्गीकार, वृक्षादि की जड़, शाप ।

परिघः (पुं०) बेंवड़ा, चारो ओर से मारना, एक प्रकार का योग, लोहाँगी ।

परिघातनः (पुं०) लोहाँगी ।

परिचयः (पुं॰) परिचय वा जानपहिचान ।
परिचरः (पुं॰) "परिधिस्थ" में देखो ।
परिचर्या (स्त्री) उपासना वा सेवा ।
परिचाय्यः (पुं॰) यज्ञ में अग्नि का कोई एक स्थानविशेष, उस स्थान पर का अग्नि ।
परिचारकः (पुं॰) दास वा टहलुवा ।
परिजनः (पुं॰) नौकर चाकर इत्यादि आत्मसम्बन्धी जन ।
परिझङ्कारः (पुं॰) चारो ओर से 'झन्' 'झन्' ऐसा शब्द का होना ।
परिणत (त्रि॰) (तः । ता । तम्) पक गया = ई ।
परिणयः (पुं॰) विवाह ।
परिणामः (पुं॰) किसी वस्तु का बदल कर दूसरा हो जाना (जैसा दूध वा दही का परिणाम मक्खन) ।
परिणायः (पुं॰) गोटियों का इधर उधर चलाना ।
परिणाहः (पुं॰) विशालता वा बड़ाई, वस्त्र इत्यादि का पनहाँ ।
परितस् (अव्यय) (तः) चारो ओर
परित्राणम् (नपुं॰) रक्षा ।
परिदानम् (नपुं॰) कोई वस्तु का अदल बदल करना ।
परिदेवनम् (नपुं॰) पछतावा का बोलना वा कलपना ।
परिधानम् (नपुं॰) धोती इत्यादि नाभी के नीचे पहिरने का वस्त्र ।
परिधिः (पुं॰) वृत्त की परिधि वा गोलाई, सूर्य्य वा चन्द्र के चारो ओर का मण्डल, पलाश इत्यादि यज्ञ के वृक्षों की शाखा
परिधिस्थः (पुं॰) सेनारक्षक के चारो ओर घूमने वाला ।
परिपणः (पुं॰) मूल धन ।
परिपन्थिन् (पुं॰) (न्थी) शत्रु ।
परिपाटी (स्त्री) क्रम ।
परिपूर्णता (स्त्री) परिपूर्णता ।
परिपेलवम् (नपुं॰) मोथा घास ।
परिप्लुत (त्रि॰) (वः । वा । वम्) चञ्चल वा अस्थिर ।
परिबर्हः (पुं॰) राजा का छत्र चामर इत्यादि चिह्न, सामग्री ।
परिभवः (पुं॰) तिरस्कार वा अनादर ।
परिभावः (पुं॰) तथा ।
परिभाषणम् (नपुं॰) ठट्ठा करना, निन्दा के सहित तिरस्कार करना वा धिक्कारना ।
परिभूत (त्रि॰) (तः । ता । तम्)

अनादर किया गया वा अपमान किया गया = ई ।
परिमलः (पुं॰) मर्दन से उत्पन्न भया मनोहर गन्ध, केसर इत्यादि का मर्दन ।
परिरम्भः (पुं॰) आलिङ्गन । [परीरम्भः]
परिवर्जनम् (नपुं॰) मार डालना ।
परिवर्तः (पुं॰) अदल बदल करना वा उलट पलट करना । [परीवर्तः]
परिवादः (पुं॰) लोकापवाद, निन्दा। [परीवादः]
परिवादिनी (स्त्री) सात तार की वीणा ।
परिवापित (त्रि॰) (तः । ता । तम्) मुण्डित, मुड़ाया गया = ई ।
परिवाहः (पुं॰) जल का प्रवाह । [परीवाहः]
परिवित्तिः (पुं॰) "परिवेत्ता" का बड़ा भाई ।
परिवृढः (पुं॰) स्वामी ।
परिवेत्तृ (पुं॰) (त्ता) जेठे भाई के विवाह भये बिना वा उस के अग्निहोत्र लिये बिना अपना विवाह अथवा अग्निहोत्र कर लेने वाला छोटा भाई ।
परिवेशः (पुं॰) सूर्य्य वा चन्द्र के चारो ओर का मण्डल ।
परिक्षेपः (पुं॰) तथा ।
परिव्याधः (पुं॰) कठचम्पा (एक पुष्पवृक्ष), पानी में का बेंत ।
परिव्राज् (पुं॰) (ट्—ड्) सन्यासी।
परिव्राजकः (पुं॰) तथा ।
परिषद् (स्त्री) (त्—द्) सभा।
परिष्कन्दः (पुं॰) दूसरे से बढ़ाया गया वा पाला गया ।
परिष्कन्नः (पुं॰) तथा ।
परिष्कारः (पुं॰) साफ़ करना; सिंगारना ।
परिष्कृत (त्रि॰) (तः । ता । तम्) भूषित वा सिंगारा हुवा = ई; साफ़ कियागया = ई ।
परिष्यन्दः (पुं॰) माला इत्यादि की रचना ।
परिष्वङ्गः (पुं॰) आलिङ्गन ।
परिसरः (पुं॰) नदी इत्यादि के समीप की भूमि, समीप की भूमि ।
परिसर्पः (पुं॰) परिजनादिकों से घेरा जाना ।
परिसर्या (स्त्री) चारो ओर से गमन ।
परिसारः (पुं॰) तथा । [परीसारः]
परिस्कन्दः (पुं॰) "परिष्कन्द" में देखो ।

परिस्कन्नः (पुं०) तथा ।
परिस्कारः (पुं०) "परिष्कार" में देखो ।
परिस्तोमः (पुं०) हाथी पर का बिछौना ।
परिस्पन्दः (पुं०) माला इत्यादि की रचना ।
परिस्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) चारो ओर से बहा = ही, (स्त्री) मदिरा वा मद्य ।
परिस्रुत् (स्त्री) मदिरा वा मद्य ।
परिहासः (पुं०) ठट्ठा करना, क्रीड़ा ।
परीक्षकः (पुं०) परीक्षा करने वाला, निगहबानी करने वाला ।
परीभावः (पुं०) "परिभव" में देखो ।
परीवर्तः (पुं०) "परिवर्त" में देखो।
परीवादः (पुं०) "परिवाद" में देखो ।
परीवापः (पुं०) तम्बू कनात इत्यादि सामग्री, बीज का बोना, थाला ।
परीवारः (पुं०) कुटुम्ब, तरवार इत्यादि की म्यान, लावलश्कर।
परीवाहः (पुं०) बहुत बढ़े जल के निकलने की राह, बहुत जल का चारो ओर से बहना ।
परीष्टिः (स्त्री) श्राद्ध में ब्राह्मणों की भक्तिपूर्वक शुश्रूषा करना।
परीसारः (पुं०) "परिसार" में देखो ।
परीहासः (पुं०) "परिहास" में देखो ।
परुत् (अव्यय) गतवर्ष अर्थात् परसाल ।
परुष (त्रि०) (षः । षा । षम्) कठोर, (नपुं०) कर्कश बोलना ।
परुष् (नपुं०) (रुः) बाँस इत्यादि की गाँठ वा पोर ।
परेत (त्रि०) (तः । ता । तम्) परलोक को गया वा मर गया = ई ।
परेतराज् (पुं०) (ट्—ड्) यमराज ।
परेद्यवि (अव्यय) परदिन अर्थात् आने वाला दिन वा कल्ह ।
परेष्टुका (स्त्री) बहुत ब्याने वाली गैया ।
परैधित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दूसरे से बढ़ाया गया = ई वा दूसरे से पाला गया = ई ।
परोष्णी (स्त्री) चपरा (एक जन्तु)। [परोष्टी]
पर्कटिः (स्त्री) पाकर वृक्ष ।
पर्कटी (स्त्री) तथा ।

पर्जनी (स्त्री) दारुहरदी ।
पर्जन्यः (पुं०) मेघ, इन्द्र, गरजने वाला मेघ ।
पर्ण (पुं० । नपुं०) (र्णः । र्णम्) (पुं०) पलाश वृक्ष, (नपुं०) पत्ता ।
पर्णशाला (स्त्री) पत्तों से छाया हुआ घर वा कुटी ।
पर्णासः (पुं०) कठसरैया पुष्पवृक्ष ।
पर्यङ्कः (पुं०) पलंग वा खटिया, कमरबन्ध ।
पर्यटनम् (नपुं०) घूमना वा फिरना ।
पर्ययः (पुं०) क्रम का उल्लङ्घन, अतिक्रमण ।
पर्यवस्था (स्त्री) विरोध ।
पर्याप्तम् (नपुं०) यथेष्ट वा इच्छा के सदृश, पूर्णता, बस ।
पर्याप्तिः (स्त्री) पूर्णता, मारने के लिए जो तयार है उस का रोकना ।
पर्यायः (पुं०) अवसर, क्रम, एक ही अर्थ के कई एक शब्द परस्पर के पर्याय कहलाते हैं (जैसा चन्द्र इन्दु विधु इत्यादि) ।
पर्युदञ्चनम् (नपुं०) ऋण वा कर्ज़ ।
पर्येषणा (स्त्री) श्राद्ध में ब्राह्मण की भक्तिपूर्वक शुश्रूषा, धर्म इत्यादि का खोजना ।
पर्वतः (पुं०) पहाड़, एक ऋषि का नाम ।
पर्वन् (नपुं०) (र्व) प्रतिपदा और पञ्चदशी (पौर्णिमा और अमावस्या) का अन्तर, बाँस इत्यादि की गाँठ, तिथिभेद (अष्टमी अमावास्या इत्यादि), उत्सव, ग्रन्थ का अध्याय ।
पर्शुका (स्त्री) पाँजर वा पंसुरी की हड्डी ।
पर्शूः (स्त्री) तथा ।
पलम् (नपुं०) एक दण्ड (२४ मिनिट काल) का आठवाँ हिस्सा, ६४ मासा, मांस, उंचाई का नाप ।
पलगण्डः (पुं०) लीपनेवाला ।
पलङ्कषा (स्त्री) गोखरू औषधी ।
पललम् (नपुं०) मांस ।
पलाण्डुः (पुं०) प्याज (एक कन्द) ।
पलाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) पुआरा ।
पलाश (पुं० । नपुं०) (शः । शम्) (पुं०) पलाश वृक्ष, आँबाहरदी, राक्षस, (नपुं०) पत्ता ।
पलाशिन् (पुं०) (शी) वृक्ष ।
पलिक्नी (स्त्री) बुड्ढी स्त्री ।
पलितम् (नपुं०) बुढ़ाई से उत्पन्न

हुई शरीर पर की सफेदी ।

पल्यङ्कः (पुं०) पलंग वा खटिया ।

पल्लव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) वृक्ष का नया पत्ता ।

पल्वलम् (नपुं०) छोटा सरोवर।

पवः (पुं०) धान्य इत्यादि को पछोड़ कर साफ करना ।

पवन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) वायु, (नपुं०) "पव" में देखो ।

पवनाशनः (पुं०) सर्प ।

पवमानः (पुं०) वायु ।

पविः (पुं०) वज्र ।

पवित्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) पवित्र वा शुद्ध, (नपुं०) कुश, कच्चे पाँच सूत से बटा हुआ डोरा जो कुलदेवी को चढ़ाया जाता है ।

पवित्रकम् (नपुं०) सन से बना हुआ जाल ।

पशुः (पुं०) जानवर, प्राणी ।

पशुपतिः (पुं०) शिव ।

ब्रह्मबन्धुः (पुं०) ब्राह्मण का भाई वा मित्र (यह शब्द निन्दापूर्वक बोलने में दिया जाता है (जैसा "ब्रह्मबन्धो दुष्टोऽसि" —हे ब्रह्मबन्धु तू दुष्ट है), निंदा में बोला जाता है ।
ब्रह्मभूयम् (नपुं०) मोक्ष ।
ब्रह्मयज्ञः (पुं०) विधि पूर्वक वेद का पढ़ना ।
ब्रह्मवर्चसम् (नपुं०) सदाचार के पालन और वेद के अभ्यास की वृद्धि ।
ब्रह्मवादिन् (पुं०) (दी) वेदान्त शास्त्र का जाननेवाला ।
ब्रह्मविन्दवः, बहुवचन, (पुं०) वेद पढ़ने में मुख से निकले हुये थूक के विन्दु ।
ब्रह्मसायुज्यम् (नपुं०) मोक्ष ।
ब्रह्मसूः (पुं०) कामदेव, अनिरुद्ध अर्थात् प्रद्युम्न का बेटा ।
ब्रह्मसूत्रम् (नपुं०) जनेऊ ।
ब्रह्माञ्जलिः (पुं०) वेद पढ़ने के प्रारम्भ में ओङ्कार को उच्चारण करके जोड़ा हुआ हाथ ।
ब्रह्मासनम् (पुं०) ध्यान और योग के समय का आसन (स्वस्तिक, सिद्ध, पद्म इत्यादि) ।
ब्राह्मम् (नपुं०) अङ्गुष्ठ के मूल का तीर्थ ।
ब्राह्मणः (पुं०) ब्राह्मण अर्थात् प्रथम वर्ण ।
ब्राह्मणयष्टिका (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी, ब्राह्मण की लाठी ।
ब्राह्मणी (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी, ब्राह्मण जाति की स्त्री, बम्हनी एक जन्तु ।
ब्राह्मण्यम् (नपुं०) ब्राह्मण का धर्म, ब्राह्मणों का झुण्ड ।
ब्राह्मी (स्त्री) ब्रह्मशक्ति देवता, एक ओषधी, सरस्वती, वचन ।

—***—

(भ)

भ (पुं० । नपुं०) (भः । भम्) (पुं०) घर, (नपुं०) अश्विनी भरणी इत्यादि तारा ।
भक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) भक्त वा सेवक वा अत्यन्त चा-

छूने वाला = ली, (नपुं०) भात (अन्न)।
भक्षक (त्रि०) (क्षकः । क्षिका । क्षकम्) खानेवाला = ली ।
भक्षकार (त्रि०) (रः । री । रम्) रसोईंदार ।
भक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खाया गया = ई ।
भक्ष्यकार (त्रि०) (रः । री । रम्) "भक्षकार" में देखो ।
भग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) सूर्य, (नपुं०) लक्ष्मी, इच्छा, बड़ाई, पराक्रम वा सामर्थ्य, उपाय, कीर्ति वा यश, स्त्री का मूत्रद्वार, माहात्म्य ।
भगन्दरः (पुं०) एक रोग ।
भगवत् (त्रि०) (वान् । वती। वत्) पूज्य अर्थात् पूजा वा आदर के योग्य, (पुं०) जिन (एक बुद्धमतावलम्बियों की देवता), (स्त्री) गौरी वा पार्वती ।
भगिनी (स्त्री) बहिन ।
भङ्गः (पुं०) हानि वा नाश, टुकड़ा, टूटना, तरङ्ग वा लहर ।
भङ्गा (स्त्री) भाँग (एक अमल करने वाली वस्तु)।
भङ्गी (स्त्री) रीति वा प्रकार, रचना
भङ्ग्यम् (नपुं०) भाँग का खेत ।
भजमान (त्रि०) (नः । ना । नम्) न्याय वा नीति के अनुसार जो होता है वा हुआ = ई, सेवक ।
भटः (पुं०) योद्धा वा युद्ध करने वाला ।
भटित्र (त्रि०) (त्रः । त्रा । त्रम्) लोहे के डण्डा पर लपेट के पकाया हुआ (मांस इत्यादि) ।
भट्टारकः (पुं०) राजा (नाट्य में)।
भट्टिनी (स्त्री) (नाट्य में) राजा की वह स्त्री जिसको अभिषेक नहीं भया है ।
भणित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहा गया = ई, (नपुं०) रति के समय का शब्द, बोलना ।
भण्टाकी (स्त्री) वन का भण्टा ।
भण्डिरः (पुं०) सिरसा वृक्ष ।
भण्डिरी (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी) ।
भण्डिलः (पुं०) सिरसा वृक्ष ।
भण्डी (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी) ।
भण्डीरी (स्त्री) तथा ।
भण्डीलः (पुं०) सिरसा वृक्ष ।
भद्र (त्रि०) (द्रः । द्रा । द्रम्) साधु वा भला आदमी, (पुं०) बैल, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल
भद्रकुम्भः (पुं०) भरा घड़ा ।

भद्रदारु (नपुं०) देवदार वृक्ष ।
भद्रपदा (स्त्री) पूर्वभाद्रपदा उत्तरभाद्रपदा नक्षत्र ।
भद्रपर्णी (स्त्री) खंभारी वृक्ष ।
भद्रवला (स्त्री) कुब्जप्रसारिणी ओषधी ।
भद्रमुस्तकः (पुं०) नागरमोथा व.स
भद्रयवम् (नपुं०) इन्द्रजव ओषधी।
भद्रश्रीः (पुं०) मलयगिरिचन्दन।
भद्राकरणम् (नपुं०) मुण्डन वा मूड़ना ।
भद्रासनम् (नपुं०) राजा का आसन ।
भयम् (नपुं०) डर ।
भयङ्कर (त्रि०) (रः । री । रम्) जिसको देखने से डर उत्पन्न हो, (पुं०) भयानक रस ।
भयानक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
भरः (पुं०) अतिशय वा अत्यन्त, बोझा ।
भरणम् (नपुं०) पोषण वा पालना, मजूरी वा तलब ।
भरण्यम् (नपुं०) मजूरी वा तलब ।
भरण्यभुज् (पुं०) (क्—ग्) मजूर ("कर्मकर" मे देखो)।
भरण्या (स्त्री) मजूरी वा तलब ।
भरतः (पुं०) रामचन्द्र के एक भाई का नाम, एक राजा जिसके नाम से हिन्दुस्तान 'भारतवर्ष' कहलाता है, एक देवतों के ऋषि, नट ।
भरद्वाजः (पुं०) एक ऋषि का नाम, भरदूल पक्षी ।
भर्गः (पुं०) शिव ।
भर्तृ (त्रि०) (र्ता । त्री । र्तृ) धारण करने वाला = ली, पोषण करनेवाला = ली, (पुं०) स्त्री का पति ।
भर्तृदारकः (पुं०) युवराज (नाट्य मे)।
भर्तृदारिका (स्त्री) राजा की कन्या (नाट्य मे)।
भर्त्सनम् (नपुं०) डपटना वा धिक्कारना ।
भर्मन (नपुं०) (र्म) घर, सुवर्ण वा सोना, मजूरी वा तलब ।
भल्लः (पुं०) भालू ।
भल्लातकी (स्त्री) भिलाँवाँ (एक ओषधीवृक्ष) ।
भल्लुकः (पुं०) भालू वनपशु ।
भल्लूकः (पुं०) तथा ।
भवः (पुं०) संसार, जन्म, शिव ।
भवनम् (नपुं०) घर, होना ।
भवानी (स्त्री) पार्वती ।

भविक (त्रि०) (कः । का—की । कम्) सुन्दर, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
भविता (त्रि०) (ता । त्री । तृ) होने वाला = ली, जिस का होने का स्वभाव है ।
भविष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जिस का होने का स्वभाव है ।
भव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) सुन्दर, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
भषकः (पुं०) कुत्ता ।
भसितम् (नपुं०) भस्म वा राख ।
भस्त्रा (स्त्री) भाथी जिस से सोनार वा लोहार आग सुलगाते हैं ।
भस्मगन्धिनी (स्त्री) रेणुकबीज (एक गन्धद्रव्य) ।
भस्मगर्भा (स्त्री) एक सीसो वृक्ष जिस का फूल कपिल रङ्ग का होता है ।
भस्मन् (नपुं०) (स्म) राख ।
भा (स्त्री) प्रभा वा प्रकाश, शोभा ।
भागः (पुं०) बाँटा वा बखरा, अंश वा हिस्सा ।
भागधेय (पुं० । नपुं०) (यः । यम्) (पुं०) कर वा मासूल, (नपुं०) भाग्य वा पूर्व जन्म के किए हुए अच्छे वा बुरे कर्म ।
भागिनेयः (पुं०) बहिन का लड़का ।
भागीरथी (स्त्री) गङ्गा नदी ।
भाग्यम् (नपुं०) भाग्य वा पूर्व जन्म के किए हुए अच्छे वा बुरे कर्म ।
भाङ्गीनम् (नपुं०) भाँग का खेत ।
भाजनम् (नपुं०) पात्र वा बरतन ।
भाण्डम् (नपुं०) तथा, घोड़ों का गहना, बनियाँ का मूल धन वा पूंजी ।
भाद्रः (पुं०) भादों महीना ।
भाद्रपदः (पुं०) तथा ।
भाद्रपदा (स्त्री) पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र, उत्तरभाद्रपदा नक्षत्र ।
भानुः (पुं०) सूर्य्य, किरण ।
भानुज (पुं० । स्त्री) (जः । जा) (पुं०) शनैश्चर, यमराज, (स्त्री) यमुना नदी ।
भामिनी (स्त्री) क्रोध वाली स्त्री ।
भारः (पुं०) तौल में बीस तुला वा २००० पल वा काशी की तौल से ४ मन ।
भारत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) (पुं०) नट, (नपुं०) भारत वर्ष वा हिन्दुस्तान देश ।
भारतवर्षम् (नपुं०) हिन्दुस्तान देश ।
भारती (स्त्री) सरस्वती, वचन ।

भारद्वाजी (स्त्री) नरमा एक कपास ।
भारयष्टिः (स्त्री) बंहंगी का डण्डा ।
भारवाहः (पुं०) बोझा ढोनेवाला ।
भारिक (पुं०) तथा ।
भार्गवः (पुं०) शुक्र वा दैत्यों का गुरु ।
भार्गवी (स्त्री) भृगु मुनि के गोत्र की स्त्री, दूर्वा घास, लक्ष्मी ।
भार्गी (स्त्री) ब्रह्मदण्डी ओषधी ।
भार्या (स्त्री) विवाहिता स्त्री ।
भार्यापती, द्विवचन, (पुं०) स्त्री पुरुष वा पत्नी पति ।
भाल्लुकः (पुं०) भालू जङ्गली पशु ।
भाल्लूकः (पुं०) तथा ।
भावः (पुं०) अभिप्राय वा तात्पर्य, विद्वान् वा पण्डित (नाट्य में पारिपार्श्विक सूत्रधार को "भाव" इस नाम से पुकारता है), सत्ता वा रहने वाले का धर्म, स्वभाव, आत्मा, जन्म वा उत्पत्ति, चेष्टा, मन का विकार ।
भावित (त्रि०) (तः । ता । तम्) उत्पन्न किया गया = ई वा जन्माया गया = ई, बासा गया = ई (फूल इत्यादि से) प्राप्त वा मिला = ली, विचारा गया = ई ।
भावुक (त्रि०) (कः । का । कम्) सुन्दर वा भला वा साधु, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
भाषा (स्त्री) वचन वा बोलना, बोली, सरस्वती ।
भाषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहा गया = ई, (नपुं०) बोलना ।
भाष्यम् (नपुं०) पदों के अर्थों का प्रकाश करना ।
भासः (पुं०) एक प्रकार का सुरगा पक्षी ।
भास् (स्त्री) (भाः) प्रभा वा प्रकाश ।
भास्करः (पुं०) सूर्य्य ।
भास्वत् (पुं०) (स्वान्) तथा ।
भिक्षा (स्त्री) भीख, सेवा, प्रार्थना, मजूरी ।
भिक्षुः (पुं०) भिखारी, सन्न्यासी ।
भित्तम् (नपुं०) टुकड़ा ।
भित्तिः (स्त्री) भीत ।
भिदा (स्त्री) भेद वा प्रकार, फरक, फटना, फाड़ना, तोड़ना ।
भिदुरम् (नपुं०) वज्र ।
भिन्दिपालः (पुं०) ढेलवाँस ।
भिन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्) अन्य वा दूसरा = री, फाड़ा गया = ई ।

भिषज् (पुं०) (क्—ग्) वैद्य ।
भिस्सटा (स्त्री) जला हुआ भात ।
भिस्सा (स्त्री) भात अन्न ।
भीः (स्त्री) भय वा डर ।
भीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) डरा हुआ = ई ।
भीतिः (स्त्री) भय वा डर ।
भीम (त्रि०) (मः । मा । मम्) भयङ्कर वा जिसके देखने से डर उत्पन्न हो, (पुं०) भीमसेन (युधिष्ठिर के एक भाई का नाम), शिव, भयानक रस, (स्त्री) एक देवी का नाम ।
भीरु (त्रि०) (रुः । रुः । रु) डरनेवाला = ली ।
भीरुक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
भीलु (त्रि०) (लुः । लुः । लु) तथा ।
भीलुक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा ।
भीषण (त्रि०) (णः । णा । णम्) भयङ्कर वा जिस के देखने से डर उत्पन्न हो, (पुं०) भयानक रस ।
भीष्म (त्रि०) (ष्मः । ष्मा । ष्मम्) तथा, (पुं०) कौरव पाण्डवों के पितामह ।
भीष्मसूः (स्त्री) गङ्गा नदी ।
भुक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) खाया गया = ई, भोगा गया = ई ।
भुग्न (त्रि०) (ग्नः । ग्ना । ग्नम्) टेढ़ा = ढ़ी, टूटा हुवा = ई वा टेढ़ा हो गया = ई ।
भुज (पुं० । स्त्री) (जः । जा) बाँह वा भुजा ।
भुजगः (पुं०) सर्प ।
भुजङ्गः (पुं०) तथा ।
भुजङ्गभुज् (पुं०) (क्—ग्) मोर पक्षी ।
भुजङ्गमः (पुं०) सर्प ।
भुजङ्गाक्षी (स्त्री) रासन औषधी ।
भुजशिरस् (नपुं०) (रः) कांधा वा कन्धा ।
भुजान्तरम् (नपुं०) वक्षःस्थल वा छाती ।
भुजिष्यः (पुं०) दास ।
भुजिष्या (स्त्री) दासी ।
भुवनम् (नपुं०) स्वर्गादि लोक, जल ।
भूः (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि ।
भूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) हुआ = ई, प्राप्त वा मिला = ली, सदृश, (पुं०) प्रेत वा पिशाच एक देवयोनि, (नपुं०) पञ्चभूत (पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश), न्याययुक्त कार्य, सत्य,

प्राणी वा जीवधारी ।
भूतकेशः (पुं०) जटामाँसी ओषधी।
भूतधात्री (स्त्री) पृथिवी ।
भूतयज्ञः (पुं०) बलि चढ़ाना ।
भूतवेशी (स्त्री) श्वेत नेवारी पुष्पवृक्ष, तुलसी वृक्ष ।
भूतात्मन् (पुं०) (त्मा) ब्रह्मा, देह, धारण करने वाला ।
भूतावासः (पुं०) बहेड़ा वृक्ष वा फल ।
भूतिः (स्त्री) अणिमा महिमा इत्यादि आठ प्रकार की सिद्धि, भस्म वा राख, सम्पत्ति वा दौलत ।
भूतिकम् (नपुं०) चिरायता ओषधी, रोहिस एक प्रकार की घास, एक प्रकार का तृण वा घास ।
भूतेशः (पुं०) शिव ।
भूदारः (पुं०) सूअर पशु ।
भूदेवः (पुं०) ब्राह्मण ।
भूधरः (पुं०) पर्वत ।
भूनिम्बः (पुं०) चिरायता ओषधी।
भूपः (पुं०) राजा ।
भूपदी (स्त्री) बेइल वा लता ।
भूभृत् (पुं०) राजा, पर्वत ।
भूमन् (पुं०) (मा) बहुताई ।
भूमिः (स्त्री) पृथिवी ।
भूमिजम्बुका (स्त्री) नारङ्गी वृक्ष वा फल, भूमिजम्बू एक वृक्ष।
भूमिधरः (पुं०) पर्वत ।
भूमिस्पृश् (पुं०) (क्—ग्) वैश्य वा तीसरा वर्ण, भूमि का स्पर्श करने वाला ।
भूयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त बहुत ।
भूयस् (अव्यय । नपुं०) (यः । यः) पुनः वा फिर ।
भूयिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त बहुत ।
भूरि (त्रि०) (रिः । रिः । रि) बहुत, (पुं०) विष्णु, शिव, ब्रह्मा, (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
भूरिफेना (स्त्री) एक तरह का सेंहुड़, सिकाकाई ।
भूरिमायः (पुं०) सियार ।
भूरुण्डी (स्त्री) एक तरह की साग जिसका पत्ता हाथी के कान के ऐसा होता है ।
भूर्जः (पुं०) भोजपत्र का वृक्ष ।
भूषणम् (नपुं०) सिंगारना, गहना।
भूषा (स्त्री) तथा ।
भूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूषित वा सिंगारा हुआ = ई ।
भूष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जिस का होने का स्वभाव है।
भूस्तृणम् (नपुं०) एक तृण वा घास

भृगुः (पुं॰) एक ऋषि का नाम, पर्वत का वह स्थान जहाँ से गिरती हुई कोई वस्तु बीच में रुक न सके ।

भृङ्ग (त्रि॰) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) (पुं॰) भंवरा, तरबूज, तज एक वृक्ष वा पत्ता, (स्त्री) भंवरी

भृङ्गरजस् (पुं॰) (जाः) भृङ्गराज एक सुगन्ध वृक्ष वा लता ।

भृङ्गराजः (पुं॰) तथा ।

भृङ्गारः (पुं॰) झारी वा गडुआ एक जलपात्र ।

भृङ्गारी (स्त्री) "चीरी" में देखो ।

भृङ्गिन् (पुं॰) (ङ्गी) शिव के एक गण का नाम ।

भृतकः (पुं॰) मजूर ।

भृतिः (स्त्री) मजूरी वा तलब ।

भृतिभुज् (पुं॰) (क्—ग्) मजूर।

भृत्यः (पुं॰) नौकर वा दास ।

भृत्या (स्त्री) मजूरी वा तलब ।

भृश (त्रि॰) (शः । शा । शम्) बहुत, अत्यन्त बहुत, (नपुं॰) अत्यन्त वा बहुत (क्रिया-विशेषण) ।

भेक (पुं॰ । स्त्री) (कः । की) मेंढक ।

भेदः (पुं॰) मिले हुए का जुदा करना, फाड़ना, फ़र्क़, प्रकार ।

भेदित (त्रि॰) (तः । ता । तम्) फोड़ा गया वा फाड़ा गया वा जुदा किया गया = ई ।

भेरी (स्त्री) एक नगाड़ा ।

भेषजम् (नपुं॰) औषध ।

भैक्षम् (नपुं॰) भिक्षाओं का समूह ।

भैरव (त्रि॰) (वः । वा—वी । वम्) भयङ्कर वा डराने वाला = ली, (पुं॰) भैरव देवता, भयानक रस, (स्त्री) (भैरवी) दुर्गा।

भैषजम् (नपुं॰) औषध ।

भैषज्यम् (नपुं॰) तथा ।

भोगः (पुं॰) एक प्रकार की सेना की रचना, सुख, सुख वा दुःख का भोगना, वेश्या हस्ती घोड़ा इत्यादि का पालना, सर्प का फण वा शरीर ।

भोगधरः (पुं॰) सर्प ।

भोगवती (स्त्री) एक नागों की नदी, नागों की नगरी ।

भोगिनी (स्त्री) राजा की वह स्त्री जिस को अभिषेक नहीं हुआ है ।

भोगिन् (पुं॰) (गी) सुख वा दुःख का भोग करने वाला, सर्प।

भोजनम् (नपुं॰) खाना ।

भोस् (अव्यय) (भोः) हे ! (स-

म्बोधन में बोला जाता है, जैसा,—भवन्)।

भौमः (पुं०) मङ्गल ग्रह ।

भौरिकः (पुं०) सुवर्णाध्यक्ष वा सोने का खजानची ।

भ्रकुटिः (स्त्री) क्रोधादि से ललाट का सिकोरना ।

भ्रकुंसः (पुं०) वह पुरुष जो कि स्त्री का वेष करके नाचता है।

भ्रमः (पुं०) मिथ्या ज्ञान, घूमना, जल निकलने का छिद्र ।

भ्रमरः (पुं०) भंवरा ।

भ्रमरकाः, बहुवचन, (पुं०) टेढ़े टेढ़े केश ।

भ्रमिः (स्त्री) घूमना वा भ्रमण, मिथ्या ज्ञान ।

भ्रष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) च्युत वा चुय पड़ा = ड़ी ।

भ्राजिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः। ष्णु) अत्यन्त शोभमान वा प्रकाशमान ।

भ्रातरौ, कृदन्त, द्विवचन, (पुं०) भाई बहिन ।

भ्रातृजः (पुं०) भतीजा अर्थात् भाई का बेटा ।

भ्रातृजाया (स्त्री) भौजाई ।

भ्रातृव्यः (पुं०) भाई का लड़का वा भतीजा, शत्रु ।

भ्रात्रीयः (पुं०) भतीजा अर्थात् भाई का लड़का ।

भ्रान्तिः (स्त्री) मिथ्या ज्ञान, घूमना ।

भ्रामरम् (नपुं०) भंवरे का सहद।

भ्राष्ट्र (त्रि०) (ष्ट्रः । ष्ट्रा । ष्ट्रम्) भरसाईं वा भाड़ ।

भ्रुकुटिः (स्त्री) क्रोधादिक से ललाट का सिकोरना ।

भ्रुकुंसः (पुं०) "भ्रकुंस" में देखो ।

भ्रूः (स्त्री) भौं ।

भ्रूकुटिः (स्त्री) क्रोधादिक से ललाट का सिकोरना ।

भ्रूकुंसः (पुं०) "भ्रकुंस" में देखो ।

भ्रूणः (पुं०) स्त्री के पेट का गर्भ, लड़का ।

भ्रेषः (पुं०) यथोचित स्वरूप से बदल जाना वा यथोचित स्वरूप का भ्रंश हो जाना ।

भ्रंशः (पुं०) गिर पड़ना, नाश।

—***—

(म)

मः (पुं०) शिव, चन्द्रमा, ब्रह्मा।

मकरः (पुं०) मगर (एक जलजन्तु),

मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम, एक निधि ।
मकरध्वजः (पुं०) कामदेव ।
मकरन्दः (पुं०) फूल का रस जिस को लेकर मक्खियाँ वा भंवरे सहद बनाते हैं ।
मकुष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न ।
मकुष्ठकः (पुं०) तथा ।
मकूलकः (पुं०) वज्रदन्ती औषधी ।
मक्षिका (स्त्री) मक्खी ।
मक्षीका (स्त्री) तथा ।
मखः (पुं०) यज्ञ ।
मगधः (पुं०) एक देश जिस को मगगह कहते हैं, भाट अर्थात् स्तुति करने वाला ।
मघवत् (पुं०) (वान्) इन्द्र ।
मघवन् (पुं०) (वा) तथा ।
मङ्क्षु (अव्यय) जल्दी ।
मङ्गल (त्रि०) (लः । ला । लम्) मनोहर वा मङ्गलयुक्त, (पुं०) एक ग्रह का नाम, (नपुं०) कल्याण वा मङ्गल ।
मङ्गल्यकः (पुं०) मसुरी अन्न ।
मङ्गल्या (स्त्री) एक प्रकार का अगर जिस में बेला के फूल के ऐसी सुगन्ध आती है ।
मचर्चिका (स्त्री) प्रशस्त वा पूजित वा प्रशंसा के योग्य वा स्तुति किया गया = द्रू ।
मज्जा (स्त्री) वृक्ष इत्यादि का छीर, हड्डी के भीतर का सार जो घी के सदृश रहता है ।
मञ्चः (पुं०) ऊंचा आसन (मचिया मोढ़ा कुरसी इत्यादि) ।
मञ्जरी (स्त्री) तुलसी इत्यादि वृक्ष में फूल के सहित निकली हुई एक कलंगी के ऐसी वस्तु (बाल), नया अङ्कुर । [मञ्जरिः]
मञ्जिष्ठा (स्त्री) मजीठ एक रङ्ग ।
मञ्जीर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) स्त्री के पैर का गहना (पायल पैजनी इत्यादि, जो बजता है)
मञ्जील (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा ।
मञ्जु (त्रि०) (ञ्जुः । ञ्जुः । ञ्जु) मनोहर वा सुन्दर ।
मञ्जुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।
मञ्जूषा (स्त्री) सन्दूक वा पेटारा ।
मठः (पुं०) सन्न्यासियों का वा विद्यार्थियों का घर ।
मड्डुः (पुं०) एक तरह का बाजा ।
मणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णी) रत्न वा जवाहिर ।
मणिक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मेटिया वा मटका ।

मणिबन्धः (पुं०) हाथ का गट्टा।
मण्ड (पुं० । नपुं०) (ण्डः । ण्डम्) भात इत्यादि का माँड़, (पुं०) रेंड़ वृक्ष ।
मण्डन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) अलङ्कार करने वाला वा सिंगारिया, (नपुं०) भूषण वा सिंगार ।
मण्डप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) जनों के रहने का स्थान ।
मण्डल (त्रि०) (लः लो । लम्) सूर्य वा चन्द्र का मण्डल, चन्द्र वा सूर्य के चारो ओर जो मण्डल पड़ता है, चक्राकार समूह, समूह ।
मण्डलकम् (नपुं०) बाण चलाने के समय का एक आसन, "कोठ" में देखो ।
मण्डलाग्रः (पुं०) तलवार ।
मण्डलेश्वरः (पुं०) भूमि के एक प्रदेश का राजा ।
मण्डहारकः (पुं०) कलवार ।
मण्डित (त्रि०) (तः । ता । तम्) भूषित वा सिंगारा हुआ = ई ।
मण्डीरी (स्त्री) मजीठ एक रङ्ग की लकड़ी ।
मण्डूकः (पुं०) मेंढ़क जन्तु ।
मण्डूकपर्णः (पुं०) सोनापाढ़ा एक लकड़ी ।
मण्डूकपर्णी (स्त्री) मजीठ एक रङ्ग।
मण्डूरम् (नपुं०) लोहा की मैल जिस को लोहकीट भी कहते हैं।
मतङ्गः (पुं०) हाथी, एक ऋषि का नाम ।
मतङ्गजः (पुं०) हाथी ।
मतल्लिका (स्त्री) "मचर्चिका" में देखो ।
मतिः (स्त्री) बुद्धि ।
मत्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) मतवाला = ली, हर्षित, (पुं०) मद बहानेवाला हाथी ।
मत्तकाशिनी (स्त्री) गुणों में सब स्त्रियों से उत्तम स्त्री ।
मत्तकासिनी (स्त्री) तथा ।
मत्सर (त्रि०) (रः । रा । रम्) ईर्ष्या वा डाह करने वाला = ली, कृपण वा सूम, (पुं०) ईर्ष्या वा डाह ।
मत्स्यः (पुं०) मछली ।
मत्स्यण्डी (स्त्री) राब जो ऊख के रस से बनती है ।
मत्स्यपित्ता (स्त्री) कुटकी ।
मत्स्यवेधनम् (नपुं०) मछली पकड़ने की बंसी ।
मत्स्याक्षी (स्त्री) मांछी ओषधीलता ।

मत्स्याधानी (स्त्री) मछली रखने की थैली ।
मथित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मथा गया = ई, (नपुं०) बिना जल का मथा दही ।
मथिन् (पुं०) (न्थाः) मन्थनदण्ड वा मथनिया ।
मदः (पुं०) घमण्ड वा अहङ्कार, अमल, हर्ष, हस्ती का मदजल, पुरुष की धातु ।
मदकलः (पुं०) मद से मतवाला हाथी, मतवाला वा हर्षित ।
मदनः (पुं०) कामदेव, मयनफल का वृक्ष, धतूरा ।
मदस्थानम् (नपुं०) कलवरिया ।
मदिरा (स्त्री) मद्य ।
मदिरागृहम् (नपुं०) हौली वा कलवरिया ।
मदोत्कटः (पुं०) मद से मतवाला (हाथी इत्यादि)।
मद्गुः (पुं०) जलकौआ ।
मद्गुरः (पुं०) एक मछली ।
मद्गुरी (स्त्री) तथा ।
मद्यम् (नपुं०) शराब ।
मधु (पुं० । नपुं०) (धुः । धु) (पुं०) एक दैत्य का नाम, चैत महीना, (नपुं०) महुवा से बना हुआ मद्य, मक्खी का सहद, फूल का मकरन्द वा रस
मधुक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) महुवा वृक्ष, स्तुति का पढ़नेवाला वा भाट, (नपुं०) जेठीमधु (एक लकड़ी ओषधी)।
मधुकरः (पुं०) भंवरा ।
मधुक्रमः (पुं०) मद्य पीने का क्रम।
मधुद्रुमः (पुं०) महुआ वृक्ष ।
मधुपः (पुं०) भंवरा ।
मधुपर्णिका (स्त्री) खभारी वृक्ष, नील ।
मधुपर्णी (स्त्री) गुरुच ओषधीलता
मधुमक्षिका (स्त्री) सहद बनानेवाली मक्खी ।
मधुयष्टिका (स्त्री) जेठीमधु (एक मीठी लकड़ी ओषधी)।
मधुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) मीठा = ठी, स्वादयुक्त, प्रिय वा प्यारा = री, (पुं०) मीठा रस, (स्त्री) सौंफ ।
मधुरकः (पुं०) ओषधियों के अष्टवर्ग में की एक ओषधी ।
मधुरसा (स्त्री) दाख एक फल, मुर्रा (जिस से लोग पनच बनाते हैं)।
मधुरिका (स्त्री) बनसौंफ ।
मधुरिपुः (पुं०) विष्णु ।
मधुलः (पुं०) महुवा वृक्ष । [मधूलः]

मधुलिह् (पुं०) (ट्—ड) भंवरा ।
मधुवारः (पुं०) मद्य पीने का क्रम।
मधुव्रतः (पुं०) भंवरा ।
मधुशिगुः (पुं०) लाल फूल वाला सहैंजन वृक्ष ।
मधुश्रेणी (स्त्री) मुर्री वृक्ष ।
मधुष्ठीलः (पुं०) महुवा वृक्ष ।
मधुस्रवा (स्त्री) गुजरात देश का एक वृक्ष जिस को 'डोडी' कहती हैं ।
मधूकः (पुं०) महुवा वृक्ष ।
मधूच्छिष्टम् (नपुं०) मोम ।
मधूलः (पुं०) महुवा वृक्ष ।
मधूलकः (पुं०) जलमहुवा (सामान्य महुवे से इस का पत्ता लम्बा होता है) ।
मधूलिका (स्त्री) "मूर्वा" में देखो।
मध्य (त्रि०) (ध्यः। ध्या। ध्यम्) बिचला=ली वा बीचवाला=ली, अधम वा नीच, न्याययुक्त वा न्याय के सदृश, (पुं०। नपुं०) कमर, बीच।
मध्यदेशः (पुं०) विन्ध्य और हिमालय के बीच का देश ।
मध्यम (त्रि०) (मः। मा। मम्) बिचला=ली वा बीचवाला=ली, (पुं०) मध्य देश, एक स्वर (जैसा क्रौञ्च पक्षी बोलता है), (स्त्री) मध्यमा वा हाथ की बीच की अंगुली, प्रथमरजस्वला स्त्री (नपुं०) कमर ।
मध्याह्नः (पुं०) दोपहर वा दुपहरिया ।
मध्वासवः (पुं०) महुवा का मद्य ।
मनःशिल (पुं०। स्त्री) (लः। ला) मैनसिल औषधीधातु ।
मनसिजः (पुं०) कामदेव ।
मनस् (नपुं०) (नः) मन ।
मनस्कारः (पुं०) मन की सुखादि में तत्परता वा आसक्ति ।
मनाक् (अव्यय) थोड़ा ।
मनित (त्रि०) (तः। ता। तम्) जानागया=ई ।
मनीषा (स्त्री) बुद्धि ।
मनीषिन् (पुं०) (षी) पण्डित।
मनुः (पुं०) ब्रह्मा के पुत्र का नाम।
मनुजः (पुं०) मनुष्य वा आदमी।
मनुष्यः (पुं०) तथा ।
मनुष्यधर्मन् (पुं०) (र्मा) कुबेर ।
मनुष्ययज्ञः (पुं०) अतिथियों को सन्तुष्ट करना ।
मनोगुप्ता (स्त्री) मैनसिल औषधीधातु ।
मनोजवः (पुं०) कामदेव, पिता के तुल्य ।

मनोजवसः (पुं०) पिता के तुल्य।
मनोज्ञ (त्रि०) (ज्ञः। ज्ञा। ज्ञम्) सुन्दर।
मनोभवः (पुं०) कामदेव।
मनोरथः (पुं०) इच्छा।
मनोरम (त्रि०) (मः। मा। मम्) सुन्दर।
मनोहत (त्रि०) (तः। ता। तम्) जिस का मन टूट गया वा उदास हो गया है।
मनोहर (त्रि०) (रः। रा। रम्) सुन्दर।
मनोहारिन् (त्रि०) (री। रिणी। रि) मनोहर।
मनोह्वा (स्त्री) मैनसिल औषधी-धातु।
मन्तुः (पुं०) अपराध।
मन्त्रः (पुं०) मन्त्र वा सलाह, एक वेद का भेद, गुप्त बोलना।
मन्त्रिन् (पुं०) (न्त्री) राजा का मन्त्री वा राजा को सलाह देनेवाला।
मन्थः (पुं०) मन्थनदण्ड वा मथनियाँ।
मन्थदण्डकः (पुं०) तथा।
मन्थनी (स्त्री) दही इत्यादि मथने का पात्र।
मन्थर (त्रि०) (रः। रा। रम्) धीरे २ चलनेवाला = ली।
मन्थानः (पुं०) मन्थनदण्ड वा मथनियाँ।
मन्द (त्रि०)। (न्दः। न्दा। न्दम्) मूर्ख, आलसी, थोड़ा = ड़ी, निर्भाग्य वा अभागा = गी, (पुं०) शनैश्चर ग्रह, (नपुं०) धीरे।
मन्दगामिन् (त्रि०) (मी। मिनी। मि) धीरे चलनेवाला = ली।
मन्दाकिनी (स्त्री) आकाशगङ्गा।
मन्दाक्षम् (नपुं०) लज्जा।
मन्दारः (पुं०) एक देववृक्ष का नाम, बकाइन वृक्ष, मंदार वृक्ष।
मन्दिरम् (नपुं०) गृह, नगर।
मन्दुरा (स्त्री) घोड़साल अर्थात् घोड़ों के रहने का स्थान।
मन्दोष्ण (त्रि०) (ष्णः। ष्णा। ष्णम्) थोड़ा गरम वस्तु, (नपुं०) थोड़ा गरम।
मन्द्रः (पुं०) गम्भीर शब्द (जैसा मेघ का)।
मन्मथः (पुं०) कामदेव, कइत वृक्ष।
मन्या (स्त्री) गले के पास की नस वा नाड़ी।
मन्युः (पुं०) यज्ञ, क्रोध, दीनता वा गरीबी, चिन्ता वा शोक।
मन्वन्तरम् (नपुं०) दिव्य युग।
मपष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न।

मपष्ठः (पुं०) तथा ।
मपुष्टः (पुं०) तथा ।
मपृष्टकः (पुं०) तथा ।
मयः (पुं०) एक दैत्य का नाम, ऊंट।
मयष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न।
मयुः (पुं०) किन्नर ।
मयुष्टकः (पुं०) मोट नामक अन्न ।
मयूखः (पुं०) किरण, प्रभा वा प्रकाश, ज्वाला ।
मयूरः (पुं०) मोर पक्षी, मोर की शिखा, अजमोदा ओषधी ।
मयूरक (पुं० । नपुं०) (कः कम्) (पुं०) चिचिड़ा वृक्ष, (नपुं) तुतिया ओषधी ।
मरकतम (नपुं०) हरा मणि अर्थात् पन्ना ।
मरणम् (नपुं०) मरना ।
मरिचम् (नपुं०) मिरिच ।
मरीचम् (नपुं०) तथा ।
मरीचि (पुं० । स्त्री) (चिः चिः—ची) किरण, (पुं०) एक ऋषि का नाम ।
मरीचिका (स्त्री) "मृगतृष्णा" में देखो ।
मरुः (पुं०) निर्जल देश, पर्वत ।
मरुत् (पुं०) वायु, देवता, अस्थरक ओषधी ।
मरुत्वत् (पुं०) (त्वान्) इन्द्र ।
मरुन्माला (स्त्री) अस्थरक ओषधी, देवतों का समूह, वायु का समूह ।
मरुवकः (पुं०) मयनफल, मरुवा एक वृक्ष ।
मर्कटः (पुं०) बन्दर ।
मर्कटकः (पुं०) मकड़ी (जो जाला लगाती है) ।
मर्कटी (स्त्री) केंवाच तरकारी, एक प्रकार का करञ्ज ।
मर्त्यः (पुं०) मनुष्य ।
मर्दनम् (नपुं०) मर्दन करना वा मलना ।
मर्दलः (पुं०) मृदङ्ग के ऐसा एक बाजा ।
मर्मन् (नपुं०) (र्म) शरीर का एक देश जिस में चोट लगने से प्राण जाने का भय रहता है, तात्पर्य वा मतलब ।
मर्मरः (पुं०) वस्त्र का वा पत्तों का शब्द ।
मर्मस्पृश् (त्रि०) (क्—ग् । क्—ग् । क्—ग्) चोखा = खी (छूरी इत्यादि), मर्मस्थान को फोड़ने वा तोड़नेवाला = ली।
मर्यादा (स्त्री) न्यायपूर्वक व्यवहार करना ।
मल्ल (पुं० । नपुं०) (ल्लः । ल्लम्)

मैल, पाप, विष्ठा ।
मलदूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मलिन वा मैला = ली ।
मलपूः (स्त्री) कुटुम्बरी ओषधी ।
मलयः (पुं०) एक पर्वत ।
मलयजः (पुं०) चन्दन वृक्ष ।
मलयूः (स्त्री) कुटुम्बरी ओषधी ।
मलापूः (स्त्री) तथा ।
मलिन (त्रि०) (नः । ना । नम्) मैला = ली ।
मलिनी (स्त्री) रजस्वला स्त्री ।
मलिम्लुचः (पुं०) चोर ।
मलीमस (त्रि०) (सः । सा । सम्) मलिन वा मैला = ली ।
मल्लः (पुं०) पहलवान् (कुश्ती-बाज़) ।
मल्लकः (पुं०) एक पुष्पलता ।
मल्लिका (स्त्री) बेला का फूल, बेइल का फूल ।
मल्लिकाक्षः (पुं०) बत्तक पक्षी ।
मल्लिकाख्यः (पुं०) तथा ।
मषि (स्त्री) (षिः—षी) लिखने की स्याही, करिखा वा काजर, जटामासी ओषधी ।
मसि (स्त्री) (सिः—सी) तथा ।
मसुरा (स्त्री) मसुरी (एक अन्न) ।
मसूर (पुं० । स्त्री) (रः । रा) तथा ।
मसूरविदला (स्त्री) श्यामतिधारा (ओषधी) ।
मसृण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चिकना = नी ।
मस्करः (पुं०) बांस ।
मस्करिन् (पुं०) (री) सन्न्यासी ।
मस्तक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मस्तक वा माथा ।
मस्तिष्कम् (नपुं०) मस्तक के भीतर की घी के सदृश एक चिकनी वस्तु ।
मस्तिस्कम् (नपुं०) तथा ।
मस्तु (नपुं०) दही का पानी ।
महः (पुं०) उत्सव वा खुशी ।
महती (स्त्री) नारद की वीणा ।
महत् (त्रि०) (हान् । हती । हत्) बड़ा = ड़ी, विस्तीर्ण वा विस्तारयुक्त, (नपुं०) राज्य ।
महस् (नपुं०) (हः) तेज ।
महाकन्दः (पुं०) लहसुन ।
महाकुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) कुलीन वा बड़े कुल में पैदा हुआ = ई । [माहाकुल]
महाङ्गः (पुं०) ऊंट पशु ।
महाजाली (स्त्री) पीले फूलवाला घोषक वा घीया वृक्ष ।
महादेवः (पुं०) शिव ।
महाधन (त्रि०) (नः । ना । नम्)

बड़े दाम की वस्तु ।
महानटः (पुं०) शिव ।
महानसम् (नपुं०) रसोईं का घर ।
महापद्मः (पुं०) एक निधि ।
महाबिलम् (नपुं०) आकाश ।
महामात्रः (पुं०) राजा का मुख्य सहायक ।
महायज्ञः (पुं०) पाठ होम अतिथिपूजन तर्पण बलि ये पाँचो महायज्ञ कहे जाते हैं ।
महारजतम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना
महारजनम् (नपुं०) कुसुम (एक रंगने का फूल) ।
महारण्यम् (नपुं०) बड़ा बन ।
महाराजिकाः, बहुवचन, (पुं०) एक देवतों का समूह जो गिनती में २२० हैं ।
महारौरवः (पुं०) एक नरक ।
महावातः (पुं०) आँधी ।
महाशयः (पुं०) उदार चित्तवाला वा बड़े अभिप्रायवाला ।
महाशूद्री (स्त्री) अहिरिन ।
महाश्वेता (स्त्री) काला भुंइंकोंहड़ा ।
महासहा (स्त्री) कठसरैया, जङ्गली उरद ।
महासेनः (पुं०) स्वामिकार्तिक ।
महिमन् (पुं०) (मा) बड़ाई ।
महिला (स्त्री) स्त्री । [महला] [महेला]
महिलाहुया (स्त्री) गोंदी वृक्ष ।
महिषः (पुं०) भैंसा ।
महिषी (स्त्री) भैंस, राजा की पटरानी ।
मही (स्त्री) पृथिवी वा भूमि ।
महीक्षित् (पुं०) राजा ।
महीध्रः (पुं०) पर्वत ।
महीरुहः (पुं०) वृक्ष ।
महीलता (स्त्री) केंचुवा जन्तु ।
महीसुतः (पुं०) मङ्गल ग्रह ।
महीसूनुः (पुं०) तथा ।
महेच्छः (पुं०) उदार चित्तवाला वा बड़े अभिप्रायवाला ।
महेरणा (स्त्री) साल वा सलई ।
महेरुणा (स्त्री) तथा ।
महेश्वरः (पुं०) शिव ।
महोक्षः (पुं०) बड़ा बैल ।
महोत्पलम् (नपुं०) कमल ।
महोत्साहः (पुं०) बड़े उत्साहवाला अर्थात् दुराप वा दुर्घट कामों में भी प्रवृत्त होनेवाला ।
महोद्यमः (पुं०) तथा ।
महौषधम् (नपुं०) अतीस, लहसुन, सोंठ ।
मा (अव्यय) मत ।
मा (स्त्री) लक्ष्मी ।

माक्षिकम् (नपुं०) मक्खी का सहद ।
मागध (त्रि०) (धः । धी । धम्) मगध देश में उत्पन्न हुआ = ई, (पुं०) वैश्य से क्षत्रिया स्त्री में उत्पन्न, भाट, (स्त्री) जूही (एक पुष्पवृक्ष), पीपर ओषधी ।
माघः (पुं०) माघ महीना ।
माघ्यम् (नपुं०) कुन्द पुष्प ।
माठरः (पुं०) एक सूर्य के पार्श्ववर्ती
माढिः (स्त्री) पत्ते की नस, दीनता
माणवकः (पुं०) नड़का हार के बीच का मणि वा सुमेर, बीस लड़ का हार ।
माणव्यम् (नपुं०) लड़कों का झुण्ड
माणिक्यम् (नपुं०) लाल (मणि) ।
माणिमन्थम् (नपुं०) सेंधा नोन ।
मातङ्गः (पुं०) हाथी, चण्डाल वा डोम ।
मातरपितरौ, ऋदन्त, द्विवचन, (पुं०) मा बाप ।
मातरिश्वन् (पुं०) (श्वा) वायु ।
मातलिः (पुं०) इन्द्र का सारथी ।
मातापितरौ, ऋदन्त, द्विवचन, (पुं०) मा बाप ।
मातामहः (पुं०) नाना अर्थात् माता के पिता ।
मातुलः (पुं०) मामा अर्थात् माता का भाई, धतूरा ।
मातुलपुत्रकः (पुं०) धतूरा का फल, मामा का लड़का ।
मातुलानी (स्त्री) मामी, भाँग वा बूटी ।
मातुलाहिः (पुं०) चित्रसर्प ।
मातुली (स्त्री) मामी । [मातुला]
मातुलुङ्गकः (पुं०) बिजौरा नीबू ।
मातृ (स्त्री) (ता) माता, गैया ।
मातृष्वसेयः (पुं०) मौसी का बेटा।
मातृष्वस्रीयः (पुं०) तथा ।
मात्र (स्त्री । नपुं०) (त्रा । त्रम्) (स्त्री) परिच्छद वा सामग्री, परिमाण, सूक्ष्म वा पतला, (नपुं०) सम्पूर्णता, अवधारण वा निश्चय ।
मादः (पुं०) हर्ष ।
माधवः (पुं०) विष्णु, वैसाख महीना ।
माधवकः (पुं०) महुवा का मद्य।
माधविका (स्त्री) वासन्तीलता (कुन्दभेद, जो वसन्त ही में फूलता है) ।
माधवी (स्त्री) तथा ।
माधवीलता (स्त्री) तथा ।
माध्वीकम् (नपुं०) महुवा का मद्य ।
मान (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) (पुं०) मान वा आदर, (नपुं०)

नाप वा तौल ।
मानवः (पुं०) मनुष्य ।
मानसम् (नपुं०) मन, एक सरोवर वा झील ।
मानसौकस् (पुं०) (काः) हंस ।
मानिनी (स्त्री) मानवती स्त्री ।
मानुषः (पुं०) मनुष्य ।
मानुष्यकम् (नपुं०) मनुष्यों का समूह ।
माया (स्त्री) माया वा इन्द्रजाल।
मायाकारः (पुं०) बाजीगर ।
मायादेवीसुतः (पुं०) शाक्य मुनि ।
मायुः (पुं०) पित्त (एक शरीर का धातु) ।
मायूरम् (नपुं०) मोरों का समूह।
मारः (पुं०) कामदेव ।
मारजित् (पुं०) बुद्ध वा बौद्धों की देवता ।
मारणम् (नपुं०) मार डालना ।
मारिषः (पुं०) आर्य वा आदर करने के योग्य वा श्रेष्ठ (नाट्य में सूत्रधार पारिपार्श्विक को "मारिष" कह कर पुकारता है) ।
मारुतः (पुं०) वायु ।
मार्कवः (पुं०) भृङ्गराज वा भंगरैया वृक्ष ।
मार्गः (पुं०) रस्ता, अगहन महीना ।
मार्गण (पुं०। नपुं०) (णः । णम्) (पुं०) बाण, याचक, (नपुं०) खोजना वा ढूंढना । '
मार्गशीर्षः (पुं०) अगहन महीना।
मार्गित (त्रि०) (तः । ता । तम्) खोजागया = ई ।
मार्जन (त्रि०) (नः । नी । नम्) साफ करनेवाला = ली, (पुं०) लोध औषधी, (स्त्री) झाड़, (नपुं०) साफ करना ।
मार्जना (स्त्री) साफ करना ।
मार्जारः (पुं०) बिलार ।
मार्जित (त्रि०) (तः । ता । तम्) साफ कियागया = ई, (स्त्री) "रसाला" में देखो ।
मार्ष्टि (त्रि०) (ता । त्री । ट्ट) साफ करनेवाला = ली ।
मार्तण्डः (पुं०) सूर्य ।
मार्दङ्गिकः (पुं०) मृदङ्ग बजानेवाला
मार्द्वीकम् (नपुं०) महुवा का मद्य।
मार्ष्टिः (स्त्री) पोंछना, साफ करना
मालकः (पुं०) नीम वृक्ष ।
मालती (स्त्री) चमेली पुष्पवृक्ष।
माला (स्त्री) माला, पङ्क्ति, अस्थरक औषधी ।
मालाकारः (पुं०) माली ।
मालातृणम् (नपुं०) एक घास ।
मालातृणकम् (नपुं०) तथा ।

मालिकः (पुं०) माली ।
मालुधानः (पुं०) चित्रसर्प ।
मालूरः (पुं०) बेल वृक्ष ।
माल्यम (नपुं०) माला, मस्तक से धारण की गई पुष्पपङ्क्ति ।
माल्यवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) जिस ने माला पहिनी है, (पुं०) एक पर्वत, रावण का नाना ।
माषः (पुं०) उरद अन्न ।
माषपर्णी (स्त्री) जङ्गली उरद ।
माषीणम् (नपुं०) उरद का खेत ।
माष्यम् (नपुं०) तथा ।
मासः (पु०) महीना, पितर लोगों की दिन रात्रि ।
मासरः (पुं०) भात का माँड़ ।
मासिक (त्रि०) (कः । की । कम्) महीने का ।
मास्म (अव्यय) मत ।
माहिषः (पुं०) क्षत्रिय से वैश्या स्त्री में उत्पन्न लड़का ।
माहिष्यः (पुं०) तथा ।
माहेयी (स्त्री) गैया ।
माहेश्वरी (स्त्री) शिवशक्ति देवता, पार्वती ।
मांसम् (नपुं०) माँस ।
मांसलः (पुं०) मोटा वा थुथला, बलवान् ।

मांसिकः (पुं०) मांस बेचनेवाला ।
मितम्पचः (पुं०) सूम ।
मित्र (पुं० । नपुं०) (त्रः । त्रम्) (पुं०) सूर्य, (नपुं०) मित्र वा दोस्त, अपने समीप के राजा से व्यवहित राजा ।
मिथस् (अव्यय) (थः) परस्पर, एकान्त ।
मिथुनम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का जोड़ा, मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम ।
मिथ्या (अव्यय) झूठा ।
मिथ्यादृष्टिः (स्त्री) नास्तिक बुद्धि अर्थात् स्वर्गादिक परलोक को न मानना ।
मिथ्याभियोगः (पुं०) मिथ्या विवाद वा जाल करना ।
मिथ्याभिशंसनम् (नपुं०) झूठा दोष लगाना ।
मिथ्यामतिः (स्त्री) झूठा ज्ञान ।
मिशि (स्त्री) (शिः—शी) बनसौंफ ।
मिश्रेया (स्त्री) तथा ।
मिषि (स्त्री) (षिः—षी) जटामांसी ओषधी ।
मिसि (स्त्री) (सिः—सी) सौंफ, बनसौंफ ।
मिहिका (स्त्री) हिम वा पाला ।

मिहिरः (पुं०) सूर्य ।
मीढ (त्रि०) (ढः ढा । ढम्) मूतागया = हुं वा पेशाब कियागया = हुं ।
मीनः (पुं०) मछली, मेषादि १२ राशियों में से एक राशि का नाम ।
मीनकेतनः (पुं०) कामदेव ।
मीमांसकः (पुं०) मीमांसा शास्त्र का जाननेवाला ।
मुकुटम् (नपुं०) एक माथे का भूषण । [मकुटम्]
मुकुन्दः (पुं०) विष्णु, एक निधि, पालकी साग, कुन्दरू तरकारी ।
मुकुरः (पुं०) दर्पण [मकुरः]
मुकुल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) थोड़ी फूली हुई कली ।
मुकुष्ठकः (पुं०) मोट नामक अन्न ।
मुकूलकः (पुं०) वज्रदन्ती औषधी
मुक्ता (स्त्री) मोती ।
मुक्तावली (स्त्री) मोती का हार
मुक्तास्फोटः (पुं०) मोती की सीप
मुक्तिः (स्त्री) मोक्ष वा छूट जाना ।
मुखम् (नपुं०) मुख, प्रारम्भ, प्रथम सन्धि (नाट्य में), निकलने पैठने की रस्ता ।
मुखर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बेरोक बोलनेवाला = ली ।
मुखवासन (त्रि०) (नः । नी । नम्) मुख को सुगन्धित करनेवाला पदार्थ (बीड़ा इत्यादि), (नपुं०) मुख को सुगन्धित करना ।
मुख्य (त्रि०) (ख्यः । ख्या । ख्यम्) प्रधान, पहिला = ली ।
मुग्ध (त्रि०) (ग्धः । ग्धा । ग्धम्) सुन्दर, मूढ़ वा मूर्ख ।
मुण्ड (त्रि०) (ण्डः । ण्डा । ण्डम्) जिस का माथा मुण्डित वा मूड़ा है, (नपुं०) सिर ।
मुण्डनम् (नपुं०) मूड़ना वा हजामत करना ।
मुण्डित (त्रि०) (तः । ता । तम्) मूड़ागया = हुं ।
मुण्डिन् (पुं०) (ण्डी) हज्जाम, सन्न्यासी ।
मुदिरः (पुं०) मेघ ।
मुद् (स्त्री) (त्—द्) हर्ष वा सुख ।
मुद्गः (पुं०) मूंग (अन्न) ।
मुद्गपर्णी (स्त्री) मुगौनी (एक वृक्ष का फल) ।
मुद्गरः (पुं०) मुंगरा वा जोड़ी ।
मुधा (स्त्री) मिथ्या वा झूठ ।
मुनिः (पुं०) ऋषि, बुद्ध (एक विष्णु का अवतार), मौनव्रती वा चुपचाप रहना जिस का व्रत है ।

मुनीन्द्रः (पुं०) मुनियों में श्रेष्ठ, बुद्ध (एक विष्णु का अवतार)।

मुरः (पुं०) एक दैत्य का नाम।

मुरजः (पुं०) मृदङ्ग बाजा।

मुरमर्दनः (पुं०) विष्णु ।

मुरा (स्त्री) एक सुगन्धद्रव्य ।

मुषकः (पुं०) चोर, मूसा ।

मुषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) चोराया गया = ई, (नपुं०) चोरी ।

मुष्कः (पुं०) अण्डकोश अर्थात् पुरुष के मूत्रद्वार के नीचे का अङ्ग

मुष्ककः (पुं०) एक तरह की लोध ओषधी ।

मुसल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) मूसर ।

मुसलिन् (पुं०) (ली) बलदेव अर्थात् कृष्ण के बड़े भाई ।

मुसली (स्त्री) मुष्टी जन्तु, मुसरी ओषधी, छिपकली या जन्तु ।

मुसल्य (त्रि०) (ल्यः । ल्या । ल्यम्) मूसर से मारडालने के लायक (जैसा सुवर्ण का चोरानेवाला) ।

मुस्तक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) मोथा घास ।

मुस्ता (स्त्री) तथा ।

मुहुर्भाषा (स्त्री) बार २ बोलना।

मुहुस् (अव्यय) (हुः) बार बार वा फेर फेर ।

मुहूर्त्त (पुं० । नपुं०) (र्त्तः । र्त्तम्) १२ क्षण वा ४८ मिनिट ।

मूक (त्रि०) (कः । का । कम्) गूंगा = गी ।

मूढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) मूढ वा मूर्ख ।

मूत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बाँधा हुआ = ई ।

मूत्रम् (नपुं०) मूत वा पेशाब ।

मूत्रकृच्छ्रम् (नपुं०) करकमुत्ती एक रोग (जिस के होने से बार २ लघुशङ्का जाती है और लघुशङ्का करने के समय मूत्रद्वार में पीड़ा होती है ।

मूत्रितम् (नपुं०) मूतागया, मूतना ।

मूर्ख (त्रि०) (र्खः । र्खा । र्खम्) मूढ वा अज्ञान ।

मूर्च्छा (स्त्री) मोह वा बेहोशी, बढ़ना वा बढ़ती वा वृद्धि ।

मूर्च्छाल (त्रि०) (लः । ला । लम्) जिस को मूर्च्छा हो ।

मूर्च्छित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बेहोश होगया = ई, बढ़ा = ढी

मूर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्) "मूत" में देखो ।

मूर्त्त (त्रि०) (र्त्तः । र्त्ता । र्त्तम्) "मूर्च्छित" में देखो, मूर्त्तिमान्, कठोर ।

मूर्त्तिः (स्त्री) प्रतिमा, कठोरता ।

मूर्त्तिमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) मूर्त्तिमान्, कठोर ।

मूर्द्धन् (पुं०) (र्द्धा) मस्तक वा माथा ।

मूर्द्धाभिषिक्तः (पुं०) क्षत्रिय (एक वर्ण), राजा, प्रधान वा मुख्य ।

मूर्वा (स्त्री) मुर्रा (जिस से पनच बनती है) ।

मूर्वी (स्त्री) तथा ।

मूलम् (नपुं०) जड़, पहिला, वृक्ष की जटा, आदिकारण ।

मूलकम् (नपुं०) मुरई साग ।

मूलधनम् (नपुं०) मूर (धन) जिस का ब्याज मिलता है ।

मूल्यम् (नपुं०) मोल वा दाम, मजूरी वा तलब ।

मूषकः (पुं०) मूसा (जन्तु) । [मुषकः]

मूषा (स्त्री) सुवर्ण इत्यादि धातु गलाने की घरिया । [मुषा] [मूषी]

मूषिकः (पुं०) मूसा (जन्तु) । [मूषकः] [मुषकः]

मूषिकपर्णी (स्त्री) मूसाकर्णी ओषधी ।

मूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) चोराया हुआ = ई । [मुषित]

मृगः (पुं०) हरिण, खोजना, पशु ।

मृगणा (स्त्री) खोजना ।

मृगतृष्णा (स्त्री) मृगों का निर्जल स्थान में जल का ज्ञान होना ।

मृगदंशकः (पुं०) कुत्ता, बिल्ली ।

मृगदृष्टिः (पुं०) सिंह ।

मृगद्विष् (पुं०) (ट्—ड्) तथा, मृग का बैरी (बाघ इत्यादि) ।

मृगधूर्तकः (पुं०) सियार जन्तु ।

मृगनाभिः (पुं०) कस्तूरी ।

मृगबधाजीवः (पुं०) व्याध वा बहेलिया (मृग फसानेवाला) ।

मृगबन्धनी (स्त्री) मृग फसाने का जाल ।

मृगमदः (पुं०) कस्तूरी ।

मृगया (स्त्री) आखेट वा शिकार ।

मृगयुः (पुं०) व्याध वा बहेलिया (मृग पकड़नेवाला) ।

मृगरिपुः (पुं०) सिंह ।

मृगव्यम् (नपुं०) शिकार खेलना ।

मृगशिरस् (नपुं) (रः) मृगशीर्षा (एक नक्षत्र का नाम)

मृगशीर्षम् (नपुं०) तथा ।

मृगाङ्कः (पुं०) चन्द्रमा ।

मृगादनः (पुं०) "तरक्षु" में देखो ।

मृगाशनः (पुं०) सिंह।
मृगित (त्रि०) (तः। ता। तम्) खोजागया=ई।
मृगेन्द्रः (पुं०) सिंह।
मृजा (स्त्री) सफाई वा शुद्धि।
मृडः (पुं०) शिव।
मृडानी (स्त्री) पार्वती।
मृणाल (पुं०। नपुं०) (लः। लम्) कमल इत्यादि की जड़, कमलदण्ड।
मृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) मरगया=ई, (नपुं०) भीख माँगना।
मृतस्नात (त्रि०) (तः। ता। तम्) किसी के मरने में जिसने स्नान किया है।
मृतालकम् (नपुं०) रहर (अन्न)।
मृत्तालकम् (नपुं०) तथा। [मृत्तालम्]
मृत्तिका (स्त्री) मट्टी।
मृत्यु (पुं०। स्त्री) (त्युः। त्युः) मरण
मृत्युञ्जयः (पुं०) शिव।
मृत्सा (स्त्री) अच्छी मट्टी।
मृत्स्ना (स्त्री) तथा, रहर (अन्न)।
मृदङ्गः (पुं०) मृदङ्ग बाजा।
मृदु (त्रि०) (दुः। दुः—द्वी। दु) कोमल।
मृदुत्वच् (पुं०) (क्—ग्) भोजपत्र का वृक्ष।
मृदुल (त्रि०) (लः। ला। लम्) कोमल।
मृद् (स्त्री) (त्—द्) मट्टी।
मृद्वीका (स्त्री) दाख वा मुनक्का।
मृधम् (नपुं०) सङ्ग्राम वा युद्ध।
मृषा (स्त्री) झूठ वा मिथ्या।
मृष्ट (त्रि०) (ष्टः। ष्टा। ष्टम्) साफ़ कियागया=ई।
मेकलकन्यका (स्त्री) रेवा नदी।
मेखलकन्यका (स्त्री) तथा।
मेखला (स्त्री) स्त्री के कमर का एक गहना जो ८ लड़ का होता है (करधनी, क्षुद्रघण्टिका इत्यादि), चमड़ा इत्यादि से बना हुआ खड्ग इत्यादि का कटिबन्ध, युद्ध में हाथ से खड्ग के न खसकने के लिये गट्टे में का चमड़े का बन्धन।
मेघः (पुं०) बादल।
मेघज्योतिष् (पुं०) (तिः) मेघ का तेज जिस के गिरने से वृक्षादि नष्ट हो जाते हैं।
मेघनादानुलासिन् (पुं०) (सी) मोर पक्षी।
मेघनामन् (पुं०) (मा) मोथा घास।
मेघनिर्घोषः (पुं०) मेघ का गरजना।

मेघपुष्पः (पुं०) कृष्ण के चार घोड़ों में से एक का नाम ।
मेघपुष्पम् (नपुं०) जल वा पानी।
मेघमाला (स्त्री) मेघ की घटा ।
मेघवाहनः (पुं०) इन्द्र ।
मेघाध्वन (पुं०) (ध्वा) आकाश।
मेचक (त्रि०) (कः । का । कम) काले रङ्गवाला = ली, (पुं०) काला रङ्ग, भेड़ा, मोर के पङ्ख पर का चन्द्राकार चिह्न ।
मेढ्र (पुं० । नपुं०) (ढ्रः । ढ्रम्) पुरुष का मूत्रद्वार. (पुं०) भेड़ा ।
मेदकः (पुं०) मद्य के लिये कुछ पीसी वस्तु, किसी के पिसान से बनाहुआ मद्य ।
मेदस (नपुं०) (दः) चरबी ।
मेदिनी (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि ।
मेदुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) घन वा गफ्फिन और चिकना ।
मेधा (स्त्री) वह बुद्धि जो कोई अर्थ को धारण कर सक्ती है ।
मेधिः (पुं०) बैल इत्यादि के बांधने का खूंटा [मेथिः]
मेध्य (त्रि०) (ध्यः । ध्या । ध्यम्) पवित्र ।
मेनका (स्त्री) स्वर्ग की एक अप्सरा का नाम ।
मेनकात्मजा (स्त्री) पार्वती ।
मेरुः (पुं०) सुमेरु पर्वत ।
मेलकः (पुं०) सङ्गम वा मेल करनेवाला. सङ्गम वा मेल ।
मेला (स्त्री) बहुतों का झुण्ड. नील
मेषः (पुं०) भेड़ा, एक राशि का नाम ।
मेषकम्बलः (पुं०) कम्बल वा कमरा।
मेहः (पुं०) प्रमेह रोग ।
मेहनम् (नपुं०) मूतने का इन्द्रिय, मूतना ।
मैत्रावरुणिः (पुं०) वाल्मीकि ऋषि।
मैत्री (स्त्री) मित्रता ।
मैत्रम (नपुं०) नक्षा ।
मैथुनम् (नपुं०) स्त्री पुरुष का संयोग, सङ्गति ।
मैनाकः (पुं०) एक पर्वत का नाम।
मैरेयम (नपुं०) ऊख के पक्के रस से बनाया हुआ मद्य ।
मोक्षः (पुं०) मुक्ति वा छूट जाना, एक तरह की लोध ।
मोघ (त्रि०) (घः । घा । घम्) निष्फल वा व्यर्थ, (स्त्री) पाँडर एक वृक्ष. बाभीरङ्ग ओषधी ।
मोचकः (पुं०) सहिँजन वृक्ष ।
मोचा (स्त्री) केला वृक्ष, संमरवृक्ष
मोट्टायितम् (नपुं०) एक प्रकार का हाव अर्थात् शृङ्गार के भाव से उत्पन्न क्रिया जिस में पुरुष

वा स्त्री कुछ देह मोड़ कर जंभाई ले ।

मोदक (त्रि०) (दकः । दिका । दकम्) प्रसन्न होनेवाला = ली, (पुं० । नपुं०) लड्डू ।

मोरटम् (नपुं) ऊख की जड़ ।

मोरटा (स्त्री) "मूर्वा" में देखो।

मोषक (पुं०) चोर ।

मोहः (पुं०) मूर्च्छा ।

मौकलिः (पुं०) काआ पक्षी ।

मौकुलिः (पुं०) तथा ।

मौक्तिकम् (नपुं०) मोती ।

मौद्गीनम् (नपुं०) मूंग का खेत।

मौनम् (नपुं०) चुप रहना ।

मौरजिकः (पुं०) मृदङ्ग बजानेवाला

मौर्वी (स्त्री) प्रत्यञ्चा वा पनच ।

मौलिः (पुं०) माथा, शिखा वा चोटी, किरीट वा सिरपेंच, बाँधेहुये बाल ।

मौहूर्त्तः (पुं०) ज्योतिषी ।

मौहूर्त्तिकः (पुं०) तथा ।

म्रक्षणम् (नपुं०) तेल, चिकना करना ।

म्लिष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) अस्पष्ट ।

म्लेच्छमुखम् (नपुं०) ताँबा ।

—***—

(य)

यः (पुं०) यश वा कीर्ति, वायु, सवारी, गमन करनेवाला, त्याग।

यकृत् (नपुं०) पेट की दहिनी ओर कोठ कलेजे के सामने का एक मांस का पिण्ड ।

यक्षः (पुं०) एक देवजाति, कुवेर ।

यक्षकर्द्दमः (पुं०) कपूर अगर कस्तूरी और कङ्कोल इन सब वस्तुओं को मिलाय कर बनाया हुआ एक प्रकार का सुगन्धचूर्ण।

यक्षधूपः (पुं०) राल वा धूप ।

यक्षराज् (पुं०) (ट्—ड्) कुवेर ।

यक्ष्मन् (पुं०) (क्ष्मा) क्षय रोग।

यजमानः (पुं०) यज्ञ करनेवाला, "व्रती" में देखो ।

यजुष् (पुं० । नपुं०) (जुः । जुः) यजुर्वेद ।

यज्ञः (पुं०) यज्ञ वा याग ।

यज्ञपुरुषः (पुं०) विष्णु ।

यज्ञाङ्गः (पुं०) गूलर वृक्ष ।

यज्ञिय (त्रि०) (यः । या । यम्) यज्ञकर्म के योग्य वस्तु (ब्राह्मण द्रव्य इत्यादि) ।

यज्वन् (पुं०) (ज्वा) जिस ने विधिपूर्वक यज्ञ किया है ।

यतस् (अव्यय) (तः) जिस लिये।

यतिः (पुं०) जितेन्द्रिय ।
यतिन् (पुं०) (ती) तथा ।
यत (अव्यय) यदि, जिस लिये, कि।
यथा (अव्यय) जैसा, तुल्यता ।
यथाजात (त्रि०) (तः । ता । तम्)
मूर्ख ।
यथातथम् (नपुं०) सत्य (क्रिया-
विशेषण) ।
यथायथम् (नपुं०) यथायोग्य वा
जैसा उचित है (क्रियाविशेषण)।
यथार्थम (नपुं०) सत्य (क्रिया-
विशेषण) ।
यथाईवर्णः (पुं०) हलकारा वा दूत
यथास्वम् (नपुं०) "यथायथम्"
में देखो ।
यदि (अव्यय) जो वा अगर ।
यदु (त्रि०) (दः । दा यत्—द्) जो
यदृच्छा (स्त्री) स्वच्छन्दता वा
अपनी इच्छा ।
यन्तृ (पुं०) (न्ता) हाथीवान्,
सारथी ।
यमः (पुं०) यमराज, संयम (योग
का एक अङ्ग), केवल शरीर से
साध्य कर्म (जैसा अहिंसा,
सत्य, अस्तेय वा चोरी न कर-
ना, ब्रह्मचर्य इत्यादि) ।
यमनिका (स्त्री) कनात वा परदा।
यमराज् (पुं०) (ट्—ड्) यमराज ।
यमुना (स्त्री) एक नदी ।
यमुनाभ्रातृ (पुं०) (ता) यमराज।
ययुः (पुं०) अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा
यवः (पुं०) जव (एक अन्न) ।
यवक्य (त्रि०) (क्यः । क्या । क्यम्)
ढूंढ़ा रक्षित जव का खेत ।
यवक्षारः (पुं०) जवाखार (एक
नोन) ।
यवफलः (पुं०) बाँस वृक्ष ।
यवसम् (नपुं०) तृण वा घास ।
यवागूः (स्त्री) लपसी (एक भ-
क्ष्य वस्तु) ।
यवाग्रजः (पुं०) जवाखार (एक नोन)
यवानिका (स्त्री) अजवाइन ओषधी
यवासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा
(एक कांटेला वृक्ष) ।
यविष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्)
जवान, नया = यी, (पुं०) छो-
टा भाई ।
यवीयस् (त्रि०) (यान् । यसी ।
यः) जवान, छोटा = टी, नया
= ई ।
यव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्)
जव का खेत ।
यशस् (नपुं०) (शः) यश वा कीर्ति ।
यष्टि (पुं० । स्त्री) (ष्टिः । ष्टिः) लाठी।
यष्टिमधुकम् (नपुं०) जेठीमधु ।
[यष्टीमधुकम्]

यष्टृ (पुं०) (ष्टा) यज्ञ करनेवाला, "व्रती" में देखो ।
यागः (पुं०) यज्ञ ।
याचकः (पुं०) माँगनेवाला ।
याचनकः (पुं०) तथा ।
याचना (स्त्री) माँगना ।
याचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) माँगाहुआ = ई, (नपुं०) माँगना ।
याचितकम् (नपुं०) मंगनी की वस्तु ।
याच्ञा (स्त्री) माँगना ।
याजकः (पुं०) यज्ञ में ब्रह्मा उद्गाता होता अध्वर्यु ब्राह्मणाच्छंसी, अच्छावाक् नेष्टा इत्यादि १६ ऋत्विक् "याजक" कहे जाते हैं ।
यातना (स्त्री) कठोर दुःख ।
यातयाम (त्रि०) (मः । मा । मम्) पुराना = नी, बासी (अन्न इत्यादि), भोजन कर के त्याग कियागया = ई ।
यातु (नपुं०) राक्षस ।
यातुधानः (पुं०) तथा ।
यातृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) गमन करने वा चलनेवाला = ली ।
यातृ (स्त्री) (ता) देवरानी वा जेठानी (भाइयों की स्त्रियाँ परस्पर "याता" कहलाती हैं) ।
यात्रा (स्त्री) गमन वा चलना, चलाना ।
यादवन्धनम् (नपुं०) गैया भैंस इत्यादि पशुरूप धन ।
यादसाम्पतिः (पुं०) वरुण ।
यादस् (नपुं०) (दः) जल का जन्तु ।
यादःपतिः (पुं०) समुद्र ।
यानम् (नपुं०) वाहन वा सवारी, चढ़ाई करना ।
यानमुखम् (नपुं०) रथ इत्यादि सवारी का अग्रभाग ।
याप्य (त्रि०) (प्यः । प्या । प्यम्) अधम वा नीच ।
याप्ययानम् (नपुं०) पालकी सवारी ।
यामः (पुं०) पहर वा ३ घण्टे का काल, संयम (योग का एक अङ्ग) ।
यामिनी (स्त्री) रात्रि वा रात ।
यामुनम् (नपुं०) सुरमा ।
यायजूकः (पुं०) जिस का यज्ञ करने का स्वभाव है ।
यावः (पुं०) महावर (एक रङ्ग) ।
यावकः (पुं०) तथा, आधा पकाहुआ जव इत्यादि ।
यावत् (अव्यय) जबतक, पहिले,

साकल्य वा सम्पूर्णरूप से. निश्चय वा सिद्धान्त ।

यावत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) जेतना = नी ।

यावनः (पुं०) लोहबान (एक धूप)।

याष्टीकः (पुं०) लाठीवाला वा जिस का हथियार लाठी है ।

यासः (पुं०) जवासा वा हिंगुवा (एक कांटेला वृक्ष) ।

युक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) जुटाहुआ = ई, न्याय के अनुसार ।

युक्तरसा (स्त्री) "एलापर्णी" ओषधी ।

युग (पुं० । नपुं०) (गः । गम्) (पुं०) जूआ अर्थात् बैल के कांधे पर रखने का एक काष्ठ, (नपुं०) जोड़ा वा दो, सत्य त्रेता द्वापर कलि—ये चारो युग, चार हाथ, एक प्रकार का औषध ।

युगकीलकः (पुं०) जूआ की कील।

युगन्धरः (पुं०) वह काठ जहां कि रथ में घोड़ा जोता जाता है ।

युगपत् (अव्यय) एकही काल में।

युगपत्रकः (पुं०) कचनार वृक्ष ।

युगपार्श्वगः (पुं०) "प्रष्ठवाह्" में देखो ।

युगलम् (नपुं०) जोड़ा वा दो ।

युग्मम् (नपुं०) तथा ।

युग्य (पुं० । नपुं०) (ग्यः । ग्यम्) (पुं०) जूआ के काठ को ढोने वाला बैल, (नपुं०) वाहन वा सवारी ।

युध् (स्त्री) (त्—द्) सङ्ग्राम वा युद्ध ।

युद्धम् (नपुं०) तथा ।

युवति (स्त्री) (तिः—ती) जवान स्त्री ।

युवन् (पुं०) (वा) जवान पुरुष।

युवराजः (पुं०) राजा के हाथ के नीचे का छोटा राजा ।

यूथ (पुं० । नपुं०) (थः । थम्) पक्षियों का झुण्ड, पशुओं का झुण्ड ।

यूथनाथः (पुं०) हाथियों के झुण्ड में का मुख्य हाथी ।

यूथपः (पुं०) तथा ।

यूथिका (स्त्री) जूही (एक पुष्पवृक्ष) ।

यूप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) यज्ञ में पशु बांधने का खम्भा, (पुं०) तूत वृक्ष ।

यूपखण्डम् (नपुं०) यज्ञस्तम्भ के छीलने के समय गिरता हुआ पहिला टुकड़ा ।

यूष (पुं० । नपुं०) (षः । षम्) माँड़ ।

योक्त्रम् (नपुं०) बैल इत्यादि के गले में जूआ जोड़ने की रस्सी।

योगः (पुं०) कवच, साम दान भेद और दण्ड—ये चारो उपाय, ध्यान, मेल, जोड़ना वा जोड़ ।

योगेष्टम् (नपुं०) सीसा (धातु) ।

योग्य (त्रि०) (ग्यः । ग्या । ग्यम्) उचित, (नपुं०) एक औषध जिस को "ऋद्धि" "वृद्धि" और "सिद्धि" भी कहते हैं ।

योजनम् (नपुं०) चार कोस, परमात्मा, जोड़ना वा मिलाना

योजनवल्ली (स्त्री) एक रङ्ग की लकड़ी ।

योत्रम् (नपुं०) "योक्त्र" में देखो ।

योद्धृ (पुं०) (द्धा) युद्ध करनेवाला ।

योधः (पुं०) तथा ।

योनि (पुं० । स्त्री) (निः । निः) हेतु वा कारण, स्त्री का मूत्रद्वार ।

योषा (स्त्री) स्त्री ।

योषिता (स्त्री) तथा ।

योषित् (स्त्री) तथा ।

यौतकम् (नपुं०) दैजा ।

यौतुकम् (नपुं०) तथा ।

यौतवम् (नपुं०) मान वा नाप वा तौल ।

यौवतम् (नपुं०) युवतियों का समूह वा झुण्ड ।

यौवनम् (नपुं०) जवानी ।

—***—

(र)

रः (पुं०) अग्नि, बलदेव, वायु, भूमि, धन, इन्द्रिय, धन कारोक ।

रक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) रंगा हुआ = ई, अनुरक्त, लाल रङ्ग, (नपुं०) लोहू, केसर, ताँबा का रङ्ग ।

रक्तकः (पुं०) दुपहरिया (एक पुष्पवृक्ष) ।

रक्तचन्दनम् (नपुं०) रक्तसार, लाल चन्दन ।

रक्तपा (स्त्री) जोंक (एक जलजन्तु)

रक्तफला (स्त्री) कुन्दरू तरकारी ।

रक्तमालः (पुं०) करञ्ज वृक्ष ।

रक्तसन्ध्यकम् (नपुं०) लाल कल्हार पुष्प वा लाल रङ्ग का ती-

नो सन्ध्या में फूलनेवाला पुष्प ।
रक्तसरोरुहम् (नपुं०) लाल कमल।
रक्ताङ्गः (पुं०) कमीला ओषधी।
रक्तोत्पलम् (नपुं०) लाल कमल।
रक्षस् (नपुं०) (क्षः) राक्षस ।
रक्षस्सभम् (नपुं०) राक्षसों की सभा, राक्षसों का झुण्ड ।
रक्षा (स्त्री) बचाना, राख ।
रक्षित (त्रि०) (तः । ता । तम्) बचायागया = ई, (नपुं०) बचाना ।
रक्षिवर्गः (पुं०) राजा के रक्षकों का समूह ।
रक्षणः (पुं०) रक्षा करना ।
रङ्कुः (पुं०) चीता (एक बनपशु)।
रङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) अखाड़ा अर्थात् राग रङ्ग और कसरत का स्थान, (नपुं०) राँगा धातु ।
रङ्गाजीवः (पुं०) रंगरेज, रंगसाज।
रचना (स्त्री) रचना वा बनाना ।
रजत (त्रि०) (तः । ता । तम्) श्वेत रङ्ग की वस्तु, (पुं०) श्वेत रङ्ग, (नपुं०) चाँदी, सोना ।
रजनम् (नपुं०) रंगना, तस्वीर खींचना ।
रजनि (स्त्री) (निः—नी) रात्रि वा रात, चकवड़ वृक्ष, हरदी ।
रजनीमुखम् (नपुं०) सन्ध्याकाल वा साँझ ।
रजस् (नपुं०) (जः) धूली वा धूर, रजोगुण, स्त्री का हर महीने का रुधिर ।
रजस्वला (स्त्री) जो स्त्री कपड़े से भई है ।
रजोमूर्तिः (पुं०) ब्रह्मा ।
रज्जुः (स्त्री) डोरी वा रस्सी ।
रञ्जनम् (नपुं०) रंगना, रक्त चन्दन ।
रञ्जनी (स्त्री) नील ।
रण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) सङ्ग्राम वा युद्ध, (पुं०) शब्द ।
रण्डा (स्त्री) विधवा वा राँड़ स्त्री, मूसाकर्णी ओषधी ।
रतम् (नपुं०) मैथुन वा सुरत वा स्त्री पुरुष का संयोग ।
रतिः (स्त्री) तथा, प्रीति वा प्रेम, कामदेव की स्त्री का नाम ।
रतिपतिः (पुं०) कामदेव ।
रत्नम् (नपुं०) जवाहिर, अपनी जातिवालों में श्रेष्ठ वा उत्तम (जैसा,—'स्त्रीरत्नम्' = स्त्रियों में श्रेष्ठ) ।
रत्नगर्भा (स्त्री) पृथ्वी ।
रत्नसानुः (पुं०) सुमेरु पर्वत ।
रत्नाकरः (पुं०) समुद्र ।

रत्निः (पुं०) एक नाप ("सरत्नि" में देखो) ।
रथः (पुं०) गाड़ी, बेंत वृक्ष ।
रथकड्या (स्त्री) रथों का समूह।
रथकारः (पुं०) रथ बनाने वाला, बढ़ई, "माहिष्य" जातिवाले मनुष्य से "करणी" जातिवाली स्त्री में उत्पन्न लड़का ।
रथगुप्तिः (स्त्री) रथ के ऊपर का कलसा ("वरूथ" में देखो) ।
रथद्रुः (पुं०) वञ्जुल (एक प्रकार का वृक्ष) ।
रथाङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) चकवा पक्षी, (नपुं०) रथ की पहिया ।
रथाङ्गनामन् (पुं० । स्त्री) (मा । म्नी) चकवा पक्षी ।
रथाङ्गाह्वयः (पुं०) चकवा पक्षी ।
रथिकः (पुं०) रथ का स्वामी ।
रथिनः (पुं०) तथा ।
रथिन् (पुं०) (थी) तथा, रथ पर चढ़ कर युद्ध करनेवाला ।
रथिरः (पुं०) रथ का स्वामी ।
रथ्यः (पुं०) रथ का खींचने वाला घोड़ा ।
रथ्या (स्त्री) गली, रथों का समूह।
रदः (पुं०) दांत ।
रदनः (पुं०) तथा ।
रदनच्छदः (पुं०) ओष्ठ वा ओंठ ।
रन्ध्रम् (नपुं०) छेद वा बिल ।
रभसः (पुं०) हर्ष, वेग ।
रमणा (स्त्री) क्रीड़ा करानेवाली वा रमावने वाली स्त्री ।
रमणी (स्त्री) तथा ।
रमा (स्त्री) लक्ष्मी ।
रम्भा (स्त्री) केला वृक्ष, एक स्वर्ग की वेश्या का नाम ।
रयः (पुं०) वेग से चलना ।
रल्लकः(पुं०) कम्बल वा कमरा ।
रवः (पुं०) शब्द ।
रवण (त्रि०) (णः । णा । णम्) जिस का शब्द करने का स्वभाव है ।
रविः (पुं०) सूर्य्य ।
रशना (स्त्री) जीभ, सोरह लड़ का स्त्री के कमर का गहना (करधनी इत्यादि) ।
रश्मिः (पुं०) किरण वा प्रकाश, घोड़ा इत्यादि की बागडोर वा लगाम ।
रसः (पुं०) खट्टा मीठा इत्यादि ६ रस, पारा धातु, गन्धरस, शृङ्गार वीर करुण इत्यादि साहित्य के रस, वीर्य वा धातु, प्रीति वा प्रेम, ज़हर, स्वाद, पतली वस्तु (जैसा पानी, सरबत इत्यादि) ।

रसगन्धः (पुं०) गन्धरस वा बोर।
रसगर्भम् (नपुं०) "तार्च्यशैल" में देखो।
रसज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) रस को जानने वाला = ली।
रसज्ञा (स्त्री) जीभ।
रसना (स्त्री) "रशना" में देखो।
रसवती (स्त्री) रसोंई का स्थान।
रसा (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि, सलई (एक लकड़ी), सोनापाढ़ा (एक औषधीकाष्ठ)।
रसाञ्जनम् (नपुं०) "तार्च्यशैल" में देखो।
रसातलम् (नपुं०) पाताल।
रसाल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) (पुं०) आम वृक्ष, ऊख, (नपुं०) आम फल।
रसाला (स्त्री) श्रीखण्ड वा सिखरन (एक खाने का पदार्थ, जो कि—

बासी दही—७॥ छटांक,
उत्तम चीनी—१० छटांक १ तोला,
घी—२ तोला ८ मासे,
सहद—२ तोला ८ मासे,
मिरिच—१ तोला ४ मासे,
सोंठ—१ तोला ४ मासे,

अथवा

घी इत्यादि चारो वस्तु प्रत्येक १ तोला ४ मासे, इन सब पदार्थों को मिला कर महीन कपड़े में छान कर कपूर से सुगन्धित पात्र में रखने से बनता है)।
रसितम् (नपुं०) मेघ का गर्जन-शब्द।
रसोनम् (नपुं०) लहसुन (एक कन्द)।
रसोनकः (पुं०) तथा।
रहस् (अव्यय) (हः) एकान्त।
रहस् (नपुं०) (हः) तथा, परस्पर।
रहस्य (त्रि०) (स्यः । स्या । स्यम्) एकान्त में हुआ = ई, गोप्य वा छिपाने के योग्य।
राका (स्त्री) वह पुनवाँसी की रात्रि जिसमें चन्द्र पूर्ण रहते हैं।
राक्षसः (पुं०) राक्षस (एक देवयोनि)।
राक्षसी (स्त्री) चोर नामक एक गन्धवस्तु, राक्षस की स्त्री।
राक्षा (स्त्री) महावर वा लाही का रङ्ग।
राङ्कव (त्रि०) (वः । वी । वम्) मृग के रोम से बना हुआ (वस्त्र इत्यादि)।

राजकम् (नपुं०) राजों का समूह।
राजकशेरु (नपुं०) नागरमोथा।
राजन् (पुं०) (जा) राजा, चन्द्रमा, क्षत्रिय, यक्ष।
राजन्यः (पुं०) क्षत्रिय।
राजन्यकम् (नपुं०) क्षत्रियों का समूह।
राजन्वत् (त्रि०) (न्वान्। न्वती। न्वत्) वह देश वा नगर वा भूमि जिस में अच्छा राजा है।
राजबला (स्त्री) 'कुब्जप्रसारणी' ओषधी।
राजबीजिन् (त्रि०) (जी। जिनी। जि) राजा के वंश में उत्पन्न वा पैदा हुआ=ई।
राजराजः (पुं०) कुवेर।
राजवत् (त्रि०) (वान्। वती। वत्) वह देश वा भूमि वा नगर जिस में राजा हो।
राजवृक्षः (पुं०) अमिलतास।
राजवंश्य (त्रि०) (श्यः। श्या। श्यम्) राजा के वंश में उत्पन्न वा पैदा हुआ=ई।
राजसदनम् (नपुं०) सब से ऊंचा घर, राजा का घर।
राजसूयम् (नपुं०) एक यज्ञ का नाम।
राजहंसः (पुं०) वह हंस पक्षी जिस का रङ्ग श्वेत हो और चोंच और पैर लाल २ हों।
राजातनः (पुं०) प्यारमेवा वृक्ष।
राजादन (पुं०। नपुं०) (नः। नम्) तथा, खिरनी वृक्ष।
राजार्ह (त्रि०) (र्हः। र्हा र्हम्) राजा के योग्य वस्तु, (नपुं०) अगुरुचन्दन।
राजि (स्त्री) (जिः—जी) पङ्क्ति वा पाँती वा कतार।
राजिका (स्त्री) राई।
राजिलः (पुं०) वह दुमुहाँ सर्प जिस में विष नहीं रहता।
राजीव (पुं०। नपुं०) (वः। वम्) (पुं०) एक बड़ी मछली, (नपुं०) कमल।
राट् (पुं०) (ट्—ड्) राजा।
राज्याङ्गानि, बहुवचन, (नपुं०) १ राजा, २ मन्त्री, ३ राजा का मित्र, ४ खजाना, ५ देश की भूमि, ६ दुर्गम स्थान अर्थात् पर्वत किला इत्यादि, ७ सेना, ८ पुरवासियों का समूह ये आठ "राज्याङ्ग" कहलाते हैं।
रात्रि (स्त्री) (त्रिः—त्री) रात।
रात्रिचरः (पुं०) राक्षस।
रात्रिञ्चरः (पुं०) तथा।
राद्धान्तः (पुं०) सिद्धान्त वा निर्णय।

राधः (पुं०) वैशाख महीना ।
राधा (स्त्री) विशाखा नक्षत्र, एक गोपी का नाम ।
राम (त्रि०) (मः । मा । मम्) सुन्दर वा मनोहर, नीली वस्तु, श्वेत वस्तु, (पुं०) रामचन्द्र, परशुराम, बलदेव, एक प्रकार का सुन्दर मृग, नीला रङ्ग, श्वेत रङ्ग ।
रामठम् (नपुं०) हींग ।
रामा (स्त्री) स्त्री ।
राम्भः (पुं०) बांस का दण्ड जो ब्रह्मचर्य में धारण कियाजाता है ।
रालः (पुं०) राल वा धूप ।
रावः (पुं०) शब्द ।
राशिः (पुं०) ढेर, मेष वृष मिथुन इत्यादि १२ राशि, गणित शास्त्र की सङ्ख्या ।
राष्ट्र (पुं० । नपुं०) (ष्ट्रः । ष्ट्रम्) देश, उपद्रव ।
राष्ट्रिका (स्त्री) भटकटैया (एक कंटैला वृक्ष) ।
राष्ट्रियः (पुं०) राजा का साला (नाट्य में) ।
रासः (पुं०) मेघ का शब्द, ग्वालों की एक प्रकार की क्रीड़ा वा खेल
रासभः (पुं०) गदहा (पशु) ।
रास्ना (स्त्री) रासन (एक वृक्ष), एलापर्णी औषधी ।
राहुः (पुं०) एक ग्रह ।
रिक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्) शून्य वा खाली ।
रिक्तक (त्रि०) (कः । का । कम्) तथा
रिक्थम् (नपुं०) धन वा दौलत ।
रिङ्गणम् (नपुं०) रेंगना, अपने धर्मादि से बिचल जाना, बालक इत्यादि के हाथ पैर, बिछलाय कर गिरना । [रिङ्खणम्]
रिटिः (पुं०) शिव के एक गण का नाम ।
रिपुः (पुं०) शत्रु ।
रिष्टम् (नपुं०) मङ्गल वा कल्याण, अमङ्गल वा अकल्याण, अमङ्गल का नाश ।
रिष्टिः (पुं०) तलवार ।
रीढा (स्त्री) अनादर वा अपमान।
रीण (त्रि०) (णः । णा । णम्) बहा = हो (जैसा गैया के थन इत्यादि से दूध इत्यादि) ।
रीति (स्त्री) (तिः—ती) रीति वा लोकाचार, पीतर एक धातु, बहना, लोहा की मैल ।
रीतिपुष्पम् (नपुं०) "कुसमाञ्जन" में देखो ।
रुक्मम् (नपुं०) सुवर्ण वा सोना।
रुक्मकारकः (पुं०) सोनार ।

रुक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) रूखा = खी, (पुं०) अप्रेम वा अप्रीति वा प्रेम का नाश ।

रुग्ण (त्रि०) (ग्णः । ग्णा । ग्णम्) व्यथित वा पीड़ित वा रोगी, टूटा हुआ = ई ।

रुचक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) बिजौरा नीबू, रेंड वृक्ष राजा इत्यादि धनवानों का एक प्रकार का घर, (पुं०) एक प्रकार का गहना, (नपुं०) सोचर-नोन, सोचरखार ।

रुचिः (स्त्री) चाह वा इच्छा, प्रभा वा प्रकाश, आलिङ्गन वा गले से लगाना, अत्यन्त आसक्ति सूर्यादिक की किरण, शोभा वा सुन्दरता ।

रुचिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) सुन्दर ।

रुच (स्त्री) (क्—ग्) रोग वा पीड़ा ।

रुच्य (त्रि०) (च्यः । च्या । च्यम्) प्यारा = री, सुन्दर ।

रुजा (स्त्री) रोग वा पीड़ा ।

रुज् (स्त्री) (क्—ग्) तथा ।

रुतम (नपुं०) अस्पष्ट शब्द ।

रुदितम् (नपुं०) रोना ।

रुद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) रोका हुआ = ई, बन्द किया हुआ = ई, बाँधा हुआ = ई ।

रुद्रः (पुं०) शिव ।

रुद्राः बहुवचन, (पुं०) रुद्र नामक गणदेवता जो गिनती में ११ हैं ।

रुद्राणी (स्त्री) पार्वती ।

रुधिर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) मङ्गल ग्रह, (नपुं०) केसर, लोहू ।

रुमा (स्त्री) खारा समुद्र, सुग्रीव की स्त्री का नाम ।

रुरुः (पुं०) एक प्रकार का मृग वा वनपशु ।

रुवूकः (पुं०) रेंड़ वृक्ष । [रुबुकः] [रूवूकः]

रुशत् (त्रि०)(शत् । शती—शन्ती । शत्) अमङ्गल बोलना ।

रुष् (स्त्री) (ट्—ड्) क्रोध ।

रुहा (स्त्री) दूर्वा घास ।

रूपम् (नपुं०) रूप वा आकार, सफेद नीला पीला इत्यादि रङ्ग, चाँदी ।

रूपाजीवा (स्त्री) वेश्या ।

रूप्य (त्रि०) (प्यः । प्या । प्यम्) रमणीय वा सुन्दर, (नपुं०) रुपा वा चाँदी, छापा हुआ चाँदी वा सोना अर्थात् चाँदी वा सोने का रुपया ।

रूप्याध्यक्षः (पुं०) रूपा का अध्यक्ष वा अधिकारी वा खज़ानची ।

रूषित (त्रि०) (तः । ता । तम्) धूलि इत्यादि से लपेटा हुआ वा रूखा किया हुआ = ई ।

रेचन (त्रि०) (नः । नी । नम्) पतला दस्त लाने वाली वस्तु, (स्त्री) कबीला ओषधी, (नपुं०) जुलाब लेना ।

रेचित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दस्त की राह से गिराया गया = ई, त्याग किया गया = ई, (नपुं०) घोड़े की एक प्रकार की चाल ।

रेणु (पुं० । स्त्री) (णुः । णुः) धूली वा धूर ।

रेणुकः (पुं०) मटर (एक अन्न) ।

रेणुका (स्त्री) रेणुकबीज नामक एक गन्धवस्तु, परशुराम की माता का नाम ।

रेतस् (नपुं०) (तः) वीर्य वा धातु ।

रेफ (त्रि०) (फः । फा । फम्) अधम वा नीच [रेप], (पुं०) रेफ वा हल् रकार एक वर्ण ।

रेवती (स्त्री) एक तारा, बलदेव की स्त्री ।

रेवतीरमणः (पुं०) बलदेव ।

रेवा (स्त्री) नर्मदा नदी ।

रै (पुं०) (राः) धन, सुवर्ण वा सोना ।

रोकम् (नपुं०) छिद्र वा बिल ।

रोगः (पुं०) बीमारी ।

रोगहारिन् (पुं०) (री) वैद्य ।

रोचनः (पुं०) काला सेमर वृक्ष ।

रोचनी (स्त्री) श्वेत त्रिधारा ओषधी, कबीला ओषधी । [रेचनी]

रोचिष् (नपुं०) (चिः) प्रभा ।

रोचिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) अत्यन्त शोभा को प्राप्त होताहुआ = ई ।

रोदनम् (नपुं०) रोना, रोलाना, आंसू ।

रोदनी (स्त्री) जवासा वा हिंगुआ (एक कंटैला वृक्ष) ।

रोदसी, द्विवचनान्त, (स्त्री) (स्यौ) भूमि और आकाश ।

रोदस्, द्विवचनान्त, (नपुं०) (सी) तथा ।

रोधः (पुं०) नदी इत्यादि का तीर

रोधस् (नपुं०) (धः) तथा ।

रोधोवक्रा (स्त्री) नदी ।

रोपः (पुं०) बाण ।

रोमन् (नपुं०) (म) रोआं ।

रोमन्थः (पुं०) पगुरी ।

रोमहर्षणम् (नपुं०) रोआं का

खड़ा होना ।
रोमाञ्चः (पुं०) तथा ।
रोषः (पुं०) क्रोध ।
रोहिणी (स्त्री) कुटकी औषधी, एक तारा जिस को चन्द्र की प्यारी स्त्री कहते हैं ।
रोहित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लाल रङ्ग की वस्तु, (पुं०) रोहू मछली, एक लाल रङ्ग का मृग, (नपुं०) सूधा इन्द्र का धनुष् (पुं० । नपुं०) लाल रङ्ग ।
रोहितकः (पुं०) रोहित घास, रोहू मछली, लाल मृग ।
रोहिताश्वः (पुं०) अग्नि वा आग ।
रोहिन् (पुं०) (ही) रोहित घास, रोही मृग ।
रौद्र (त्रि०) (द्रः । द्री । द्रम्) भयङ्कर वा जिस के देखने से डर लगै, (पुं०) रौद्र रस ।
रौमकम् (नपुं०) साँभर नोन ।
रौरवः (पुं०) एक नरक ।
रौहिणेयः (पुं०) बलदेव, बुध ग्रह ।
रौहिषम् (नपुं०) रोहिस घास ।
रंहस् (नपुं०) (हः) वेग, बल ।

—***—

(ल)

लः (पुं०) प्रकाश, भूमि, भय, आनन्द, वायु, नोन, दान, श्लेष वा अनेकार्थ शब्द का प्रयोग, अभिप्राय वा तात्पर्य वा मतलब, प्रलय, साधन, मन, वरुण, आश्वासन करना वा तसल्ली देना
लकुच (पुं० । नपुं०) (चः । चम्) (पुं०) बड़हर वृक्ष, (नपुं०) बड़हर फल । [लिकुच]
लक्तकः (पुं०) चिथड़ा वा लत्ता ।
लक्षम् (नपुं०) लाख (१०००००) सङ्ख्या, निशाना ।
लक्षणम् (नपुं०) चिह्न ।
लक्षणा (स्त्री) हंसी, सारस पक्षी की स्त्री, एक लता ।
लक्ष्मण (त्रि०) (णः । णा । णम्) लक्ष्मीयुक्त, (पुं०) रामचन्द्र के एक भाई का नाम, (स्त्री) सारस पक्षी की स्त्री, एक लता । [लक्षणा]
लक्ष्मन् (नपुं०) (क्ष्म) चिह्न, प्रधान वा मुख्य ।
लक्ष्मीः (स्त्री) लक्ष्मी, सम्पत्ति वा धन, अधिकाई, "ऋद्धि" औषधी
लक्ष्मीवत् (त्रि०) (वान् । वती । वत्) लक्ष्मीयुक्त ।

लक्ष्य (त्रि०) (क्ष्यः । क्ष्या । क्ष्यम्) निशाना, (नपुं०) स्वरूप का ढाँपना वा छिपाना ।

लगुडः (पुं०) लकड़ी वा डण्डा।

लग्न (त्रि०) (ग्नः । ग्ना । ग्नम्) लगाहुआ = ई, (नपुं०) राशियों का उदय ।

लग्नकः (पुं०) मध्यस्थ वा बिचवई वा जामिनदार ।

लघिमन् (पुं०) (मा) छोटाई।

लघु (त्रि०) (घुः । घुः—घ्वी । घु) जल्दीबाज़, छोटा = टी, दुष्ट वा चाहाहुआ = ई, (पुं०) अस्यरक ओषधी, (नपुं०) शीघ्र वा जल्दी ।

लघुलयम् (नपुं०) खस वा गाँडर की जड़ ।

लङ्का (स्त्री) समुद्र में का एक टापू, लाल मिरचा ।

लङ्कोपिका (स्त्री) अस्यरक ओषधी

लज्जा (स्त्री) लाज ।

लज्जित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लजायगया = ई ।

लट्वा (स्त्री) गाँव की गौरैया, एक प्रकार का करञ्जफल, बाजा

लता (स्त्री) लता वा बेल, वृक्ष की शाखा, गोंदी वृक्ष, वसन्त में फूलने वाला कुन्द, अस्यरक ओषधी, मालकंगुनी ओषधी ।

लतार्कः (पुं०) हरा प्याज ।

लपनम् (नपुं०) मुख, बोलना ।

लपित (त्रि०) (तः । ता । तम्) कहागया = ई, (नपुं०) बोलना

लब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) प्राप्त हुआ = ई वा मिला = ली ।

लब्धवर्णः (पुं०) पण्डित ।

लभ्य (त्रि०) (भ्यः । भ्या । भ्यम्) पाने के योग्य, न्याय के अनुसार ।

लम्बनम् (नपुं०) लटकना, एक कण्ठ का गहना जो कण्ठा की अपेक्षा कुछ अधिक लटकता रहता है ।

लम्बोदरः (पुं०) गणेश, लम्बे पेट वाला ।

लयः (पुं०) लीन होना वा मिल जाना वा उसी का रूप हो जाना, नाच में गीत बाजा और पैर रखने की क्रिया और ताल—इन के काल की समता वा बराबरी ।

ललना (स्त्री) विलासयुक्त स्त्री।

ललन्तिका (स्त्री) एक कण्ठ का गहना जो कण्ठा की अपेक्षा कुछ अधिक लटकता रहता है।

ललाटम् (नपुं०) भाल वा लिलार।

ललाटिका (स्त्री) "पत्रपाश्या" में देखो ।
ललाम (पुं० । नपुं०) (मः । मम्) पोंछ, घोडे के माथे का एक चिह्न घाड़ा, घोड़ का गहना, प्रधान वा मुख्य, ध्वजा, मनोहर, प्रभाव, पुरुष, भूषण, सूंड़, सींग, चिह्न, अश्वलिङ्गी, संदूक इत्यादि का खाना ।
ललामकम् (नपुं०) कपाल तक लटकती हुई माला ।
ललामन् (नपुं०) (म) "ललाम" में देखो ।
ललितम् (नपुं०) सुरत वा मैथुन में स्त्रियों की चेष्टा ।
लवः (पुं०) सूक्ष्म वा थोड़ा, काटना, टुकड़ा ।
लवङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) (पुं०) लवङ्ग वृक्ष, (नपुं०) लवङ्ग फूल ।
लवण (त्रि०) (णः । णा : णम्) खारा = री, (स्त्री) सुन्दरता, (नपुं०) नोन वा खारा रस ।
लवणाकरः (पुं०) खारा समुद्र ।
लवणोदः (पुं०) खारे पानी का समुद्र ।
लवनम् (नपुं०) काटना ।
लवित्रम् (नपुं०) हंसुवा एक काटने का हथियार ।
लशुनम् (नपुं०) लहसुन ।
लशूनम् (नपुं०) तथा ।
लस्तकः (पुं०) धनुष् का मध्यभाग ।
लाक्षा (स्त्री) लाही वा महावर ।
लाक्षाप्रसादनः (पुं०) लाल लोध ।
लाङ्गलम् (नपुं०) हल (जिस से खेत जोता जाता है) ।
लाङ्गलिकः (पुं०) हल चलानेवाला।
लाङ्गलिकी (स्त्री) करियारी ।
लाङ्गलिन् (पुं०) (ली) जलपीपर, नरियर, बलदेव ।
लाङ्गूलम् (नपुं०) पोंछ । [लाङ्गुलम्]
लाजाः, बहुवचन, (पुं०) लावा (धान इत्यादि अन्न का) ।
लाञ्छनम् (नपुं०) चिह्न, कलङ्क ।
लाबूः (स्त्री) तुम्बा । [लाबुः]
लाभः (पुं०) फल वा नफ़ा, पाना ।
लामज्जकम् (नपुं०) खस वा गाँड़र की जड़ ।
लालसा (स्त्री) प्रार्थना, उत्कण्ठा वा बड़ी चाह ।
लाला (स्त्री) मुंह का लार ।
लालाटिकः (पुं०) वह नौकर जो कि कामों में असमर्थ हो कर अपने स्वामी के क्रोध वा प्रसन्नता की परीक्षा के लिये उस

का मुख देखता है ।
लावः (पुं०) लावा पक्षी, खेत का लवना वा काटना ।
लासिका (स्त्री) नाचनेवाली स्त्री ।
लास्यम (नपुं०) नाचना ।
लिकुचः (पुं०) बड़हर वृक्ष ।
लिक्षा (स्त्री) जूंआ का अण्डा ।
लिखित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लिखाहुआ वा लिखागया = ई, (नपुं०) लिखना ।
लिङ्गवृत्तिः (पुं०) अपने पेट भरने के लिये जटा इत्यादि बढ़ाने-वाला ।
लिपि (स्त्री) (पिः—पी) लिखावट वा लिखना ।
लिपिकरः (पुं०) लिखनेवाला वा लेखक ।
लिप्त (त्रि०) (प्तः । प्ता । प्तम्) लीपागया = ई, खायागया = ई ।
लिप्तकः (पुं०) विष में बुताया-हुआ बाण ।
लिप्सा (स्त्री) पाने की इच्छा ।
लिबि (स्त्री) (बिः—बी) "लिपि" में देखो ।
लिबिकरः (पुं०) लेखक ।
लिबिकारः (पुं०) तथा ।
लिवि (स्त्री) (विः—वी) "लिपि" में देखो ।
लिविकरः (पुं०) लेखक ।
लिविकारः (पुं०) तथा ।
लीढ (त्रि०) (ढः । ढा । ढम्) चाटागया = ई, चीखागया = ई, खायागया = ई ।
लीला (स्त्री) विलास वा क्रीड़ा, क्रिया, एक प्रकार का हाव (स्त्री का बोलने में पहिरावा में और चेष्टा में अपने प्यारे पति की नकल करना) ।
लुठित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लोट गया = ई, श्रम दूर करने के लिये भूमि पर लोटाहुआ घोड़ा ।
लुण्ठित (त्रि०) (तः । ता । तम्) लूट लियागया वा डाँका मार कर छीन लियागया = ई ।
लुब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) लोभी वा लालची ।
लुब्धकः (पुं०) व्याध वा शिकारी, व्याघ्र वा बाघ ।
लुलापः (पुं०) भैंसा (एक पशु) ।
लुलायः (पुं०) तथा ।
लूता (स्त्री) मकड़ी (एक जन्तु, जो जाला लगाती है) ।
लून (त्रि०) (नः । ना । नम्) काटागया = ई, खण्डित ।
लूमम् (नपुं०) पोंछ ।

लेखः (पुं०) देवता ।
लेखकः (पुं०) लिखनेवाला ।
लेखर्षभः (पुं०) इन्द्र ।
लेखा (स्त्री) रेखा वा पङ्क्ति वा पाँती ।
लेपः (पुं०) शरीर में चन्दन इत्यादि का वा औषधादि का लेप, भोजन वा खाना ।
लेपकः (पुं०) लीपनेवाला वा लेप करनेवाला ।
लेलिहानः (पुं०) सर्प ।
लेशः (पुं०) थोड़ा वा सूक्ष्म वा किञ्चित् वा ज़रासा ।
लेष्टुः (पुं०) ढेला ।
लेहः (पुं०) चाटना वा चीखना ।
लोकः (पुं०) स्वर्ग इत्यादि लोक, लोग वा जन ।
लोकजननी (स्त्री) लक्ष्मी ।
लोकजित् (पुं०) बुद्ध (एक नास्तिकों की देवता) ।
लोकबन्धुः (पुं०) सूर्य्य ।
लोकबान्धवः (पुं०) तथा ।
लोकमातृ (स्त्री) (ता) लक्ष्मी ।
लोकायतम् (नपुं०) चार्वाक (एक नास्तिक) का शास्त्र ।
लोकायतिकः (पुं०) महानास्तिक ("चार्वाक" में देखो) । [लौकायतिकः]
लोकालोकः (पुं०) लोकालोकाचल एक पर्वत ।
लोकेशः (पुं०) ब्रह्मा ।
लोचनम् (नपुं०) नेत्र वा आँख ।
लोचमर्कटः (पुं०) एक औषध जिस को "मयूरशिखा" भी कहते हैं ।
लोचमस्तकः (पुं०) तथा, अजमोदा औषधी ।
लोत (पुं० । नपुं०) (तः । तम्) चोरी का धन ।
लोत्रम् (नपुं०) तथा ।
लोध्र (पुं० । नपुं०) (ध्रः । ध्रम्) (पुं०) लोध वृक्ष, (नपुं०) लोध औषधी ।
लोपामुद्रा (स्त्री) अगस्त्य ऋषि की स्त्री ।
लोप्त्रम् (नपुं०) चोरी का धन ।
लोभः (पुं०) लालच ।
लोमन् (नपुं०) (म) रोम वा रोआँ ।
लोमश (त्रि०) (शः । शा । शम्) बहुत रोमयुक्त, (पुं०) एक ऋषि का नाम, (स्त्री) जटामासी औषधी ।
लोल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चञ्चल, लालची ।
लोलुप (त्रि०) (पः । पा । पम्)

अत्यन्त लालची ।
लोलुभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) तथा ।
लोष्ट (पुं० । नपुं०) (ष्टः । ष्टम्) ढेला वा कङ्कड़ ।
लोष्टभेदन (पुं० । नपुं०) (नः । नम्) ढेला फोड़ने का मोंगरा ।
लोह (पुं० । नपुं०) (हः । हम) लोहा (धातु) (नपुं०) अगुरुचन्दन, सुवर्ण इत्यादि आठों धातु इस शब्द से कहे जाते हैं (१ सोना २ चाँदी ३ ताँबा ४ पीतल ५ काँसा ६ राँगा ७ सीसा ८ लोहा)।
लोहकारकः (पुं०) लोहार ।
लोहपृष्ठः (पुं०) "कङ्क" में देखो ।
लोहल (त्रि०) (लः । ला । लम्) अस्पष्ट वा गड़बड़ बोलनेवाला = लो ।
लोहाभिसारः (पुं०) अस्त्रधारी राजाओं का महानवमी वा विजयदशमी के दिन युद्धयात्रा के पहिले अस्त्र वाहन इत्यादि के पूजन की विधि, योद्धा लोगों को अस्त्र देना ।
लोहाभिहारः (पुं०) तथा ।
लोहित (त्रि०) (तः । ता । तम) लाल रङ्ग की वस्तु, (नपुं०) रुधिर वा लोहू ।
लोहितकः (पुं०) लाल मणि ।
लोहितचन्दनम् (नपुं०) केसर, रक्तचन्दन ।
लोहिताङ्गः (पुं०) मङ्गल ग्रह ।
लौकायतिकः (पुं०) "लोकायतिक" में देखो ।
लौहम् (नपुं०) लोहा, सुवर्ण इत्यादि आठों धातु इस नाम से कहे जाते हैं ("लोह" में देखो)

—***—

(व)

व (अव्यय) तुल्यता अर्थ में (इव)।
वः (पुं०) वायु, वरुण, आश्वासन वा तसल्ली देना ।
वक्तव्य (त्रि०) (व्यः । व्या । व्यम्) बोलने के योग्य, निन्दा करने के योग्य, हीन अर्थात् किसी वस्तु से रहित, अधीन वा परतन्त्र ।
वक्तृ (त्रि०) (क्ता । क्त्री । क्तृ) बोलनेवाला = ली ।
वक्त्रम् (नपुं०) मुख ।
वक्र (त्रि०) (क्रः । क्रा । क्रम्)

टेढ़ा = ढ़ी, (नपुं०) नाद वा जल का भंवर अर्थात् जल के घूमने से जो उस में गड़हा सा पड़ जाता है ।
वक्षस् (नपुं०) (क्षः) छाती ।
वङ्क्षणः (पुं०) जङ्घाओं का जोड़।
वचनम् (नपुं०) बात, बोलना ।
वचस् (नपुं०) (चः) वचन ।
वचा (स्त्री) बच्च ओषधी ।
वज्र (पुं० । नपुं०) (ज्रः । ज्रम्) इन्द्र का वज्र, (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष, (नपुं०) हीरा ।
वज्रद्रुः (पुं०) सेंहुड़ वृक्ष ।
वज्रनिर्घोषः (पुं०) बिजुली का कड़कना ।
वज्रपुष्पम् (नपुं०) तिल का फूल।
वज्रिन् (पुं०) (ज्री) इन्द्र ।
वञ्चक (त्रि०) (ञ्चकः । ञ्चिका । ञ्चकम्) ठगनेवाला = ली, (पुं०) सियार (पशु) ।
वञ्चित (त्रि०) (तः । ता । तम्) ठगागया = ई ।
वञ्चुकः (पुं०) सियार (पशु) ।
वञ्जुलः (पुं०) बेंत वृक्ष, अशोक वृक्ष।
वट (त्रि०) (टः । टी । टम्) डोरी वा रस्सी, (पुं०) बड़ का वृक्ष ।
वटकः (पुं०) बड़ा (एक खाद्य वस्तु)
वटाकरः (पुं०) डोरी वा रस्सी ।
वटी (स्त्री) तथा, गोली, कौड़ी।
वड्र (त्रि०) (ड्रः । ड्रा । ड्रम्) विस्तीर्ण वा फैलावटयुक्त [वड]
वणिक्पथः (पुं०) बाज़ार ।
वणिज् (पुं०) (क्—ग्) बनियाँ।
वणिज्यम् (नपुं०) बनियाँ का रोज़गार ।
वणिज्या (स्त्री) तथा ।
वण्टकः (पुं०) बाँटनेवाला, बाँटा ।
वत (अव्यय) खेद वा दुःख, दया, सन्तोष, आश्चर्य, "जैसी इच्छा हो वैसा करो" ऐसी आज्ञा देना
वतोका (स्त्री) वह गैया जिसका गर्भ अकस्मात् गिर गया हो ।
वत्स (पुं० । नपुं०) (त्सः । त्सम्) (पुं०) बछवा, बच्चा वा लड़का, (नपुं०) छाती, वर्ष वा बरिस ।
वत्सकः (पुं०) कोरैया एक पुष्पवृक्ष।
वत्सतरः (पुं०) छोटा बछवा ।
वत्सनाभः (पुं०) बचनाग (एक विष) ।
वत्सरः (पुं०) वर्ष वा बरिस वा साल ।
वत्सल (त्रि०) (लः । ला । लम्) दयालु ।
वत्सादनी (स्त्री) गुरुच (एक ओषधीलता) ।
वद (त्रि०) (दः । दा । दम्) बोल

नेवाला = ली ।
वदनम् (नपुं०) मुख ।
वदान्य (त्रि०) (न्यः । न्या । न्यम्) दाता वा देनेवाला = ली, मीठा बोलनेवाला = ली ।
वदावद (त्रि०) (दः । दा । दम्) बोलनेवाला = ली ।
वधः (पुं०) मार डालना ।
वधूः (स्त्री) स्त्री, विवाहिता स्त्री, पतोहू, असयरक ओषधी ।
वध्य (त्रि०) (ध्यः । ध्या । ध्यम्) मारडालने के योग्य ।
वनम् (नपुं०) जङ्गल, पानी, बगीचा
वनतिक्तिका (स्त्री) सोनापाढ़ा ओषधी ।
वनप्रियः (पुं०) कोकिल पक्षी ।
वनमक्षिका (स्त्री) जङ्गली मक्खी वा डाँस ।
वनमालिन् (पुं०) (ली) विष्णु ।
वनमुद्गः (पुं०) मोट नामक अन्न ।
वनशृङ्गाटः (पुं०) गोखरू ओषधी।
वनस्पतिः (पुं०) वह वृक्ष जो बिना फूले फलता है ।
वनायुः (पुं०) हरिण वा मृग, एक देश का नाम ।
वनायुजः(पुं०) वनायु देश का घोड़ा
वनिता (स्त्री) स्त्री, अत्यन्त प्यारी स्त्री ।

वनीपकः (पुं०) याचक वा भिखमङ्गा ।
वनीयकः (पुं०) तथा ।
वनौकस् (पुं०) (काः) बन्दर पशु ।
वन्दनम् (नपुं०) नमस्कार करना।
वन्दा (स्त्री) अकासबंवर (एक लता)
वन्दारु (त्रि०) (रुः । रुः । रु) वन्दना वा नमस्कार करनेवाला = ली ।
वन्दि (स्त्री) (न्दिः—न्दी) कैदी वा जो कैद कियागया है ।
वन्दिन् (पुं०) (न्दी) राजा की स्तुति करनेवाला वा भाट ।
वन्ध्य (त्रि०) (न्ध्यः । न्ध्या । न्ध्यम्) बाँझ वा फलरहित (वृक्ष इत्यादि) ।
वन्या (स्त्री) वन का समूह वा बड़ा बन ।
वपनम् (नपुं०) मुण्डन वा मूड़ना।
वपा (स्त्री) बिल वा छिद्र, चरबी।
वपुष् (नपुं०) (पुः) देह वा शरीर।
वप्र (पुं० । नपुं०) (प्रः । प्रम्) धूस वा क़िला के अगल बगल जो मट्टी गाँज देते हैं जिस से शत्रु के तोप का गोला क़िले में असर न करे, घेरा, (पुं०) खेत, (नपुं०) सीसा धातु ।
वमः (पुं०) क़ाँट वा उलटी करना।

वमथुः (पुं०) तथा, हाथियों के सूंड़ का पानी ।
वमि (स्त्री) (मिः—मी) तथा ।
वयस् (नपुं०) (यः) पक्षी, अवस्था वा उमर, जवानी ।
वयस्थ (त्रि०) (स्थः । स्था । स्थम्) जवान वा तरुण, (स्त्री) आंवरा वृक्ष, ब्राह्मी एक लता, ककोड़ी वृक्ष (ओषधी) ।
वयस्य (त्रि०) (स्यः । स्या । स्यम्) मित्र, जवान, (स्त्री) सखी ।
वर (त्रि०) (रः । रा । रम्) श्रेष्ठ वा प्रधान वा मुख्य, (पुं०) देवता ने प्रसन्न हो कर जो दिया, दुलहा वा बर, (नपुं०) केसर, (क्रियाविशेषण) थोड़े अङ्गीकार अर्थ वा थोड़े प्रिय अर्थ में ।
वरट (पुं० । स्त्री) (टः । टा) गंधैली माछी, (स्त्री) हंस की स्त्री ।
वरण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) (पुं०) शहरपनाह, वरुण वृक्ष, (नपुं०) नेवता देना वा वरण करना ।
वरण्डः (पुं०) एक प्रकार का मुख का रोग ।
वरत्रा (स्त्री) हाथियों के शरीर के बीच में बाँधने के लिये चमड़े की डोरी, चमड़े की डोरी ।
वरद (त्रि०) (दः । दा । दम्) वर देनेवाला = ली ।
वरवर्णिनी (स्त्री) अच्छे रङ्गवाली स्त्री, हरदी ।
वराङ्गम् (नपुं०) माथा, स्त्री का मूत्रद्वार ।
वराङ्गकम् (नपुं०) तज एक प्रकार की ओषधी ।
वराटक (त्रि०) (टकः । टिका । टकम्) (पुं० । नपुं०) डोरी वा रस्सी, (पुं०) कमलगट्टे का छाता, (पुं०। स्त्री) कौड़ी ।
वरारोहा (स्त्री) अच्छे चूतड़वाली स्त्री ।
वराशिः (पुं०) मोटा कपड़ा ।
वरासिः (पुं०) तथा ।
वराहः (पुं०) सूअर ।
वरिवसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) शुश्रूषा वा सेवा कियागया = ई, (नपुं०) शुश्रूषा वा सेवा ।
वरिवस्या (स्त्री) सेवा वा खुशामद ।
वरिवस्यित (त्रि०) (तः । ता । तम्) "वरिवसित" में देखो ।
वरिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त बड़ा, अत्यन्त श्रेष्ठ, (नपुं०) ताँबा धातु ।
वरी (स्त्री) सतावर ओषधी ।

वरीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) अत्यन्त बड़ा, अत्यन्त श्रेष्ठ ।
वरुणः (पुं०) एक देवता का नाम, एक वृक्ष ।
वरुणात्मजा (स्त्री) मद्य ।
वरूथः (पुं०) अस्त्र इत्यादि से रथ के बचाने के लिये लोहा इत्यादि से बना हुआ आवरण वा कलसा ।
वरूथिनी (स्त्री) सेना ।
वरेण्य (त्रि०) (ण्यः । ण्या । ण्यम्) वर्णन करने के योग्य, प्रधान वा मुख्य वा श्रेष्ठ ।
वर्करः (पुं०) बकरा पशु, जवान पशु ।
वर्गः (पुं०) समानों वा तुल्यों का समूह वा झुण्ड ।
वर्चस् (नपुं०) (र्चः) तेज वा प्रकाश वा चमक, विष्ठा ।
वर्चस्क (पुं० । नपुं०) (स्कः । स्कम) विष्ठा ।
वर्ण (पुं० । नपुं०) (र्णः । र्णम्) अक्षर, (पुं०) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र, श्वेत पीला काला इत्यादि रङ्ग, हाथी पर का बिछौना, स्तुति वा प्रशंसा ।
वर्णक (त्रि०) (र्णकः । र्णिका । र्णकम्) चन्दन, शरीर में लेपन के योग्य पीसा वा घंसा हुआ सुगन्धद्रव्य, (पुं०) कत्थक, (पुं० । स्त्री) नीला पीला इत्यादि रङ्ग, (स्त्री) सुवर्ण की उत्तमता ।
वर्णित (त्रि०) (तः । ता । तम्) वर्णन कियागया = ई ।
वर्णिन् (पुं०) (र्णी) ब्रह्मचारी ।
वर्तकः (पुं०) बटेर एक पक्षी, घोड़े का खुर ।
वर्तन (त्रि०) (नः । ना । नम्) रहने का जिस का स्वभाव है, वृत्ति वा जीविका करने का जिस का स्वभाव है, (नपुं०) जीविका वा जीवनोपाय, रहना!
वर्तनी (स्त्री) मार्ग वा रस्ता ।
वर्त्तिः (स्त्री) बत्ती, शरीर में लेपन के योग्य पीसा वा घंसा हुआ सुगन्धद्रव्य ।
वर्त्तिका (स्त्री) बटेर पक्षी, बत्ती ।
वर्त्तिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) रहने का जिसका स्वभाव है, वृत्ति वा जीविका करने का जिस का स्वभाव है ।
वर्त्तुल (त्रि०) (लः । ला । लम्) गोल ।
वर्त्मन् (पुं० । नपुं०) (र्त्मा । र्त्म) मार्ग वा रस्ता, आँख की पलक।

वर्त्मनी (स्त्री) तथा। [वर्त्मनिः]
वर्द्धम् (नपुं०) सीसा धातु ।
वर्द्धकः (पुं०) ब्रह्मदण्डी ओषधी।
वर्द्धकिः (पुं०) बढ़ई वा काठ का काम बनाने वाला ।
वर्द्धन (त्रि०) (नः । नी । नम्) बढ़ने का जिस का स्वभाव है, बढ़ाने का जिस का स्वभाव है, काटने का जिस्का स्वभाव है, (स्त्री) कूंची वा झाड़ू, (नपुं०) छेदना, काटना, बढ़ना, बढ़ाना
वर्द्धमानः (पुं०) राजा इत्यादि धनपात्रों का घर, रेंड़ वृत्त ।
वर्द्धमानकः (पुं०) "शराव" में देखो ।
वर्द्धिष्णु (त्रि०) (ष्णुः । ष्णुः । ष्णु) जिस का बढ़ने का स्वभाव है।
वर्द्ध्री (स्त्री) चमड़े की डोरी ।
वर्मन् (नपुं०) (र्म) योद्धालोगों का कवच ।
वर्मितः (पुं०) जिस योद्धा ने कवच पहिना है ।
वर्य्य (त्रि०) (र्य्यः। र्य्या। र्य्यम्) मुख्य वा प्रधान वा श्रेष्ठ, (स्त्री) अपनी इच्छा से पति को बरने वाली कन्या ।
वर्वणा (स्त्री) माछी वा मक्खी।
वर्वरः (पुं०) ब्रह्मदण्डी ओषधी, एक देश का नाम, नीच, बाल।
वर्वरा (स्त्री) एक प्रकार की तरकारी ।
वर्वरी (स्त्री) तथा ।
वर्ष (पुं० । नपुं०) (र्षः । र्षम्) बरस वा देवतों का एक दिन, वृष्टि वा वर्षा, जम्बूद्वीप, स्थान।
वर्षवरः (पुं०) नपुंसक ।
वर्षाः, बहुवचन, (स्त्री) वर्षाकाल वा बरसात ।
वर्षाभूः (पुं०) मेंढ़क (जलजन्तु) ।
वर्षाभ्वी (स्त्री) मेंढुकी ।
वर्षिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) बहुत पुराना = नी, बहुत बुड्ढा = ड्ढी ।
वर्षीयस् (त्रि०) (यान् । यसी । यः) तथा ।
वर्षोपलः (पुं०) बनौरी ।
वर्ष्मन् (नपुं०) (र्ष्म) शरीर वा देह, प्रमाण वा नाप ।
वलक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा। क्षम्) श्वेत पदार्थ, (पुं०) श्वेत रङ्ग।
वलभी (स्त्री) घर में सब से ऊपर की कोठरी वा बंगला ।
वलिर (त्रि०) (रः । रा । रम्) बांड़ा = ड़ी, टेरा = री वा ऐंचाताना = नी, काना = नी ।
वलीक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्)

खपड़ा वा छान्हीं की औरी ।

वल्क (पुं० । नपुं०)(ल्कः । ल्कम्) वृक्ष इत्यादि की छाल वा बोकला ।

वल्कल (पुं० । नपुं०) (लः । लम्) तथा ।

वल्गितम् (नपुं०) घोड़े की एक प्रकार की चाल अर्थात् ऊंची नीची जगह में आगे के देह को ऊंचा कर के और मुंह को सिकोर कर चलना ।

वल्गु (त्रि०) (ल्गुः । ल्गुः । ल्गु) मनोहर ।

वल्मीक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) बिम्बौट वा चिउंटियों की खनी हुई मट्टी की ढेर ।

वल्लकी (स्त्री) वीणा (एक बाजा)

वल्लभ (त्रि०) (भः । भा । भम्) प्यारा = री, (पुं०) स्त्री का पति, अध्यक्ष वा अधिकारी वा मालिक, कुलीन घोड़ा ।

वल्लरी (स्त्री) तुलसी इत्यादि का नया अङ्कुर वा मञ्जरी ।

वल्ली (स्त्री) लता ।

वल्लूर (त्रि०) (रः । रा । रम्) सूखा मांस । [वल्लुर]

वल्वजाः, बहुवचन, (पुं०) बगई एक घास ।

वशः (पुं०) इच्छा, अधिकार ।

वशा (स्त्री) स्त्री, बांझ गाय, हथिनी, बेटी ।

वणिक (त्रि०) (कः । का । कम्) खाली ।

वशिर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) (पुं०) गजपीपर औषधी, (नपुं०) समुद्र का नोन । [वसिर]

वश्य (त्रि०) (श्यः । श्या । श्यम्) जो अपने वश में है ।

वषट् (अव्यय) यज्ञों में देवता को घृतादि हवि देने में यह शब्द बोला जाता है ।

वषट्कृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) वषट् मन्त्र से अग्नि में डाला गया घृत इत्यादि होमद्रव्य ।

वष्कयणी (स्त्री) बकेन गाय ।

वसतिः (स्त्री) घर, रात्रि वा रात।

वसनम् (नपुं०) वस्त्र वा कपड़ा।

वसन्तः (पुं०) चैत और वैसाख महीने का ऋतु ।

वसवः, उदन्त, बहुवचन, (पुं०) वसु नामक गणदेवता जो गिनती में ८ हैं ।

वसा (स्त्री) मांस के भीतर की चरबी ।

वसु (पुं० । नपुं०) (सुः । सु) (पुं०) किरण वा प्रकाश, अग्नि वा आग, कुबेर, गुम्मा भाजी,

(नपुं०) पानी, धन, मणि।
वसुक (पुं०। नपुं०) (कः। कम्) (पुं०) मंदार वृक्ष, [वसूकः], (नपुं०) साँभरनोन [वसूकम्]।
वसुदेवः (पुं०) कृष्ण के पिता।
वसुधा (स्त्री) पृथ्वी वा भूमि।
वसुन्धरा (स्त्री) तथा।
वसुमती (स्त्री) तथा।
वस्तः (पुं०) बकरा पशु।
वस्ति (पुं०। स्त्री) (स्तिः। स्तिः) पेंडू (देह में नाभी के नीचे मूत्र रहने का स्थान)।
वस्तु (नपुं०) पदार्थ।
वस्त्रम् (नपुं०) कपड़ा।
वस्नः (पुं०) दाम वा मोल।
वस्नसा (स्त्री) वह नाड़ी वा नस जिस से अङ्ग प्रत्यङ्ग के जोड़ बंधे रहते हैं।
वहः (पुं०) बैल का काँधा।
वहिस् (अव्यय) (हिः) बाहर।
वह्निः (पुं०) अग्नि वा आग।
वह्निशिखम् (नपुं०) कुसुम (एक पुष्पवृक्ष)।
वह्निसंज्ञकः (पुं०) चीता नामक एक ओषधीकाष्ठ।
वा (अव्यय) अथवा, तुल्यता, उपमा, अवधारण वा निश्चय।
वाक्पति (त्रि०) (तिः। तिः। ति) सुन्दर उत्कृष्ट बोलनेवाला = ली, (पुं०) बृहस्पति।
वाक्यम् (नपुं०) पदों का समूह।
वागीश (त्रि०) (शः। शा। शम्) "वाक्पति" में देखो।
वागुजी (स्त्री) बकुची ओषधी।
वागुरा (स्त्री) मृग बझाने की डोरी वा जाल।
वागुरिकः (पुं०) मृग बझानेवाला अर्थात् व्याध।
वाग्मिन् (त्रि०)(ग्मी। ग्मिनी। ग्मि) अच्छा बोलनेवाला = ली, (पुं०) नैयायिक वा न्यायशास्त्र का जाननेवाला।
वाङ्मयम् (नपुं०) शास्त्र।
वाङ्मुखम् (नपुं०) बोलने का प्रारम्भ।
वाचक (त्रि०) (चकः। चिका। चकम्) बोलनेवाला = ली, बाँचनेवाला = ली, (पुं०) अभिधेय अर्थ का बोध करानेवाला शब्द।
वाचस्पतिः (पुं०) बृहस्पति।
वाचाट (त्रि०) (टः। टा। टम्) व्यर्थ बड़बड़ करनेवाला = ली।
वाचाल (त्रि०) (लः। ला। लम्) तथा।
वाचिक (त्रि०) (कः। की। कम्)

सन्देशवचन वा सन्देसा ।
वाचोयुक्ति (त्रि०) (क्तिः । क्तिः । क्ति) "वाग्मिन्" में देखो ।
वाचंयमः (पुं०) मौनव्रती वा चुपचाप रहना जिस का व्रत है ।
वाच् (स्त्री) (क्—ग्) वाणी, सरस्वती देवी ।
वाजः (पुं०) कङ्क इत्यादि पक्षियों का पङ्ख जो बाण में लगा रहता है ।
वाजपेयम् (नपुं०) एक यज्ञ ।
वाजिदन्तकः (पुं०) अरूस वृक्ष ।
वजिन् (पुं०) (जी) घोड़ा, पक्षी, बाण ।
वाजिशाला (स्त्री) घोड़सार वा घोड़ों के बांधने का स्थान ।
वाञ्छा (स्त्री) इच्छा ।
वाट (त्रि०) (टः । टी । टम्) (पुं०) मार्ग, आच्छादन, (स्त्री) घर, नज़रबाग, कमर, (नपुं०) एक प्रकार का मुख का रोग, शरीर, प्रकार ।
वाटरम् (नपुं०) सहद ।
वाट्यालका (स्त्री) "धाट्यालका" में देखो ।
वाडव (पुं० । नपुं०) (वः । वम्) (पुं०) ब्राह्मण, बड़वानल, (नपुं०) घोड़ियों का झुण्ड ।
वाडव्यम् (नपुं०) ब्राह्मणों का समूह ।
वाणि (स्त्री) (णिः—णी) कपड़ा इत्यादि का बीनना ।
वाणिजः (पुं०) बनियाँ ।
वाणिज्यम् (नपुं०) बनियों का व्यापार अर्थात् खरीदना वा बेंचना । [वणिज्यम्]
वाणिनी (स्त्री) नाचनेवाली स्त्री, दूती वा कुटनी ।
वाणी (स्त्री) सरस्वती देवी, बोली।
वातः (पुं०) वायु वा हवा ।
वातकः (पुं०) पटशण एक वृक्ष ।
वातकिन् (त्रि०) (की । किनी । कि) जिस को वात वा बाई का रोग है ।
वातपोथः (पुं०) पलाश वृक्ष ।
वातप्रमीः (पुं०) हुंड़ार वा भेंड़िया।
वातमृगः (पुं०) तथा ।
वातरोगिन् (त्रि०) (गी । गिणी । गि) जिस को बाई का रोग है।
वातायनम् (नपुं०) खिड़की वा झरोखा ।
वातायुः (पुं०) हरिण वा मृग ।
वातूल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बावला = ली, (पुं०) बवण्डर वा घूमताहुआ हवा । [वातुल]
वात्या (स्त्री) बवण्डर ।

वात्सकम् (नपुं०) बछवों का झुण्ड।
वादित्रम् (नपुं०) बाजा (वीणा, सितार इत्यादि)।
वाद्यम् (नपुं०) तथा।
वाट्यालिका (स्त्री) बरियार वा बरियरा ओषधी। [वाट्यालका]
वान (त्रि०) (नः। ना—नी। नम्) सूखाहुआ फल।
वानप्रस्थः (पुं०) ब्रह्मचर्यादि आश्रमों में का तृतीय आश्रम [वानप्रस्थ्यः], तृतीय आश्रम-वाला (जिस आश्रम में स्त्री के सहित वा अकेले जाकर जङ्गल में रहते हैं), महुवा वृक्ष।
वानरः (पुं०) बन्दर पशु।
वानस्पत्यः (पुं०) वह वृक्ष जिस में फूल से फल उत्पन्न हो।
वानायुः (पुं०) हरिण वा मृग।
वानीरः (पुं०) बेंत का वृक्ष।
वानेयम् (नपुं०) मोथा घास।
वापः (पुं०) बीज वा बीया का बोना वा खेत में रोपना, खेत।
वापी (स्त्री) बावली।
वाप्यम् (नपुं०) कुट्ट एक ओषधी।
वाम (त्रि०) (मः। मा। मम्) बाँयाँ = ईं, टेढ़ा = ढ़ी, सुन्दर, (पुं०) कामदेव, स्त्री का स्तन, शिव, शत्रु, (स्त्री) स्त्री।
वामदेवः (पुं०) शिव।
वामन (त्रि०) (नः। ना। नम्) बवना वा अत्यन्त नाटा = टी, (पुं०) विष्णु का पाँचवाँ अवतार, दक्षिण दिशा का दिग्गज
वामलूरः (पुं०) बिम्बौट ("वल्मीक" में देखो)।
वामलोचना (स्त्री) वह स्त्री जिस की आँखें सुन्दर हैं।
वामा (स्त्री) स्त्री।
वामी (स्त्री) घोड़ी, गदही, हथिनी, सियारिन, खच्चरी।
वायदण्डः (पुं०) कपड़ा बीनने का दण्ड।
वायवीपतिः (पुं०) वायु वा हवा।
वायसः (पुं०) कौआ पक्षी।
वायसारातिः (पुं०) कौआ का शत्रु अर्थात् उल्लू पक्षी।
वायसी (स्त्री) कौआ पक्षी की स्त्री, काकजङ्घा वा काकप्रिया ओषधी।
वायसोली (स्त्री) काकोड़ी एक ओषधीवृक्ष।
वायुः (पुं०) हवा।
वायुसखः (पुं०) अग्नि वा आग।
वारः (पुं०) सोम मङ्गल बुध इत्यादि ७वार, अवसर, समूह।
वारणः (पुं०) हाथी।

वारणबुषा (स्त्री) केला वृक्ष ।
वारणबुसा (स्त्री) तथा ।
वारमुख्या (स्त्री) वेश्या ।
वारबाण (पुं० । नपुं०) (णः । णम्) योद्धों के पहिनने का कवच ।
वारस्त्री (स्त्री) वेश्या ।
वाराही (स्त्री) वराहशक्ति देवता, वाराहीकन्द श्रोषधी ।
वारि (नपुं०) पानी ।
वारिदः (पुं०) मेघ ।
वारिपर्णी (स्त्री) जलकुम्भी (जल में की एक प्रकार की घास) ।
वारिवाहः (पुं०) मेघ ।
वारी (स्त्री) हाथियों के बांधने का स्थान, गगरी ।
वारुणी (स्त्री) मद्य, वरुण की दिशा अर्थात् पश्चिम दिशा ।
वार् (नपुं०) (वाः) पानी ।
वार्त्त (त्रि०) (र्त्तः । र्त्ता । र्त्तम्) रोगरहित वा नीरोग, (स्त्री) समाचार, जीविका वा जीवनोपाय, (नपुं०) कुशल, थोड़ा, निस्सार वा बेदम ।
वार्त्ताकि (स्त्री) (किः—की) जङ्गली भण्टा ।
वार्त्ताकिन् (पुं०) (की) तथा ।
वार्त्तावहः (पुं०) काँधे से काँवर ढोनेवाला, हलकारा वा दूत ।
वार्द्धकम् (नपुं०) बुढ़ाई, वृद्धों वा बुड्ढों का समूह ।
वार्द्धक्यम् (नपुं०) तथा ।
वार्द्धुषिः (पुं०) ब्याज वा सूद खानेवाला ।
वार्द्धुषिकः (पुं०) तथा ।
वार्मणम् (नपुं०) कवचों का समूह ।
वार्षिक (त्रि०) (कः । की । कम्) बरसाती, (नपुं०) "त्रायमाणा" श्रोषधी ।
वालुकम् (नपुं०) वालुका नामक गन्धद्रव्य ।
वालुका (स्त्री) तथा, बालू ।
वाल्कम् (नपुं०) वृक्ष के छाल से बना वस्त्र ।
वाल्मीकिः (पुं०) एक ऋषि का नाम । [वल्मिकिः] [वल्मीकः]
वावदूक (त्रि०) (कः । का । कम्) बहुत बोलनेवाला = ली ।
वाशिका (स्त्री) अडूस एक वृक्ष । [वासिका]
वाशितम् (नपुं०) सियार इत्यादि वनपशुओं का बोलना ।
वाष्पम् (नपुं०) भाफ अर्थात् गरम वस्तु पर पानी डालने से धूआँ के सदृश ऊपर उठती हुई

वस्तु, आँसू, गरमी । [बाष्पः]
वासः (पुं०) रहना वा टिकना, घर ।
वासकः (पुं०) अडूस एक वृक्ष ।
वासगृहम् (नपुं०) रहने का घर, घर का मध्यभाग वा पिछला हिस्सा ।
वासन्ती (स्त्री) एक तरह का कुन्द जो वसन्त में फूलता है ।
वासयोगः (पुं०) सुगन्धचूर्ण (मसाला इत्यादि, जिस के डालने वा लगाने से सुगन्ध हो) ।
वासर (पुं० । नपुं०) (रः । रम्) दिवस वा दिन ।
वासवः (पुं०) इन्द्र ।
वासस् (नपुं०) (सः) वस्त्र वा कपड़ा ।
वासित (त्रि०) (तः । ता । तम्) फूल इत्यादि से वासा हुआ = ई (कपड़ा इत्यादि), (स्त्री) हथिनी ।
वासुकिः (पुं०) एक सर्पों का राजा ।
वासुदेवः (पुं०) कृष्ण ।
वासूः (स्त्री) बाला स्त्री अर्थात् कुमारी (नाट्य में) ।
वास्तु (पुं० नपुं०) (स्तुः । स्तु) घर की भूमि, घर ।
वास्तुकम् (नपुं०) बथुवा भाजी ।
वास्तूकम् (नपुं०) तथा ।
वास्तोष्पतिः (पुं०) इन्द्र ।
वास्त्र (त्रि०) (स्त्रः । स्त्रा । स्त्रम्) वस्त्र वा कपड़े से घेरा हुआ (रथ इत्यादि) ।
वाहः (पुं०) घोड़ा, बारहमनी तौल वा बटखरा ।
वाहद्विषत् (पुं०) (न्) भैंसा पशु ।
वाहनम् (नपुं०) सवारी ।
वाहसः (पुं०) अजगर सर्प ।
वाहित्थम् (नपुं०) हाथियों के कुम्भ के नीचे का स्थान, हाथियों के ललाट के नीचे का स्थान ।
वाहिनी (स्त्री) वह सेना जिस में ८१ हाथी ८१ रथ २४३ घोड़े और ४०५ पैदल रहते हैं (यह तीन गण की वाहिनी कहलाती है), सेना, नदी ।
वाहिनीपतिः (पुं०) समुद्र, सेनापति ।
विः (पुं०) पक्षी ।
विकङ्कतः (पुं०) कंठेर वृक्ष ।
विकच (त्रि०) (चः । चा । चम्) फूला हुआ (वृक्ष इत्यादि) ।
विकट (त्रि०) (टः । टा । टम्) भयङ्कर वा जिस को देखने से डर लगे ।

विकर्त्तनः (पुं०) सूर्य्य ।
विकल (त्रि०) (लः । ला । लम्) व्याकुल वा घबराया हुआ = ई, शून्य वा खाली वा रहित ।
विकलाङ्ग (त्रि०) (ङ्गः । ङ्गी । ङ्गम्) किसी अङ्ग से हीन वा रहित वा किसी अङ्ग से अधिक (जैसे किसी को आधा हाथ नहीं रहता और किसी को ६ अंगुलियाँ रहती हैं)।
विकषा (स्त्री) मजीठ (एक रङ्ग की लकड़ी)।
विकसा (स्त्री) तथा ।
विकसित (त्रि०) (तः । ता । तम्) फूला हुआ (वृक्ष इत्यादि)।
विकस्वर (त्रि०) (रः । रा । रम्) जिस का फूलने का स्वभाव है, प्रकाश वा प्रकट होनेवाला वा फैलने वाला = ली (शब्द इत्यादि)।
विकारः (पुं०) "परिणाम" में देखो ।
विकाशिन् (त्रि०) (शी । शिनी । शि) फूलनेवाला (वृक्ष इत्यादि), फूलाने वाला वा विकास करने वाला ।
विकासिन् (त्रि०) (सी । सिनी । सि) तथा ।
विकिरः (पुं०) पक्षी ।
विकिरणः (पुं०) मंदार वृक्ष ।
विकीरणः (पुं०) तथा ।
विकुर्वाण (त्रि०) (णः । णा । णम्) प्रसन्नचित्तवाला वा खुशदिल ।
विकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्) बिगड़ा हुआ = ई, घिनौना अर्थात् जिस को देखने से घिन उत्पन्न हो, रोगी वा बीमार, (नपुं०) बीभत्स रस ।
विकृतिः (स्त्री) "विकार" में देखो, विरुद्ध क्रिया वा नियम से विपरीत करना ।
विक्रमः (पुं०) पराक्रम, चलना वा पैर उठा कर रखना ।
विक्रयः (पुं०) बेंचना ।
विक्रयिकः (पुं०) बेंचनेवाला ।
विक्रान्तः (पुं०) शूर वा पराक्रमवाला वा सामर्थ्यवाला ।
विक्रिया (स्त्री) "विकृति" में देखो।
विक्रेतृ (पुं०) (ता) बेंचनेवाला ।
विक्रेय (त्रि०) (यः । या । यम्) बेंचने के योग्य वस्तु ।
विक्लव (त्रि०) (वः । वा । वम्) शोक से जिस का अङ्ग भङ्ग हो गया है ।
विक्षावः (पुं०) छींक ।
विख्य (त्रि०)(ख्यः । ख्या । ख्यम्)

रोग इत्यादि से जिसकी नाक कट गई हो अर्थात् नकटा = टी।

विख्र (त्रि०) (ख्रः । ख्रा । ख्रम्) तथा

विख्रु (त्रि०) (ख्रुः । ख्रुः । ख्रु) तथा ।

विगत (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्रकाशरहित, नष्ट वा जिसका नाश हुआ है ।

विग्र (त्रि०) (ग्रः । ग्रा । ग्रम्) नकटा = टी ।

विग्रहः (पुं०) देह वा शरीर, कलह वा झगड़ा वा युद्ध, विस्तार ।

विघसः (पुं०) देव पितृ अतिथि गुरु इत्यादि के भोजन का शेष वा जो भोजन से बचगया, भोजन ।

विघ्नः (पुं०) विघ्न वा रोकावट ।

विघ्नराजः (पुं०) गणेश ।

विचक्षण (त्रि०) (णः । णा । णम्) चतुर ।

विचयनम् (नपुं०) तात्पर्य से वस्तु का खोजना वा परखना ।

विचर्चिका (स्त्री) मोटी खजुली (रोग) ।

विचारणा (स्त्री) विचार ।

विचारित (त्रि०) (तः । ता । तम्) विचारागया = ई ।

विचिकित्सा (स्त्री) संशय वा संदेह।

विच्छन्दकः (पुं०) राजा का एक प्रकार का घर । [विच्छर्दकः]

विच्छाय (त्रि०) (यः । या । यम्) छायारहित स्थान, (नपुं०) पक्षियों की छाया ।

विच्छित्तिः (स्त्री) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव जिस में कि स्त्री लोग अपने रूप के घमण्ड से गहना वा आभूषण का अनादर करती हैं ।

विजन (त्रि०) (नः । ना । नम्) एकान्त वा जनरहित स्थान ।

विजयः (पुं०) जीत ।

विजिल (त्रि०) (लः । ला । लम्) चिकना वा चिकलहल का स्थान अर्थात् जिस पर मनुष्य बिछलाय कर गिरैं ।

विज्जन (त्रि०) (नः । ना । नम्) तथा ।

विज्जल (त्रि०) (लः । ला । लम्) तथा ।

विज्ञ (त्रि०) (ज्ञः । ज्ञा । ज्ञम्) निपुण वा चतुर वा पण्डित ।

विज्ञात (त्रि०) (तः । ता । तम्) प्रसिद्ध वा जानाहुआ = ई ।

विज्ञानम् (नपुं०) कारीगरी, शास्त्र का ज्ञान, लोक में चतुराई ।

विटः (पुं०) स्त्री का उपपति वा यार वा दोस्त, पर्वत, नोन, मूसा, खैर ।
विटङ्क (पुं० । नपुं०) (ङ्कः । ङ्कम्) घर के किनारे पर बनाया हुआ पक्षियों के रहने का स्थान ।
विटप (पुं० । नपुं०) (पः । पम्) पत्ता, शाखा पत्ता इत्यादि का समूह, घास तृण इत्यादि का गुच्छा, वृक्ष वा पेड़ ।
विटपिन् (पुं०) (पी) वृक्ष वा पेड़ ।
विट्खदिरः (पुं०) एक प्रकार का दुर्गन्धी खैर जिस को गुहागर भी कहते हैं ।
विट्चरः (पुं०) गाँव का सूअर ।
विडम् (नपुं०) खारीनोन ।
विडङ्ग (पुं० । नपुं०) (ङ्गः । ङ्गम्) बाभीरङ्ग ओषधी ।
विडालः (पुं०) बिलार (पशु) ।
विडौजस् (पुं०) (जाः) इन्द्र ।
वितण्डा (स्त्री) बखेड़ा ।
वितथ (त्रि०) (थः । था । थम्) झूठा (वचन इत्यादि), (नपुं०) मिथ्या वा झूठ ।
वितरणम् (नपुं०) दान वा देना ।
वितर्दि (स्त्री) (र्दिः—र्दी) घर के अंगना इत्यादि में बनाया हुआ बैठने का स्थान वा बैठक ।
वितस्तिः (स्त्री) हाथ का बित्ता ।
वितान (त्रि०) (नः । ना । नम्) शून्य वा एकान्त वा खाली, (नपुं०) यज्ञ, विस्तार, (पुं० । नपुं०) चंदवा ।
वितुन्नम् (नपुं०) बिसखपरिया ओषधी ।
वितुन्नक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) (पुं०) भुंइं अंवरा, (नपुं०) धनियाँ, तुतिया ।
वितंसः (पुं०) मृग पक्षी इत्यादि के बझाने की वस्तु (जाल इत्यादि) ।
वित्त (त्रि०) (त्तः । त्ता । त्तम्) ख्यात वा प्रसिद्ध, (नपुं०) धन ।
विदरः (पुं०) फटना वा दो फांक हो जाना ।
विदलम् (नपुं०) फराठी, बांस से बना हुआ एक पात्र ।
विदारकः (पुं०) बावली तलाव इत्यादि में पानी आने के लिये खना हुआ कूंवाँ वा बड़ा गड़हा ।
विदारी (स्त्री) भुंइं कोंहड़े की जड़, भुंइं कोंहड़े का फूल, सफेद भुंइं कोंहड़ा ।
विदारीगन्धा (स्त्री) शालपर्णी ओषधी । [विदारिगन्धा]
विदित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

ज्ञानाहुआ = ई, प्रसिद्ध, अङ्गीकार किया हुआ = ई ।
विदिश् (स्त्री) (क्—ग्) दो दिशाओं के बीच का कोना ।
विदुः (पुं०) हाथियों के दोनों कुम्भों के बीच का स्थान ।
विदुर (त्रि०) (रः । रा । रम) जाननेवाला = ली, धृतराष्ट्र का अन्यमाता से उत्पन्न हुआ एक भाई, बेंत ।
विदुलः (पुं०) पानी का बेंत ।
विदूलः (पुं०) बेंत ।
विद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) छेदागया = ई, फाड़ागया = ई
विद्धकर्णी (स्त्री) सोनापाढ़ा औषधी
विद्या (स्त्री) वेद शास्त्र इत्यादि का ज्ञान ।
विद्याधरः (पुं०) एक देवजाति ।
विद्युत् (स्त्री) बिजुली ।
विद्रधिः (पुं० । स्त्री) पेट इत्यादि कोमल स्थान का फोड़ा ।
विद्रवः (पुं०) भागना ।
विद्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) भागगया = ई, टेघलगया = ई
विद्रुमः (पुं०) मूंगा एक मणि ।
विद्रुमलता (स्त्री) मालकंगुनी औषधी ।
विद्वस् (त्रि०) (द्वान् । दुषी । द्वत्) पण्डित वा जानकार. (पुं०) पुत्र।
विद्विष् (पुं०) (ट्—ड्) शत्रु वा वैरी
विद्वेषः (पुं०) शत्रुता वा वैर ।
विधवा (स्त्री) रांड़ स्त्री अर्थात् जिस का पति मरगया है ।
विधा (स्त्री) प्रकार वा तरह, मजूरी वा तलब, क्रिया वा कर्म वा काम ।
विधातृ (त्रि०) (ता । त्री । तृ) करनेवाला = ली, (पुं०) ब्रह्मा ।
विधिः (पुं०) ब्रह्मा, करना, भाग्य, धर्मशास्त्र, आज्ञा देना ।
विधुः (पुं०) चन्द्र, विष्णु, राक्षस, कपूर ।
विधुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) त्याग कियागया वा छोड़ दियागया वा फेंक दियागया = ई, हिलायागया = ई ।
विधुन्तुदः (पुं०) राहु (एक ग्रह) ।
विधुर (त्रि०) (रः । रा । रम्) पीड़ित वा दुःखित वा क्लेशित, (नपुं०) अत्यन्त वियोग वा जुदाई ।
विधुवनम् (नपुं०) कंपाना वा हिलाना ।
विधूननम् (नपुं०) तथा । [विधुननम्]
विधेय (त्रि०) (यः । या । यम्)

वशङ्कत वा कहना माननेवा-
ला=ली ।

विनयः (पुं०) नम्रता, शिक्षा, विनती
विना (अव्यय) विना वा बगैर ।

विनायकः (पुं०) गणेश देवता,
बुद्ध एक विष्णु का नवम अव-
तार, गरुड़ पक्षी ।

विनाशः (पुं०) नाश वा मरना ।

विनीत (त्रि०) (तः । ता । तम्)
विनययुक्त, शिक्षित वा सिखा-
याहुआ=ई. (पुं०) सुन्दर च-
लनेवाला घोड़ा ।

विनीतक (पुं० । नपुं०) (कः ।
कम्) मनुष्य की सवारी (पा-
लकी डोली इत्यादि) ।

विन्दु (त्रि०) (न्दुः । न्दुः । न्दु)
जाननेवाला=ली, (पुं०) बूंद ।

विन्दुकः (पुं०) छोटा बूंद, ति-
लक वा टीका ।

विन्ध्यः (पुं०) एकपर्वत का नाम ।

विन्न (त्रि०) (न्नः । न्ना । न्नम्)
विचाराहुआ=ई, वा विचा-
रागया=ई, प्राप्त हुआ=ई वा
मिला=ली ।

विन्यस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्)
स्थापित ।

विपक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्)
शत्रु वा वैरी ।

विपञ्ची (स्त्री) वीणा (एक बाजा) ।

विपणः (पुं०) बेंचना ।

विपणि (पुं० । स्त्री) (णिः । णि-
णी) बजार की राह, बजार
वा हाट, दूकान ।

विपत्तिः (स्त्री) विपत् वा आफत ।

विपथः (पुं०) खराब रस्ता ।

विपद् (स्त्री) (त्—द्) विपत्ति
वा आफत ।

विपर्ययः (पुं०) विपरीत वा उलटा ।

विपर्यासः (पुं०) क्रम का उल्ल-
ङ्घन वा विपरीत ।

विपश्चित् (पुं०) पण्डित ।

विपादिका (स्त्री) बेवाय (एक
पैर का रोग, जो पैर को फा-
ड़ना है) ।

विपाशा (स्त्री) एक नदी ।

विपाश् (स्त्री) (ट्—ड्) तथा ।

विपिनम् (नपुं०) वन वा जङ्गल ।

विपुल (त्रि०) (लः । ला । लम्)
विस्तीर्ण वा विस्तारयुक्त, बहुत,
(स्त्री) पृथिवी ।

विप्रः (पुं०) ब्राह्मण ।

विप्रकारः (पुं०) अपकार वा बुराई ।

विप्रकृत (त्रि०) (तः । ता । तम्)
हरायागया=ई, अनादर कि-
यागया वा बहुत धिक्कारागा-
या=ई ।

विप्रकृष्ट (त्रि०) (ष्टः । ष्टा । ष्टम्) दूरवाला – ली, (नपुं०) दूर।
विप्रतीकारः (पुं०) दूर करना वा हटा देना।
विप्रतीसारः (पुं०) पश्चात्ताप वा पछतावा।
विप्रयोगः (पुं०) वियोग वा जुदाई।
विप्रलब्ध (त्रि०) (ब्धः । ब्धा । ब्धम्) ठगागया = ई।
विप्रलम्भः (पुं०) अङ्गीकार किए हुए का पूरा न करना, वियोग वा जुदाई।
विप्रलापः (पुं०) परस्पर विरुद्ध वा उलटापुलटा बोलना (जैसा मतवाले आपस में बोलते हैं)।
विप्रश्निका (स्त्री) ज्योतिष् विद्या की जाननेवाली स्त्री जो लक्षण पहिचान कर भला वा बुरा बता दे सकती है।
विप्रुष् (स्त्री) (ट्—ड्) जल का कण वा छांटा बूंद वा छींटा।
विप्लवः (पुं०) लूट वा डाँका वा प्रलय वा उलट पुलट हो जाना।
विबन्धः (पुं०) मल मूत्र की रोकावट।
विबुधः (पुं०) देवता।
विभवः (पुं०) धन, सामर्थ्य।
विभाकरः (पुं०) सूर्य्य।
विभावरी (स्त्री) रात्रि वा रात।
विभावसुः (पुं०) अग्नि वा आग, सूर्य्य।
विभूतिः (स्त्री) सम्पत्ति, अणिमा इत्यादि ८ सिद्धि (१ अणिमा, २ महिमा, ३ गरिमा, ४ लघिमा, ५ प्राप्तिः, ६ प्राकाम्यम्, ७ ईशित्वम्, ८ वशित्वम्)।
विभूषणम् (नपुं०) अलङ्कार (कपड़ा गहना इत्यादि), सिँगारना।
विभ्रमः (पुं०) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव अर्थात् मन का ठिकाने न रहना, भ्रान्ति।
विभ्राज् (पुं०) (ट्—ड्) अत्यन्त शोभमान वा प्रकाशमान।
विमनस् (त्रि०) (नाः । नाः । नः) व्याकुल वा घबड़ायाहुआ = ई।
विमयः (पुं०) अदल बदल वा एक वस्तु देकर दूसरी वस्तु लेना।
विमर्दनम् (नपुं०) मर्दन करना वा मलना वा उबटना (देह में केशर इत्यादि का)।
विमला (स्त्री) सीकाकाई (एक वृक्ष की छीमी)।
विमातृजः (पुं०) माता के सवत का लड़का।
विमान (पुं० । नपुं०) (नः ।

नम्) देवतों का रथ वा उड़न खटोला ।

विम्ब (पुं० । नपुं०) (म्बः । म्बम्) मण्डल, (पुं०) प्रतिबिम्ब, (नपुं०) कुन्द्रू तरकारी।

विम्बिका (स्त्री) कुन्द्रू तरकारी।

वियत् (नपुं०) आकाश ।

वियद्गङ्गा (स्त्री) आकाशगङ्गा।

वियमः (पुं०) संयम (योगाभ्यास का एक अङ्ग) ।

वियात (त्रि०) (तः । ता । तम्) ढीठा=ठी ।

वियामः (पुं०) "वियम" में देखो।

विरञ्चिः (पुं०) ब्रह्मा । [विरिञ्चिः] [विरिञ्चः]

विरतिः (स्त्री) विशेष प्रीति, रुकजाना वा रोकावट, बन्द कर देना ।

विरल (त्रि०) (लः । ला । लम्) बीडर वा छितिरबितिर ।

विराज् (पुं०) (ट्—ड्) आदिपुरुष, क्षत्रिय (एक वर्ण) ।

विरावः (पुं०) शब्द ।

विरिञ्चः (पुं०) ब्रह्मा ।

विरिञ्चिः (पुं०) तथा ।

विरिणम् (नपुं०) उजाड़ स्थान, ऊसर । [वीरिणम्] [इरणम्] [ईरणम्]

विरूपाक्षः (पुं०) शिव ।

विरोचनः (पुं०) सूर्य्य, प्रह्लादनामक दैत्य के पुत्र का नाम, चन्द्र, अग्नि ।

विरोधः (पुं०) विरोध वा बिगाड़, विरोधालङ्कार (साहित्य में) ।

विरोधनम् (नपुं०) विरोध वा बिगाड़, वैर करना ।

विलक्ष (त्रि०) (क्षः । क्षा । क्षम्) लज्जित वा लजायाहुआ=ई, आश्चर्य्ययुक्त ।

विलक्षणम् (नपुं०) विचित्र ।

विलम्बितम् (नपुं०) देरी ।

विलम्भः (पुं०) अत्यन्त दान ।

विलापः (पुं०) पछतावा करना वा पछतावा से बोलना ।

विलासः (पुं०) एक स्त्रियों का हाव अर्थात् पति के मिलने पर बैठने उठने में एक प्रकार का देह ऐंठना वा जँभाना ।

विलीन (त्रि०) (नः । ना । नम्) छिपगया वा गायब हो गया =ई, टघलगया=ई ।

विलेपनम् (नपुं०) "गात्रानुलेपनी" में देखो, केसर इत्यादि से देह में मर्दन करना ।

विलेपित (त्रि०) (तः । ता । तम्)

किसी सुगन्धद्रव्य से उबटा-
हुआ = ई, (नपुं०) उबटना।

विलेपी (स्त्री) लपसी (एक भोज्य-
वस्तु) ।

विवधिकः (पुं०) काँवर ढोनेवाला,
बँहगी ढोनेवाला।

विवरम् (नपुं०) बिल वा छिद्र ।

विवर्ण (त्रि०) (र्णः । र्णा । र्णम्)
वह वस्तु जिस का रङ्ग बदल
गया है वा फीका पड़ गया है,
अधम वा नीच ।

विवश (त्रि०) (शः । शा । शम्)
परवश हो गया = ई अर्थात्
जो अपने इख्तियार में नहीं,
"अरिष्टदुष्टधी" में देखो ।

विवस्वत् (पुं०) (स्वान्) सूर्य्य,
देवता ।

विवादः (पुं०) झगड़ा वा कलह ।

विवाहः (पुं०) ब्याह ।

विविक्त (त्रि०) (क्तः । क्ता । क्तम्)
एकान्त वा जनरहित स्थान,
शुद्ध वा पवित्र ।

विविध (त्रि०) (धः । धा । धम्)
नाना प्रकार का वा अनेक प्र-
कार का (पदार्थ)।

विवेकः (पुं०) विवेक वा निर्णय,
प्रकृति पुरुष इत्यादि साङ्ख्य-
शास्त्रोक्त तत्वों का ज्ञान ।

विव्वोकः (पुं०) स्त्रियों का एक
प्रकार का हाव अर्थात् वाञ्छित
वा इष्ट के प्राप्ति भये पर भी गर्व
से उसका अनादर करना ।

विशङ्कट (त्रि०) (टः । टा—टी ।
टम्) विस्तारयुक्त वा बड़ा ।

विशद (त्रि०) (दः । दा । दम्)
स्वच्छ वा निर्मल, श्वेत रङ्गवा-
ला = ली ।

विशरः (पुं०) मार डालना ।

विशल्या (स्त्री) गुरुच ओषधी,
इन्द्रपुष्पी ओषधी, अग्नि की
शिखा वा आगकी लौर, द-
न्तिका ओषधी ।

विशसनम् (नपुं०) मार डालना ।

विशाखः (पुं०) स्वामिकार्तिक
देवता ।

विशाखा (स्त्री) एक नक्षत्र वा तारा

विशायः (पुं०) पहरूदार इत्यादि
जागनेवालों का अपनी पारी से
सूतना ।

विशारणम् (नपुं०) मार डालना।

विशारद (त्रि०) (दः । दा । दम्)
विद्वान् वा जानकार, चतुर,
ढीठा = ठी ।

विशाल (त्रि०) (लः । ला । लम्)
बड़ा = ड़ी, (स्त्री) एक नगरी,
इन्द्रारुन एक ओषधी ।

विशालता (स्त्री) लम्बाई चौड़ाई वा बड़ाई वा विस्तार ।
विशालत्वच् (पुं०) (क्—ग्) छितिउन एक वृक्ष ।
विशिखः (पुं०) बाण ।
विशिखा (स्त्री) गल्ली ।
विशेषक (पुं० । नपुं०) (कः । कम्) कस्तूरी इत्यादि सुगन्धद्रव्य से कियाहुआ तिलक, वे ३ श्लोक जिन का अन्वय एक ही में रहता है ।
विश् (पुं० । स्त्री) (ट्—ड् । ट्—ड्) (पुं०) वैश्य, मनुष्य, (स्त्री) विष्ठा ।
विश्रम्भः (पुं०) विश्वास, केलि वा क्रीड़ा में कलह, प्रेम वा प्रीति, मार डालना ।
विश्राणनम् (नपुं०) दान ।
विश्रावः (पुं०) अत्यन्त ख्याति वा प्रसिद्धि ।
विश्रुत (त्रि०) (तः । ता । तम्) ख्यात वा प्रसिद्ध वा मशहूर ।
विश्व (त्रि०) (श्वः । श्वा । श्वम्) समग्र वा सम्पूर्ण का सब, (नपुं०) संसार वा जगत्, (स्त्री । नपुं०) सोंठ ओषधी, (पुं०, बहुवचनान्त) विश्वनामक गणदेवता (विश्वेदेवाः) जो गिनती में तेरह हैं, (स्त्री) अतीस ओषधी ।
विश्वकद्रुः (पुं०) वह कुत्ता जो शिकार करने में चतुर है ।
विश्वकर्मन् (पुं०) (र्मा) देवतों का बढ़ई, सूर्य ।
विश्वकेतुः (पुं०) कामदेव, अनिरुद्ध (प्रद्युम्न का पुत्र) ।
विश्वभेषजम् (नपुं०) सोंठ ओषधी ।
विश्वम्भरः (पुं०) विष्णु ।
विश्वम्भरा (स्त्री) पृथिवी वा भूमि ।
विश्वसृज् (पुं०) (ट्—ड) ब्रह्मा ।
विश्वस्त (त्रि०) (स्तः । स्ता । स्तम्) विश्वास कियागया वा विश्वास को प्राप्त भया = ई, (स्त्री) रण्डा वा जिस का पति मर गया ऐसी स्त्री ।
विश्वामित्रः (पुं०) एक मुनि ।
विश्वावसुः (पुं०) एक देवतों का गवैया ।
विश्वासः (पुं०) विश्वास वा भरोसा ।
विषम् (नपुं०) विष वा ज़हर, पानी ।
विषधरः (पुं०) विषवाला सर्प, मेघ ।
विषम (त्रि०) (मः । मा । मम्) अयुग्म अर्थात् १-३-५ इत्यादि सङ्ख्या जिस को ताक कहते

हैं, टेढ़ामेढ़ा = ढ़ी, ऊँचाखा-ला (मार्ग इत्यादि)।
विषमच्छदः (पुं०) छितिवन वृक्ष।
विषमच्छादः (पुं०) तथा।
विषयः (पुं०) जानी हुई वस्तु, रूप रस गन्ध स्पर्श शब्द (ये प्रत्येक विषय कहलाते हैं), देश, स्थान, आश्रय वा अवलम्ब।
विषयिन् (त्रि०) (यी। यिणी। यि) रूप रस गन्ध इत्यादि का भोगनेवाला = ली, (नपुं०) चक्षु इत्यादि इन्द्रिय।
विषवैद्यः (पुं०) सर्प पकड़नेवाला वा मँदारी।
विषा (स्त्री) अतीस।
विषाण (त्रि०) (णः। णी। णम्) बैल इत्यादि पशुओं की सींग, हाथी का दाँत, (स्त्री) मेढ़ासींगी (एक आँख की औषधी)।
विषाणिन् (पुं०) (णी) हाथी।
विषुवत् (नपुं०) जिस में रात दिन बराबर हो जाते हैं वह समय।
विषुवम् (नपुं०) तथा।
विष्कम्भः (पुं०) बेंवड़ा।
विष्किरः (पुं०) पक्षी।
विष्कुहः (पुं०) वृक्ष का खोंदरा।
विष्टपम् (नपुं०) स्वर्ग इत्यादि लोक।
विष्टरः (पुं०) बैठने का आसन, वृक्ष, दर्भमुष्टि एक प्रकार का परिमाण वा नाप।
विष्टरश्रवस (पुं०) (वाः) विष्णु।
विष्टि (त्रि०) (ष्टिः। ष्टिः। ष्टि) कर्मकर वा मजदूर, (स्त्री) मेष इत्यादि की सङ्क्रान्ति, बिना मजदूरी काम करना, जबरदस्ती नरक में डालना, मुण्डन करवाना।
विष्ठा (स्त्री) मल वा गूह।
विष्णुः (पुं०) नारायण।
विष्णुक्रान्ता (स्त्री) कौआठोंठी (एक पुष्पवृक्ष)।
विष्णुपदम् (नपुं०) आकाश।
विष्णुपदी (स्त्री) गङ्गा नदी।
विष्णुरथः (पुं०) गरुड़।
विष्य (त्रि०) (ष्यः। ष्या। ष्यम्) विष देकर मारने के योग्य।
विष्वक् (अव्यय) चारो तरफ।
विष्वक्सेनः (पुं०) विष्णु।
विष्वक्सेनप्रिया (स्त्री) वाराहीकन्द।
विष्वक्सेना (स्त्री) गोंदी वृक्ष।
विष्वद्र्यञ्च् (त्रि०) (द्र्यङ्। द्रीची। द्र्यक्) चारो तरफ जानेवाला = ली, चारो तरफ पूजा करनेवाला = ली।

विस (पुं०। नपुं०) (सः। सम्) कमल की जड़।
विसकण्ठिका (स्त्री) एक तरह का बकुला।
विसप्रसूनम् (नपुं०) कमलपुष्प।
विसरः (पुं०) समूह वा झुण्ड।
विसर्जनम् (नपुं०) त्याग वा छोड़ देना, दान।
विसर्पणम् (नपुं०) फैलना वा फैलावट।
विसारः (पुं०) मछली।
विसारिन् (त्रि०) (री। रिणी। रि) जिस का फैलने का स्वभाव है।
विसिनी (स्त्री) छोटा कमलवृक्ष।
विसृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) विस्तृत वा विस्तारयुक्त।
विसृत्वर (त्रि०) (रः। री। रम्) फैलने का वा विस्तारयुक्त होने का जिस का स्वभाव है।
विसृमर (त्रि०) (रः। रा। रम्) तथा।
विसंवादः (पुं०) अङ्गीकृत का पूरा न करना, दो वस्तुओं का एक मेल न मिलना।
विस्तः (पुं०) सोलह मासे भर सोना।
विस्तरः (पुं०) शब्द का विस्तार।
विस्तारः (पुं०) चौड़ाई, फैलाव, वृक्ष के शाखा पल्लव का समुदाय।
विस्तृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) विस्तारयुक्त।
विस्पष्टम् (नपुं०) स्पष्ट वचन।
विस्फारः (पुं०) धनुष् के प्रत्यञ्चा का शब्द।
विस्फोटः (पुं०) फोड़ा वा फिरकी।
विस्मयः (पुं०) आश्चर्य, अद्भुतरस।
विस्मृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) भूलाहुआ = ई वा भूलगया = ई।
विस्रम् (नपुं०) अपक्व वा कच्चे मांस इत्यादि का गन्ध।
विस्रम्भः (पुं०) "विश्रम्भ" में देखो।
विस्रसा (स्त्री) बुढ़ाई।
विहगः (पुं०) पक्षी।
विहङ्गः (पुं०) तथा।
विहङ्गमः (पुं०) तथा।
विहङ्गिका (स्त्री) बँहँगी का दण्डा, बँहँगी।
विहसितम् (नपुं०) मधुर हँसना।
विहस्त (त्रि०) (स्तः। स्ता। स्तम्) व्याकुल वा बेइख्तियार।
विहापित (त्रि०) (तः। ता। तम्) दियागया = ई, (नपुं०) दान।
विहायसः (पुं०) आकाश।

विहायस् (पुं० । नपुं०) (याः । यः) तथा, (पुं०) पक्षी ।
विहायित (त्रि०) (तः । ता । तम्) दियागया = ई, (नपुं०) दान ।
विहारः (पुं०) क्रीड़ा वा खेलना, पैर से चलना ।
विहृतम् (नपुं०) स्त्रियों का एक प्रकार का हाव अर्थात् छल से वक्तव्य बात का न बोलना ।
विह्वल (त्रि०) (लः । ला । लम्) व्याकुल, शोक वा चिन्ता से जिस का अङ्ग भङ्ग होगया हो ।
वीकाशः (पुं०) एकान्त, प्रकाश ।
वीचि (पुं० । स्त्री) (चिः । चिः) जल इत्यादि का तरङ्ग वा लहर ।
वीणा (स्त्री) बीन एक बाजा ।
वीणावादः (पुं०) वीणाबजानेवाला, वीणा का बजाना वा शब्द
वीत (त्रि०) (तः । ता । तम्) खर्च हो गया वा खोराय गया वा नष्ट हो गया = ई, (नपुं०) निर्बल वा बे काम हाथी, निर्बल वा बे काम घोड़ा, हाथी को अङ्कुश से शिक्षा देना ।
वीतंसः (पुं०) मृग वा पक्षियों के ब्रझाने का हथियार (जाल इत्यादि) ।
वीति (पुं० । स्त्री) (तिः । तिः) (पुं०) घोड़ा, (स्त्री) गमन वा चलना, प्रकाश, गर्भ का धारण करना, भोजन करना, दौड़ना ।
वीतिहोत्रः (पुं०) अग्नि वा आग ।
वीथी (स्त्री) पङ्क्ति वा पाँती, मार्ग वा रास्ता वा गली ।
वीध्र (त्रि०) (ध्रः । ध्रा । ध्रम्) स्वभाव से मलरहित वा निर्मल ।
वीनाहः (पुं०) कूँएँ की जगत् ।
वीरः (पुं०) शूर वा बीर, वीर रस
वीरणम् (नपुं०) गाँड़र (एक घास जिसकी जड़ खस कहलाती है) ।
वीरतरम् (नपुं०) तथा ।
वीरतरुः (पुं०) अर्जुन वृक्ष ।
वीरपत्नी (स्त्री) शूर की स्त्री ।
वीरपाणम् (नपुं०) युद्ध के पहिले वा पीछे वीर लोगों का मद्यादि का पीना ।
वीरपानम् (नपुं०) तथा ।
वीरभार्या (स्त्री) शूर की स्त्री ।
वीरमातृ (स्त्री) (ता) वीर की माता ।
वीरवृक्षः (पुं०) भेलावाँ (एक ओषधीवृक्ष) ।
वीरसूः (स्त्री) वीर की माता ।
वीरहन् (पुं०) (हा) जिसके अग्निहोत्र का अग्नि बुत गया वह ।
वीराशंसनम् (नपुं०) भयङ्कर युद्ध

का स्थान जहाँ कटे हुए वीर वा हाथी वा घोड़े पड़े हैं और जिन को देखने से भय लगता है।

वीरुध् (स्त्री) (त्—रु) शाखा पत्ता इत्यादियुक्त लता।

वीर्यम् (नपुं०) धातु, बल वा सामर्थ्य, प्रभाव वा तेज।

वुकः (पुं०) गुम्मा एक भाजी।

वृकः (पुं०) हुंडार वा भेंड़िया पशु, मूसा एक जन्तु।

वृकधूपः (पुं०) कई एक सुगन्धद्रव्यों के मिलाने से बनाहुआ धूप, "श्रीवास" में देखो।

वृकधूपकः (पुं०) तथा।

वृक्ण (त्रि०) (क्णः। क्णा। क्णम्) खण्डित वा काटाहुआ=ई।

वृक्षः (पुं०) पेड़।

वृक्षभेदिन् (पुं०) (दी) काष्ठ के काटने का हथियार (बँसुला इत्यादि)

वृक्षरुहा (स्त्री) अकासबँवर एक लता।

वृक्षवाटिका (स्त्री) वेश्या का बगीचा, राजा के मन्त्री का बगीचा।

वृक्षादनी (स्त्री) "वृक्षभेदिन्" में देखो, "वृक्षरुहा" में देखो।

वृक्षाम्लम् (नपुं०) चुक्र वा अमसुल (एक खटाई)।

वृजिन (त्रि०) (नः। ना। नम्) वक्र वा टेढ़ा=ढ़ी, कुण्डित वा मूड़ा हुआ=ई, (पुं०) केश वा बाल, (नपुं०) क्लेश वा दुःख, पाप, रँगा चमड़ा।

वृत (त्रि०) (तः। ता। तम्) घेरा हुआ=ई, वरण कियागया वा अङ्गीकार कियागया=ई।

वृतिः (स्त्री) वस्त्र इत्यादि का घेरा, वर जो प्रसन्न होकर देवता देते हैं।

वृत्त (त्रि०) (त्तः। त्ता। त्तम्) गोल वा गोलाकार वस्तु, वरण कियागया वा अङ्गीकार कियागया=ई, बीत गया=ई वा हुआ=ई वा सम्पूर्ण हुआ=ई, पढ़ागया=ई, मरगया=ई, दृढ़ अर्थात् जो हिल न सके, (पुं०। नपुं०) छन्द ("अनुष्टुप्" इत्यादि), चारित्र वा लोकाचार, जीविका वा जीवनोपाय।

वृत्तान्तः (पुं०) समाचार वा खबर, प्रकरण वा ग्रन्थ का एक देश, भाव वा अभिप्राय, साकल्य वा सम्पूर्णता।

वृत्तिः (स्त्री) जीविका वा जीवनोपाय, ऋषियों के बनाए हुए सूत्रों का अर्थ, भारती सात्वती कैशिकी और आरभटी (ये चारो नाटक में "वृत्ति" नाम से कही जाती हैं)।
वृत्रः (पुं०) वृत्रासुर एक दैत्य, अन्धकार, शत्रु ।
वृत्रहन् (पुं०) (हा) इन्द्र ।
वृथा (अव्यय) निरर्थक, विधि से रहित ।
वृद्ध (त्रि०) (द्धः । द्धा । द्धम्) बुड्ढा = ढ्ढी, बड़ा = ड़ी, पण्डित, (नपुं०) शिलाजीत ओषधी ।
वृद्धत्वम् (नपुं०) बुढ़ौती वा बुढ़ाई ।
वृद्धदारकः (पुं०) एक ओषधीवृक्ष ।
वृद्धनाभिः (पुं०) वात रोग से जिस की नाभी ऊँची होगई है ।
वृद्धप्रमातामहः (पुं०) माता का परदादा ।
वृद्धश्रवस् (पुं०) (वाः) इन्द्र ।
वृद्धिः (स्त्री) बढ़ती ।
वृद्धिजीविका (स्त्री) व्याज वा सूद।
वृद्धिमत् (त्रि०) (मान् । मती । मत्) बढ़ताहुआ = ई ।
वृद्धोक्षः (पुं०) बुड्ढा बैल ।
वृद्ध्याजीवः (पुं०) व्याज खानेवाला
वृन्तम् (नपुं०) वृक्ष में की ठोंठी जिस में फूल फल और पत्ते अटके रहते हैं ।
वृन्दम् (नपुं०) समूह ।
वृन्दारक (त्रि०) (रकः । रिका — रका । रकम्) रूपवान् वा सुन्दर, प्रधान वा मुख्य, (पुं०) देवता ।
वृन्दिष्ठ (त्रि०) (ष्ठः । ष्ठा । ष्ठम्) अत्यन्त सुन्दर, अत्यन्त मुख्य ।
वृश्चिकः (पुं०) बिच्छी (एक डङ्क वाला जन्तु), केकड़ा जन्तु, एक वृक्ष, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि का नाम, अन खानेवाला कीड़ा, भँवरा ।
वृषः (पुं०) मूसा जन्तु, श्रेष्ठ वा मुख्य, अडूस एक वृक्ष, ऋषभ नामक औषध, बैल, अण्डकोष, धर्म, मेष इत्यादि १२ राशियों में की एक राशि, का नाम सिँगिया (एकविष), एक सुगन्धचूर्ण
वृषणः (पुं०) अण्डकोश ।
वृषदंशकः (पुं०) बिलार पशु ।
वृषध्वजः (पुं०) शिव ।
